अकामग, अकामय } [अकामक] ऊपर देखो । अवाछनीय, इच्छा करने के अयोग्य ।
अकामिय वि [अकामिक] निराश ।
अकाय वि शरीररहित । पु मुक्तात्मा ।
अकार पु 'अ' अक्षर, प्रथम स्वर वर्ण ।
अकारग पु [अकारक] अरुचि, भोजन की अनिच्छा रूप रोग । वि. अकर्ता । °वाइ वि [°वादिन्] आत्मा को निष्क्रिय माननेवाला ।
अकासि अ [दे] निषेध-सूचक अव्यय, अलम् ।
अकिंचण वि [अकिञ्चन] साधु, मुनि, भिक्षुक । निर्धन ।
अकिरिय वि [अक्रिय] आलसी, निरुद्यम । अशुभ व्यापार से रहित । परलोक-विषयक क्रिया को नही माननेवाला, नास्तिक । °य वि [°आत्मन्] आत्मा को निष्क्रिय माननेवाला, साख्य ।
अकीरिय देखो अकिरिय ।
अकुइया स्त्री [अकुचिका] देखो अकुय ।
अकुओभय वि [अकुतोभय] जिसको किसी तरफ से भय न हो वह, निर्भय ।
अकुय वि [अकुच] निश्चल ।
अकोप्प वि [अकोप्य] सुन्दर ।
अकोप्प पुं [दे] अपराध ।
अकोस देखो अक्कोस = अक्रोश ।

अक्क पुं [अर्क] सूर्य। आक का पेड। रावण का एक सुभट। °तूल न आक की रूई। °तेअ पु [°तेजस्] विद्याधर वंश का एक राजा। °वोंदीया स्त्री [°वोन्दिका] वल्ली-विशेष।

अक्क पुं [दे] दूत।

°अक्क देखो चक्र।

अक्कअ वि [अकृत] नही किया गया।

अक्कंड देखो अकंड।

अक्कंत वि [आक्रान्त] बलवान् के द्वारा दवाया हुआ। घेरा हुआ, ग्रस्त। परास्त। एक जाति का निर्जीव वायु। न. आक्रमण, उल्लंघन। °दुक्ख वि [°दुःख] दु.ख से दवा हुआ।

अक्कंत वि [दे] वढा हुआ, प्रवृद्ध।

अक्कंत वि [अकान्त] अनभिलषित, अनभिमत।

अक्कंद अक [आ + क्रन्द्] रोना, चिल्लाना। विलाप करना।

अक्कंद (अप) देखो अक्कम = आ + क्रम्।

अक्कंद पुं [आक्रन्द] रोदन, विलाप, चिल्लाकर रोना।

अक्कंद वि [दे] रक्षक।

अक्कंदावणय वि [आक्रन्दक] रुलानेवाला।

अक्कम सक [आ+क्रम्] आक्रमण करना, दवाना। परास्त करना। पु चढाई करना।

अक्कमण न [आक्रमण] पराक्रम। वि. आक्रमण करनेवाला।

अक्कसाला स्त्री [दे] जवरदस्ती। उन्मत्त-सी स्त्री।

अक्का स्त्री [दे] वहिन।

अक्का स्त्री कुट्टनी, दूती।

अक्कासी स्त्री व्यन्तर-जातीय एक देवी।

अक्किज्ज वि [अक्रेय] खरीदने के अयोग्य।

अक्किट्ठ वि [अक्लिष्ट] क्लेश-वर्जित। वाधा-रहित।

अक्किट्ठ वि [अकृष्ट] अविलिखित।

अक्किय वि [अक्रिय] क्रियारहित।

अक्कुट्ठ वि [दे] अध्यासित, अधिष्ठित।

अक्कुस सक [गम्] जाना।

अक्कुहय वि [अकुहक] निष्कपट।

अक्कूर पु [अक्रूर] श्रीकृष्ण के चाचा का नाम। वि. क्रूरतारहित, दयालु।

अक्केज्ज देखो अक्किज्ज।

अक्केल्लय वि [एकाकिन्] अकेला, एकाकी।

अक्कोड पुं [दे] वकरा।

अक्कोडण न [आक्रोडन] इकट्ठा करना, संग्रह करना।

अक्कोस न [अक्रोश] जिस ग्राम के अति नजदीक मे अटवी, श्वापद या पर्वतीय नदी आदि का उपद्रव हो वह।

अक्कोस सक [आ + क्रुश्] आक्रोश करना।

अक्कोस पु [आक्रोश] कटु वचन, शाप, भर्त्सना।

अक्कोसग वि [आक्रोशक] आक्रोश करनेवाला।

अक्कोह वि [अक्रोध] अल्प-क्रोधी। क्रोधरहित।

अक्ख पुं [अक्ष] जीव, आत्मा। रावण का एक पुत्र। चन्दनक, समुद्र मे होनेवाला एक द्वीन्द्रिय जन्तु जिसके निर्जीव शरीर को जैन साधु लोग स्थापनाचार्य मे रखते है। पहिया की धुरी, कील। चौसर का पासा। विभीतक। चार हाथ या ९६ अगुलो का एक मान। रुद्राक्ष। न. इन्द्रिय। जूआ। °चम्म न [°चर्मन्] पखाल, मसक। °पाडय न [°पादक] कील का टुकडा। °माला स्त्री जपमाला। °लया स्त्री [°लता] रुद्राक्ष की माला। °वत्त न [°पात्र] पूजा का पात्र। °वलय न रुद्राक्ष की माला। °वाअ पु [°पाद] नैयायिक मत के प्रवर्तक गौतम ऋषि। °वाडग पु [°वाटक] अखाडा। °सुत्तमाला स्त्री [°सूत्रमाला] जपमाला।

अक्ख देखो अक्खा = आ + ख्या ।
अक्खइय वि [आख्यात] उक्त, कथित (सण) ।
अक्खउहिणी देखो अक्खोहिणी ।
अक्खंड वि [अखण्ड] सपूर्ण । अखण्डित । निरन्तर, अविच्छिन्न ।
अक्खंडल पु [आखण्डल] इन्द्र ।
अक्खड सक [आ + स्कन्द्] आक्रमण करना ।
अक्खणवेल न [दे] संभोग । मध्या काल ।
अक्खणिआ स्त्री [दे] विपरीत मैथुन ।
अक्खम वि [अक्षम] असमर्थ । अनुचित ।
अक्खय वि [अक्षत] घावरहित । संपूर्ण । पु. व. अखण्ड चावल ।
°यार वि [°चार] निर्दोप आचरणवाला ।
अक्खय वि [अक्षय] क्षय का अभाव । जिसका कभी नाश न हो वह ।
°निहि पुन [°निधि] एक प्रकार की तपश्चर्या । °तइया स्त्री [°तृतीया] वैशाख शुक्ल तृतीया ।
अक्खर पुन [अक्षर] अक्षर, वर्ण । ज्ञान चेतना । वि. नित्य । °त्थ पुं [°र्थ] शब्दार्थ । °पुट्ठिया स्त्री [°पुष्ठिका] लिपिविशेप । समास पुं अक्षरो का समूह । श्रुत-ज्ञान का एक भेद ।
अक्खल पुं [दे] अखरोट वृक्ष । न. अखरोट वृक्ष का फल ।
अक्खलिय वि [दे] प्रतिध्वनित । व्याकुल ।
अक्खलिय वि [अस्खलित] अबाधित, निरुपद्रव । अपतित ।
अक्खवाया स्त्री [दे] दिशा ।
अक्खा सक [आ + ख्या] कहना, वोलना । उपदेश देना । प्रतिपादित करना ।
अक्खा स्त्री [आख्या] नाम ।
अक्खाय न [आख्यातिक] क्रियापद, क्रिया वाचक शब्द ।
अक्खाइय वि [अक्षितिक] स्थायी, शाश्वत ।
अक्खाइया स्त्री [आख्यायिका] उपन्यास, वार्ता, कहानी ।
अक्खाउ वि [आख्यातृ] कहनेवाला ।
अक्खाग पु [आख्याक] म्लेच्छों की एक जाति ।
अक्खाडग } पु [अक्षवाटक] जूआ खेलने
अक्खाडय } का अड्डा । अखाडा, व्यायामस्थान । प्रेक्षको को वैठने का आसन ।
अक्खाण न [आख्यान] कथन, निवेदन । वार्ता, उपकथा ।
अक्खाय वि [आख्यात] प्रतिपादित, कथित । न क्रियापद ।
अक्खाय न [अखात] हाथी को पकडने के लिए किया जाता गढा, खड्डा ।
अक्खाया स्त्री [आख्याता] एक प्रकार की जैन दीक्षा ।
अक्खि त्रि [अक्षि] आख ।
अक्खिअ वि [आक्षिक] पासा से जूआ खेलनेवाला, जुआडी ।
अक्खिअ वि [आख्यात] प्रतिपादित, कथित ।
अक्खितर न [अक्ष्यन्तर] आख का कोटर ।
अक्खित्त वि [आक्षिप्त] सव तरह से प्रेरित । व्याकुल । जिस पर टीका की गई हो वह । आकृष्ट । सामर्थ्य से लिया हुआ ।
अक्खित्त न [अक्षेत्र] मर्यादित क्षेत्र के वाहर का प्रदेश ।
अक्खिव सक [आ + क्षिप्] आक्षेप करना, टीका करना, दोपारोप करना । रोकना । गँवाना । व्याकुल करना । स्वीकार करना । घवराना ।
अक्खिव सक [आ + क्षिप्] आक्रोश करना ।
अक्खीण वि [अक्षीण] क्षयरहित, अखूट । परिपूर्ण । °महाणसिय वि [°महानसिक] जिसको निम्नोक्त अक्षीण महानसी शक्ति प्राप्त हुई हो वह । °महाणसी स्त्री [°महानसी] वह अद्भुत आत्मिक शक्ति जिससे थोड़ा भी

टुकडा ।

अगंडिगेह वि [दे] यौवनोन्मत्त ।

अगंडूयग वि [अकण्डूयक] नही खुजलाने-वाला ।

अगंथ वि [अग्रन्थ] धनरहित । पु स्त्री निग्रंन्थ, जैन साधु ।

अगंधण पु [अगन्धन] इस नाम की सर्पों की एक जाति ।

अगड पुं [दे. अवट] कूप, इनारा । °तड त्रि [°तट] इनारा का किनारा । °दत्त पुं इस नाम का एक राजकुमार । दद्दुर पुं [°दर्दुर] कुंए का मेढक, अल्पज्ञ, वह मनुष्य जो अपना घर छोड बाहर न गया हो ।

अगड पु [अवट] कूप के पास पशुओ के जल पीने के लिए जो गर्त बनाया जाता है वह ।

अगड वि [अकृत] नही किया हुआ ।

अगणि पुं [अग्नि] आग । °काय पुं अग्नि के जीव । °मुह पुं [°मुख] देव, देवता ।

अगणिअ वि [अगणित] अवगणित, अपमानित ।

अगत्थि } पुं [अगस्ति, °क] इस नाम का
अगत्थिय } एक ऋषि । वृक्ष-विशेष । एक तारा, अठासी महाग्रहो मे ५४ वाँ महाग्रह ।

अगन्न वि [अकर्ण्य] नही सुनने लायक ।

अगम पु वृक्ष । वि. स्थावर । न आकाश ।

अगमिय वि [अगमिक] वह शास्त्र, जिसमे एक सदृश पाठ न हो, या जिसमे गाथा वगैरह पद्य हो ।

अगम्म वि [अगम्य] जाने के अयोग्य । स्त्री. भोगने के अयोग्य, भगिनी, पर-स्त्री आदि । °गामि वि [°गामिन्] पर-स्त्री को भोगने-वाला, पारदारिक ।

अगय न [अगद] औषध ।

अगय पुं [दे] दानव ।

अगर पुंन [अगरु] सुगन्धि काष्ठ-विशेष ।

अगरल वि [अगरल] सुविभक्त, स्पष्ट ।

अगरु देखो अगर ।

अगरुलहु वि [अगुरुलघु] जो भारी भी न हो और हलका भी न हो वह । °णाम न [°नामन्] कर्म-विशेष, जिससे जीवो का शरीर न भारी न हलका होता है ।

अगलदत्त पुं [अगडदत्त] एक रथिक-पुत्र ।

अगलय देखो अगर ।

अगहण पुं [दे] कापालिक, एक ऐसे संप्रदाय के लोग, जो माथे की खोपडी मे ही खाने-पीने का काम करते है ।

अगहिल्ल वि [अग्रहिल] जो भूतादि मे आविष्ट न हो, अपागल । °राय पुं [°राज] एक राजा, जो वास्तव मे पागल न होने पर भी पागल-प्रजा के आक्रमण से बनावटी पागल बना था ।

अगाढ वि [अगाध] अथाह, बहुत गहरा ।

अगामिय वि [अग्रामिक] ग्रामरहित ।

अगार पु [अकार] 'अ' अक्षर ।

अगार न गृह । पुं. गृहस्थ, गृही, संसारी । °त्थ वि [°स्थ] गृही । °धम्म पुं [°धर्म] गृहि-धर्म, श्रावक-धर्म ।

अगारग वि [अकारक] अकर्ता ।

अगारि वि [अगारिन्] गृहस्थ, गृही ।

अगारी स्त्री [अगारिणी] गृहस्थ स्त्री ।

अगाल देखो अयाल ।

अगाह वि [अगाध] गहरा, गंभीर ।

अगिणि देखो अग्गि ।

अगिला स्त्री [अग्लानि] अखिन्नता, उत्साह ।

अगिला स्त्री [दे] अवज्ञा, तिरस्कार ।

अगुण देखो अउण ।

अगुण वि [अगुण] गुणरहित, निर्गुण । पु. दोष, दूषण ।

अगुणासी देखो एगूणासी ।

अगुरु वि छोटा । पुन. सुगन्धि काष्ठविशेष ।

अगुरुलहु देखो अगुरुलहु ।

अगुलु देखो अगुरु ।

अग्ग न [अग्रव] प्रकर्ष ।

अग्ग पुन [दे] परिहास । वर्णन ।

अग्ग न [अग्र] आगे का भाग, ऊपर का भाग । पूर्वभाग । परिमाण । वि. प्रधान, श्रेष्ठ । अग्रवर्ती । प्रथम ।°क्खंध पुं [°स्कन्ध] मैन्य का अग्र भाग । °गामिग वि [°गामिक] अग्रगामी । °ज देखो °य । °जम्म [जन्मन्] देखो °य । °जाय [°जात] देखो °य । °जीहा स्त्री [जिह्वा] जीभ का अग्र-भाग । °णिय, °णी वि [°णी] नायक । °तावस पुं [°तापस] ऋषि-विशेष का नाम । °द्ध न [°र्ध] पूर्वार्ध । °पिंड पुं [°पिण्ड] एक प्रकार का भिक्षान्न । °प्पहारि वि [°प्रहारिन्] पहले प्रहार करनेवाला । °बीय वि [°बीज] जिसमें बीज पहले ही उत्पन्न हो जाता है या जिसकी उत्पत्ति में उसका अग्रभाग ही कारण होता है; जैसे आम, कोरंटक आदि वनस्पति । °मणि पुं [°मणि] मुख्य, श्रेष्ठ, शिरोमणि । °महिसी स्त्री [°महिषी] पटरानी । °य वि [°ज] आगे उत्पन्न होने वाला । पुं ब्राह्मण । बड़ा भाई । स्त्री. बड़ी बहन । °लोग पुं [°लोक] मुक्तिस्थान । °हत्थ पु [°हस्त] हाथ का अग्र-भाग । हाथ का अवलम्बन । अंगुली ।

अग्ग न [अग्र] प्रभूत, बहु । उपकार । °भाव न धनिष्ठा-नक्षत्र का गोत्र । °माहिसी देखो °महिसी ।

अग्ग वि [अग्र्य] श्रेष्ठ । प्रधान ।

अग्गंथ वि [अग्रन्थ] धनरहित । पु जैन साधु ।

अग्गक्खंध पुं [दे] रणभूमि का अग्रभाग ।

अग्गल न [अर्गल] किवाड़ बन्द करने की लकड़ी । पुं. एक महाग्रह । °पासय पु [°पाशक] जिसमें आगल दिया जाता है वह स्थान । °पासाय पुं [°प्रासाद] जहां आगल दिया जाता है वह घर ।

अग्गल वि [दे] अधिक ।

अग्गवेअ पुं [दे] नदी का पूर ।

अग्गह पुं [आग्रह] हठ, अभिनिवेश ।

अग्गहण न [अग्रहण] अज्ञान । नहीं लेना ।

अग्गहण न [दे. अग्रहण] अनादर ।

अग्गहणिया स्त्री [दे] गर्भाधान के बाद किया जाता एक संस्कार और उसके उपलक्ष में मनाया जाता उत्सव ।

अग्गहिअ वि [दे] निर्मित । स्वीकृत ।

अग्गाणी वि [अग्रणी] मुख्य ।

अग्गारण न [उद्गारण] वमन ।

अग्गाह वि [अगाध] अगाध ।

अग्गाहार पु [अग्राधार] ग्राम-विशेष का नाम ।

अग्गाहार पुं [दे. अग्राहार] उच्च जीविका ।

अग्गि पु [अग्नि] एक नरक-स्थान । °हुत्त देखो °होत्त । अग्गि पुं स्त्री [अग्नि] आग । कृत्तिका नक्षत्र का अधिष्ठायक देव । लोकान्तिक देव-विशेष । °आरिआ स्त्री [°कारिका] होम । °उत्त पुं [°पुत्र] ऐरवत क्षेत्र के एक तीर्थंकर का नाम । °कुमार पुं भवनपति देवों की एक अवान्तर जाति । °कोण पुं पूर्व और दक्षिण के बीच की दिशा । °जस पुं [°यशस] देव-विशेष । °ज्जोय पुं [°द्योत] भगवान् महावीर का पूर्वीय बीसवें ब्राह्मण-जन्म का नाम । °ट्ठ वि [°स्थ] आग में रहा हुआ । °ट्ठोम पुं [°ष्टोम] यज्ञ-विशेष । °थंभणी स्त्री [°स्तम्भनी] आग की शक्ति को रोकनेवाली एक विद्या । °दत्त पुं भगवान् पार्श्वनाथ के समकालीन ऐरवत क्षेत्र के एक तीर्थंकर देव । भद्रबाहु स्वामी का एक शिष्य । °दाण पु [°दान] सातवें वासुदेव के पिता का नाम । °देव पु देवविशेष ।°भूइ पुं [°भूति] भगवान् महावीर का द्वितीय गणधर । भगवान् महावीर

का पूर्वीय अठारहवें ब्राह्मणजन्म का नाम। °माणव पुं अग्निकुमार देवो का उत्तर-दिशा का इन्द्र। °माली स्त्री एक इन्द्राणी। °वेस पु [°वेश] इस नाम का एक प्रसिद्ध ऋषि। न एक गोत्र। °वेस पुं [°वेश्मन्] चतुर्दशी तिथि। दिवस का बाईसवाँ मुहूर्त। °वेसायण पुं [°वैश्यायन] अग्निवेश ऋषि का पौत्र। अग्निवेश गोत्र मे उत्पन्न। गोशालक का एक दिक्चर। दिन का बाईसवाँ मुहूर्त। °सक्कार पु [°संस्कार] विधि-पूर्वक दाह देना। °सप्पभा स्त्री [°सप्रभा] भगवान् वासुपूज्य की दीक्षा समय की पालकी का नाम। °सम्म पु [°शर्मन्] एक प्रसिद्ध तपस्वी ब्राह्मण। °सिह पु [°शिख] सातवे वासुदेव का पिता। अग्निकुमार देवो का दक्षिण दिशा का इन्द्र। °सिह पुं [°सिंह] एक जैन मुनि। °सिहाचारण पु [°शिखाचारण] अग्नि-शिखा मे निर्बाधतया गमन करने की शक्ति वाला साधु। °सीह पु [°सिंह] सातवे वासुदेव के पिता का नाम। °सेण पु [°षेण] ऐरवत क्षेत्र के तीसरे और बाईसवे तीर्थंकर। °होत्त न [°होत्र] अग्न्याधान, होम। पुं ब्राह्मण। °होत्तवाइ वि [°होत्रवादिन्] होम से ही स्वर्ग की प्राप्ति माननेवाला। °होत्तिय वि [°होत्रिक] होम करनेवाला।

अग्गिअ पु [अग्रिक] यमदग्नि नामक एक तापस। भस्मक रोग।

अग्गिअ पु [दे] इन्द्रगोप, एक जाति का क्षुद्र कीट। वि. मन्द।

अग्गिआय पु [दे] इन्द्रगोप।

अग्गिच्च वि [आग्नेय] अग्नि-सम्बन्धी। पुं लोकान्तिक देवो की एक जाति। न. गोतम गोत्र की शाखा।

अग्गिच्चाभ न [आग्नेयाभ] देव-विमान विशेष।

अग्गिज्झ वि [अग्राह्य] लेने के अयोग्य।

अग्गिम वि [अग्रिम] प्रथम। श्रेष्ठ, प्रधान।

अग्गियय पुं [आग्नेयक] इस नाम का एक राजपुत्र।

अग्गिल देखो अग्गिल्ल अग्निल।

अग्गिलिय देखो अग्गिम।

अग्गिल्ल पुं [अग्निल] एक महाग्रह।

अग्गिल्ल वि [अग्रिम] अग्रवर्ती।

अग्गीय देखो अगीय।

अग्गीवय न [दे] घर का एक भाग।

अग्गुच्छ वि [दे] प्रमित, निश्चित।

अग्गे अ [अग्रे] आगे, पहले। °यण वि [तन] आगे का, पहले का। °सर वि नायक।

अग्गेई स्त्री [आग्नेयी] अग्निकोण।

अग्गेणिय न [अग्रायणीय] दूसरा पूर्व, बारहवें जैनागम का दूसरा महान् भाग।

अग्गेणी देखो अग्गेई।

अग्गेणीय देखो अग्गेणिय।

अग्गेय वि [आग्नेय] अग्नि (कोण) सम्बन्धी। अग्नि-सम्बन्धी। न. शस्त्र-विशेष। वत्स गोत्र की शाखा। अग्नि-कोण, दक्षिण-पूर्व दिशा।

अग्गोदय न [अग्रोदक] समुद्रीय वेला की वृद्धि और हानि।

अग्घ अक [राज्] शोभना, चमकना।

अग्घ सक [आ-घ्रा] सूंघना।

अग्घ शक [अर्ह्] योग्य होना।

अग्घ सक [अर्घ्] अच्छी कीमत से बेचना। आदर करना।

अग्घ पुं [अर्घ] एक देव-विमान। पूजा मछली की एक जाति। पूजा-सामग्री। पूजा मे जलादि देना। मूल्य। °वत्त न [°पात्र] पूजा का पात्र।

अग्घ वि [अर्घ्य] पूजा मे दिया जाता जलादि द्रव्य। कीमती।

अग्घव सक [पूर्] पूर्ति करना।

अग्घविय वि [अर्चित] पूजित, सत्कृत।

अग्घा सक [आ + घ्रा] सूंघना ।
अग्घाड सक [पूर्] पूरा करना ।
अग्घाड पुं [दे] वृक्ष-विशेष, अपामार्ग, चिचडा, लटजीरा ।
अग्घाण वि [दे] तृप्त ।
अग्घाय वि [आघ्रात] सूघा हुआ ।
अग्घिय वि [अर्घित] बहुमूल्य, कीमती । पूजित ।
अग्घोदय न [अर्घोदक] पूजा का जल ।
अघ न पाप । वि. शोचनीय, शोक का हेतु ।
अघो देखो अहो ।
अचक्खु पु न [अचक्षुस्] आंख के सिवाय बाकी इन्द्रियाँ और मन । वि. अधा । °दंसण न [दर्शन] आंख को छोड बाकी इन्द्रियां और मन से होने वाला सामान्य ज्ञान । °दंसणावरण न [°दर्शनावरण] अचक्षुर्दर्शन को रोकने-वाला कर्म । °फास पुं [°स्पर्श] अंधकार ।
अचक्खुस वि [अचाक्षुष] जो आंख से देखा न जा सके ।
अचक्खुस्स वि [अचक्षुष्य] जिसको देखने का मन न चाहता हो ।
अचर वि पृथिव्यादि स्थिर पदार्थ ।
अचल वि निश्चल । पु यदुवंश के राजा अन्धकवृष्णि के एक पुत्र का नाम । एक बल-देव का नाम । पर्वत । एक राजा, जिसने रामचन्द्र के छोटे भाई के साथ जैन दीक्षा ली थी । °पुर न ब्रह्म-द्वीप के पास का एक नगर । °प्प न [°आत्मन्] हस्तप्रहेलिका को ८४ लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह, अन्तिम संख्या । °भाय पु [°भ्रातृ] भगवान् महावीर का नववाँ गणधर ।
अचल पु छठवाँ रुद्र पुरुष ।
अचल न [दे] घर । घर का पिछला भाग । वि कहा हुआ । निर्दय । नीरस, सूखा ।
अचला स्त्री पृथिवी । एक इन्द्राणी ।
अचित वि [अचिन्त] निश्चिन्त ।
अचित वि [अचिन्त्य] अनिर्वचनीय, अद्भुत ।
अचिंतिय वि [अचिन्तित] आकस्मिक, असंभावित ।
अचित्त वि जीव-रहित, अचेतन ।
अचियत } वि [दे] अनिष्ट । न. अप्रीति ।
अचियत्त }
अचिरजुवइ देखो अइरजुवइ ।
अचिरा देखो अइरा ।
अचिराभा स्त्री बिजली ।
अचेल न वस्त्रों का अभाव । अल्प-मूल्यक वस्त्र । थोडा वस्त्र । वि. वस्त्र-रहित । जीर्ण वस्त्र वाला । अल्प वस्त्र वाला । नंगा । °परिसह, °परीसह पु [°परिषह, °परीषह] वस्त्र के अभाव में अथवा जीर्ण, अल्प या कुत्सित वस्त्र होने से उसे अदीन भाव से सहन करना ।
अचेलग } वि [अचेलक] नग्न । फटा-टूटा
अचेलय } वस्त्र वाला । मलिन वस्त्र वाला । अल्प वस्त्र वाला । निर्दोष वस्त्र वाला । अनियत रूप से वस्त्र का उपभोग करनेवाला ।
अच्चण सक [अर्चय्] पूजना ।
अच्चइ पु [अर्चय्] लव (काल मान) का एक भेद । वि. पूजनीय ।
अच्चग न [अत्यङ्ग] भोग के मुख्य साधन ।
अच्चत वि [अत्यन्त] हद से ज्यादा । °थावर वि [°स्थावर] अनादि-काल से स्थावर-जाति में रहा हुआ । °दूसमा स्त्री [°दुष्षमा] देखो दुस्समदुस्समा ।
अच्चंतिअ वि [आत्यन्तिक] अत्यन्त शाश्वत ।
अच्चग वि [अर्चक] पूजक ।
अच्चगल वि [अत्यर्गल] निरंकुश ।
अच्चणिया स्त्री [अर्चनिका] अर्चन ।
अच्चत वि [अत्यक्त] नहीं छोडा हुआ ।
अच्चत्थ वि [अत्यर्थ] बहुत । गंभीर अर्थ वाला । अत्यंत ।
अच्चब्भुय वि [अत्यद्भुत] बडा आश्चर्य-

जनक ।

अच्चय पु [अत्यय] विपरीत आचरण । विनाश, मरण ।

अच्चय वि [अर्चक] पूजक ।

अच्चर
अच्चरिअ
अच्चरीअ } न [आश्चर्य] विस्मय, चमत्कार ।

अच्चहम वि [अत्यधम] अति नीच ।

अच्चा स्त्री [अर्चा] शरीर । पूजा । सत्कार । लेश्या, चित्त-वृत्ति । ऐश्वर्य ।

अच्चासण पु [अत्यशन] द्वादशी तिथि ।

अच्चासणया स्त्री [अत्यासनता] खूब बैठना, देर तक या बारबार बैठना ।

अच्चासणया स्त्री [अत्यशनता] खूब खाना ।

अच्चासण्ण न [अत्यासन्न] अति समीप ।

अच्चासाइय
अच्चासादिय } वि [अत्याशातित] अपमानित, हैरान किया गया ।

अच्चासाय सक [अत्या + शातय्] अपमान करना, हैरान करना ।

अच्चाहिअ
अच्चाहिद } वि [अत्याहित] महा-भीति । झूठा । ऐसा जखमी कार्य, जिसमे प्राणहानि की सम्भावना हो ।

अच्चि स्त्री [अर्चिस्] कान्ति । अग्नि की ज्वाला । किरण । दीप की शिखा । न. लोकान्तिक देवो का एक विमान । °मालि पुं [°मालिन्]सूर्य । वि. किरणो से शोभित । न लोकान्तिक देवो का एक विमान । °माली स्त्री चन्द्र और सूर्य की तृतीय अग्रमहिषी का नाम । 'ज्ञातासूत्र' के द्वितीय श्रुतस्कन्ध के एक अध्ययन का नाम । शक्रेन्द्र की तृतीय अग्रमहिषी की राजधानी का नाम । °मालिणी स्त्री [°मालिनी] चन्द्र और सूर्य की एक अग्रमहिषी का नाम ।

अच्चिअ वि [अर्चित] पूजित, सत्कृत । न. विमान-विशेष ।

अच्चित्त देखो अचित्त ।

अच्चीकर सक [अर्ची + कृ] प्रशंसा करना । खुशामद करना ।

अच्चुअ पु [अच्युत] विष्णु । बारहवाँ देवलोक । ग्यारहवाँ और बारहवाँ देवलोक का इन्द्र । अच्युत-देवलोकवासी देव । °नाह पुं [°नाथ] बारहवाँ देवलोक का इन्द्र । °वइ पु [°पति] इन्द्र-विशेष । °वडिंसग न [°वतंसक] विमान-विशेष का नाम । °सग्ग पु [°स्वर्ग] बारहवाँ देवलोक पु न एक देव-विमान ।

अच्चुआ स्त्री [अच्युता] छठवे और सतरहवे तीर्थंकर की शासनदेवी ।

अच्चुइद पु [अच्युतेन्द्र] ग्यारहवाँ और बारहवाँ देवलोक का स्वामी ।

अच्चुक्कड वि [अत्युत्कट] अत्यन्त उग्र ।

अच्चुग्ग वि [अत्युग्र] ऊपर देखो ।

अच्चुच्च वि [अत्युच्च] खूब ऊँचा ।

अच्चुट्ठिय वि [अत्युत्थित] अकार्य करने को तैय्यार ।

अच्चुण्ह वि [अत्युष्ण] खूब गरम ।

अच्चुत्तम वि [अत्युत्तम] अति श्रेष्ठ ।

अच्चुदय न [अत्युदक] बड़ी वर्षा । प्रभूत पानी ।

अच्चुदार वि [अत्युदार] अत्यन्त उदार ।

अच्चुन्नय वि [अत्युन्नत] बहुत ऊँचा ।

अच्चुब्भड वि [अत्युद्भट] अति-प्रबल ।

अच्चुवयार पुं [अत्युपकार] महान् उपकार ।

अच्चुवयार पु [अत्युपचार] विशेष सेवा-शुश्रूषा ।

अच्चुव्वाय वि [अत्युद्वात] अत्यन्त थका हुआ ।

अच्चुसिण वि [अत्युष्ण] अधिक गरम ।

अच्चे अक [अति + इ] अतिक्रान्त होना, गुजरना । सक उल्लघन करना ।

अच्चे सक [अत्या + इ] त्याग करवाना ।

अच्चेअर न [आश्चर्य] आश्चर्य ।
अच्छ अक [आस्] बैठना ।
अच्छ सक [आ + छिद्] काटना । खीचना ।
अच्छ वि स्वच्छ । पुं. स्फटिक रत्न । पुं. ब. आर्य देश-विशेष ।
अच्छ पुं [ऋक्ष] रीछ ।
अच्छ वि [आच्छ] अच्छे देश मे उत्पन्न ।
अच्छ पु मेरु पर्वत । न. तीन बार औटा हुआ स्वच्छ पानी ।
अच्छ न [दे] अत्यन्त । शीघ्र ।
°अच्छ वि [अक्षि] आँख ।
°अच्छ पुं [कच्छ] अधिक पानीवाला प्रदेश । लताओ का समूह । तृण ।
°अच्छ पु [वृक्ष] वृक्ष ।
अच्छअ पुं [अक्षक] बहेडा का वृक्ष । नः स्वच्छ जल ।
अच्छअर न [आश्चर्य] विस्मय, चमत्कार ।
अच्छंद वि [अच्छन्द] पराधीन ।
अच्छक्क देखो अत्थक्क ।
अच्छण न [आसन] बैठना । पालकी वगैरह सुखासन । °घर न [°गृह] विश्राम-स्थान ।
अच्छण न [दे] सेवा । देखना । अहिंसा, दया ।
अच्छणिउर न [अच्छनिकुर] अच्छनिकुराग को चौरासी लाख से गुणने पर जो सख्या लब्ध हो वह ।
अच्छणिउरंग न [अच्छनिकुराङ्ग] नलिन को चौरसी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह ।
अच्छण्ण वि [अच्छन्न] प्रकट ।
अच्छभल्ल पु [ऋक्षभल्ल] रीछ ।
अच्छभल्ल पु [दे] यक्ष, देव-विशेष ।
अच्छरआ देखो अच्छरा ।
अच्छरय पु [आस्तरक] शय्या पर बिछाने का वस्त्र-विशेष ।
अच्छरसा, अच्छरा } स्त्री [अप्सरस्] इन्द्र की पट-रानी । 'ज्ञाताधर्मकथा' का एक अध्ययन । देवी । रूपवती स्त्री ।
अच्छरा स्त्री [दे. अप्सरा] चुटकी । चुटकी की आवाज ।
अच्छराणिवाय पुं [दे] चुटकी । चुटकी बजाने मे जितना समय लगता है वह, अत्यल्प समय ।
अच्छरिअ, अच्छरिज्ज, अच्छरीअ } न [आश्चर्य] विस्मय, चमत्कार ।
अच्छल न निर्दोषता, अनपराध ।
अच्छवि वि जैन-दर्शन मे जिसको स्नातक कहते है वह, जीवनमुक्त योगी ।
अच्छविकर पु [अक्षपिकर] एक प्रकार का मानसिक विनय ।
अच्छहल्ल पुं [ऋक्षभल्ल] रीछ ।
अच्छा स्त्री वरुण देव की राजधानी ।
°अच्छा स्त्री [कक्षा] गर्व ।
अच्छाइ वि [आच्छादिन्] ढकनेवाला ।
अच्छायण न [आच्छादन] ढकना । वस्त्र ।
अच्छायत वि [अच्छातान्त] तीक्ष्ण ।
अच्छि त्रि [अक्षि] आँख । °चमढण न [°मलन] आँख का मलना । °णिमीलिय न [निमीलित] आँख को मूंदना, मीचना । आँख मिचने मे जो समय लगे वह । °पत्त न [°पत्र] आँख का पक्ष्म । °वेहग पु [°वेधक] एक चतुरिन्द्रिय जन्तु । °रोडय पुं [°रोडक] एक चतुरिन्द्रिय जन्तु । °ल्ल वि [°मत्] आँख वाला प्राणी । चतुरिन्द्रिय जन्तु । °मल पु आँख का मैल ।
अच्छिद सक [आ + छिद्] थोडा छेद करना । एक बार छेद करना । बलात्कार से छीन लेना । थाड़ा काटना ।
अच्छिद पु [अक्षीन्द्र] गोशालक के एक दिक्-चर (शिष्य) का नाम ।
अच्छिक्क वि [दे] अस्पृष्ट ।
अच्छिघरुल्ल वि [दे] अप्रीतिकर । पुं

पोशाक ।

अच्छिज्ज वि [आच्छेद्य] जबरदस्ती जो दूसरे से छीन लिया जाय । पुं जैन साधु के लिए भिक्षा का एक दोष ।

अच्छिज्ज वि [अच्छेद्य] जो तोडा न जा सके ।

अच्छित्ति स्त्री नित्यता । वि. नाश-रहित । °णय पुं [°नय] वस्तु को नित्य माननेवाला पक्ष ।

अच्छिद्द वि [अच्छिद्र] छिद्र-रहित, निविड । निर्दोष ।

अच्छिण्ण वि [आच्छिन्न] बलात्कार से छीना हुआ । छेदा हुआ, तोडा हुआ ।

अच्छिण्ण वि [अच्छिन्न] नही तोडा हुआ । अन्तर-रहित ।

अच्छिप्प वि [अस्पृश्य] छूने के अयोग्य ।

अच्छिवडण न [दे] आँख का मूंदना ।

अच्छिविअच्छि स्त्री [दे] परस्पर-आकर्षण ।

अच्छिहरिल्ल } देखो अच्छिघरुल्ल ।
अच्छिहरुल्ल }

अच्छी देखो अच्छि

अच्छुक्क न [दे] आँख का कोटर ।

अच्छुत्ता स्त्री [अच्छुप्ता] एक विद्याधिष्ठात्री देवी । भगवान् मुनिसुव्रत स्वामी की शासन-देवी ।

अच्छुद्धसिरी स्त्री [दे] असंभावित लाभ ।

अच्छुल्लूढ वि [दे] निष्कासित, स्थान-भ्रष्ट किया हुआ ।

अच्छेज्ज देखो अच्छिज्ज ।

अच्छेर न [आश्चर्य] विस्मय, चमत्कार । पुन. अपूर्व घटना । °कर वि विस्मय-जनक, चमत्कार उपजानेवाला ।

अच्छोड सक[आ+छोटय्] पटकना । सिंचना ।

अच्छोड पु [आच्छोट] सिंचन । आस्फालन करना, पटकना ।

अच्छोडण न [आच्छोटन] सिंचन । आस्फालन, वेणी । मृगया ।

अच्छोडाविय वि [दे आच्छोटित] बंधित ।

आच्छोडिअ वि [दे] आकृष्ट ।

अछिप्प वि [अस्पृश्य] स्पर्श करने के अयोग्य ।

अज देखो अय = अज ।

अजगर देखो अयगर ।

अजड पुं [दे] जार ।

अजड वि पक्व, विकसित । निपुण ।

अजम वि [दे] सरल । जमाईन ।

अजय वि [अयत] पाप-कर्म से अविरत, नियम-रहित । अनुद्योगी । उपयोग-शून्य, बेख्याल ।

अजय पु षट्पद छंद का एक भेद ।

अजर वि वृद्धावस्था-रहित । पुं देव । मुक्त आत्मा ।

अजराउर वि [दे] गरम ।

अजरामर वि बुढापा और मृत्यु से रहित । न. मुक्ति । स्त्री. °रा विद्या-विशेष ।

अजस पु [अयशस्] अपयश । °कित्तिणाम न [°कीर्तिनामन्] अपकीर्त्ति का कारण-भूत एक कर्म ।

अजस्स क्रिवि [अजस्र] निरन्तर, हमेशा ।

अजा देखो अया ।

अजाय वि [अजात] अनुत्पन्न । °कप्प पुं [°कल्प] शास्त्रो को पूरा-पूरा नही जाननेवाला जैन साधु, अगीतार्थ । °कप्पिय पुं [°कल्पिक] अगीतार्थ जैन साधु ।

अजिअ वि [अजित] अपराजित । पुं दूसरे तीर्थंकर का नाम । नववें तीर्थंकर का अधिष्ठाता देव । एक भावी बलदेव । °बला स्त्री भगवान् अजितनाथ की शासनदेवी । °सेण पु [°सेन] एक प्रसिद्ध राजा । चौथा कुलकर । एक विख्यात जैन मुनि । पुं भगवान् मल्लिनाथ का प्रथम श्रावक ।

°नाह पुं [नाथ] नववाँ रुद्र पुरुष ।

अजिअ वि [अजीव] जीव-रहित ।

अजिअ वि [अजय्य] जो जीता न जा सके।

अजिया स्त्री [अजिता] भगवान् अजितनाथ की शासन देवी। चतुर्थ तीर्थंकर की एक मुख्य शिष्या।

अजिण न [अजिन] हरिण आदि पशुओं का चमड़ा। वि. जिसने राग-द्वेष का सर्वथा नाश नहीं किया है वह। जिन भगवान् के तुल्य सत्योपदेशक जैन साधु।

अजियधर पु [अजितधर] ग्यारह रुद्रों में आठवाँ रुद्र पुरुष।

अजिर न आँगन।

अजीर देखो अइन्न = अजीर्ण।

अजीव पु अचेतन, निर्जीव, जड़ पदार्थ। °काय पु धर्मास्तिकाय आदि अजीव पदार्थ।

अजुअ पु [दे] वृक्ष-विशेष, मसच्छद, मतौना।

अजुअ न [अयुत] दश हजार।

अजुअलवण्ण पु [अयुगलपर्ण] सतौना।

अजुअलवण्णा स्त्री [दे] इमली का पेड़।

अजुत्त वि [अयुक्त] अयोग्य। °कारि वि [°कारिन्] अयोग्य कार्य करनेवाला।

अजुत्तीय वि [अयुक्तिक] अन्याय्य।

अजुय देखो अउअ।

अजेअ वि [अजय] जो जीता न जा सके।

अजोग पुं [अयोग] मन, वचन और काया के सब व्यापारों का जिसमें अभाव होता है वह सर्वोत्कृष्ट योग, शैलेशी-करण।

अजोग वि [अयोग्य] अयोग्य।

अजोगि पु [अयोगिन्] सर्वोत्कृष्ट योग को प्राप्त योगी। मुक्त आत्मा।

अज्ज सक [अर्ज्] पैदा करना, उपार्जन करना, कमाना।

अज्ज वि [अर्य] वैश्य। स्वामी।

अज्ज वि [आर्य] निर्दोष। आर्य-गोत्र में उत्पन्न। शिष्ट-जनोचित। °खउड पु [°खपुट] एक जैन आचार्य। उत्तम। मुनि। सत्यकार्य करनेवाला। पूज्य। पु मातामह। पितामह। एक ऋषि का नाम। न. गोत्र-विशेष। जैन साधु, साध्वी और उनकी शाखाओं के पूर्व में यह शब्द प्रायः लगता है, जैसे अज्जवइर, अज्जचंदणा, अज्जपोमिला। °उत्त पु [°पुत्र] पति। मालिक का पुत्र। °घोस पुं [°घोष] भगवान् पार्श्वनाथ का एक गणधर। °मंगु पु [°मङ्गु] एक प्राचीन जैनाचार्य। °मिस्स वि[°मिश्र]पूज्य, मान्य। °समुद्द पुं [°समुद्र] एक प्रसिद्ध जैनाचार्य।

अज्ज अ [अद्य] आज। °त्त वि [°तन] आजकल का। °त्ता स्त्री [°ता] आज कल। °प्पभिइ अ [°प्रभृति] आज से ले कर।

अज्ज पु [दे] जिनेन्द्र देव। बुद्ध देव।

अज्ज न [आज्य] घी।

अज्ज° देखो रि = ऋ।

अज्जं अ [अद्य] आज।

अज्जंत वि [आयत्] आगामी। °काल पु भविष्य काल।

अज्जहिज्जो अ [अद्यह्यः] आजकल।

अज्जकालिअ वि [अद्यकालिक] आजकल का।

अज्जग देखो अज्जय = अर्जक।

अज्जण, अज्जणण [अर्जन] उपार्जन। पैदा करना।

अज्जम पु [अर्यमन्] सूर्य। देव-विशेष। उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र का अधिष्ठायक देव। न. उत्तरा-फाल्गुनी नक्षत्र।

अज्जय पु [आर्यक] मातामह। पितामह।

अज्जय वि [अर्जक] उपार्जन करनेवाला। पु वृक्षविशेष।

अज्जय पुं [दे] सुरस नामक तृण। गुरेटक नामक तृण। तृण।

अज्जल पु [आर्यल] म्लेच्छों की एक जाति।

अज्जव न [आर्जव] सरलता, निष्कपटता।

अज्जव (अप) देखो अज्ज = आर्य। °खंड पु [खण्ड] आर्य देश।

अज्जवया स्त्री [आर्जव] ऋजुता ।
अज्जविय न [आर्जव] सरलता ।
अज्जा स्त्री [आर्या] साध्वी । पार्वती । आर्या छन्द । भगवान् मल्लिनाथ की प्रथम शिष्या । पूज्या स्त्री । एक कला ।
अज्जा स्त्री [आज्ञा] आदेश ।
अज्जाय वि [अजात] अनुत्पन्न ।
अज्जाव सक [आ + ज्ञापय्] आज्ञा करना ।
अज्जिआ स्त्री [आर्यिका] पूज्या स्त्री । संन्यासिनी । माता की माता । पिता की माता ।
अज्जिइओ वि [दे] दिया हुआ ।
अज्जिणण देखो अज्जणण ।
अज्जीव देखो अजीव ।
अज्जु (अप) अ [अद्य] आज ।
अज्जुअ (शौ) देखो अज्ज = आर्य ।
अज्जुआ (शौ) देखो अज्जा = आर्या ।
अज्जुण पुं [अर्जुन] तीसरा पाण्डव । वृक्ष-विशेष । गोशालक के एक दिक्चर (शिष्य) का नाम । न. श्वेत सुवर्ण । तृण-विशेष । अर्जुन वृक्ष का पुष्प ।
अज्जुणग } [अर्जुनक] एक माली का
अज्जुणय } नाम ।
अज्जू स्त्री [आर्या] सास ।
अज्जोग देखो अजोग = अयोग ।
अज्जोरुह न [दे] वनस्पति-विशेष ।
अज्झक्ख वि [अध्यक्ष] अधिष्ठाता ।
अज्झ पु [दे] यह (पुरुष, मनुष्य) ।
अज्झत्त देखो अज्झप्प ।
अज्झत्थ वि [दे] आगत ।
अज्झत्थ } न [अध्यात्म] आत्मा मे, आत्म-
अज्झप्प } विषयक । मन मे, मन-सबधी । मन, चित्त । शुभ ध्यान । पुं आत्मा । °जोग पु [°योग] योग-विशेष, चित्त की एकाग्रता । °दोस पु [°दोष] आध्यात्मिक दोष—क्रोध, मान, माया और लोभ । °वत्तिय वि [°प्रत्ययिक] मन मे ही उत्पन्न होनेवाला शोक, चिन्ता आदि । °विसोहि स्त्री [°विशुद्धि] आत्म-शुद्धि । °संवुड वि [°संवृत] मनो-निग्रही । °सुइ स्त्री [°श्रुति] अध्यात्मशास्त्र, आत्म-विद्या, योग-शास्त्र । °सुद्धि स्त्री [°शुद्धि] मन की शुद्धि । °सोहि स्त्री [°शुद्धि] मन -शुद्धि ।
अज्झत्थिय वि [आध्यात्मिक] आत्मा या मन से संबंध रखनेवाला ।
अज्झथीअ देखो अज्झत्थिय ।
अज्झप्पिअ वि [आध्यात्मिक] अध्यात्म का जानकार । अध्यात्म-सम्बन्धी ।
अज्झय वि [दे] पड़ोसी ।
अज्झयण पुन [अध्ययन] शब्द, नाम । पढना, अभ्यास । ग्रन्थ का एक अंश ।
अज्झयाव सक [अधि + आप] पढाना ।
अज्झवस सक [अध्यव + सो] विचार करना। निश्चय करना । चिन्तन करना ।
अज्झवसण } न [अध्यवसान] चिन्तन,
अज्झवसाण } विचार, आत्म-परिणाम ।
अज्झवसाय पुं [अध्यवसाय] विचार, आत्म-परिणाम, मानसिक संकल्प ।
अज्झवसिय न [दे] मुडा हुआ मुंह ।
अज्झसिय वि [दे] दृष्ट ।
अज्झस्स सक [आ + क्रुश] आक्रोश करना, अभिशाप देना ।
अज्झस्स } वि [आक्रुष्ट] जिस पर
अज्झस्सिय } आक्रोश किया गया हो वह ।
अज्झहिय वि [अत्यधिक] अत्यंत ।
अज्झा स्त्री [दे] कुलटा । प्रशस्त स्त्री । नवोढा । युवती स्त्री । यह (स्त्री) ।
अज्झा } सक [अधि + इ] अध्ययन
अज्झाअ } करना ।
अज्झाअ सक [अध्यापय्] पढ़ाना ।
अज्झाइअव्व वि [अध्येतव्य] पढने योग्य ।
अज्झाय पुं [अध्याय] पठन । ग्रन्थ का एक अंश ।

अज्झारुह पुं [अध्यारुह] वृक्ष-विशेष। वृक्षों के ऊपर बढनेवाली वल्ली या शाखा वगैरह।

अज्झारोव पु [अध्यारोप] आरोप, उपचार।

अज्झारोवण न [अध्यारोपण] आरोपण, ऊपर चढाना। प्रश्न करना।

अज्झारोह पुं [अध्यारोह] देखो अज्झारुह।

अज्झाव देखो अज्झाअ = अध्यापय्।

अज्झावग देखो अज्झावय।

अज्झावय वि [अध्यापक] शिक्षक, गुरु।

अज्झावस अक [अध्या + वस्] वास करना।

अज्झास पु [अध्यास] ऊपर बैठना। निवास-स्थान।

अज्झासणा स्त्री [अध्यासना] सहन करना।

अज्झासिअ वि [अध्यासित] आश्रित, अधिष्ठित। स्थापित।

अज्झाहय वि [अध्याहत] उत्तेजित।

अज्झीण वि [अक्षीण] अखूट। न. अध्ययन।

अज्झुववज्ज देखो अज्झोववज्ज।

अज्झुववण्ण देखो अज्झोववण्ण।

अज्झुववाय देखो अज्झोववाय।

अज्झुसिअ वि [अध्युषित] आश्रित।

अज्झुसिर वि [अशुषिर] छिद्र-रहित।

अज्झेउ वि [अध्येतृ] पढनेवाला।

अज्झेल्ली स्त्री [दे] दोहने पर भी जिसका दोहन हो सके ऐसी गैया।

अज्झेसणा स्त्री [अध्येषणा] विशेष याचना।

अज्झोयरग / अज्झोयरय पु [अध्यवपूरक] साधु के लिए अधिक रसोई करना। साधु के लिए बढाकर की हुई रसोई।

अज्झोल्लिआ स्त्री [दे] वक्ष-स्थल के आभूषण मे की जाती मोतियो की रचना।

अज्झोवगमिय वि [आभ्युपगमिक] स्वेच्छा से स्वीकृत।

अज्झोववज्ज अक [अध्युप + पद्] अत्यासक्त होना, आसक्ति करना।

अज्झोववण्ण वि [अध्युपपन्न] अत्यत आसक्त।

अज्झोववाय पु [अध्युपपाद] अत्यन्त आसक्ति, तल्लीनता।

अट / अट्ट सक [अट्] भ्रमण करना।

अट्ट सक [कथ्] ववाथ करना।

अट्ट अक [शुष्] सूखना।

अट्ट वि [आर्त] पीडित। ध्यान-विशेष—इष्ट-सयोग, अनिष्ट, वियोग, रोग-निवृत्ति और भविष्य के लिए चिन्ता करना। °ण वि [°ज्ञ] पीडित की पीडा को जाननेवाला।

अट्ट वि [ऋत] गत, प्राप्त।

अट्ट पुन दूकान। महल के ऊपर का घर, अटारी। आकाश।

अट्ट वि [दे] दुर्बल। बडा, महान्। बेशरम। आलसी। पुं शुक। आवाज। न. सुख। असत्योक्ति।

अट्टट्ट वि [दे] गत।

अट्टट्टहास पुं देखो अट्टहास।

अट्टण न [अट्टन] व्यायाम, कसरत। पु. इस नाम का एक प्रसिद्ध मल्ल। °साला स्त्री [°शाला] व्यायाम-शाला।

अट्टणा स्त्री [आवर्तना] आवृत्ति।

अट्टमट्ट वि [दे] व्यर्थ। पु आलवाल, कियारी। अशुभ सकल्प-विकल्प, पाप-संबद्ध अव्यवस्थित विचार।

अट्टय पु [अट्टक] हाट। पात्र के छिद्र को बन्द करने मे उपयुक्त द्रव्य-विशेष।

अट्टयक्कली स्त्री [दे] कमर पर हाथ रखकर खडा रहना।

अट्टहास पुं खिलखिला कर हँसना।

अट्टालग / अट्टालय पुन [अट्टालक] महल का उपरिभाग, अटारी।

अट्टि स्त्री [आर्ति] पीडा।

अट्टिय वि [अर्दित] व्याकुल, व्यग्र।

अट्ठ पुं [अर्थ] सयम। पुन वस्तु, पदार्थ। विषय। शब्द का अभिधेय, वाच्य। तात्पर्य। परमार्थ। हेतु। इच्छा। उद्देश्य। धन। फल, लाभ। मोक्ष। °कर पु मत्री। निमित्त शास्त्र का विद्वान्। °जाय वि [°जातार्थ] जिसकी आवश्यकता हो, जिसका प्रयोजन हो वह। °जाय वि [°याच] धनार्थी। °सइय वि [°शतिक] जिसका सौ अर्थ हो सके ऐसा (वचन आदि)। °सेण पुं [°सेन] देखो अट्ठिसेण, देखो अत्थ = अर्थ।

अट्ठ [अष्टन्] आठ। °चत्ताल वि [°चत्वारिंश] अठतालीसवाँ। °चत्तालीस त्रि [°चत्वारिंशत्] अठतालीस। °ट्ठमिया स्त्री [°ष्टमिका] जैन साधुओं का ६४ दिन का एक व्रत, प्रतिमा-विशेष। °तालीस वि [°चत्वारिंशत्] अठतालीस। °तीस त्रि [°त्रिंशत्] अठतीस। °तीसइम वि [°त्रिंश] अठतीसवाँ। °त्तरि स्त्री [°सप्तति] अठत्तर। °त्तीस त्रि [°त्रिंशत्] अठतीस। °दस त्रि [°दशन्] अठारह। °दसुत्तरसय वि [°दशोत्तरशत्] एक सौ अठारहवाँ। °दह त्रि [°दशन्] अठारह। °पएसिय वि [°प्रदेशिक] आठ अवयव वाला। °पया स्त्री [°पदा] छन्द-विशेष। °पाहरिअ वि [प्राहरिक] आठ प्रहर सबधी। °भाइया स्त्री [°भागिका] तरल वस्तु नापने का बत्तीस पलो का एक परिमाण। °म न तेला, लगातार तीन दिनो का उपवास। °मंगल पुन स्वस्तिक आदि आठ मागलिक वस्तु। °मभत्त पुन [°मभक्त] तेला, लगातार तीन दिनो का उपवास। °मभत्तिय वि [°मभक्तिक] तेला करनेवाला। °मी स्त्री अष्टमी। °मुत्ति पु [°मूर्ति] महादेव। °याल त्रि [°चत्वारिंशत्] अठतालीस। °ववन्न त्रि [°पञ्चाशत्] अट्ठावन। °वरिस, °वारिस वि [°वार्षिक] आठ वर्ष की उम्र का। °विह वि [°विध] आठ प्रकार का। °वीस स्त्रीन [°विंशति] अट्ठाईस। °सट्ठि स्त्री [°षष्टि] अठसठ। °समइय वि [°सामयिक] जिसकी अवधि आठ 'समय' की हो वह। °सय न [°शत] एक सो आठ। °सहस्स न [सहस्र] एक हजार और आठ। °सामइय देखो °समइय। °सिर वि [°शिरस्, °सिर] अष्ट-कोण। °सेण पुं [°सेन] देखो अट्ठि-सेण। °हत्तर वि [°सप्ततितम] अठत्तरवाँ। °हत्तरि स्त्री [°सप्तति] अठत्तर की संख्या। °हा अ [°धा] आठ प्रकार का।

°अट्ठ न [काष्ठ] काष्ठ, लकडी।

अट्ठंग वि [अष्टाङ्ग] जिसके आठ अग हों वह। °णिमित्त न [°निमित्त] वह शास्त्र जिसमे भूमि, स्वप्न, शरीर, स्वर, आदि आठ विषयो के फलाफल का प्रतिपादन हो। °महाणिमित्त न [°महानिमित्त] देखो अनन्तर-उक्त अर्थ।

अट्ठंस वि [अष्टास्र] अष्ट-कोण।

अट्ठदिट्ठि स्त्री [अष्टदृष्टि] योग की आठ दृष्टियाँ, वे ये है :—मित्रा, तारा, बला, दीप्रा, स्थिरा, कान्ता, प्रभा और परा।

अट्ठय न [अष्टक] आठ का समूह।

अट्ठा स्त्री [अष्टा] मुष्टि। मुट्ठीभर चीज।

अट्ठा स्त्री [आस्था] श्रद्धा।

अट्ठा स्त्री [अर्थ] वास्ते। °दंड पुं कार्य के लिए की गई हिंसा।

अट्ठाइस वि [अष्टाविंश] अठाईसवाँ।

अट्ठाइस } स्त्रीन [अष्टाविंशति] अठाईस।
अट्ठाईस }

अट्ठाण न [अस्थान] अयोग्य स्थान। कुत्सित स्थान। अयोग्य।

अट्ठाण न [आस्थान] सभा, सभा-गृह।

अट्ठाणउइ स्त्री [अष्टानवति] अठानबे।

अट्ठाणउय वि [अष्टानवत] अठानबेवाँ।

अट्ठाणवइ देखो अट्ठाणउइ।

अट्ठाणिय वि [अस्थानिक] अपात्र, अनाश्रय ।

अट्ठायमाण वकृ [अतिष्ठत्] नही बैठता हुआ ।

अट्ठार } वि. ब. [अष्टादशन्] अठारह ।
अट्ठारस } °विह वि [°विध] अठारह प्रकार का ।

अट्ठारसग न [अष्टादशक] अठारह का समूह । वि. जिसका मूल्य अठारह मुद्रा हो वह ।

अट्ठारसम वि [अष्टादश] अठारहवां । न. लगातार आठ दिनो का उपवास ।

अट्ठारह } देखो अट्ठार ।
अट्ठाराह }

अट्ठावण्ण स्त्रीन [अष्टापञ्चाशत्] अठावन ।

अट्ठावय पु [अष्टापद] स्वनाम-ख्यात पर्वत-विशेष, कैलास । न. एक जाति का जुआ । द्यूत-फलक, जिस पर जुआ खेला जाता है वह । सुवर्ण । °सेल पु [°शैल] मेरु-पर्वत । स्वनाम-ख्यात पर्वत-विशेष, जहां भगवान् ऋषभदेव निर्वाण पाये थे ।

अट्ठावय न [अर्थपद] गृहस्थ । अर्थ-शास्त्र, सपत्ति-शास्त्र ।

अट्ठावीस स्त्रीन [अष्टाविंशति] अठाईस ।

अट्ठावीसइ स्त्री [अष्टाविंशति] अठाईस । °विह वि [°विध] अठाईस प्रकार का ।

अट्ठावीसइम वि [अष्टाविंश] अठाईसवां । न तेरह दिनो के लगातार उपवास ।

अट्ठासट्ठि स्त्री [अष्टाषष्टि] अठसठ ।

अट्ठासि } स्त्री [अष्टाशीति] अठासी ।
अट्ठासीइ }

अट्ठासीय वि [अष्टाशीत] अठासीवां ।

अट्ठाह न [अष्टाह] आठ दिन ।

अट्ठाहिया स्त्री [अष्टाह्निका] आठ दिनो का एक उत्सव । उत्सव ।

अट्ठि वि [अर्थिन्] प्रार्थी, गरजवाला, अभिलाषी ।

अट्ठि पु [अस्थि] हड्डी । फल की गुट्ठी ।

अट्ठि स्त्रीन [अस्थि] हाड । जिसमें बीज उत्पन्न न हुए हो ऐसा अपरिपक्व फल । पु कापालिक । °मिंजा स्त्री [°मिञ्जा] हड्डी के भीतर का रस । °सरक्ख पु [°सरजस्क] कापालिक । °सेण न [°पेण] वत्सगोत्र की शाखारूप एक गोत्र । पु. इस गोत्र का प्रवर्तक पुरुष और उसकी सन्तान ।

अट्ठिय वि [अर्थिक] गरजू, याचक । अर्थ का कारण, अर्थ-सम्बन्धी । मोक्ष का हेतु ।

अट्ठिय वि [आर्थिक] अर्थ का कारण, अर्थ-सम्बन्धी । मोक्ष का कारण ।

अट्ठिय वि [अर्थित] अभिलषित, प्रार्थित ।

अट्ठिय वि [अस्थित] अव्यवस्थित, अनियमित । चचल ।

अट्ठिय वि [आस्थिक] हड्डी-सम्बन्धी ।

अट्ठिय वि [आस्थित] स्थित रहा हुआ ।

अट्ठिय पु [अस्थिक] वृक्ष-विशेष । न. अस्थिक वृक्ष का फल ।

अट्ठिल्लय पु [अस्थि] फल की गुट्ठी ।

अट्ठुत्तर वि [अष्टोत्तर] आठ से अधिक । सय न [°शत] एक सौ और आठ । °सय वि [°शततम] एक सौ आठवां ।

अठ } देखो अट्ठ = अष्टन् ।
अड }

अड सक [अट्] भ्रमण करना ।

अड पु [अवट] कूप, इनारा । कूप के पास पशुओ के पानी पीने के लिए जो गर्त किया जाता है वह ।

°अड देखो तड = तट ।

अडइ } स्त्री [अटवि, °वी] भयानक जगल,
अडई } वन ।

अडडज्झिय न [दे] विपरीत मैथुन ।

अडखम्म सक [दे] सभालना, रक्षण करना ।

अडड न [अटट] 'अटटाग' को चौरासी लाख से गुणने पर जो सख्या लब्ध हो वह ।

अडडंग न [अटटाङ्ग] संख्या-विशेष, 'तुडिय' या 'महातुडिय' को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह।

अडणी स्त्री [दे] रास्ता।

अडपल्लण न [दे] वाहन-विशेष।

अडयणा } स्त्री [दे] कुलटा।
अडया }

अडयाल न [दे] प्रशंसा।

अडयाल } स्त्री [अष्टचत्वारिंशत्] ४८
अडयालीस } की संख्या। °सय न [°शत] १४८।

अडवडण न [दे] स्खलना, रुक-रुक चलना।

अडवि } स्त्री [अटवि, °वी] भयकर
अडवी } जगल, गहरा वन।

अडसट्ठि स्त्री [अष्टषष्टि] अठसठ। °म वि [°तम] अठसठवाँ।

अडाड पु [दे] जबरदस्ती।

अडिल्ल पु [अटिल] एक जाति का पक्षी।

अडिल्ला स्त्री [अडिल्ला] छन्द-विशेष।

अडोलिया स्त्री [अटोलिका] एक राजपुत्री, जो युवराज की पुत्री और गर्दभराज की बहिन थी। चूही।

अडोविय वि [अटोपित] भरा हुआ।

अड्डु वि [दे] जो आडे आता हो, बीच मे बाधक होता हो वह।

अड्डक्ख सक [क्षिप्] फेंकना, गिराना।

अड्डुण न [अड्डुन] चर्म। ढाल, फलक।

अड्डिअ वि [दे] आरोपित।

अड्डिया स्त्री [अड्डिका] मल्लो की क्रिया-विशेष।

अड्ढ देखो अद्ध = अर्ध।

अड्ढ वि [आढ्य] सम्पन्न। सहित। परिपूर्ण।

अड्ढअक्कली स्त्री [दे] देखो अट्टयक्कली।

अड्ढत्त वि [आरब्ध] शुरू किया हुआ, प्रारब्ध।

अड्ढाइज्ज } वि [अर्धतृतीय] ढाई।
अड्ढाइय }

°अड्ढिय वि [कृष्ट] खीचा हुआ।

अड्ढुट्ठ वि [अर्धचतुर्थ] साढे तीन।

अड्ढेज्ज न [आढ्यत्व] श्रीमंताई।

अड्ढेज्जा स्त्री [आढ्येज्या] श्रीमंत से किया हुआ सत्कार।

अड्ढोरुग पुं [अर्धोरुक] जैन साध्वियों के पहनने का एक वस्त्र।

अढ (अप) देखो अट्ठ = अष्टन्।

अढाइस (अप) स्त्रीन [अष्टाविंशति] अठाईस।

अढारसग देखो अट्ठारसग।

अढारसम देखो अट्ठारसम।

अण अ [°अ, अन्°] देखो अ°।

अण सक [अण्] आवाज करना। जाना। जानना। समझाना।

अण पुं शब्द, आवाज। गमन। कषाय। आक्रोश, अभिशाप। न पाप। कर्म। वि. कुत्सित।

अण पु [अन] देखो अणंताणुबंधि।

अण पु [अनस्] गाड़ी।

अण देखो अण्ण = अन्य।

अण न [ऋण] करजा। °धारग वि [°धारक] करजदार। °वल वि लेनदार। °भंजग वि [°भञ्जक] देउलिया।

°अण देखो गण।

°अण देखो जण।

°अण देखो तण।

°अणअरद देखो अणवरय।

अणइवर वि [अनतिवर] सर्वोत्तम।

अणइवुट्ठि स्त्री [अनतिवृष्टि] वर्षा का अभाव।

अणईइ वि [अनीति] ईति-रहित, शलभादि-कृत उपद्रव से रहित।

अणंग पु [अनङ्ग] काम। कामदेव। एक राजकुमार, जो आनन्दपुर के राजा जीतारि का पुत्र था। न. विषय-सेवन के मुख्य अंगो के अतिरिक्त स्तन, कुक्षि, मुख आदि अंग।

वनावटी लिंग आदि। बारह अंग-ग्रन्थो से भिन्न जैन शास्त्र। वि शरीर-रहित। °घरिणी स्त्री [°गृहिणी] रति। °पडिसेविणी स्त्री [प्रतिषेविणी] अमर्यादित रीति से विषय-सेवन करनेवाली स्त्री। °पविट्ठ न [°प्रविष्ट] बारह अग-ग्रन्थो से भिन्न जैन ग्रन्थ। °बाण पु काम के बाण। °लवण पु [°लवन] रामचन्द्रजी का एक पुत्र। °सर पु [°शर] काम के बाण। °सेणा स्त्री [°सेना] द्वारका की एक विख्यात गणिका।

अणंत पु [अनन्त] चालू अवसर्पिणी काल के चौदहवें तीर्थंकर-देव। विष्णु, कृष्ण। शेष नाग। जिसमे अनन्त जीव हो ऐसी वनस्पति, कन्द-मूल वगैरह। न केवल-ज्ञान। आकाश। वि. शाश्वत। नि सीम, अपरिमित। बहुत, विशेष। °काइय वि [°कायिक] अनन्त जीववाली वनस्पति, कन्द-मूल आदि। °काय पु कन्द-मूल आदि अनन्त जीववाली वनस्पति। °खुत्तो अ [°कृत्वस्] अनन्त बार। °जीव पु देखो °काइय। °जीविय वि [°जीविक] देखो °काइय। °णाण न [°ज्ञान] केवल-ज्ञान। °णाणि वि [°ज्ञानिन्] केवल-ज्ञानी, सर्वज्ञ। °दंसि वि [°दर्शिन्] सर्वज्ञ। °दंसि वि [°दर्शिन्] ऐरवत क्षेत्र के बीसवे जिन-देव। °मिस्सिया स्त्री [°मिश्रिका] सत्यमिश्र भाषा का एक भेद, जैसे अनन्तकाय से भिन्न प्रत्येक वनस्पति से मिली हुई अनन्तकाय को भी अनन्तकाय कहना। °मीसय न [°मिश्रक] देखो °मिस्सिया। °रह पु [°रथ] विख्यात राजा दशरथ के बडे भाई का नाम। °विजय पु भरतक्षेत्र के २४वे और ऐरवत क्षेत्र के बीसवे भावी तीर्थंकर का नाम। °वीरिय वि [°वीर्य] अनन्त बलवाला। पु एक केवल-ज्ञानी मुनि का नाम। एक ऋषि, जो कार्तवीर्य के पिता थे। भरतक्षेत्र के एक भावी तीर्थंकर का नाम। °संसारिय वि [°संसारिक] अनन्त काल तक संसार मे जन्म-मरण पानेवाला। °सेण पु [°सेन] चौथा कुलकर। एक अन्तकृद् मुनि।

अणंतइ पु [अनन्तजित्] चालू काल के चौदहवे जिन-देव।

अणंतग } देखो अणंत। न वस्त्र-विशेष।
अणंतय } पु ऐरवत क्षेत्र के एक जिनदेव।

अणंतर वि [अनन्तर] व्यवधान-रहित। पु, वर्तमान समय।

अणंतरहिय वि [अनन्तर्हित] अव्यवहित। सजीव, सचित्त, चेतन।

अणंताणुबंधि पु [अनन्तानुबन्धिन्] अनन्त काल तक आत्मा को संसार मे भ्रमण करानेवाले कषायो की चार चौकडियो मे प्रथम चौकडी, अतिप्रचड क्रोध, मान, माया और लोभ।

अणंस वि [अनंश] अखण्ड।

अणक्क पु [दे] एक म्लेच्छ देश। एक म्लेच्छ जाति।

अणक्ख पु [दे] क्रोध। लज्जा।

अणक्खर न [अनक्षर] श्रुत-ज्ञान का एक भेद—वर्ण के बिना सपर्क के, छीकना, चुटकी बजाना, सिर हिलाना आदि सकेतो से दूसरे का अभिप्राय जानना।

अणगार वि [अनगार] जिसने घर-बार त्याग किया हो वह, साधु, यति, मुनि। घर-रहित, भिक्षुक। पु. भरतक्षेत्र के भावी पाचवे तीर्थंकर का एक पूर्वभवीय नाम।

°सुय न [°श्रुत] 'सूत्रकृताग' सूत्र का एक अध्ययन।

अणगार वि [ऋणकार] करजा करनेवाला। दुष्ट शिष्य, अपात्र।

अणगार वि [अनाकार] आकाररहित।

अणगारिय वि [आनगारिक] साधु-सम्बन्धी, मुनि का।

अणगाल पु [अकाल] दुर्भिक्ष ।

अणगिण वि [अनग्न] जो नगा न हो, वस्त्रों से आच्छादित । पु. कल्पवृक्ष की एक जाति, जो वस्त्र देता है ।

अणग्घ देखो अनघ ।

अणग्घ वि [ऋणघ्न] ऋण-नाशक, कर्म-नाशक ।

अणग्घ } वि [अनर्घ्य] अमूल्य । महान्,
अणग्घेय } गुरु । उत्तम ।

अणघ वि [अनघ] शुद्ध ।

अणच्छ देखो करिस = कृष् ।

अणच्छिआर वि [दे] अच्छिन्न ।

अणज्ज वि [अन्याय्य] अयोग्य, जो न्याययुक्त नही ।

अणज्ज वि [अनार्य] आर्य-भिन्न । खराब । पापी ।

अणज्जव (अप) ऊपर देखो । °खंड पुं [°खण्ड] अनार्य देश ।

अणज्झवसाय पुं [अनध्यवसाय] अव्यक्त ज्ञान, अति सामान्य ज्ञान ।

अणज्झाय पुं [अनध्याय] अध्ययन का अभाव । जिसमे अध्ययन निषिद्ध है वह काल ।

अणट्ट वि [अनार्त] आर्त-ध्यान से रहित ।

अणट्ठ पु [अनर्थ] नुकसान । प्रयोजन का अभाव । वि. निष्कारण, वृथा । °दंड पुं [°दण्ड] निष्कारण हिंसा ।

अणड पुं [दे] जार, उपपति ।

अणड्ढ वि [अनर्ध] अखण्ड ।

अणण्ण वि [अनन्य] अभिन्न । मोक्ष-मार्ग । अद्वितीय । °तुल्ल वि [°तुल्य] अनुपम । °दंसि वि [°दर्शिन्] पदार्थ को सत्य-सत्य देखने वाला । °परम वि संयम, इन्द्रिय-निग्रह । °मण, °मणस वि [°मनस्क] एकाग्र चित्तवाला, तल्लीन । °समाण वि [°समान] अद्वितीय ।

अणत्त वि [अनात्त] अगृहीत ।

अणत्त [अनार्त्त] अपीडित ।

अणत्त वि [ऋणार्त्त] ऋण से पीड़ित ।

अणत्त वि [अनात्र] दु:खकर, सुख-नाशक ।

अणत्त न [दे] निर्माल्य, देवोच्छिष्ट द्रव्य ।

अणत्थ देखो अणट्ठ ।

अणथंत वकृ [अतिष्ठत्] नही रहता हुआ । अस्त होता हुआ ।

अणपन्निय देखो अणवण्णिय ।

अणप्प वि [अनर्प्य] अर्पण करने के अयोग्य या अशक्य ।

अणप्प वि [अनल्प] अधिक ।

अणप्प पु [अनात्मन्] आत्मा से परे । °ज्ञ वि [°ज्ञ] मूर्ख । पागल, भूताविष्ट, पराधीन । °वसग वि [°वश] पराधीन ।

अणप्प पुं [दे] तलवार ।

अणप्पिय वि [अनर्पित] नही दिया हुआ । सामान्य । °णय पुं [°नय] सामान्य-ग्राही पक्ष ।

अणब्भंतर वि [अनभ्यन्तर] भीतरी तत्त्व को नही जाननेवाला ।

अणभिग्गह न [अनभिग्रह] 'सर्वे देवा वन्द्या' इत्यादि रूप मिथ्यात्व का एक भेद ।

अणभिग्गहिय वि [अनभिगृहीत] कदाग्रह-शून्य । अस्वीकृत ।

अणभिण्ण वि [अनभिज्ञ] अजान, निर्बोध ।

अणभिलप्प वि [अनभिलाप्य] अनिर्वचनीय ।

अणमिस वि [अनिमिष] विकसित, खिला हुआ । निमेष-रहित ।

अणयार देखो अणगार ।

अणरण्ण पुं [अनरण्य] साकेतपुर का एक राजा, जो पीछे से ऋषि हुआ था ।

अणरह वि [अनर्ह] अयोग्य, नालायक ।

अणरहू स्त्री [दे] नवोढ़ा ।

अणरामय पुं [दे] अरति, बेचैनी ।
अणराय वि [अराजक] राज-शून्य, जिसमे राजा न हो वह ।
अणराह पु [दे] सिर मे पहनी जाती रंग-बिरंगी पट्टी ।
अणरिक्क वि [दे] अवकाश-रहित, फुरसत-रहित । दधि, क्षीर आदि गोरस भोज्य ।
अणरिह } वि [अनर्ह] अयोग्य, नालायक ।
अणरुह }
अणल अ [अनलम्] असमर्थ ।
अणल पुं [अनल] अग्नि । वि. असमर्थ । अयोग्य ।
अणव वि [ऋणवत्] करजदार । पुं. दिवस का छब्बीसवाँ मुहूर्त ।
अणवकय वि [अनपकृत] जिसका अपकार न किया गया हो वह ।
अणवगल्ल वि [अनवग्लान] ग्लानि-रहित, निरोग ।
अणवच्च वि [अनपत्य] सन्तान-रहित ।
अणवज्ज न [अनवद्य] पाप का अभाव, कर्म का अभाव । वि. निर्दोष निष्पाप ।
अणवज्ज वि [अणवर्ज्य] ऊपर देखो ।
अणवट्ठप्प वि [अनवस्थाप्य] जिसको फिरसे दीक्षा न दी जा सके ऐसा गुरु अपराध करने वाला । न. गुरुप्रायश्चित्त का एक भेद ।
अणवट्ठिय वि [अनवस्थित] अव्यवस्थित, अनियमित । अस्थिर । पल्य-विशेष ।
अणवण्णिय पु [अणपन्निक, अणपर्णिक] वानव्यतर देवो की एक जाति ।
अणवत्थ वि [अनवस्थ] अव्यवस्थित, अनियमित, असमंजस ।
अणवत्था स्त्री [अनवस्था] अवस्था का अभाव । एक तर्क-दोष । अव्यवस्था ।
अणवदग्ग वि [दे] अनन्त । अविनाशी ।
अणवद्द वि [अनवद्य] निर्दोष ।
अणवयग्ग देखो अणवदग्ग ।
अणवयमाण वकृ [अनपवदत्] अपवाद नही करता हुआ । सत्यवादी ।
अणवरय वि[अनवरत] निरन्तर, अविच्छिन्न । न. हमेशा ।
अणवराइस (अप) वि [अनन्यादृश] असाधारण ।
अणवसर वि [अनवसर] आकस्मिक ।
अणवाह वि [अबाध] बाधा-रहित ।
अणवेक्खिय वि [अनपेक्षित] उपेक्षित, जिसकी परवाह न हो ।
अणवेक्खिय वि [अनवेक्षित] नही देखा हुआ । नही सोचा हुआ । °कारि वि [°कारिन्] साहसिक । °कारिया स्त्री [°कारिता] साहस कर्म ।
अणसण न [अनशन] आहार का त्याग, उपवास ।
अणसिय वि [अनशित] उपोषित, उपवासी ।
अणह वि [अनघ] निर्दोष, पवित्र ।
अणह वि [दे] अक्षत, व्रणशून्य ।
अहण न [अनभस्] पृथिवी ।
अणहप्पणय वि [दे] विद्यमान ।
अणहवणय वि [दे] तिरस्कृत ।
अणहा स्त्री [अधुना] इस समय ।
अणहारय पुं [दे] खल्ल, खला, जिसका मध्य-नीचा हो वह जमीन ।
अणहिअअ वि [अहृदय] निष्ठुर ।
अणहिगय वि [अनधिगत] नही जाना हुआ । पु. वह साधु, जिसको शास्त्रो का ज्ञान न हो ।
अणहिण्ण देखो अअणभिण्ण ।
अणहियास वि [अनध्यास] असहिष्णु ।
अणहिल } न [अणहिल्ल] गुजरात देश की
अणहिल्ल } प्राचीन राजधानी । °वाडय न [पाटक] देखो अणहिल ।
अणहीण वि [अनधीन] स्वतन्त्र, अनायत्त ।
अणहुल्लिय वि [दे] जिसका फल प्राप्त न हुआ

हो वह ।

अणाइ वि [अनादि] आदि-रहित । °णिहण, वि [°निधन] शाश्वत । °मंत, °वंत वि [मत्] अनादि काल से प्रवृत्त ।

अणाइज्ज वि [अनादेय] अनुपादेय । नाम-कर्म का एक भेद, जिसके उदय से जीव का वचन युक्त होने पर भी ग्राह्य नही समझा जाता है ।

अणाइय वि [अनादिक] आदि रहित ।

अणाइय वि [अज्ञातिक] स्वजन-रहित, अकेला ।

अणाइय वि [अणातीत] पापिष्ठ ।

अणाइय पु [ऋणातीत] संसार ।

अणाइय वि [अनादृत] जिसका आदर न किया हो वह ।

अणाइल वि [अनाविल] अकलुषित, निर्मल ।

अणाईअ देखो अणाइय ।

अणाउ पु [अनायुष्क] जिन-देव । मुक्तात्मा, सिद्ध ।

अणाउल वि [अनाकुल] धीर ।

अणाउत्त वि [अनायुक्त] बेख्याल, असावधान ।

अणाएज्ज देखो अणाइज्ज ।

अणागय पुं [अनागत] भविष्य काल । वि. भविष्य मे होनेवाला । °द्धा स्त्री [°द्धा] भविष्य काल ।

अणागलिय वि [अनर्गलित] नही रोका हुआ ।

अणागलिय वि [अनाकलित] नही जाना हुआ, अलक्षित । अपरिमित ।

अणागार वि [अनाकार] आकार-रहित । विशेषता-रहित । न. दर्शन, सामान्य ज्ञान ।

अणाजीव वि [अनाजीव] आजीविका-रहित । आजीविका की इच्छा नही रखने वाला । निःस्पृह, निरीह ।

अणाड पु [दे] जार, उपपति ।

अणाढिय वि [अनादृत] तिरस्कृत । पु. जम्बूद्वीप का अधिष्ठायक एक देव । स्त्री. जम्बूद्वीप के अधिष्ठायक देव की राजधानी ।

अणाणुगामिय वि [अनानुगामिक] पीछे नही जानेवाला । न. अवधि-ज्ञान का एक भेद ।

अणादि देखो अणाइ ।

अणादिय } देखो अणाइय ।
अणादीय }

अणादेज्ज देखो अणाइज्ज ।

अणाभिग्गह न [अनाभिग्रह] मिथ्यात्व का एक भेद ।

अणाभोग पु [अनाभोग] अनुपयोग । न. मिथ्यात्वविशेष ।

अणामिय वि [अनामिक] नाम-रहित । पु. असाध्य रोग । स्त्री. कनिष्ठागुली के ऊपर की अंगुली ।

अणाय पु [अनाक] मर्त्यलोक, मनुष्य-लोक ।

अणाय पुं [अनात्मन्] आत्मा से परे ।

अणायग वि [अज्ञातक] स्वजन-रहित, अकेला ।

अणायग वि [अज्ञायक] अजान, निर्बोध ।

अणायतण } न [अनायतन] वेश्या आदि
अणाययण } नीच लोगों का घर । जहां सज्जन पुरुषो का संसर्ग न होता हो वह स्थान । पतित साधुओं का स्थान । पशु, नपुंसक वगैरह के संसर्गवाला स्थान ।

अणायत्त वि [अनायत्त] पराधीन ।

अणायर पु [अनादर] अ-बहुमान, अपमान ।

अणायरण न [अनाचरण] अनाचार, खराब आचरण ।

अणायरिय देखो अणज्ज = अनार्य ।

अणायार देखो अणागार = अनाकार ।

अणायार पु [अनाचार] शास्त्र-निषिद्ध आचरण । गृहीत नियमो का जान-बूझ कर उल्लंघन करना, व्रत-भङ्ग ।

अणारिय देखो अणज्ज = अनार्य ।
अणारिस वि [अनार्ष] जो ऋषि-प्रणीत न हो वह ।
अणारिस वि [अन्यादृश] दूसरे के जैसा ।
अणालत्त वि [अनालपित] अनुक्त, नहीं बुलाया हुआ ।
अणालवय पु [अनालपक] मौन ।
अणाव सक [आ + नायय्] मगवाना ।
अणावरण वि [अनावरण] आवरण-रहित । न. केवल-ज्ञान ।
अणावित्ति } स्त्री [अनावृष्टि] वर्षा का
अणावुट्ठि } अभाव ।
अणाविल वि [अनाविल] स्वच्छ ।
अणासंसि वि [अनाशंसिन्] अनिच्छु, निस्पृह ।
अणासण देखो अणसण ।
अणासय पु [अनाश, °क] अनशन, भोजनाभाव ।
अणासव वि [अनाश्रव] आश्रव-रहित । पु. आश्रव का अभाव, संवर । अहिंसा, दया ।
अणासिय वि [अनशित] भूखा ।
अणाह वि [अनाथ] शरण-रहित । स्वामि-रहित । गरीब, बेचारा । पु. एक जैन मुनि ।
अणाहार पु [अनाहार] एक दिन का उपवास ।
अणाहि वि [अनाधि] मानसिक पीड़ा से रहित ।
अणाहिट्ठि पु [अनाधृष्टि] एक अन्तकृद् मुनि ।
अणिट्ठण देखो अणगिण ।
अणिट्ठय वि [अनियत] अनियमित, अव्यवस्थित । पु. संसार ।
अणिउंचिय वि [अनिकुञ्चित] टेढ़ा नहीं किया हुआ, सरल ।
अणिउँत
अणिउँतय
अणिउँत्तय } देखो अणुत्त ।
अणिंदिय वि [अनिन्दित] जिसकी निन्दा न की गई हो वह, उत्तम । पु. किन्नर देव की एक जाति ।
अणिंदिय वि [अनिन्द्रिय] इंद्रिय-रहित । पु. मुक्त जीव । केवलज्ञानी । वि. अतीन्द्रिय ।
अणिंदिया स्त्री [अनिन्दिता] ऊर्ध्व लोक में रहनेवाली एक दिक्कुमारी देवी ।
अणिक्क वि [अनेक] एक से ज्यादा । °वाड वि [°वादिन्] अक्रियावादी ।
अणिक्किणी स्त्री [अनीकिनी] ऐसी सेना जिसमें २१८७ हाथी, २१८७ रथ, ६५६१ घोड़े और १०९३५ प्यादे हों ।
अणिगण } देखो अणगिण ।
अणिगिण }
अणिग्गह वि [अनिग्रह] स्वच्छन्द, असंयत ।
अणिच्च वि [अनित्य] नश्वर, अस्थायी । °भावणा स्त्री [°भावना] सांसारिक पदार्थों की अनित्यता का चिन्तन । °णुप्पेहा स्त्री [°नुप्रेक्षा] देखो पूर्वोक्त अर्थ ।
अणिट्ठ वि [अनिष्ट] अप्रीतिकर, द्वेष्य ।
अणिण देखो अणिरिण ।
अणिदा स्त्री [दे.अनिदा] बिना ख्याल किये की गई हिंसा । चित्त की विकलता । ज्ञान का अभाव ।
अणिमा पुंस्त्री [अणिमन्] आठ सिद्धियों में एक सिद्धि, अत्यन्त छोटा बन जाने की शक्ति ।
अणिमिस न [अनिमिष] फल-विशेष ।
अणिमिस } वि [अनिमिष, °मेष] निमेष
अणिमेस } शून्य । पु मछली । देवता । °नयण पुं [नयन] देव ।
अणिय न [अनीक] सैन्य ।
अणिय न [अनृत] असत्य ।
अणिय न [दे] अग्र-भाग ।
अणिय वि [अनित्य] अस्थिर ।
अणियट्ट पु [अनिवर्त] मोक्ष । एक महाग्रह ।
अणियट्टि वि [अनिवर्तिन्] निवृत्त नहीं होने-

वाला। न. शुक्ल-ध्यान का एक भेद। पु. एक महाग्रह। आगामी उत्सर्पिणी काल मे होनेवाले एक तीर्थंकर देव का नाम।

अणियट्टि वि [अनिवृत्ति] निवृत्ति-रहित, व्यावृत्ति-वर्जित। नववाँ गुणस्थानक। °करण न आत्मा का विशुद्ध परिणाम-विशेष। °बादर न नववा गुण-स्थानक। नववे गुणस्थान मे प्रवृत्त जीव।

अणियण देखो अणगिण।

अणियय वि [अनियत] अव्यवस्थित, अनियमित, कल्पवृक्ष की एक जाति, जो वस्त्र देती है।

अणिया देखो अणिदा।

अणिया स्त्री [दे] धार, अग्र-भाग।

अणिरिक्क वि [दे] परतन्त्र।

अणिरिण वि [अनृण] ऋण-वर्जित।

अणिरुद्ध वि [अनिरुद्ध] अप्रतिहत। एक अन्तकृद् मुनि।

अणिल पु [अनिल] पवन। एक अतीत तीर्थंकर का नाम। राक्षस-वंशीय एक राजा।

अणिला स्त्री [अनिला] बाईसवे तीर्थंकर की एक शिष्या।

अणिल्ल न [दे] प्रभात।

अणिस न [अनिश] हमेशा।

अणिसट्ठ, अणिसिट्ठ वि [अनिसृष्ट] अनिक्षिप्त, असंमत। ऐसी भिक्षा, जिसके मालिक अनेक हो और जो सबकी अनुमति से ली न गई हो। साधु की भिक्षा का एक दोष।

अणिसीह वि [अनिशीथ] शास्त्र-विशेष, जो प्रकाश मे पढा या पढाया जाय।

अणिस्सकड वि [अनिश्रीकृत] जिस पर किसी खास व्यक्ति का अधिकार न हो, सर्वसाधारण।

अणिस्सिय वि [अनिश्रित] आसक्तिरहित, रुकावटरहित, अनाश्रित, किसी के साहाय्य की इच्छा न रखनेवाला। न. ज्ञान-विशेष, अवग्रहज्ञान का एक भेद, जो लिंग या पुस्तक के विना ही होता है।

अणिह वि [अनीह] धीर, निष्कपट, निर्मम, निःस्पृह।

अणिह वि [अस्निह] स्नेहरहित।

अणिह वि [दे] सदृश, न. मुख।

अणिहय वि [अनिहत] अहत। °रिउ पु [°रिपु] एक अन्तकृद् मुनि।

अणीइस वि [अनीदृश] इस माफिक नही, विलक्षण।

अणीय न [अनीक] सेना।

अणीयस पु [अनीयस] एक अन्तकृद् मुनि का नाम।

अणीस वि [अनीश] असमर्थ।

अणीसकड देखो अणिस्सकड।

अणीहारिम वि [अनिर्हारिम] गुफा आदि मे होनेवाला मरण-विशेष।

अणु अ [अनु] इन अर्थो का सूचक उपसर्ग-नजदीक, छोटा, परिपाटी, भीतर, लक्ष्य करना, योग्य, वीप्सा, बीच का भाग, अनुकूल, हितकर, प्रतिनिधि, पीछे, बहुत, मदद करना। निरर्थक भी इसका प्रयोग होता है।

अणु वि अल्प, छोटा, पु. परमाणु। °मय वि [°मत] उत्तम कुल। °विरइ स्त्री [°विरति] देखो देसविरइ।

अणु-पु [दे] धान-विशेष, चावल की एक जाति।

°अणु स्त्री [तनु] शरीर।

अणुअ वि [अज्ञ] मूर्ख।

अणुअ पु [दे] आकृति, आकार। पुस्त्री. धान्य-विशेष।

अणुअ वि [अनुग] अनुसरण करनेवाला।

अणुअ वि [अनुज] पीछे से उत्पन्न। पु. छोटा भाई। स्त्री. छोटी बहिन।

अणुअंच सक [अनु + कृष्] पीछे खीचना।

अणुअंप सक [अनु + कम्प्] दया करना।

अणुअंपा स्त्री [अनुकम्पा] दया, करुणा।

अणुअत्तय वि [अनुवर्त्तक] अनुकूल आचरण करनेवाला, अनुसरण करनेवाला।
अणुअत्ति देखो अणुवत्ति।
अणुअर वि [अनुचर] सहायताकारी, सहचर, नौकर। अनुसरण-कर्ता।
अणुअल्ल न [दे] सुबह।
अणुआ स्त्री [दे] लाठी।
अणुआर पु [अनुकार] अनुकरण।
अणुआस पु [अनुकास] प्रसार, विकास।
अणुइअ पु [दे] चना।
अणुइअ देखो अणुदिय।
अणुइण्ण वि [अनुकीर्ण] व्याप्त, भरा हुआ, नही गिरा हुआ।
अणुइण्ण वि [अनुद्गीर्ण] बाहर नही निकला हुआ।
अणुइण्ण देखो अणुचिण्ण।
अणुइण्ण देखो अणुदिण्ण।
अणुऊल वि [अनुकूल] अप्रतिकूल, प्रसन्न।
अणुऊल सक [अनुकूलय्] अनुकूल करना। प्रसन्न करना।
अणुओअ पु [अनुयोग] व्याख्या, टीका, सूत्र का विस्तार से अर्थ-प्रतिपादन। पृच्छा।
अणुओइय वि [अनुयोजित] प्रवर्तित, प्रवृत्त कराया हुआ।
अणुओग देखो अणुओअ।
अणुओग पु [अनुयोग] सम्बन्ध।
अणुओगिअ वि [अनुयोगिक] दीक्षित मुनि-शिष्य।
अणुओयण न [अनुयोजन] सम्बन्धन, जोड़ना।
अणुकंप सक [अनु + कम्प्] दया करना। भक्ति करना। हित करना।
अणुकंप वि [अनुकम्प्य] अनुकम्पा के योग्य।
अणुकंप, अणुकंपय वि [अनुकम्प] दयालु, करुण। भक्त।
अणुकंपा स्त्री [अनुकम्पा] ऊपर देखो। °दाण न [°दान] करुणा से गरीबों को अन्न आदि देना।
अणुकड्ढ सक [अनु + कृष्] खींचना। अनुमरण करना।
अणुकड्ढि स्त्री [अनुकृष्टि] अनुवर्तन, अनुमरण।
अणुकप्प पु [अनुकल्प] बड़े पुरुषो के मार्ग का अनुकरण। वि. महापुरुषों का अनुकरण करनेवाला।
अणुकम पु [अनुक्रम] परिपाटी।
अणुकर सक [अनु + कृ] अनुकरण करना।
अणुकह् सक [अनु + कथय्] अनुवाद करना, पीछे बोलना।
अणुकार पु [अनुकार] अनुकरण, नकल।
अणुकिइ स्त्री [अनुकृति] अनुकरण, नकल।
अणुकिण्ण वि [अनुकीर्ण] व्याप्त, भरा हुआ।
अणुकित्तण न [अनुकीर्तन] वर्णन, प्रशंसा।
अणुकित्ति देखो अणुकिइ।
अणुकुइय वि [अनुकुचित] पीछे फेंका हुआ। ऊँचा किया हुआ।
अणुकुण सक [अनु + कृ] अनुकरण करना।
अणुकूल देखो अणुऊल।
अणुक्कंत वि [अन्वाक्रान्त] आचरित, अनुष्ठित।
अणुक्कंत वि [अनुक्रान्त] आचरित, विहित, अनुष्ठित।
अणुक्कम सक [अनु + क्रम्] क्रम से कहना। अतिक्रमण करना।
अणुक्कम देखो अणुकम।
अणुक्कमण न [अनुक्रमण] गमन, गति।
अणुक्कुइअ वि [अनुकुचित] थोड़ा सकुचित।
अणुक्कोस पु [अनुक्रोश] दया।
अणुक्कोस पु [अनुत्कर्ष] उत्कर्ष का अभाव। वि. उत्कर्षरहित।
अणुक्खित्त वि [अनुत्क्षिप्त] ऊँचा न किया

हुआ ।

अणुग वि [अनुग] नौकर, अनुसरण-कर्त्ता ।

अणुगंतव्व अणुगम = अनु + गम् । का कृ.

अणुगंपा स्त्री [अनुकम्पा] करुणा ।

अणुगच्छ देखो अणुगम = अनु + गम् ।

अणुगज्ज अक [अनु + गर्ज्] प्रतिध्वनि करना ।

अणुगम सक [अनु + गम्] अनुसरण करना, जानना, समझना । व्याख्या करना, सूत्र के अर्थों का स्पष्टीकरण करना ।

अणुगम पु [अनुगम] निश्चय करना । सूत्र की व्याख्या । अन्वय, एक की सत्ता मे दूसरे की विद्यमानता । व्याख्या ।

अणुगय वि [अनुगत] अनुसृत, ज्ञात । अनुवृत्त, जो पूर्व से बराबर चला आया हो । अतिक्रान्त ।

अणुगर देखो अणुकर ।

अणुगवेस सक [अनु + गवेष्] तलाश करना ।

अणुगह देखो अणुग्गह = अनु + ग्रह् ।

अणुगाम पुं [अणुग्राम] छोटा गाँव । उपपुर, शहर के पास का गाँव । विवक्षित गाँव से दूसरा गाँव ।

अणुगामि, अणुगामिय वि [अनुगामिन्, °मिक] अनुसरण करनेवाला । शुद्ध कारण । अवधिज्ञान का एक भेद । अनुचर ।

अणुगारि वि [अनुकारिन्] अनुकरण करनेवाला ।

अणुगिइ स्त्री [अनुकृति] अनुकरण, नकल ।

आडासेतीय पु [आडासेतीक] पक्षि-विशेष।

आडि स्त्री [आटि] पक्षि-विशेष। मत्स्य विशेष।

आडियत्तिय पुं [दे] शिविका-वाहक पुरुष।

आडुआल सक [दे] मिश्र करना, मिलाना।

आडुआलि पु [दे] मिश्रता, मिलावट।

आडाय देखो आडोव = आटोप।

आडोलिय वि [दे] रुद्ध, रोका हुआ।

आडोव सक [आ + टोपय्] आडम्बर करना। पवन द्वारा फुलाना।

आडोविअ वि [दे] आरोपित, गुस्सा किया हुआ।

आडोविअ वि [आटोपिक] आटोपवाला, स्फारित।

आढई स्त्री [आढकी] वनस्पति-विशेष।

आढग पुन [आढक] चार प्रस्थ (सेर) का एक परिमाण। चार सेर परिमित चीज।

आढत्त वि [दे] आक्रान्त।

आढत्त वि [आरब्ध] शुरू किया हुआ, प्रारब्ध।
आढप्प° देखो आढव।
आढय देखो आढग।
आढव सक [आ + रभ्] शुरू करना।
आढा सक [आ + दृ] आदर करना, मानना।
आढिअ वि [आदृत] सत्कृत, सम्मानित।
आढिअ वि [दे] अभीष्ट। गणनीय, माननीय। अप्रमत्त, उद्युक्त। गाढ, निविड।
आण सक [ज्ञा] जानना।
आण सक [आ + णी] ले आना।
आण पु [आन] श्वासोच्छ्वास। श्वास के पुद्गल।
°आण देखो जाण = यान।
आणंछ देखो आअंछ।
आणंतरिय न [आनन्तर्य] अविच्छेद, व्यवधान का अभाव। अनुक्रम।
आणंद अक [आ + नन्द्] खुश होना।
आणंद सक [आ + नन्दय्] खुश करना।
आणद पु [आनन्द] अहोरात्र का सोलहवाँ मुहूर्त। एक देवविमान। हर्ष। भगवान् शीतलनाथ के मुख्य-शिष्य। पोतनपुर नगर का एक राजा, जो भगवान् अजितनाथ का मातामह था। भावी छठवाँ वलदेव। नागकुमार जातीय देवो के स्वामी धरणेन्द्र के एक रथ-सैन्य का अधिपति देव। मुहूर्त-विशेष। भगवान् ऋषभदेव का एक पुत्र। भगवान् महावीर के एक साधु शिष्य का नाम। भगवान् महावीर के दस मुख्य उपासको (श्रावक-शिष्य) मे पहला। देव-विशेष। राजा श्रेणिक के एक पौत्र का नाम। 'उपासगदसा' सूत्र का एक अध्ययन। 'अणुत्तरोपपातिकदसा' सूत्र का सातवाँ अध्ययन। 'निरयावली' सूत्र का एक अध्ययन। ब. देश-विशेष। °पुर न. नगर-विशेष। °रक्खिय पु [°रक्षित] स्वनामख्यात एक जैन साधु।
आणंदण न [आनन्दन] खुशी। वि. खुश करनेवाला, आनन्ददायक।
आणंदवड, आणंदवस पुं [दे] पहली वार की रजस्वला का रक्त वस्त्र।
आणंदा स्त्री [आनन्दा] देवी-विशेष, मेरु की पश्चिम दिशा मे स्थित रुचक पर्वत पर रहने वाली एक दिक्कुमारी। इस नाम की एक पुष्करिणी।
आणंदिय वि [आनन्दित] हर्षप्राप्त। रामचन्द्र के भाई भरत के साथ दीक्षा लेने वाला एक राजा।
आणक्ख सक [परि + ईक्ष] परीक्षा करना।
आणच्छ देखो आअंछ।
आणट्ठ वि [आनष्ट] सर्वथा नष्ट।
आणण न [आनन] मुख।
आणण न [आनयन] लाना।
आणत्त वि [आज्ञप्त] जिसको हुकुम दिया गया हो वह।
आणत्ति स्त्री [आज्ञप्ति] आज्ञा, हुकुम। °अर वि [°कर] आज्ञाकारक, नौकर। °किंकर वि. नौकर। °हर वि. आज्ञावाहक, सदेशवाहक।
आणत्थ न [आनर्थ्य] अनर्थता।
आणप (अशो) देखो आणव = आ + ज्ञपय्।
आणपाण देखो आणापाण।
आणप्प वि [आज्ञाप्य] आज्ञा करने योग्य।
आणम अक [आ + अन्] श्वास लेना।
आणमणी देखो आणवणी।
आणय पुन [आनत] देवलोक-विशेष। पु. उस देवलोकवासी देव।
आणय पुन [आनत] एक देवविमान।
आणयण न [आनयन] लाना, आनना।
आणव सक [आ + ज्ञपय्] आज्ञा देना, फरमाना।
आणव देखो आणाव = आ + नायय्।
आणवण न [आनायन] मँगवाना।
आणवणिय वि [आज्ञापनिक] आज्ञा फरमाने

वाला ।

आणवणिया स्त्री [आज्ञापनिका, आनायनिका] देखो दोनो आणवणी ।

आणवणी स्त्री [आज्ञापनी] क्रिया-विशेष, हुकुम करना । हुकुम करने से होनेवाला कर्मबन्ध ।

आणवणी स्त्री [आनायनी] क्रिया-विशेष, मँगवाना । मँगवाने से होनेवाला कर्म-बन्ध ।

आणा स्त्री [आज्ञा] आदेश, हुकुम । उपदेश । निर्देश । आगम, सिद्धान्त । सूत्र की व्याख्या । °ईसर पु [°ईश्वर] आज्ञा फरमाने वाला मालिक । °जोग पु [°योग] आज्ञा का सम्बन्ध । शास्त्र के अनुसार कृति । °रुइ स्त्री [°रुचि] सम्यक्त्व-विशेष । वि. आगमो पर श्रद्धा रखने वाला । °व वि [°वत्] आज्ञा मानने वाला । °वत्त न [°पत्र] आज्ञा-पत्र, हुकुमनामा । °ववहार पु [°व्यवहार] व्यवहार-विशेष । °विजय न [°विचय, °विजय] धर्मध्यान-विशेष, जिसमें आज्ञा—आगम के गुणो का चिन्तन किया जाता है ।

आणाइ पु [दे] पक्षी ।

आणाइत्त वि [आज्ञावत्] आज्ञा माननेवाला ।

आणाइय वि [आनायित] मँगाया हुआ ।

आणापाण पु [आनप्राण] श्वासोच्छ्वास । श्वासोच्छ्वास-परिमित समय । °पज्जत्ति स्त्री [°पर्याप्ति] श्वासोच्छ्वास लेने की शक्ति ।

आणापाणु स्त्री [आनप्राण] ऊपर देखो ।

आणापाणुय पु [आनप्राणक] श्वासोच्छ्वास-परिमित काल ।

आणाम पु [आनाम] श्वास, अन्त:श्वास ।

आणामिय वि [आनामित] थोडा नमाया हुआ । अधीन किया हुआ ।

आणाल पु [आलान] बन्धन । हाथी बाँधने की रज्जु—डोरी । जहाँ पर हाथी बाँधा जाता है वह स्तम्भ, कील । °क्खंभ, °खंभ पु [°स्तम्भ] जहाँ हाथी बाँधा जाता है वह स्तम्भ ।

आणाव देखो आणव = आ + ज्ञपय् ।

आणाव सक [आ + नाययू] मँगवाना ।

आणाव (अप) सक [आ + नी] लाना ।

आणावण न [आनायन] दूसरे से मँगवाना ।

आणावण न [आज्ञापन] आज्ञा, हुकुम ।

आणि देखो आणी ।

आणिअ वि [आनीत] लाया हुआ ।

आणिअ [दे] देखो आढिअ ।

आणिक्क वि [दे] टेढा, वक्र ।

आणिक्क न [दे] तिर्यक् मैथुन ।

आणी सक [आ + नी] लाना ।

आणीय वि [आनीत] लाया हुआ ।

आणुअ न [दे] आकार, आकृति ।

आणुओगिअ वि [आनुयोगिक] व्याख्याकर्ता।

आणुकंपिय वि[आनुकम्पिक]दयालु, कृपालु ।

आणुगामि वि [अनुगामिन्] नीचे देखो ।

आणुगामिय वि [आनुगामिक] अनुसरण करनेवाला । न. अवधिज्ञान का एक भेद ।

आणुगुण्ण न [आनुगुण्य] औचित्य, अनुरूपता । अनुकूलता ।

आणुधम्मिय वि [आनुधर्मिक]सर्वधर्म-सम्मत ।

आणुपाणु देखो आणापाणु ।

आणुपुव्व न [आनुपूर्व्य] अनुक्रम, परिपाटी ।

आणुपुव्वी स्त्री [आनुपूर्वी] क्रम, परिपाटी । °णाम न [°नामन्] नामकर्म का एक भेद ।

आणुलोमिअ वि [आनुलोमिक] अनुलोम, अनुकूल, मनोहर ।

आणुवित्ति स्त्री [अनुवृत्ति] अनुसरण ।

आणूग पुन [अनूप] सजलप्रदेश ।

आणूव पु [दे] श्वपच, डोम ।

आणे सक [आ + नी] लाना, ले आना ।

आणे सक [ज्ञा] जानना ।

आणेसर देखो आणा-ईसर ।

आत देखो आय = आत्मन् ।

आतंब देखो आयब = आताम्र ।

आतित्थ देखो आइत्थ ।
आत्त देखो अत्त = आत्मन् ।
आत्त देखो अत्त = आप्त ।
आत्त वि [आत्मीय] स्वकीय ।
आदंस देखो आयंस ।
आद (शौ) देखो अत्त = आत्मन् ।
आद देखो आइ = आ + दा ।
आदण्ण वि [दे] आकुल, व्याकुल, घबडाया हुआ ।
आदयाण वि [आददान] ग्रहण करता हुआ ।
आदर देखो आयर = आ+दृ ।
आदरिस देखो आयंस ।
आदाउ वि [आदातृ] ग्रहण करनेवाला ।
आदाण देखो आयाण ।
आदाण न [आर्द्रहण] गरम किया हुआ (जल, तैल आदि) ।
आदाणिय न [आदानीय] लाभ, नफा ।
आदि देखो आइ = आदि ।
आदिच्च देखो आइच्च ।
आदिच्छा स्त्री [आदित्सा] ग्रहण करने की इच्छा ।
आदिज्ज देखो आएज्ज ।
आदिट्ठ देखो आइट्ठ ।
आदित्त देखो आइच्च ।
आदित्तु वि [आदातृ] ग्रहण करनेवाला ।
आदिय सक [आ + दा] ग्रहण करना ।
आदिल्ल देखो आइल्ल ।
आदी स्त्री. इस नाम की एक महानदी ।
आदीण वि [आदीन] बहुत गरीब । न. दूषित भिक्षा । °भोइ वि [°भोजिन्] दूषित भिक्षा को लेनेवाला ।
आदीणिय वि [आदीनिक] अत्यन्त दीन-सम्बन्धी ।
आदु (शौ) देखो अदु ।
आदेज्ज देखो आएज्ज ।
आदेस देखो आएस = आदेश ।
आदेस पुं [आदेश] व्यपदेश, व्यवहार । देखो आएस = आदेश ।
आधरिस सक [आ + धर्षय्] परास्त करना, तिरस्कारना ।
आधा देखो आहा ।
आधार देखो आहार = आधार ।
आधोरण पुं. हस्तिपक, महावत ।
आपण देखो आवण ।
आपण्ण देखो आवण्ण ।
आपत्ति स्त्री. प्राप्ति ।
आपाइय वि [आपादित] जिसकी आपत्ति की गई हो वह । उत्पादित । जनित ।
आपायण न [आपादन] संपादन ।
आपीड पुं. शिरोभूषण ।
आपीण देखो आवीण ।
आपुच्छ सक [आ + प्रच्छ्] आज्ञा लेना, सम्मति लेना ।
आपुट्ठ वि [आपृष्ट] जिसकी आज्ञा या सम्मति ली गई हो वह ।
आपुण्ण वि [आपूर्ण] पूर्ण, भरपूर ।
आपूर पुं. पूरनेवाला ।
आपूर देखो आऊर ।
आपेड, आपेडु, आपेल्ल देखो आपीड ।
आप्पण न [दे] पिष्ट, आटा ।
आफंस पुं [आस्पर्श] अल्प स्पर्श ।
आफर पुं [दे] द्यूत ।
आफाल सक [आस्फालय्] आस्फालन करना, आघात करना । देखो अप्फाल ।
आफुण्ण वि [दे] आक्रान्त ।
आफोडिअ न [आस्फोटित] हाथ पछाडना ।
आबंध सक [आ + बन्ध्] मजबूत बाँधना ।
आबंध पु [आबन्ध] सम्बन्ध, संयोग ।
आबद्ध वि. बँधा हुआ ।
आबाहा स्त्री [आबाधा] अल्प बाधा । अन्तर ।

मानसिक पीड़ा ।

आभंकर पुं [आभङ्कर] ग्रह-विशेष । न. विमान-विशेष । °पभंकर न [°प्रभङ्कर] विमान-विशेष ।

आभक्खाण देखो अब्भक्खाण ।

आभट्ट वि [आभाषित] उक्त । संभाषित ।

आभरण न. आभूषण ।

आभव्व वि [आभव्य] होने योग्य, संभाव्य ।

आभा स्त्री. प्रभा, कान्ति, तेज ।

आभागि वि [आभागिन्] भोक्ता ।

आभार पुं बोझ, भार ।

आभास सक [आ + भाष्] कहना, संभाषण करना ।

आभास पुं. जो वास्तविक में वह न होकर उसके समान लगता हो । विपरीत ।

आभासिय पुं [आभाषिक] इस नाम का एक म्लेच्छ देश । उसमें रहनेवाली म्लेच्छ जाति । एक अन्तर्द्वीप । उसमें रहनेवाला ।

आभिओइय देखो आभिओगिय ।

आभिओग पु [आभियोग्य] किंकरस्थानीय देव-विशेष । नौकर । नौकरी ।

आभिओगा स्त्री [आभियोग्या] आभियोगिक भावना ।

आभिओगि वि [आभियोगिन्] किंकर-स्थानीय देव ।

आभिओगिय वि [आभियोगिक] मन्त्र आदि से आजीविका चलानेवाला । नौकर स्थानीय देव-विशेष । वशीकरण, दूसरे को वश में करने का मन्त्रादि-कर्म ।

आभिओगिय वि [आभियोगित] वशीकरण आदि से संस्कृत ।

आभिओग्ग देखो आभिओग ।

आभिग्गहिअ वि [आभिग्रहिक] अभिग्रह-सम्बन्धी । न. मिथ्यात्वविशेष ।

आभिग्गहिय वि [आभिग्रहिक] प्रतिज्ञा से सम्बन्ध रखनेवाला । प्रतिज्ञा का निर्वाह करनेवाला । न. मिथ्यात्व-विशेष ।

आभिणंदिय पुं [आभिनन्दित] श्रावण मास ।

आभिट्ट, आभिडिय } वि [दे] प्रवृत्त ।

आभिणिवोहिग देखो आभिणिवोहिय ।

आभिणिवोहिय न [आभिनिबोधिक] इन्द्रिय और मन से होनेवाला प्रत्यक्षज्ञान-विशेष ।

आभिप्पाइअ वि [आभिप्रायिक] अभिप्राय-वाला ।

आभिसेक्क वि [आभिषेक्य] अभिषेक के योग्य । मुख्य ।

आभीर, आभीरिय } पुं [आभीर] एक शूद्र-जाति, अहीर ।

आभूअ वि [आभूत] उत्पन्न ।

आभेडिय [दे] देखो आभिट्ट ।

आभोइअ वि [आभोगित] देखा हुआ ।

आभोग पुं विलोकन, देखना । प्रदेश, स्थान । उपकरण, साधन । प्रतिलेखन । उपयोग, ख्याल । विस्तार । ज्ञान, जानना । देखो आभोय = आभोग ।

आभोगि वि [आभोगिन्] परिपूर्ण । °णी स्त्री [°नी] मानसिक निर्णय उत्पन्न करानेवाली विद्या-विशेष ।

आभोय सक [आ + भोगय्] देखना । जानना । ख्याल करना ।

आभोय पु [आभोग] सर्प का फण । देखो आभोग ।

आम अ. अनुमति-प्रकाशक अव्यय—हाँ ।

आम अ [भवत्] आप ।

आम पु रोग, पीडा । वि. अपक्व, कच्चा । अशुद्ध, अपवित्र । °जर पु [°ज्वर] अजीर्ण से उत्पन्न बुखार ।

आमइ वि [आमयिन्] रोगी ।

आमं अ [आम] स्वीकार-सूचक अव्यय—हाँ । अतिशय ।

आमंड न [दे] कृत्रिम आमलक ।

आमंडण न [दे] भाण्ड ।

आमंत सक [आ + मन्त्रय्] आह्वान करना, सम्बोधन करना । अभिनन्दन करना ।

आमंतण न [आमन्त्रण] आह्वान, सम्बोधन । °वयण न [°वचन] सम्बोधन-विभक्ति ।

आमंतणी स्त्री [आमन्त्रणी] सम्बोधन की भाषा, आह्वान की भाषा । आठवी सम्बोधन-विभक्ति ।

आमघाय पु [अमाघात] अमारि-प्रदान, हिंसा-निवारण ।

आमज्ज सक [आ + मृज्] एक वार साफ करना ।

आमद्द पुं [आमर्द] संघर्ष, आघात ।

आमय पु. रोग, दर्द । °करणी स्त्री. विद्या-विशेष ।

आमय वि [आमत] सम्मत ।

आमराय पु [आमराज] एक प्रसिद्ध राजा ।

आमरिस पु [आमर्ष] स्पर्श ।

आमल पुंन [आमलक] आमला का फल ।

आमलई स्त्री [आमलकी] आमला का पेड ।

आमलकप्पा स्त्री [आमलकल्पा] नगरी विशेष ।

आमलग पु [आमरक] चारो ओर से मारना । विपाक-श्रुत का एक अध्ययन ।

आमलग, आमलय पुन [आमलक] आमला का पेड । आमला का फल ।

आमलय न [दे] नूपुर-गृह, नूपुर रखने का स्थान ।

आमसिण वि [आमसृण] थोडा चिकना । उल्लसित ।

आमिल्ल सक [आ + मुच्] छोडना ।

आमिस न [आमिष] मास, नैवेद्य । वि. मनोहर, सुन्दर । आसक्ति का कारण, आहार, फलादि भोज्य वस्तु ।

आमुंच सक [आ + मुच्] छोडना । उतारना । पहनना ।

आमुक्क वि [आमुक्त] त्यक्त । उतारा हुआ । परिहित ।

आमुट्ठ वि [आमृष्ट] स्पृष्ट । उलटा किया हुआ ।

आमुय सक [आ + मुच्] छोड़ना, त्यागना ।

आमुस सक [आ + मृश्] थोड़ा या एक वार स्पर्श करना ।

आमेडणा स्त्री [आम्रेडना] विपर्यस्त करना ।

आमेल पु [दे] लट, जटा ।

आमेल पु [आपीड] फूलों की माला, जो मुकुट पर धारण की जाती है, शिरोभूषण ।

आमेल्ल देखो आमेल = आपीड ।

आमोअ अक [आ + मुद्] खुश होना ।

आमोअ पुं [दे. आमोद] खुशी ।

आमोअ पु [आमोद] सुगन्ध ।

आमोअ पु [आमोद] वाद्य-विशेष ।

आमोअअ वि [आमोदक] सुगन्ध उत्पन्न करनेवाला । आनन्द-जनक ।

आमोअअ वि [आमोदद] सुगन्ध देनेवाला ।

आमोक्ख पुं [आमोक्ष] मोक्ष ।

आमोक्खा स्त्री [आमोक्ष] छुटकारा । परित्याग ।

आमोड पुं [दे] जूट, लट, समूह ।

आमोडग न [आमोटक] वाद्य-विशेष । फूलो से वालो का एक प्रकार का वन्धन ।

आमोडण न [आमोटन] थोडा मोडना ।

आमोडिअ वि [आमोटित] मर्दित ।

आमोद, आमोय देखो आमोअ ।

आमोय पु [आमोक] कूडे का पुञ्ज ।

आमोरअ वि [दे] विशेषज्ञ ।

आमोस पु [आमर्श, °र्ष] स्पर्श ।

आमोस पु [आमोष] चोर ।

आमोसग वि [आमोषक] चोर । चोरो की एक जाति ।

आमोसहि पु [आमर्शौषधि] लब्धि-विशेष,

जिसके प्रभाव से स्पर्श मात्र से ही सब रोग नष्ट होते हैं।

आय पु. लाभ, प्राप्ति, फायदा। वनस्पति-विशेष। कारण, हेतु। अव्ययन। गमन।

आय पु [आय] अव्ययन, शास्त्रांग-विशेष।

आय वि [आज] अज-सम्बन्धी। बकरे के बाल से उत्पन्न (वस्त्रादि)।

आय वि [आगत] आया हुआ (काल)।

आय वि [आत्त] गृहीत।

आय पुं [आगस्] पाप। अपराध।

आय पुस्त्री [आत्मन्] आत्मा, जीव। निज, स्वयं। शरीर। ज्ञान आदि आत्मा के गुण। °गुत्त वि [°गुप्त] जितेन्द्रिय। °जोगि वि [°योगिन्]मुमुक्षु, ध्यानी। °ट्ठि वि [°र्थिन्] मुमुक्षु। °तंत वि [°तन्त्र] स्वाधीन। °तत्त न [°तत्त्व] परम पदार्थ, ज्ञानादि रत्न-त्रय। °प्पमाण वि [°प्रमाण] साढे तीन हाथ का परिमाण वाला। °प्पवाय न [°प्रवाद] बारहवें जैन अङ्ग ग्रन्थ का एक भाग, सातवाँ पूर्व। °भाव पु. आत्म-स्वरूप। निज-अभिप्राय। विषयासक्ति। °य पु [°ज] पुत्र, लडका। °रक्ख वि [°रक्ष] अङ्गरक्षक। °व वि [°वत्] ज्ञानादि आत्मगुणों से सम्पन्न। °हम्म वि [°घ्न] आत्मा को अधोगति में ले जानेवाला। देखो आहाकम्म।

आय° देखो आवइ।

आयइ स्त्री [आयति] भविष्य काल।

आयइजणग न [आयतिजनक] तपश्चर्या-विशेष।

आयंक पुं [आतङ्क] दुःख। पीडा। दुःसाध्य आशु-घाती रोग।

आयंकि वि [आतङ्किन्] रोगी।

आयंगुल न [आत्माङ्गुल] परिमाण का एक भेद।

आयंच सक [आ + तञ्च्] सीचना।

आयंचणिया स्त्री [आतञ्चनिका] कुम्भकार का पात्र-विशेष, जिसमें वह पात्र बनाने के समय मिट्टीवाला पानी रखता है।

आयंचणी स्त्री [आतञ्चनी] ऊपर देखो।

आयंत वि [आचान्त] जिसने आचमन किया हो वह।

आयंतम वि [आत्मतम] आत्मा को खिन्न करनेवाला।

आयंतम वि [आत्मतमस्] अज्ञानी, अजान। क्रोधी।

आयंदम वि [आत्मदम] आत्मा को शान्त रखनेवाला, मन और इन्द्रियों का निग्रह करनेवाला। अश्व आदि को संयत रहने को सिखानेवाला।

आयंप पु [आकम्प] काँपना, हिलना। काँपानेवाला।

आयंव अक [वेप्] काँपना, हिलना।

आयंव, आयंविर } वि [आताम्र] थोडा लाल।

आयंविल न [आचाम्ल]तपो-विशेष, आम्बिल। °वड्ढमाण न [°वर्धमान] तपश्चर्या-विशेष।

आयविलिय वि [आचाम्लिक] आम्बिल-तप का कर्त्ता।

आयंभर, आयभरि } वि [आत्मम्भरि] स्वार्थी।

आयंव अक [आ + कम्प्] काँपना, हिलना।

आयंस पुं [आदर्श] दर्पण। बैल आदि के गले का भूषण-विशेष। °मुह पु [°मुख] एक अन्तर्द्वीप। उसके निवासी मनुष्य।

आयक्ख देखो आइक्ख।

आयग वि [आजक] देखो आय = आज।

आयज्झ अक [वेप्] काँपना, हिलना।

आयट्ट सक [आ + वर्त्तय्] घुमाना। उबालना।

आयड्ढ सक [आ + कृष्] खीचना।

आयड्ढण न [आकर्षण] आकर्षण, खिचाव।

आयड्ढि स्त्री [आकृष्टि] ऊपर देखो।

आयड्ढ पु [दे] विस्तार ।
आयण्ण सक [आ + कर्णय्] सुनना ।
आययत वकृ [आददत्] ग्रहण करता हुआ ।
आयत्त वि अधीन, स्ववश ।
आयम सक [आ + चम्] आचमन करना, कुल्ला करना ।
आयमण न [आचमन] शुद्धि, शौच ।
आयमिअ देखो आगमिअ ।
आयमिणी स्त्री [आयमिनी] विद्या-विशेष ।
आयय वि [आयत] लम्बा, विस्तृत । पु. मोक्ष ।
आयय सक [आ + दद्] ग्रहण करना ।
आययण न [आयतन] प्रकटीकरण । उपादान कारण । घर । आश्रय, स्थान । देव-मन्दिर । धार्मिक जनो का एकत्र होने का स्थान । कर्म-बन्ध का कारण । निर्णय, निश्चय । निर्दोष स्थान ।
आयर सक [आ + चर्] आचरना, करना ।
आयर पु [आकर] खानि, खान । समूह ।
आयर देखो आयार = आचार ।
आयर पु [आदर] सत्कार, सम्मान । परिग्रह, असन्तोष । ख्याल, संभाल ।
आयरंग पु [आयरङ्ग] इस नाम का एक म्लेच्छ राजा ।
आयरण न [आचरण] प्रवृत्ति, अनुष्ठान ।
आयरणा स्त्री [आचरणा] परम्परा का रिवाज ।
आयरणा स्त्री [आचरणा] आचरण, अनुष्ठान ।
आयरिय वि [आचरित] अनुष्ठित, विहित, कृत । न. शास्त्र-सम्मत चाल-चलन ।
आयरिय पु [आचार्य] गण का नायक, मुखिया । उपदेशक, गुरु, शिक्षक । अर्थ पढ़ाने वाला ।
आयरिस देखो आयंस ।
आयल्ल अक [लम्ब्] व्याप्त होना । लटकना ।
आयल्लया स्त्री [दे] वेचैनी । देखो आअल्ल ।
आयल्लिय वि [दे] आक्रान्त, व्याप्त ।
आयव पु [आतपवत्] अहोरात्र का २४वाँ मुहूर्त ।
आयव वि [आतप] उद्योत, प्रकाश । ताप, घाम । न. मुहूर्त-विशेष । °णाम न [°नामन्] नामकर्म का एक भेद ।
आयवत्त न [आतपत्र] छत्र, छाता ।
आयवत्त पु [आर्यावर्त्त] हिन्दुस्तान ।
आयवा स्त्री [आतपा] सूर्य की एक अग्र-महिषी—पटरानी । इस नाम का 'ज्ञाता-धर्मकथा' सूत्र का एक अध्ययन ।
आयस वि. लौह-निर्मित ।
आयसी स्त्री लोहे का कोश ।
आया देखो आय = आत्मन् ।
आया सक [आ + या] आना, आगमन करना ।
आया सक [आ + दा] ग्रहण करना ।
आयाइ स्त्री [आजाति] उत्पत्ति, जन्म । जाति, प्रकार । आचार, आचरण । °ट्ठाण न [°स्थान] संसार, जगत् । 'आचाराङ्ग' सूत्र के एक अध्ययन का नाम ।
आयाइ स्त्री [आयाति] आगमन । उत्पत्ति, गर्भ से बाहर निकलना । आयति, भविष्य काल ।
आयाण पुंन [आदान] ग्रहण, स्वीकार । इन्द्रिय । जिसका ग्रहण किया जाय वह, ग्राह्य वस्तु । कारण, हेतु । आदि, प्रथम ।
आयाण न [आदान] संयम, चरित्र । वि. आदेय, उपादेय । °पय न [°पद] ग्रन्थ का प्रथम शब्द ।
आयाण न [आयान] आगमन । अश्व का एक आभरण-विशेष ।
आयाम सक [आ+यमय्] लम्बा करना ।
आयाम सक [आ + यम्] शुद्धि करना ।
आयाम सक [दा] देना, दान करना ।
आयाम पु. लम्बाई, दैर्घ्य ।
आयाम पुं [दे] बल ।

आयाम न [आचाम्ल] तपो-विशेष। आयम्बिल।

आयाम न [आचाम] अवस्रावण, चावल आदि का पानी।

आयामणया स्त्री [आयामनता] लम्बाई।

आयामि वि [आयामिन्] लम्बा।

आयामुही स्त्री [आयामुखी] इस नाम की एक नगरी।

आयाय वि [आयात] आया हुआ।

आयार सक [आ + कारय्] बुलाना, आह्वान करना।

आयार पु [आकार] आकृति, रूप। इङ्गित, इशारा।

आयार पु [आकार] 'अ' अक्षर।

आयार पु [आचार] आचरण, अनुष्ठान। चाल-चलन, रीत-भात। बारह जैन अङ्गग्रन्थो मे पहला ग्रन्थ। निपुण शिष्य। °क्खेवणी स्त्री [°क्षेपणी] कथा का एक भेद। °भंडग, °भंडय न [°भाण्डक] ज्ञानादि का उपकरण—साधन।

आयारिमय न [आचारिमक] विवाह के समय दिया जाता एक प्रकार का दान।

आयारिय वि [आकारित] आहूत। न. आह्वान-वचन, आक्षेप-वचन।

आयाव सक [आ + तापय्] सूर्य के ताप मे शरीर को थोडा तपाना। शीत, आतप आदि को सहन करना।

आयाव पुं [आताप] असुरकुमार-जातीय देव-विशेष।

आयाव पु [आताप] आतप-नामकर्म।

आयावग वि [आतापक] शीत आदि को सहन करनेवाला।

आयावण न [आतापन] एक बार या थोडा आतप आदि को सहन करना। °भूमि स्त्री. शीतादि सहन करने का स्थान।

आयावल, आयावलय } पु [दे] सवेर का तडका, बालातप।

आयास सक [आ + यासय्] तकलीफ देना, खिन्न करना।

आयास पुं. तकलीफ, परिश्रम, खेद। परिग्रह, असन्तोष। °लिवि स्त्री [°लिपि] लिपि-विशेष।

आयास देखो आयंस।

आयास देखो आगास। °तिलय न [°तिलक] नगर विशेष।

आयासइत्तिअ वि [आयासयितृ] तकलीफ देनेवाला।

आयासतल न [आकाशतल] चन्द्रशाला, घर के ऊपर की खुली छत।

आयासतल न [दे] प्रासाद का पृष्ठ भाग।

आयासलव न [दे] नीड।

आयाहम्म वि [आत्मघ्न] आत्मविनाशक। न. आधाकर्म दोष।

आयाहिण न [आदक्षिण] दक्षिण पार्श्व से भ्रमण करना। °पयाहिण वि [°प्रदक्षिण] दक्षिण पार्श्व से भ्रमण कर दक्षिण पार्श्व में स्थित होनेवाला। °पयाहिणा स्त्री [°प्रदक्षिणा] दक्षिण पार्श्व मे परिभ्रमण, प्रदक्षिणा।

आयु देखो आउ = आयुप्।

आर पु. इह-लोक, यह जन्म। मनुष्यलोक। नुकीली लोहे की कील। न. गृहस्थपन।

आर पुं. मगल-ग्रह। चौथा नरक का एक नरकावास। वि. पूर्व का।

°आरअ वि [कारक] कर्त्ता

आरओ अ [आरतस्] पूर्व, पहले। समीप मे, शुरू करके, पीछे से।

आरंदर वि [दे] अनेकान्त। सकट, व्याप्त।

आरंभ सक [आ + रभ्] शुरू करना। हिंसा करना।

आरभ पुं [आरम्भ] शुरूआत, प्रारम्भ। जीव-हिंसा, वध। जीव, प्राणी। पाप-कर्म। °य वि [°ज] पाप-कार्य से उत्पन्न। °विणय पुं

[°विनय] आरम्भ का अभाव। °विणइ वि [°विनयिन्] आरम्भ से विरत।

आरंभग } पुं [आरम्भक] ऊपर देखो।
आरंभय } वि. शुरू करनेवाला। हिंसक पाप-कर्म करनेवाला।

आरंभिअ पुं [दे] माली।

आरंभिया स्त्री [आरम्भिकी] हिंसा से सम्बन्ध रखनेवाली क्रिया। हिंसक क्रिया से होनेवाला कर्म-बन्ध।

आरक्ख न [आरक्ष्य] कोतवाल का ओहदा, कोतवाली, आरक्षकता।

आरक्ख वि [आरक्ष] रक्षण करनेवाला। पु. कोतवाल।

आरक्खग वि [आरक्षक] रक्षण करनेवाला। त्राता। पुं. क्षत्रियों का एक वंश। वि. उस वंश में उत्पन्न।

आरक्खि वि [आरक्षिन्] रक्षक, त्राता।

आरक्खिग } वि [आरक्षिक] रक्षक,
आरक्खिय } त्राता। पु. कोतवाल।

आरज्झ सक [आ + राध्] आराधन करना।

आरज्झ वि [आराध्य] पूज्य, माननीय।

आरड सक [आ + रट्] चिल्लाना। रोना।

आरडिअ न [दे] विलाप, क्रन्दन। वि. चित्र-युक्त।

आरण पु. देवलोक-विशेष। उस देवलोक का निवासी देव। पुंन. एक देवविमान।

आरण न [दे] होठ। फलक।

आरणाल न [आरनाल] काजी, साबूदाना।

आरणाल न [दे] कमल।

आरण्ण वि [आरण्य] जंगली, जंगल-निवासी।

आरण्णग } वि [आरण्यक] जंगली, जंगल-
आरण्णय } निवासी, जंगल में उत्पन्न। न. शास्त्र-विशेष, उपनिषद्-विशेष।

आरण्णिय वि [आरण्यिक] जंगल में बसनेवाला (तापस आदि)।

आरत्त वि. थोड़ा रक्त। अत्यन्त अनुरक्त।

आरत्तिय न [आरात्रिक] आरती।

आरद्ध वि [आरब्ध] शुरू किया हुआ (काल)।

आरद्ध वि [दे] बढ़ा हुआ। सतृष्ण, उत्सुक। घर में आया हुआ।

आरव देखो आरव।

आरभ देखो आरंभ = आ + रभ्।

आरभड न [आरभट] नृत्य का एक भेद। इस नाम का एक मुहूर्त्त। एक तरह की नाट्यविधि। °भसोल न. नाट्यविधि-विशेष।

आरभडा स्त्री [आरभटा] प्रतिलेखना-विशेष।

आरभिय न [आरभित] नाट्यविधि-विशेष।

आरय वि [आरत] उपरत। अपगत।

आरय वि [आऽरत] उपरत, सर्वथा निवृत्त।

आरव पुं शब्द, आवाज, ध्वनि।

आरव पु [आरव] इस नाम का एक प्रसिद्ध म्लेच्छ-देश। वि. अरव देश में उत्पन्न, अरव देश का निवासी।

आरविंद वि [आरविन्द] कमल-सम्बन्धी।

आरस सक [आ + रस्] चिल्लाना, बूम मारना।

आरसिय पु [आदर्श] दर्पण।

आरह देखो आरभ।

आरहंत } वि [आर्हत] अर्हन् का, जिन-
आरहंतिय } देव सम्बन्धी।

आरा स्त्री. लोहे की सलाई, पैने में डाली जाती लोहे की खीली।

आरा अ [आरात्] अर्वाक्, पहले। पूर्व-भाग।

आराइअ वि [दे] गृहीत, स्वीकृत। प्राप्त।

आराडि स्त्री [आराटि] चीत्कार, चिल्लाहट।

आराडी स्त्री [दे] देखो आरडिअ।

आराम पुन. बगीचा, उपवन।

आरामिअ पुं [आरामिक] माली।

आराव पुं [आराव] शब्द, आवाज।

आराह सक [आ + राधय्] सेवा करना, भक्ति करना। ठीक-ठीक पालन करना।

आराह वि [आराध्य] आराधन-योग्य ।
आराहग वि [आराधक] आराधन करने वाला । मोक्ष का साधक ।
आराहण न [आराधन] सेवना । अनशन ।
आराहणा स्त्री [आराधना] आवश्यक, सामयिक आदि षट्-कर्म ।
आराहणी स्त्री [आराधनी] भाषा का एक प्रकार ।
आराहिय वि [आराधित] सेवित, परिपालित । अनुरूप, योग्य ।
आरिट्ठ वि [दे] गत, गुजरा हुआ ।
आरिय न [आकृत] आगमन ।
आरिय देखो अज्ज = आर्य ।
आरिय वि [आरित] सेवित ।
आरिय वि [आकारित] आहूत ।
आरिया देखो अज्जा = आर्या ।
आरिल्ल वि [दे] पहले जो उत्पन्न हुआ हो ।
आरिस वि [आर्ष] ऋषि-सम्बन्धी ।
आरिहय देखो आरहंत ।
आरुग्ग देखो आरोग्ग = आरोग्य ।
आरुट्ठ वि [आरुष्ट] क्रुद्ध, रुष्ट ।
आरुण्ण (अप) सक [आ + श्लिष्] आलिङ्गन करना ।
आरुभ देखो आरुह = आ + रुह् ।
आरुवणा देखो आरोवणा ।
आरुस सक [आ + रुष्] क्रोध करना, रोष करना ।
आरुह सक [आ + रुह्] ऊपर चढना, ऊपर बैठना ।
आरुह वि [आरुह] उत्पन्न, उद्भूत, जात ।
आरुहण न [आरोहण] आरोपण, ऊपर चढाना ।
आरुहिय वि [आरोपित] स्थापित । ऊपर बैठाया हुआ ।
आरुहिय, आरूढ वि [आरूढ] ऊपर चढा हुआ । कृत, विहित ।
आरेइअ वि [दे] मुकुलित, संकुचित । भ्रान्त । मुक्त । रोमाञ्चित ।
आरेण अ. समीप । पहले । प्रारम्भ कर ।
आरोअ अक [उत् + लस्] विकसित होना, उल्लास पाना ।
आरोअणा देखो आरोवणा ।
आरोइअ [दे] देखो आरेइअ ।
आरोग्ग सक [दे] भोजन करना ।
आरोग्ग न [आरोग्य] एकासन तप ।
आरोग्ग न [आरोग्य] नीरोगता । वि. रोगरहित । पु. एक ब्राह्मणोपासक का नाम ।
आरोग्गरिअ वि [दे] रँगा हुआ ।
आरोद्ध वि [दे] प्रवृद्ध, बढा हुआ । गूढागत ।
आरोय न [आरोग्य] क्षेम, कुशल । नीरोगता ।
आरोल सक [पुञ्ज्] एकत्र करना ।
आरोव सक [आ + रोपय्] ऊपर चढाना, ऊपर बैठाना । स्थापन करना ।
आरोवण न [आरोपण] ऊपर चढ़ाना । सम्भावना ।
आरोवणा स्त्री [आरोपणा] ऊपर चढाना । प्रायश्चित्त-विशेष । प्ररूपणा, व्याख्या का एक प्रकार । प्रश्न, पर्यनुयोग ।
आरोस पुं [आरोष] म्लेच्छ देश-विशेष । वि. उस देश का निवासी ।
आरोसिअ वि [आरोषित] कोपित, रुष्ट किया हुआ ।
आरोह सक[आ + रुह्]ऊपर चढना, बैठना ।
आरोह सक [आ + रोहय्] ऊपर चढाना ।
आरोह पु. सवार । हाथी, घोडा आदि पर चढनेवाला । ऊँचाई । लम्बाई ।
आरोह पु [दे] स्तन, थन, चूंची ।
आरोहग वि [आरोहक] सवार होनेवाला । हाथी का रक्षक ।
आल न [दे] अनर्थक ।
आल न [दे]छोटा प्रवाह । वि. मृदु । आगत ।

आल न. दोषारोपण ।
°आल देखो काल ।
°आल देखो जाल ।
°आल देखो ताल ।
आलइअ वि [आलगित] यथास्थान स्थापित, योग्य स्थान मे रखा हुआ ।
आलइअ वि [आलयिक] गृही, आश्रयवाला ।
आलइय वि [आलगित] पहना हुआ ।
आलंकारिय वि [आलङ्कारिक] अलंकार-शास्त्र-ज्ञाता । अलंकार-सम्बन्धी । अलंकार के योग्य ।
आलंकिअ वि [दे] पंगु किया हुआ ।
आलंद न [आलन्द] समय का परिमाण-विशेष, पानी से भीजा हुआ हाथ जितने समय में सूख जाय उतने से लेकर पाँच अहो-रात्र तक का काल ।
आलंदिअ वि [आलन्दिक] उपर्युक्त समय का उल्लंघन न कर कार्य करनेवाला ।
आलंब सक [आ + लम्ब्] आश्रय करना, सहारा लेना ।
आलंब न [दे] भूमि-छत्र, वनस्पति-विशेष जो वर्षा मे होता है ।
आलंबण न [आलम्बन] आश्रय, आधार, जिसका अवलम्बन किया जाय वह । कारण, हेतु, प्रयोजन ।
आलंभिय न [आलम्भिक] नगर-विशेष । भगवती सूत्र के ग्यारहवे शतक का बारहवाँ उद्देश ।
आलंभिया स्त्री [आलम्भिका] नगरी-विशेष ।
आलक्क पु [दे] पागल कुत्ता ।
आलक्ख सक [आ+लक्षय्] जानना । चिह्न से पहिचानना ।
आलग्ग वि [आलग्न] लगा हुआ, संयुक्त ।
आलत्त वि [आलपित] सम्भाषित, आभाषित ।
आलत्तय देखो अलत्त ।
आलत्थ पु [दे] मोर ।
आलद्ध वि [आलब्ध] संसृष्ट । संयुक्त । स्पृष्ट, छुआ हुआ । मारा हुआ ।
आलप्प वि [आलाप्य] कहने के योग्य, निर्वचनीय ।
आलभ सक [आ + लभ्] प्राप्त करना ।
आलभण न [आलभन] विनाशन ।
आलभिया स्त्री [आलभिका] नगरी-विशेष ।
आलय पुन. घर, स्थान ।
आलय पुन बौद्धदर्शन-प्रसिद्ध विज्ञान-विशेष ।
आलयण न [दे] शय्या-गृह ।
आलव सक [आ + लप्] कहना, बातचीत करना । थोडा या एक बार कहना ।
आलवाल न कियारी, थाँवला ।
आलस वि आलसी, सुस्त । °त्त न [°त्व] आलस, सुस्ती ।
आलसिय वि [आलसित] आलसी, मन्द ।
आलसुय देखो आलसिय ।
आलस्स पुंन [आलस्य] सुस्ती ।
आलाअ देखो आलाव ।
आलाण देखो आणाल ।
आलाणिय वि [आलानित] नियन्त्रित, मजबूती से बाँधा हुआ ।
आलाव पु [आलाप] सम्भाषण, बातचीत । अल्प भाषण । प्रथम भाषण । एक बार की उक्ति ।
आलावक देखो आलावग ।
आलावग पुं [आलापक] परिच्छेद, ग्रन्थ का अंश-विशेष ।
आलावण न [आलापन] बाँधने का रज्जु आदि साधन, बन्धन-विशेष । °बंध पुं [°बन्ध] बन्ध-विशेष ।
आलावणी स्त्री [आलापनी] वाद्यविशेष ।
आलास पुं [दे] बिच्छू ।
आलाहि देखो अलाहि ।
आलि पु [अलि] भ्रमर ।
आलि देखो आली ।

आलिंग सक [आ + लिङ्ग्] आलिङ्गन करना।

आलिंग पु [आलिङ्ग] वाद्य-विशेष।

आलिंग वि [आलिङ्ग्य] आलिङ्गन करने योग्य। पुं. वाद्य-विशेष।

आलिंगण न [आलिङ्गन] आलिंगन, भेंट। °वट्टि स्त्री [°वृत्ति] गाल या कपोल का उपधान—तकिया, शरीर-प्रमाण उपधान।

आलिंगणिया स्त्री [आलिङ्गनिका] देखो आलिंगणवट्टि।

आलिंगिणी स्त्री [आलिङ्गिनी] जानु आदि के नीचे रखने का तकिया।

आलिंद पु [आलिन्द] बाहर के दरवाजे के चौकट्ठे का एक हिस्सा।

आलिंप सक [आ + लिप्] पोतना, लेप करना।

आलिंपण न [आलेपण] लेप करना, विलेपन। जिसका लेप होता है वह चीज।

आलिंगा देखो आवलिआ।

आलित्त न [आलित्र] जहाज चलाने का काष्ठ-विशेष।

आलित्त वि [आलिप्त] खरण्टित, खरड़ा हुआ। लिपा हुआ।

आलित्त वि [आदीप्त] चारो ओर से जला हुआ। न आग लगनी, आग से जलना।

आलिद्ध वि [आश्लिष्ट] आलिंगित।

आलिद्ध वि [आलीढ] आस्वादित।

आलिसंदग पु [दे. आलिसन्दक] धान्य-विशेष।

आलिसिदय पुं[दे.आलिसिन्दक] ऊपर देखो।

आलिह सक [स्पृश्] छूना।

आलिह् सक [आ + लिख्] विन्यास करना, स्थापन करना। चित्र करना, चितरना या चित्र बनाना।

आली सक [आ + ली] लीन होना, आसक्त होना। आलिंगन करना। निवास करना।

आली स्त्री. पंक्ति, श्रेणी। सखी। वनस्पति-विशेष।

आलीढ वि [आलीढ] आसक्त। न. आसन-विशेष।

आलीढ पुं. योद्धा का युद्ध समय का आसन-विशेष।

आलीण वि [आलीन] लीन, आसक्त, तत्पर। आलिंगित, आश्लिष्ट।

आलीयग वि [आदीपक] जलानेवाला, आग सुलगानेवाला।

आलील न [दे] समीप का भय।

आलीवग देखो आलीयग।

आलीवण न [आदीपन] आग लगाना।

आलीविय वि [आदीपित] आग से जलाया हुआ।

आलु पुं. कन्द-विशेष।

आलुई स्त्री [आलुकी] वल्ली-विशेष।

आलुंख सक [दह्] जलाना, दाह देना।

आलुंख सक [स्पृश्] छूना।

आलुंघ सक [स्पृश्] छूना।

आलुंप सक [आ + लुम्प्] हरण करना।

आलुंप वि. अपहारक।

आलुगा स्त्री [दे] घटी, छोटा घडा।

आलुयार वि [दे] निरर्थक, व्यर्थ।

आलेक्ख, आलेक्खिय } वि [आलेख्य] चित्रित।

आलेट्ठु, आलेट्ठुअं } आसिलिस का हेक्वा.।

आलेव पुं [आलेप] विलेपन, लेप।

आलेसिय वि [आश्लेपित] आलिंगन कराया हुआ।

आलेह पुं [आलेख] चित्र।

आलोअ सक [आ + लोक्] देखना, विलोकन करना।

आलोअ सक [आ + लोच्] देखाना। गुरू को अपना अपराध कह देना। विचार

करना । आलोचना करना ।

आलोअ पुं [आलोक] तेज, प्रकाश । विलोकन, अच्छी तरह देखना । पृथ्वी का समान-भाग । गवाक्षादि प्रकाशस्थान । जगत्, संसार । ज्ञान ।

आलोअग } आलोअय } वि [आलोचक] आलोचना करनेवाला ।

आलोअण न [आलोकन] विलोकन, दर्शन, निरीक्षण ।

आलोअणा स्त्री [आलोचना] देखना, बतलाना । प्रायश्चित्त के लिए अपने दोषों को गुरु को बता देना । विचार करना ।

आलोइत्तु वि [आलोकयितृ] देखने वाला, द्रष्टा ।

आलोइल्ल वि [आलोकवत्] प्रकाश-युक्त ।

आलोग देखो आलोअ = आलोक । °नयर न [°नगर] नगर-विशेष ।

आलोच देखो आलोअ = आ + लोच् ।

आलोड सक [आ + लोडय्] हिलोरना, मन्थन करना ।

आलोयण न [आलोकन] गवाक्ष ।

आलोल सक. देखो आलोड ।

आलोव सक [आ + लोपय्] आच्छादित करना ।

आलोव देखो आलोअ = आलोक ।

आव वि [यावत्] जितना ।

आव अ [यावत्] जब तक, जब लग । °कह वि [°कथ] देखो °कहिय । °कहं अ [°कथम्] यावज्जीव । °कहा स्त्री [°कथा] जीवन-पर्यन्त । °कहिय वि [°कथिक] यावज्जीविक, जीवन-पर्यन्त रहनेवाला ।

आव पुं [आप] प्राप्ति, लाभ । जल का समूह । °बहुल न. देखो आउ-बहुल ।

आव सक [आ + या] आना, आगमन करना ।

आवआस सक [उप + गूह्] आलिंगन करना ।

आवइ स्त्री [आपद्] आपत्ति ।

आवंग पुं [दे] अपामार्ग, वृक्ष-विशेष, लटजीरा ।

आवंडु वि [आपाण्डु] थोडा सफेद, फीका ।

आवंडुर वि [आपाण्डुर] ऊपर देखो ।

आवंत देखो जावंत ।

आवग्गण न [आवल्गन] अश्व पर चढने की कला ।

आवच्चेज्ज वि [अपत्यीय] अपत्य-स्थानीय ।

आवज्ज देखो आओज्ज ।

आवज्ज अक [अ + पद्] प्राप्त होना, लागू होना ।

आवज्ज सक [आ + वर्ज्] सम्मुख करना । प्रसन्न करना ।

आवज्ज सक [आ + पद्] प्राप्त करना ।

आवज्ज वि [आवर्ज] प्रीत्युत्पादक ।

आवज्जण न [आवर्जन] सम्मुख करना । प्रसन्न करना । उपयोग, ख्याल । उपयोग-विशेष । व्यापार-विशेष ।

आवज्जिय वि [आवर्जित] प्रसन्न किया हुआ । अभिमुख किया हुआ । °करण न. व्यापार-विशेष ।

आवज्जिय देखो आउज्जिय = आतोद्यिक ।

आवज्जीकरण न [आवर्जीकरण] उपयोग-विशेष या व्यापार-विशेष का करना, उदीरणावलिका में कर्म-प्रक्षेप रूप व्यापार ।

आवट्ट अक [आ + वृत्] चक्र की तरह घूमना, फिरना । विलीन होना । सक शोषण करना, सुखाना । पीड़ना, दु.खी करना ।

आवट्ट देखो आवत्त ।

आवट्टिआ स्त्री [दे] नवोढा । परतन्त्र स्त्री ।

आवड देखो आवत्त = आवर्त्त ।

आवड सक [आ + पत्] पास मे आना, आगमन करना । आ लगना । गिरना ।

आवणवीहि स्त्री [आपणवीथि] हट्ट-मार्ग, बाजार । रथ्या-विशेष, एक तरह का मुहल्ला ।

आवडिअ वि [दे] संगत, सम्बद्ध । सार,

मजबूत ।
आवण पु [आपण] हाट । बाजार ।
आवणिय पुं [आपणिक] सौदागर, व्यापारी ।
आवण्ण वि [आपन्न] आपत्ति-युक्त । प्राप्त । °सत्ता स्त्री [°सत्त्वा] गर्भवती स्त्री ।
आवण्ण वि [आपन्न] आश्रित ।
आवत्त सक [आ + वृत्] आना ।
आवत्त अक [आ + वृत्] परिभ्रमण करना । बदलना । चक्राकार घूमना । सक. पठित पाठ को याद करना । घुमाना ।
आवत्त पु [आवर्त्त] चक्राकार परिभ्रमण । मुहूर्त्त-विशेष । महाविदेह क्षेत्रस्थ एक विजय (प्रदेश) का नाम । एक खुरवाला पशु-विशेष । एक लोकपाल का नाम । पर्वतविशेष । मणि का एक लक्षण । ग्राम-विशेष । शारीरिक चेष्टा-विशेष, कायिक व्यापार-विशेष । °कूड न [°कूट] पर्वत-विशेष का शिखर-विशेष । °यंत वक्क [°यमान] दक्षिण की तरफ चक्राकार घूमनेवाला ।
आवत्त पुंन [आवर्त्त] एक तरह का जहाज । न. लगातार २५ दिनो का उपवास ।
आवत्त न [आतपत्र] छत्र, छाता ।
आवत्तण न [आवर्त्तन] चक्राकार भ्रमण । °पेढिया स्त्री [°पीठिका] पीठिका-विशेष ।
आवत्तय पुं [आवर्त्तक] देखो आवत्त । वि चक्राकार भ्रमण करनेवाला ।
आवत्ता स्त्री [आवर्त्ता] महाविदेह-क्षेत्र के एक विजय (प्रदेश) का नाम ।
आवत्ति स्त्री [आपत्ति] दोष-प्रसंग । कष्ट । उत्पत्ति ।
आवत्ति स्त्री [आपत्ति] प्राप्ति ।
आवदि स्त्री [आवृति] आवरण ।
आवय पुं [आवर्त्त] देखो आवत्त ।
आवय देखो आवड ।
आवया स्त्री [आपगा] नदी ।
आवया स्त्री [आपद्] विपद्, दुःख ।
आवर सक [आ + वृ] आच्छादन करना ।
आवरण न. ढकनेवाला, तिरोहित करनेवाला । वास्तु-विद्या ।
आवरिसण न [आवर्षण] सिंचन । सुगन्ध जल की वृष्टि ।
आवरेडया स्त्री [दे] करिका, मद्य परोसने का पात्र-विशेष ।
आवलण न [आवलन] मोड़ना ।
आवलि स्त्री. पङ्क्ति । पुं. एक विद्यार्थी का नाम ।
आवलिआ स्त्री [आवलिका] श्रेणी । परिपाटी । समय-विशेष, एक सूक्ष्म काल-परिमाण । °पविट्ठ वि [°प्रविष्ट] श्रेणी मे व्यवस्थित । °बाहिर वि [बाह्य] विप्रकीर्ण, श्रेणि-बद्ध नही रहा हुआ ।
आवलिय वि [आवलित] वेष्टित ।
आवली स्त्री. पंक्ति । रावण की एक कन्या का नाम ।
आवस सक [आ + वस्] रहना, वास करना ।
आवसह पु [आवसथ] घर, आश्रय, स्थान । मठ, संन्यासियों का स्थान ।
आवसहिय पुं [आवसथिक] गृहस्थ, गृही । संन्यासी ।
आवसिय / आवस्सग / आवस्सय वि [आवश्यक] अवश्य-कर्त्तव्य, जरूरी । न. सामयिकादि धर्मानुष्ठान, नित्य-कर्म । जैन ग्रन्थ-विशेष, आवश्यक सूत्र । °णुओग पु [°नुयोग] आवश्यक सूत्र की व्याख्या ।
आवस्सय पुन [आपाश्रय] ऊपर देखो । आश्रय ।
आवस्सिया स्त्री [आवश्यकी] सामाचारी-विशेष, जैन साधु का अनुष्ठान-विशेष ।
आवह सक [आ + वह्] धारण करना, वहन करना ।
आवह वि. धारण करनेवाला ।
आवा सक [आ + पा] पीना । भोग मे लाना,

उपभोग करना ।

आवाइया स्त्री [आवापिका] प्रधान होम ।

आवाग पु [आपाक] आवा, मिट्टी के पात्र पकाने का स्थान ।

आवाड पुं [आपात] भीलो की एक जाति ।

आवाणय न [आपाणक] दूकान ।

आवाय पुन [आपात] अभ्यागम, आगमन ।

आवाय देखो आवाग ।

आवाय पु [आपात] प्रारम्भ । प्रथम मिलन । तुरन्त । पतन । सम्बन्ध, सयोग ।

आवाय पु [आवाप] आवा, मिट्टी के पात्र पकाने का स्थान । आलवाल । प्रक्षेप, फेकना । शत्रु की चिन्ता । बोना, वपन ।

आवायण न [आपादन] सम्पादन ।

आवाल देखो आलवाल ।

आवाल } न [दे] जल के निकट का
आवालय } प्रदेश ।

आवाव देखो आवाय = आवाप । °कहा स्त्री [°कथा] रसोई सम्बन्धी कथा, वि. कथा-विशेष ।

आवास पुं. वास-स्थान । निवास, अवस्थान, रहना । नीड । पडाव । °पव्वय पु [°पर्वत] रहने का पर्वत ।

आवास } देखो आवस्सय = आवश्यक ।
आवासग }

आवासणिया स्त्री [आवासनिका] आवास-स्थान ।

आवासय न [आवासक] आवश्यक, जरूरी । नित्य-कर्त्तव्य धर्मानुष्ठान । पु. नीड़ । वि. सस्काराधायक, वासक । आच्छादक ।

आवाह सक [आ + वाहय्] सान्निध्य के लिए देव या देवाधिष्ठित चीज को बुलाना । बुलाना ।

आवाह पुं [आवाध] पीडा, बाधा ।

आवाह पु नव-परिणीता वधू को वर के घर लाना । विवाह के पूर्व किया जाता पान देने का एक उत्सव ।

आवाहण न [आवाहन] आह्वान ।

आवाहिय वि [आवाहित] बुलाया हुआ, आहूत । मदद के लिए बुलाया हुआ देव या देवाधिष्ठित वस्तु ।

आवि न [दे]प्रसव-पीडा । वि. नित्य, शाश्वत । दृष्टा ।

आवि अ [चापि] समुच्चय-द्योतक अव्यय ।

आवि अ [आविस्] प्रकटता-सूचक अव्यय ।

आविअ सक [आ + पा] पीना ।

आविअ वि [आवृत्त] आच्छादित ।

आविअ पुं [दे] इन्द्रगोप, क्षुद्र कीट-विशेष । वि. मथित, आलोडित । प्रोत ।

आविअ वि [आविच] अविच-देशोत्पन्न ।

आविअज्झा स्त्री [दे] दुलहिन । पराधीन स्त्री ।

आविंध सक [आ + व्यध्] विंधना । पहनना । मन्त्र से अधीन करना ।

आविकम्म पुन [आविष्कर्मन्] प्रकटरूप से किया हुआ काम ।

आविग्ग वि [आविग्न] उद्विग्न, उदासीन ।

आविट्ठ वि [आविष्ट] आवृत, व्याप्त । प्रविष्ट । अधिष्ठित, आश्रित । भूत आदि के उपद्रव से युक्त ।

आविद्ध वि [आविद्ध] परिहित, पहना हुआ ।

आविद्ध वि [दे] क्षिप्त, प्रेरित ।

आविब्भाव पुं [आविर्भाव] उत्पत्ति । प्रादुर्भाव, अभिव्यक्ति ।

आविब्भूय वि [आविर्भूत] उत्पन्न । प्रादुर्भूत । अभिव्यक्त ।

आविल वि. मलिन, अस्वच्छ । आकुल, व्याप्त ।

आविलिअ वि [दे] कुपित, क्रुद्ध ।

आविलुंपिअ वि [आकाङ्क्षित] अभिलषित ।

आविस सक[आ + विश्]प्रवेश करना,घुसना ।

आविस अक [आ + विश्] सम्बद्ध होना, युक्त होना । सक. उपभोग करना, सेवना ।

आविहव अक [आविर् + भू] प्रकट होना । उत्पन्न होना ।

आविहूअ देखो आविब्भूय ।

आवी देखो आवि = आविग्। °कम्म देखो आविकम्म।

आवीअ वि [आपीत] पीत। शोषित।

आवीइ वि [आवीचि] निरन्तर, अविच्छिन्न। °मरण न. मरण-विशेष।

आवीकम्म न [आविष्कर्मन्] उत्पत्ति। अभिव्यक्ति।

आवीड सक [आ + पीड्] पीटना। दबाना।

आवीण न [आपीन] स्तन।

आवील देखो आमेल = आपीड।

आवील देखो आवीड।

आवीलण न [आपीडन] समूह, निचय।

आवुअ पु [आवुक] नाटक की भाषा में पिता।

आवुण्ण वि [आपूर्ण] भरपूर।

आवुत्त पुं [दे] भगिनी-पति।

आवुद वि [आवृत] ढका हुआ।

आवुदि स्त्री [आवृति] आवरण।

आवूर देखो आपूर = आ + पूरय्।

आवेअ सक [आ + वेदय्] विनति करना, निवेदन करना। बतलाना।

आवेअ पु [आवेग] कष्ट, दुःख।

आवेउ (आवा का हेकृ.)।

आवेड्ढिय वि [आवेष्टित] वेष्टित, घिरा हुआ।

आवेड देखो आमेल।

आवेढ पुं [आवेष्ट] वेष्टन। मण्डलाकार करना।

आवेयण न [आवेदन] निवेदन, मनो-भाव का प्रकाश-करण।

आवेवअ वि [दे] विशेष आसक्त। प्रवृद्ध, बढा हुआ।

आवेस सक [आ + वेशय्] भूताविष्ट करना।

आवेस पु [आवेश] अभिनिवेश। जोश। भूत-ग्रह। प्रवेश।

आवेसण न [आवेशन] शून्य-गृह।

आस देखो अस्स = अस्त्र।

आस अक [आस्] बैठना।

आस पुं [अश्व] अश्व। अश्विनी नक्षत्र का अधिष्ठायक देव। अश्विनी नक्षत्र। मन, चित्त। °कण्ण पुं [°कर्ण] एक अन्तर्द्वीप। उसका निवासी। °गीव पुं [°ग्रीव] एक प्रसिद्ध राजा, पहला प्रतिवासुदेव। °तर पु खच्चर। °त्थाम पु [°स्थामन्] द्रोणाचार्य का प्रख्यात पुत्र। °द्धअ पु [°ध्वज] विद्याधर वंश का एक राजा। °धम्म पु [°धर्म] देखो पूर्वोक्त अर्थ। °धर वि. अश्वों का धारण करनेवाला। °पुर न. नगर-विशेष। °पुरा, °पुरी स्त्री [°पुरी] नगरी-विशेष। °मक्खिया स्त्री [°मक्षिका] चतुरिन्द्रिय जीव-विशेष। °मद्दग, °मद्दय पु [°मर्दक] अश्व का मर्दन करनेवाला। °मित्त पु [°मित्र] एक जैनाभास दार्शनिक, जो महागिरि के शिष्य कौण्डिन्य का शिष्य था और जिसने सामुच्छेदिक पन्थ चलाया था। °मुह पुं [°मुख] एक अन्तर्द्वीप। उसका निवासी। °मेह पुं [°मेध] यज्ञ-विशेष। °रह पु [°रथ] घोड़ा-गाड़ी। °वार पुं. घुड़-सवार। °वाहणिया स्त्री [°वाहनिका] घोड़े की सवारी। °सेण पुं [°सेन] भगवान् पार्श्वनाथ के पिता। पांचवें चक्रवर्ती का पिता। °रोह पु [°रोह] घुड़-सवार।

आस पुस्त्री [आश] भोजन।

आस पु. फेकना।

आस न [आस्य] मुख।

आसइ वि [आश्रयिन्] आश्रय-स्थित।

आसंक सक [आ + शङ्क्] सन्देह करना। अक भयभीत होना।

आसंका स्त्री [आशङ्का] भय, वहम, संशय। सम्भावना।

आसंग पु [दे] शय्या-गृह।

आसंग पु [आसङ्ग] आसक्ति, अभिष्वग। सम्बन्ध। रोग।

आसंघ सक [सं + भावय्] सम्भावना करना।

अध्यवसाय करना। स्थिर करना, निश्चय करना।

आसंघ पु [दे] श्रद्धा, विश्वास। अध्यवसाय, परिणाम। आशंसा, इच्छा।

आसंघा स्त्री [दे] इच्छा। आसक्ति।

आसंघिअ वि [दे] अध्यवसित। अवधारित। सम्भावित।

आसंजिअ वि [आसक्त] पीछे लगा हुआ।

आसंदय न [आसन्दक] आसन-विशेष। पुन. मञ्च।

आसंदाण न [आसन्दान] अवष्टम्भन, अवरोध।

आसंदिआ स्त्री [आसन्दिका] छोटा मञ्च।

आसंदी स्त्री [आसन्दी] आसन-विशेष, मञ्च।

आसंधी स्त्री [अश्वगन्धी] वनस्पति-विशेष।

आसंबर वि [आशाम्बर] दिगम्बर। जैन का एक मुख्य भेद। उसका अनुयायी।

आससइय वि [असंशयित] सशय-रहित।

आसंस न [आशस्] इच्छा करना, अभिलाषा करना।

आसक्खय पु [दे] प्रशस्त पक्षि-विशेष, श्येनवद।

आसग देखो आस = अश्व।

आसगलिअ वि [दे] आक्रान्त। प्राप्त।

आसज्ज अ [आसाद्य] प्राप्त करके।

आसड पु. विक्रम की तेरहवी शताब्दी का स्वनाम-ख्यात एक जैन ग्रन्थकार।

आसण न [आसन] जिसपर बैठा जाता है वह चौकी आदि। स्थान, जगह। शय्या। बैठना। उपवेशन।

आसणिय वि [आसनित] आसन पर बैठाया हुआ।

आसण्ण न [आसन्न] समीप, वि. समीपस्थ। °वत्ति वि [°वर्त्तिन्] नजदीक मे रहनेवाला।

आसत्त वि [आसक्त] लीन, तत्पर। नीचे लगा हुआ। पु. नपुसक का एक भेद, वीर्यपात होने पर भी स्त्री का आलिंगन कर उसके कक्षादि अंगो मे जुड़कर सोनेवाला नपुसक।

आसत्ति स्त्री [आसक्ति] अभिष्वङ्ग, तल्लीनता।

आसत्थ पु [अश्वत्थ] पीपल का पेड।

आसत्थ वि [आश्वस्त] आश्वासन-प्राप्त, स्वस्थ। विश्रान्त।

आसम पुं [आश्रम] तापस आदि का निवास स्थान, तीर्थ-स्थान। ब्रह्मचर्य, गार्हस्थ्य, वानप्रस्थ और भैक्ष्य (संन्यास) ये चार प्रकार की अवस्था।

आसमपय न [आश्रमपद] तापसो के आश्रम से उपलक्षित स्थान।

आसमि वि [आश्रमिन्] आश्रम मे रहनेवाला, ऋषि, मुनि वगैरह।

आसय अक [आस्] बैठना।

आसय सक [आ + श्री] आश्रय करना, अवलम्बन करना। ग्रहण करना।

आसय पु [आशक] खानेवाला।

आसय पु [आश्रय] अवलम्बन।

आसय पु [आशय] मन, चित्त, हृदय। अभिप्राय।

आसय न [दे] समीप।

आसरिअ वि [दे] सम्मुख-आगत।

आसव अक [आ + स्रु] धीरे-धीरे झरना, टपकना।

आसव सक [आ + स्रु] आना।

आसव पुं [आश्रव] सूक्ष्म छिद्र। कर्मो का प्रवेश-द्वार, जिससे कर्मबन्ध होता है वह हिसा आदि। वि. श्रोता, गुरु-वचन को सुननेवाला। °सक्कि वि [°सक्तिन्] हिसादि मे आसक्त।

आसव पु दारू।

आसवण न [दे] शय्या-घर।

आसवाहिया स्त्री [अश्ववाहिका] अश्व-क्रीडा।

आसस अक [आ + श्वस्] आश्वासन लेना, विश्राम लेना।

आससण न [आशसन] विनाश, हिंसा ।
आससा स्त्री [आशंसा] अभिलाषा ।
आसा स्त्री [आशा] उम्मीद । दिशा । उत्तर रुचक पर बसनेवाली एक दिक्कुमारी, देवी-विशेष ।
आसाअ सक [आ + सादय्] स्पर्श करना ।
आसाअ सक [आ + स्वाद्] चखना ।
आसाअ सक [आ + सादय्] प्राप्त करना ।
आसाअ सक [आ + शातय्] अवज्ञा करना, अपमान करना ।
आसाअ पु [आस्वाद] स्वाद, रस । तृप्ति ।
आसाअ पुं [आऽस्वाद] स्वाद का बिलकुल अभाव ।
आसाअ देखो आसय = आश्रय ।
आसाअ पु [आसाद] प्राप्ति ।
आसाढ पु [आषाढ] आषाढ मास । एक निह्नव, जो अव्यक्तिक मत का उत्पादक था । °भूइ पु [°भूति] एक प्रसिद्ध जैन मुनि ।
आसाढा स्त्री [आषाढा] नक्षत्र-विशेष ।
आसाढी स्त्री [आषाढी] आषाढ मास की पूर्णिमा । आषाढ मास की अमावस ।
आसादेत्तु वि [आस्वादयितृ] आस्वादन करनेवाला ।
आसामर पु [आशामर] सातवें वासुदेव और बलदेव के पूर्वभवीय धर्मगुरु का नाम ।
आसायण न [आशातन] नीचे देखो । अनन्तानुबन्धि कषाय का वेदन ।
आसायणा स्त्री [आशातना] विपरीत वर्त्तन, अपमान, तिरस्कार ।
आसार सक [आ + सारय्] तन्दुरस्त करना, वीणा को ठीक करना ।
आसार पु. समीकरण, वीणा को ठीक करना । वेग से पानी का बरसना ।
आसालिय पुस्त्री [आशालिक] सर्प की एक जाति । स्त्री विद्याविशेष ।
आसावल्ली स्त्री [आशापल्ली] एक नगरी ।
आसावि वि [आस्राविन्] झरनेवाला, सच्छिद्र ।
आसास सक [आ + शास्] आशा करना ।
आसास अक [आ + श्वासय्] सान्त्वना करना ।
आसास पु [आश्वास] आश्वासन । विश्राम । द्वीप-विशेष ।
आसासअ पु [आश्वासक] विश्राम-स्थान, ग्रन्थ का अंश, सर्ग, परिच्छेद, अध्याय । वि. आश्वासन देनेवाला ।
आसासग पुं [आशासक] बीजक-नामक वृक्ष ।
आसासण न [आश्वासन] सान्त्वना । ग्रहों के देव-विशेष । एक महाग्रह । वि. आश्वासन-दाता ।
आसि सक [आ + श्रि] आश्रय करना ।
आसि वि [आशिन्] खानेवाला, भोजक ।
आसिअ वि [आश्विक] अश्व का शिक्षक ।
आसिअ वि [आशित] खिलाया हुआ । भोजित ।
आसिअ वि [आसित] उपविष्ट, बैठा हुआ । रहा हुआ, स्थित ।
आसिअ देखो आसित्त ।
आसिअअ वि [दे] लौह-निर्मित ।
आसिआ देखो [आसिका] बैठना, उपवेशन ।
आसिआ देखो आसी = आशिष् ।
आसिच सक [आ + सिच्] सींचना ।
आसिण वि [आशिन्] खानेवाला, भोक्ता ।
आसिण पु [आश्विन] आश्विन मास ।
आसित्त वि [आसिक्त] थोडा सिक्त । सींचा हुआ । पु नपुंसक का एक भेद ।
आसित्तिया स्त्री [दे] खाद्य-विशेष ।
आसियावाय देखो आसीवाय ।
आसिल पु एक महर्षि ।
आसिलिट्ठ वि [आश्लिष्ट] आलिंगित ।
आसिलिस सक [आ + श्लिष्] आलिंगन करना ।
आसिसा देखो आसी = आशिष् ।

आसी स्त्री [आशी] दाढ़ा। °विस पुं [°विष] जहरीला साँप। पर्वत-विशेष का एक शिखर। निग्रह और अनुग्रह करने मे समर्थ, लब्धि-विशेष को प्राप्त।

आसी स्त्री [आशिप्] आशीर्वाद। °वयण न [°वचन] आशीर्वाद। °वाय पुं [°वाद] आशीर्वाद।

आसीण वि [आसीन] बैठा हुआ।

आसीवअ पु [दे] दरजी।

आसीसा देखो आसी = आशिप्।

आसु पुंन [अश्रु] आँसू।

आसु / आसुं अ [आशु] शीघ्र। °क्कार पुं [°कार] हिंसा, मारना। मरने का कारण। शीघ्र उपस्थित। °पण्ण वि [°प्रज्ञ] शीघ्र-बुद्धि। दिव्य-ज्ञानी, केवल-ज्ञानी।

आसुर वि. असुर-सम्बन्धी।

आसुरत्त न [आसुरत्व] गुस्सा।

आसुरिय पु [आसुरिक] असुर, असुर रूप से उत्पन्न। वि. असुर-सम्बन्धी।

आसुरीय पुं [असुरीय] असुर-सम्बन्धी।

आसुरुत्त वि [आशुरुप्त] शीघ्र-क्रुद्ध। अति कुपित।

आसुरुत्त वि [आसुरोक्त] अति-कुपित।

आसुरुत्त वि [आशुरुष्ट] अति-कुपित।

आसूणि न [आशूनिन्] बलिष्ठ-बनानेवाली खुराक। रसायन-क्रिया।

आसूणी स्त्री [आशूनी] प्रशंसा।

आसूणिय वि [आशूनित] थोडा स्थूल किया हुआ।

आसूय न [दे] मनौती।

आसेअणय वि [आसेचनक] जिसको देखने से मन को तृप्ति न होती हो वह।

आसेव सक [आ + सेव्] सेवना। पालना। आचरना।

आसेवण न [आसेवन] परिपालन, संरक्षण। आचरण। मैथुन।

आसेवणया / आसेवणा स्त्री [आसेवना] परिपालन, विपरीत आचरण। अभ्यास। शिक्षा का एक भेद।

आसेविय वि [आसेवित] परिपालित। अभ्यस्त। आचरित। अनुष्ठित।

आसोअ पुं [अश्वयुक्] आश्विन मास।

आसोअ वि [आशोक] अशोक वृक्ष-सम्बन्धी।

आसोइया स्त्री [दे. आसोतिका] ओषधि-विशेष।

आसोई / आसोया स्त्री [आश्वयुजी] आश्विन मास की पूर्णिमा। आश्विन मास की अमावस।

आसोकंता स्त्री [आशोकान्ता] मध्यम ग्राम की एक मूर्च्छना।

आसोत्थ पुं [अश्वत्थ] पीपल का पेड।

आह सक [ब्रूञ्] कहना।

आह सक [काङ्क्ष] इच्छा करना।

आहंडल देखो आखंडल।

आहच्च न [दे] अत्यर्थ, बहुत। अ. शीघ्र। कदाचित्। उपस्थित होकर। व्यवस्था कर। विभक्त कर। छीन कर। अन्यथा। निष्कारण। भाव पु. कादाचित्कता।

आहच्चा स्त्री [आहत्या] प्रहार।

आहट्ट न [दे] देखो आहट्टु = दे।

आहट्टु स्त्री [दे] पहेलियाँ।

आहड [आहृत] छीन लिया हुआ। चोरी किया हुआ। सामने लाया हुआ, उपस्थापित।

आहड न [दे] सुरत-शब्द।

आहण सक [आ + हन्] आघात करना, मारना।

आहण सक [आ + हन्] उठाना।

आहत्तहीय न [याथातथ्य] वास्तविकता। तथ्य-मार्ग—सम्यग्ज्ञान आदि। 'सूत्रकृताङ्ग' सूत्र का तेरहवाँ अध्ययन।

आहम्म सक [आ + हम्म्] आगमन करना।

आहम्मिअ वि [अधार्मिक] अधर्म सम्बन्धी।

आहम्मिय वि [अधार्मिक] अधर्मी, पापी।
आहय वि [आहत] आघात प्राप्त, प्रेरित।
आहय वि [आहृत] आकृष्ट, खीचा हुआ। छीना हुआ।
आहर सक [आ + हृ] छीनना। चोरी करना। खाना।
आहर सक [आ + हृ] लाना।
आहरण पुन [आहरण] दृष्टान्त। आह्वान। स्वीकार। व्यवस्थापन। आनयन।
आहरण पुंन [आभरण] अलंकार।
आहरणा स्त्री [दे] नाक का खरखर शब्द।
आहरिसिय वि [आधर्षित] तिरस्कृत।
आहल्ल (अप) अक [आ + चल्] हिलना, चलना।
आहल्ला स्त्री [आहल्या] विद्याधर-राज की एक कन्या।
आहव सक [आ + ह्वे] बुलाना।
आहव पुं युद्ध।
आहवण, आहव्वण न [आह्वान] बुलाना। ललकारना।
आहव्व वि [आभाव्य] शास्त्रोक्त क्षेत्रादि।
आहव्वणी स्त्री [आह्वानी] विद्या-विशेष।
आहा सक [आ + ख्या] कहना।
आहा सक [आ + धा] स्थापन करना।
आहा स्त्री [आभा] तेज।
आहा स्त्री [आधा] आश्रय। साधु के निमित्त आहार के लिए मनः-प्रणिधान। °कड वि [°कृत] आधा-कर्म-दोष से युक्त। °कम्म न [°कर्मन्] साधु के लिए आहार पकाना। साधु के निमित्त पकाया हुआ भोजन, जो जैन साधुओ के लिए निषिद्ध है। °कम्मिय वि [°कर्मिक] देखो पूर्वोक्त अर्थ।
आहाण न [आधान] स्थापन। स्थान, आश्रय।
आहाण न [आख्यान] उक्ति। किंवदन्ती, कहावत।
आहातहिय वि [याथातथ्य] सत्य, वास्तविक।
आहार सक [आ + हारय्] खाना।
आहार पु. खुराक। भक्षण। न. देखो आहारग। °पज्जत्ति स्त्री [°पर्याप्ति] भुक्त आहार को खल और रस के रूप में बदलने की शक्ति। °पोसह पुं [°पोषध] व्रत-विशेष, जिसमे आहार का सर्वथा या आंशिक त्याग किया जाता है। °सण्णा स्त्री [°संज्ञा] आहार करने की इच्छा।
आहार पु [आधार] आश्रय, अधिकरण। आकाश। अवधारण, याद रखना।
आहारग न [आहारक] शरीर-विशेष, जिसको चौदह-पूर्वी, केवलज्ञानी के पास जाने के लिए बनाता है। वि भोजन करनेवाला। आहारक-शरीर-वाला। आहारक-शरीर-उत्पन्न करने का जिसे सामर्थ्य हो वह। °जुगल न [°युगल] आहारक शरीर और उसके अंगोपाङ्ग। °णाम न [°नामन्] आहारक शरीर का हेतु-भूत कर्म। °दुग न [°द्विक] देखो °जुगल।
आहारण वि. [आधारण] धारण करनेवाला। आधार-भूत।
आहारण वि आकर्षक।
आहारय देखो आहारग।
आहाराइणिया स्त्री [याथारात्निकता] यथा-ज्येष्ठ, ज्येष्ठानुक्रम।
आहारिम वि [आहार्य] खाने योग्य। जल के साथ खाया जा सके ऐसा योग्य चूर्ण-विशेष।
आहावणा स्त्री [आभावना] गणना का अभाव। उद्देश्य।
आहाविअ वि [आधावित] दौडा हुआ।
आहाविर वि [आधावितृ] दौडनेवाला।
आहास देखो आभास = आ + भाष्।
आहाह अ आश्चर्य-द्योतक अव्यय।
आहि पुस्त्री [आधि] मन की पीड़ा।

आहिआइ स्त्री [आभिजाति] कुलीनता, खानदानी ।
आहिआई स्त्री [आभिजाती] कुलीनता ।
आहिंड सक [आ + हिण्ड्] जाना । परिश्रम करना । घूमना ।
आहिंडग } वि [आहिण्डक] चलनेवाला,
आहिंडय } परिभ्रमण करनेवाला ।
आहिक्क न [आधिक्य] अधिकता ।
आहिजाइ देखो आहिआइ ।
आहिजाई देखो आहिआई ।
आहितुंडिअ पु[आहितुण्डिक]गारुडिक,सपेरा ।
आहित्थ वि [दे] चलित, गत । कुपित, क्रुद्ध । आकुल, घबडाया हुआ ।
आहिद्ध वि [दे] रुद्ध । गलित ।
आहिपत्त न [आधिपत्य] नेतृत्व ।
आहिय वि [आहित] निवेशित । सम्पूर्ण हितकर । विरचित । °ग्गि पु [°ाग्नि] अग्निहोत्रीय ब्राह्मण ।
आहिय वि [आहित] व्याप्त । उत्पादित । प्रथित । सर्वथा हितकारी ।
आहिय वि [आख्यात] प्रतिपादित, उक्त ।
आहियार पु [अधिकार] अधिकार, सत्ता ।
आहिवत्त देखो आहिपत्त ।
आहिसारिअ वि [अभिसारित] नायक-बुद्धि से गृहीत, पति-बुद्धि से स्वीकृत ।
आहीर पु. देश-विशेष । शूद्र जाति-विशेष, अहीर । इस नाम का एक राजा ।
आहु सक [आ + ह्वे] बुलाना ।
आहु [आ + हु] दान करना, त्याग करना ।
आहु अ. अथवा, या ।
आहु पु [दे] घूक, उल्लू ।
आहुइ वि [आहोतृ] दाता, त्यागी ।
आहुइ स्त्री [आहुति] हवन, होम का पदार्थ, बलि ।
आहुदुर } पुं [दे] बालक, बच्चा ।
आहुंदुरु }
आहुड न [दे] सीत्कार विक्रय । अक. गिरना ।
आहुण सक [आ + धु] हिलाना ।
आहुणिय वि [आधुनिक] आजकल का, नवीन । पुं. ग्रह-विशेष ।
आहुत्त न [दे. अभिमुख] सम्मुख ।
आहूअ वि [आहूत] बुलाया हुआ ।
आहूअ पुं [आहूक] पिशाच-विशेष ।
आहूअ वि [आभूत] उत्पन्न ।
आहेड पुंन [आखेट] शिकार, मृगया ।
आहेडिय वि [आखेटिक] मृगया-सम्बन्धी ।
आहेण न [दे] विवाह के बाद वर के घर वधू के प्रवेश होने पर जो जिमाने का उत्सव किया जाता है वह ।
आहेय वि [आधेय] स्थाप्य । आश्रित ।
आहेर देखो आहीर ।
आहेवच्च न [आधिपत्य] मुखियापन ।
आहेवण न [आक्षेपण] आक्षेप । क्षोभ उत्पन्न करना ।
आहोअ देखो आभोग ।
आहोअ देखो आभोय = आ + भोजय् ।
आहोइअ वि [आभोगित] ज्ञात, दृष्ट ।
आहोइअ वि [आभोगिक] उपयोग ही जिसका प्रयोजन हो वह ।
आहोड सक [ताडय्] पीटना ।
आहोरण [आधोरण] महावत ।
आहोहि } वि [आधोवधिक] अवधि-
आहोहिय } ज्ञानी का एक भेद, नियत क्षेत्र को अवधिज्ञान से देखनेवाला ।

इ

इ पु. प्राकृत वर्णमाला का तृतीय स्वरवर्ण । वाक्यालङ्कार और पादपूर्ति में प्रयुक्त किया जाता अव्यय ।
इ देखो इइ ।

इ सक. जाना। जानना।

इअहरा देखो इयरहा।

इइ अ [इति] इन अर्थों का सूचक अव्यय—समाप्ति। अवधि। परिमाण। निश्चय। हेतु। एवम्, इस तरह। देखो इति।

इओ अ [इतस्] इससे, इस कारण। इस तरफ। इस (लोक) मे।

इओअ अ [इतश्च] प्रसंगान्तर-सूचक अव्यय।

इखिणिया स्त्री [दे. इङ्खिनिका] निन्दा।

इंखिणी स्त्री [दे. इङ्खिनी] ऊपर देखो।

इंगार } देखो अंगार। °कम्म न [°कर्मन्]
इंगाल } कोयला आदि उत्पन्न करने का और बेचने का व्यापार। °सगडिया स्त्री [°शकटिका] अंगीठी, आग रखने का वर्तन।

इंगारडाह पुंन [अङ्गारदाह] आवा, मिट्टी के पात्र पकाने का स्थान।

इंगाल वि [आङ्गार] अङ्गार-सम्बन्धी।

इंगालग देखो अंगारग।

इंगालय देखो इंगालग।

इंगाली स्त्री [दे] ईख का टुकडा, गडेरी।

इंगाली स्त्री [आङ्गारी] देखो इंगाल-कम्म।

इंगिअ न [इङ्गित] इशारा, अभिप्राय के अनुरूप चेष्टा। °ज्ञ, °ण्ण, °ण्णु वि [°ज्ञ] इशारे से समझनेवाला। °मरण न. मरण-विशेष।

इंगिअजाणुअ देखो इंगिअज्ज।

इंगिणी स्त्री [इङ्गिनी] मरण-विशेष, अनशन-क्रिया-विशेष।

इंगुअ न [इङ्गुद] इंगुदी वृक्ष का फल।

इंगुई } स्त्री [इङ्गुदी] वृक्ष-विशेष।
इंगुदी }

इंघिअ वि [दे] सूंघा हुआ।

°इंणर देखो किण्णर।

इंद पुं [इन्द्र] देवराज। श्रेष्ठ, प्रधान। परमेश्वर। जीव, आत्मा। ऐश्वर्य-शाली। विद्याधरो का प्रसिद्ध राजा। पृथ्वीकाय का एक अधिष्ठायक देव। ज्येष्ठा नक्षत्र का अधिष्ठायक देव। उन्नीसवें तीर्थंकर के एक स्वनामख्यात गणधर। सप्तमी तिथि। मेघ, वर्षा। न. देव-विमान-विशेष। °इ पुं [°जित्] इस नाम का राक्षस वंश का एक राजा, एक लंकेश। रावण के एक पुत्र का नाम। °ओव देखो °गोव। °काइय पुं. [°कायिक] त्रीन्द्रिय जीव-विशेष। °कील पु. दरवाजा का एक अवयव। °कुंभ पुं [°कुम्भ] बडा कलश। उद्यानविशेष। °केउ पुं [°केतु] इन्द्र-ध्वज, इन्द्र-यष्टि। °खील देखो °कील। °गाइय देखो °काइय। °गाह पुं [°ग्रह] इन्द्रावेश, किसी के शरीर में इन्द्र का अधिष्ठान, जो पागलपन का कारण होता है। °गोव पुं [°गोप] वर्षा ऋतु मे होनेवाला रक्त वर्ण का क्षुद्र जन्तु-विशेष। °ग्गह पुं [°ग्रह] ग्रह-विशेष। °ग्गि पुं [°ग्नि] विशाखा नक्षत्र का अधिष्ठायक देव। महाग्रह-विशेष। °ग्गीव पु [°ग्रीव] ग्रहाधिष्ठायक देव-विशेष। °जसा स्त्री [°यशस्] काम्पिल्य नगर के ब्रह्मराज की एक पत्नी। °जाल न. माया-कर्म, कपट। °जालि वि [°जालिन्] मायावी, बाजीगर। °जुइण्ण पुं [°द्युतिज्ञ] स्वनाम-ख्यात इक्ष्वाकुवंश का एक राजा। °ज्झय पुं [ध्वज] बडी ध्वजा। °ज्झया स्त्री [ध्वजा] इन्द्र द्वारा भरतराज को दिखाई हुई अपनी दिव्य अङ्गुलि के उपलक्ष मे राजा भरत से उस अङ्गुलि के समान आकृति की की हुई स्थापना और उसके उपलक्ष मे किया गया उत्सव। °णील पुंन [°नील] नीलम, नीलमणि, रत्न-विशेष। °तरु पुं. वृक्षविशेष, जिसके नीचे भगवान् सम्भवनाथ को केवल-ज्ञान हुआ था। °त्त न [°त्व] स्वर्ग का आधिपत्य, इन्द्र का असाधारण धर्म। राजत्व। प्राधान्य। °दत्त पुं. इस नाम का एक प्रसिद्ध राजा। एक जैन मुनि। °दिण्ण पुं [दिन्न] स्वनाम-ख्यात एक

जैन आचार्य। °धणु न [°धनुप्] शक्र-धनु, सूर्य की किरण मेघों पर पडने से आकाश मे जो धनुष का आकार दीख पडता है वह। विद्याधर-वंश के एक राजा का नाम। °पाडिवया स्त्री [°प्रतिपत्] कार्त्तिक (गुजराती आश्विन) मास के कृष्णपक्ष की पहली तिथि। °पुर न. इन्द्र का नगर, अमरावती। नगर-विशेष, राजा इन्द्रदत्त की राजधानी। °पुरग न [°पुरक] जैनीय वेशवाटिक गण के चौथे कुल का नाम। °प्पभ पुं [°प्रभ] राक्षस वश के एक राजा का नाम, जो लङ्का का राजा था। °भूइ पुं [°भूति] भगवान् महावीर का प्रथम—मुख्य शिष्य, गौतम-स्वामी। °मह पु. इन्द्र की आराधना के लिए किया जाता एक उत्सव। आश्विन पूर्णिमा। °माली स्त्री. राजा आदित्य की पत्नी। °मुद्धाभिसित्त पुं [°मूर्द्धाभिषिक्त] पक्ष की सातवी तिथि, सप्तमी। °मेह पु [°मेघ] राक्षस वंश मे उत्पन्न एक राजा। °य पु [°क] देखो इन्द्र। नरक-विशेष। द्वीप-विशेष। न. विमान-विशेष। °याल देखो °जाल। °रह पु [°रथ] विद्याधर-वश के एक राजा का नाम। °राय पु [°राज] इन्द्र। °लट्ठि स्त्री [°यष्टि] इन्द्र-ध्वज। °लेहा स्त्री [°लेखा] राजा त्रिकसयत की पत्नी। °वज्जा स्त्री. [°वज्रा] छन्द-विशेष का नाम, जिसके एक पाद मे ग्यारह अक्षर होते है। °वसु स्त्री. ब्रह्मराज की एक पत्नी। °वाय पुं [°वात] एक माण्डलिक राजा। °वारण पु. इन्द्र का हाथी। °सम्म पु [°शर्मन्] स्वनाम-ख्यात एक ब्राह्मण। °सामणिय पु [°सामानिक] इन्द्र के समान ऋद्धिवाला देव। °सिरी स्त्री [°श्री] राजा ब्रह्मदत्त की एक पत्नी। °सुअ पु [°सुत] इन्द्र का लडका, जयन्त। °सेणा स्त्री [°सेना] इन्द्र का सैन्य। एक महानदी। °हणु देखो °धणु। °उह न [°आयुध] इन्द्रधनु। °उहप्पभ पुं [°आयुधप्रभ] वानरद्वीप का एक राजा। °आअ पुं [°आत्मज] राजा इन्द्रायुध-प्रभ का पुत्र, वानरद्वीप का एक राजा।

इंद पुंन [इन्द्र] एक देवविमान।

इंद वि [ऐन्द्र] इन्द्र-सम्बन्धी। न. संस्कृत का एक प्राचीन व्याकरण।

इंदगाइ पुं [दे] साथ मे संलग्न रहनेवाले कीट-विशेष।

इंदग्गि पुं [दे] वर्फ।

इंदग्गिधूम न [दे] हिम।

इंदड्ढलअ पुं [दे] इन्द्र का उत्थापन।

इंदमह वि [दे] कुमारी में उत्पन्न। न. यौवन।

इंदमहकामुअ पुं [दे. इन्द्रमहकामुक] श्वान।

इंदा स्त्री [इन्द्रा] एक महानदी। धरणेन्द्र की एक अग्र-महिषी।

इंदा स्त्री [ऐन्द्री] पूर्व-दिशा।

इंदाणी स्त्री [इन्द्राणी] इन्द्र की पत्नी। एक राज-पत्नी।

इंदासणि पु [इन्द्राशनि] एक नरक-स्थान।

इंदिंदिर पु [इन्दिन्दिर] भ्रमर।

इंदिय पुन [इन्द्रिय] आत्मा का चिह्न, ज्ञान के साधन-भूत इन्द्रिय—श्रोत्र, चक्षु, घ्राण, जिह्वा, त्वक् और मन। शरीर के अवयव। °अवाय पु [°अपाय] इन्द्रियो द्वारा होनेवाला वस्तु का निश्चयात्मक ज्ञान-विशेष। °ओगाहणा स्त्री [°अवगाहना] इन्द्रियों द्वारा उत्पन्न होनेवाला ज्ञान-विशेष। °जय पुं. इन्द्रियो का निग्रह। तपो-विशेष। °ट्ठाण न [°स्थान] इन्द्रियो का उपादान कारण। °णिव्वत्तणा स्त्री [°निर्वर्त्तना] इन्द्रियो के आकार की निष्पत्ति। °णाण न [°ज्ञान] इन्द्रिय-द्वारा उत्पन्न ज्ञान, प्रत्यक्ष ज्ञान। °त्थ पु [°अर्थ] इन्द्रिय से जानने योग्य वस्तु, रूप-रस-गन्ध वगैरह। °पज्जत्ति स्त्री [°पर्याप्ति] शक्ति-विशेष, जिसके द्वारा जीव धातुओ के

रूप मे बदले हुए आहार को इन्द्रियों के रूप मे परिणत करता है। °विजय पु देखो °जय। °विसय पुं [°विषय] देखो °त्थ।

इंदिय न [इन्द्रिय] लिंग, पुरुष-चिह्न।

इंदियाल देखो इंद-जाल।

इंदियाल } देखो इंद-जालि।
इंदियालि }

इंदिर पु [इन्दिर] भ्रमर।

इंदिरा स्त्री [इन्दिरा] लक्ष्मी।

इंदीवर न [इन्दीवर] कमल।

इंदु पु [इन्दु] चन्द्रमा।

इंदुत्तरवडिसग न [इन्द्रोत्तरावतंसक] देव-विमान-विशेष।

इंदुर पुंस्त्री [उन्दुर] चूहा।

इंदोकंत न [इन्दुकान्त] विमान-विशेष।

इदोव देखो इंद-गोव।

इंदोवत्त पु [दे] इन्द्रगोप, कीट-विशेष।

इंद्र देखो इंद = इन्द्र।

इंध न [चिह्न] निशानी।

इंधण न [इन्धन] ईंधन, लकड़ी वगैरह दाह्य-वस्तु। अस्त्र-विशेष। उद्दीपन। पलाल, तृण वगैरह, जिससे फल पकाये जाते है। °साला स्त्री [°शाला] वह घर, जिसमे जलावन रक्खे जाते है।

इंधिय वि [इन्धित] उद्दीपित, प्रज्ज्वलित।

इक न [दे] प्रवेश।

इक्क देखो एक्क।

इक्कड पुं तृण-विशेष।

इक्कड वि [ऐक्कड] इक्कड़ तृण का बना हुआ।

इक्कण वि [दे] चोर।

इक्कार देखो एक्कारह।

इक्किक्क वि [एकैक] प्रत्येक।

इक्किल स्त्रीन [एकचत्वारिंशत्] एकचालीस।

इक्कुस न [दे] नीलोत्पल।

इक्ख सक [ईक्ष्] देखना।

इक्खअ वि [ईक्षक] देखनेवाला।

इक्खाउ देखो इक्खागु।

इक्खाग वि [ऐक्ष्वाक] इक्ष्वाकु नामक प्रसिद्ध क्षत्रियवश मे उत्पन्न।

इक्खाग } पुं. [इक्ष्वाकु] एक प्रसिद्ध क्षत्रिय
इक्खागु } राजवंश, भगवान् ऋषभदेव का वश। उस वंश में उत्पन्न। कोशल देश। °भूमि स्त्री. अयोध्या नगरी।

इक्खु पुं [°इक्षु] ईख। धान्य-विशेष, 'वरट्टिका' नाम का धान्य। °गंडिया स्त्री [°गण्डिका] ईख का टुकडा। °घर न [°गृह] उद्यान-विशेष। °चोयग न [दे] ईख का कुच्चा। °डालग न [दे] ईख की शाखा का एक भाग। ईख का छेद। °पेसिया स्त्री [°पेशिका] गण्डेरी। °भित्ति स्त्री [दे] ईख का टुकडा। °मेरग न [°मेरक] गण्डेरी। °लट्ठि स्त्री [°यष्टि] इक्षु-दण्ड। °वाड पुं [°वाट] ईख का खेत। °सालग न [दे] ईख की लम्बी शाखा। ईख की बाहर की छाल। देखो उच्छु।

इग देखो एक्क।

इगयाल स्त्रीन [एकचत्वारिंशत्] ४१–एक-चालीस।

इगवीसइम वि [एकविंश] एक्कीसवाँ।

इगुचाल वि [एकचत्वारिंशत्] चालिस और एक।

इगुणवीस वि [एकोनविंश] उन्नीसवाँ।

इगुणीस } स्त्री [एकोनविंशति] उन्नीस।
इगुवीस }

इगुसट्ठि स्त्री [एकोनषष्टि] उनसठ।

इग्ग वि [दे] डरा हुआ।

इग्ग देखो एक्क।

इग्घिअ वि [दे] तिरस्कृत।

इच्चाइ पुन [इत्यादि] प्रभृति।

इच्चेवं अ [इत्येवम्] इस प्रकार।

इच्छ सक [इष्] इच्छा करना।

इच्छ सक [आप् + स् = ईप्स्] प्राप्त करने को

चाहना।

इच्छकार देखो इच्छा-कार।

इच्छक्कार पु [इच्छाकार] 'इच्छा' शब्द।

इच्छा स्त्री. पक्ष की ग्यारहवी रात्रि। अभिलाषा, चाह। °कार पुं. स्वकीय-इच्छा। °छंद वि [°च्छन्द] इच्छा के अनुकूल। °णुलोम वि [°नुलोम] इच्छा के अनुकूल। °णुलोमिय वि [°नुलोमिक] इच्छा के अनुकूल। °पणिय वि [°प्रणीत] इच्छानुसार किया हुआ। °परिमाण न. परिग्राह्य वस्तुओ के विषय की इच्छा का परिमाण करना, श्रावक का पाँचवाँ व्रत। °मुच्छा स्त्री [°मूर्च्छा] अत्यासक्ति, प्रबल इच्छा। °लोभ पु. प्रबल लोभ। °लोभिय वि [°लोभिक] महालोभी। °लोल पु. महान् लोभ। वि. महालोभी।

°इच्छा स्त्री [दित्सा] देने की इच्छा।

इच्छु देखो इक्खु।

इच्छु वि [इच्छु] अभिलाषी।

इज्ज सक [आ + इ] आना, आगमन करना।

इज्ज पुन [इज्या] यज्ञ।

इज्जा स्त्री [इज्या] याग। ब्राह्मणो का सन्ध्यार्चन।

इज्जा स्त्री [दे] जननी।

इज्जिसिय वि [इज्यैषिक] पूजा का अभिलाषी।

इज्झा अक [इन्ध्] चमकना।

इट्टग [दे] सेवई।

इट्टगा स्त्री [दे] खाद्य-विशेष, सेव।

इट्टगा स्त्री [इष्टका] नीचे देखो इट्टा।

इट्टवाय देखो इट्टा-वाय।

इट्टा स्त्री [इष्टका] ईंट। °पाय, °वाय पु [°पाक] ईंटो का पकना। जहाँ पर ईंटे पकाई जाती है वह स्थान।

इट्टाल न. ईंट का टुकड़ा।

इट्ठ वि [इष्ट] अभिलषित, अभिप्रेत, पूजित, सत्कृत। आगमोक्त, सिद्धान्त से अविरुद्ध। न. स्व-सिद्धान्त। न. निर्विकृति-तप। याग-क्रिया।

इट्ठि स्त्री [इष्टि] इच्छा। याग-विशेष।

°इट्ठि स्त्री [कृष्टि] खिचाव, खीचना।

इडा स्त्री. शरीर के बाएँ भाग मे स्थित नाड़ी।

इड्डर न [दे] गाड़ी।

इड्डरग, इड्डरय } न [दे] रसोई ढकने का बड़ा पात्र।

इड्डरिया स्त्री [दे] मिष्ठान्न-विशेष।

इड्ढ वि [ऋद्ध] ऋद्धि-सम्पन्न।

इड्ढि स्त्री [ऋद्धि] ऐश्वर्य। लब्धि, शक्ति, सामर्थ्य। पदवी। °गारव न [°गौरव] सम्पत्ति या पदवी आदि प्राप्त होने पर अभिमान और प्राप्त न होने पर उसकी लालसा। °पत्त वि [°प्राप्त] ऋद्धिशाली। °म, °मंत वि [°मत्] ऋद्धिवाला।

इड्ढिसिय वि [दे] माँगन की एक जाति।

इणं, इणमो } अ [एतत्] यह।

°इण्ण देखो दिण्ण।

°इण्ण देखो किण्ण।

इण्ह न [चिह्न] निशान।

°इण्हा स्त्री [तृष्णा] प्यास, स्पृहा।

इण्हि अ [इदानीम्] इस समय।

इतरेतरासय पुं [इतरेतराश्रय] तर्कशास्त्र-प्रसिद्ध एक दोष, परस्पर एक दूसरे की अपेक्षा।

इति देखो इइ। °हास पु. पूर्ववृत्तान्त, पुरा-वृत्त। पुराणशास्त्र।

इत्तर वि [इत्वर] थोडा। अल्प-कालिक। °परिग्गहा स्त्री [°परिग्रहा] थोडे समय के के लिए रक्खी हुई वेश्या आदि। °परिग्ग-हिया स्त्री [°परिगृहीता] देखो °परि-ग्गहा।

इत्तरिय वि [इत्वरिक] ऊपर देखो।

इत्तरिय देखो इयर।

इत्तरी स्त्री [इत्वरी] थोड़े काल के लिए रखी हुई वेश्या आदि।
इत्तहे (अप) अ [अत्र] यहां पर।
इत्ताहे अ [इदानीम्] अधुना।
इत्ति देखो इइ।
इत्तिय वि [इयत्, एतावत्] इतना।
इत्तिरिय वि [इत्वरिक] अल्पकालिक।
इत्तिल देखो इत्तिय।
इत्तो देखो इओ।
इत्तोअ देखो इओअ।
इत्तोप्पं [दे] इत प्रभृति।
इत्थ अ [अत्र] यहाँ, इसमे।
इत्थ अ [इत्थम्] इस प्रकार। °थ वि [°स्थ] नियत आकारवाला, नियमित।
इत्थंथ वि [इत्थंस्थ] इस तरह रहा हुआ।
इत्थत्थ पु [इत्यर्थ] वह अर्थ।
इत्थत्थ पु [स्त्र्यर्थ] स्त्री-विषय।
इत्थय देखो इत्थ।
इत्थि स्त्रीन [स्त्री] महिला।
इत्थि } स्त्री [स्त्री] औरत। °कला स्त्री.
इत्थी } स्त्री के गुण, स्त्री को सीखने योग्य कला। °कहा स्त्री [°कथा] स्त्री-विषयक वार्त्तालाप। °णपुंसग पुन [°नपुंसक] एक प्रकार का नपुंसक। °णाम न [°नामन्] कर्म-विशेष, जिसके उदय से स्त्रीत्व की प्राप्ति होती है। °परिसह पु [परिषह] ब्रह्मचर्य। °विप्पजह वि [°विप्रजह] स्त्री का परित्याग करनेवाला। पु. मुनि। °वेद, °वेय पुं [°वेद] स्त्री को पुरुष-संग की इच्छा। कर्म-विशेष, जिसके उदय से स्त्री को पुरुष के साथ भोग करने की इच्छा होती है।
इत्थेण त्रि [स्त्रैण] स्त्रियो का समूह।
इदाणि देखो इयाणि।
इदाणि (शौ) देखो इयाणि।
इदाणी } देखो इदाणि।
इदाणी }
इदिवित्त (शौ) न [इतिवृत्त] इतिहास।
इदुर न [दे] धान्य रखने का एक तरह का पात्र।
इद्दंड पुं [दे] भोरा।
इद्धग्गिधूम न [दे] हिम।
इद्धि देखो इड्ढि।
इध (शौ) देखो इह।
इब्भ पु [इभ्य] धनी।
इब्भ पुं [दे] व्यापारी।
इभ पुं हाथी।
इभपाल पु. महावत।
इम स [इदम्] यह।
इमेरिस वि [एतादृश] ऐसा।
इय देखो इम।
इय देखो इइ।
इय न [दे] प्रवेश।
इय वि [इत] गत। प्राप्त। ज्ञात।
इयण्हिं अ [इदानीम्] हाल मे।
इयर वि [इतर] अन्य, दूसरा। हीन।
इयरहा अ [इतरथा] अन्यथा, नही तो।
इयरेयर वि [इतरेतर] अन्योन्य।
इयाणि } अ [इदानीम्] इस समय।
इयाणि }
इर देखो किल।
इरमंदिर पु [दे] ऊँट।
इराव पुं [दे] हाथी।
इरावदी (शौ) स्त्री [इरावती] नदी-विशेष।
°इरि देखो गिरि।
इरिण न [ऋण] करजा।
इरिण न [दे] सुवर्ण।
इरिय सक [ईर्] गति करना।
इरिया स्त्री [दे] कुटिया।
इरिया स्त्री [ईर्या] गमन। °वह पुं [°पथ] मार्ग मे जाना। रास्ता। केवल शरीर से होनेवाली क्रिया। °वहिय न [°पथिक] केवल शरीर की चेष्टा से होनेवाला कर्म-

बन्ध, कर्म-विशेष। °वहिया स्त्री [°पथिकी] कषाय-रहित केवल कायिक क्रिया। °समिइ स्त्री [°समिति] दूसरे जीव को किसी प्रकार की हानि न हो ऐसा उपयोग-पूर्वक चलना। °समिय वि [°समित] विवेक-पूर्वक चलनेवाला।

इल पुं. वाराणसी का वास्तव्य स्वनाम-ख्यात एक गृहपति– गृहस्थ। न. इलादेवी के सिंहासन का नाम। °सिरी स्त्री [°श्री] इल नामक गृहस्थ की स्त्री।

°इलंतअ देखो किलंत।

इला स्त्री. पृथिवी, भूमि। धरणेन्द्र की एक अग्र-महिषी। इल नामक गृहस्थ की पुत्री। रुचक पर्वत पर रहनेवाली एक दिक्कुमारी। राजा जनक की माता। इलावर्धन नगर में स्थित एक देवता। °कूड न [°कूट] इलादेवी के निवास-भूत एक शिखर। °पुत्त पुं [°पुत्र] इलादेवी के प्रसाद से उत्पन्न एक श्रेष्ठि-पुत्र। °वइ पुं [°पति] एलापत्य गोत्र का आदि पुरुष। °वडंसय न [°वतंसक] इलादेवी का प्रासाद।

इलाइपुत्त देखो इला-पुत्त।

इलिया स्त्री [इलिका] चीनी और चावल मे उत्पन्न होनेवाला कीटविशेष।

इली स्त्री. एक जाति की तलवार की तरह का हथियार।

इल्ल पु [दे] चपरासी। दाँती। वि. दरिद्र। कोमल। काला।

इल्लपुलिंद पुं [दे] व्याघ्र, शेर।

इल्लि पुं [दे] शार्दूल। सिंह। छाता।

इल्लिय वि [दे] आसिक्त।

इल्लिया स्त्री [इल्लिका] अन्न में उत्पन्न होनेवाला कीट-विशेष।

इल्लीर न [दे] आसन-विशेष। छाता। दरवाजा, गृह-द्वार।

इव अ. इन अर्थों का द्योतक अव्यय– उपमा। सादृश्य। उत्प्रेक्षा।

इसअ वि [दे] विस्तीर्ण।

इसणा देखो एसणा।

इसाणी स्त्री [ऐशानी] ईशानकोण।

इसि पुं [ऋषि] मुनि, साधु, ज्ञानी, महात्मा। ऋषिवादि-निकाय का दक्षिण दिशा का इन्द्र। °गुत्त पुं [°गुप्त] स्वनाम-ख्यात एक जैन मुनि। न जैन मुनियो का एक कुल। °गुत्तिय न [°गुप्तीय] जैन मुनियो का एक कुल। °दास पुं. इस नाम का एक सेठ, जिसने जैन दीक्षा ली थी। 'अनुत्तरोववाइदसा' सूत्र का एक अध्ययन। °दत्त, °दिण्ण पु [°दत्त] एक जैन मुनि। °पालिय पुं [°पालित] ऐरवत क्षेत्र के पाँचवें तीर्थंकर का नाम। °पालिया स्त्री [°पालिता] जैन मुनियो की एक शाखा। °भद्दपुत्त पुं [°भद्रपुत्र] एक जैन श्रावक। °भासिय न [°भाषित] अंगग्रन्थों के अतिरिक्त जैन आचार्यो के बनाये हुए उत्तराध्ययन आदि शास्त्र। 'प्रश्नव्याकरण' सूत्र का तृतीय अध्ययन। °वाइ, °वाइय, °वादिय पुं [°वादिन्] व्यन्तरो की एक जाति। °वाल पुं [°पाल] ऋषिवादि-व्यन्तरो का उत्तर दिशा का इन्द्र। पाँचवे वासुदेव का पूर्वभवीय नाम। °वालिय पुं [°पालित] ऋषिवादिव्यन्तरो के एक इन्द्र का नाम।

इसिण पु [इसिन] अनार्य देश-विशेष।

इसिणय वि [इसिनक] इसिन-नामक अनार्य देश मे उत्पन्न।

इसिया स्त्री [इषिका] शलाका।

इसु पु [इषु] बाण।

इस्स वि [एष्यत्] भविष्यकाल। होनेवाला।

इस्सर देखो ईसर।

इस्सरिय देखो ईसरिय।

इस्सा स्त्री [ईर्ष्या] द्रोह, असूया।

इस्सास पु [इष्वास] धनुष। तीरदाज।

इह पु [इभ] हाथी।

इह अ [इदानीम्] इस समय, अधुना।

इह अ. यहाँ, इस जगह। °पारलोइय वि [ऐहिकपारलौकिक] इस और परलोक से सम्बन्ध रखनेवाला। °भविय वि [ऐहभविक] इस जन्म-सम्बन्धी। °लोअ, °लोग पु [°लोक] वर्तमान जन्म, मनुष्य-लोक। °लोय, °लोइय वि[ऐहलौकिक] इस जन्म-सम्बन्धी, वर्तमान-जन्म-सम्बन्धी।

इहअ } ऊपर देखो।
इहइं }

इहइं अ [इदानीम्] सम्प्रति, इस समय।

इहं } देखो इह = इह।
इहयं }

इहरहा } देखो इयर-हा।
इहरा }

इहरा देखो इहइं = इदानीम्।

इहामिय देखो ईहामिय।

इहिं अ [इह] यहाँ।

ई

ई पु प्राकृत वर्णमाला का चतुर्थ वर्ण, स्वर-विशेष।

ईअ स [एतत्, इदम्] यह।

ईअ अ [इति] इस तरह।

ईह पुस्त्री [ईति] धान्य वगैरह को नुकसान पहुँचानेवाला चूहा आदि प्राणि-गण।

ईइस वि [ईदृश] ऐसा, इसके समान।

ईजिह अक [ध्रा] तृप्त होना।

°ईड देखो कीड = कीट।

ईडा स्त्री. स्तुति।

ईण वि [ईन] प्रार्थी, अभिलाषी।

°ईण देखो दीण।

ईति देखो ईह।

ईदिस देखो ईइस।

ईर सक प्रेरणा करना। कहना। गमन करना। फेंकना।

ईरिया देखो इरिया।

ईरिस देखो ईइस।

ईस न [दे] खूंटा, खीला।

ईस सक [ईर्ष्] द्वेष करना।

ईस पु [ईश] देखो ईसर = ईश्वर। न. ऐश्वर्य, प्रभुता।

ईस देखो ईसि।

ईसअ पु [दे] रोझ, हरिण की एक जाति।

ईसत्थ न [इष्वस्त्रशास्त्र] धनुर्वेद, बाणविद्या।

ईसर पु [दे] कामदेव।

ईसर पु [ईश्वर] प्रभु। महादेव। पति। मुखिया। वेलंधर-देवो का आवास-विशेष। एक पाताल-कलश। आढ्य। ऐश्वर्य-शाली। युवराज। माण्डलिक, सामन्त-राजा। मन्त्री। भूतवादि-निकाय का इन्द्र। पाताल-विशेष। एक राजा का नाम। एक जैन मुनि। यक्ष-विशेष।

ईसर पु [ईश्वर] अणिमा आदि आठ प्रकार के ऐश्वर्य से सम्पन्न।

ईसरिय न [ऐश्वर्य] वैभव. ईश्वरपन।

ईसा स्त्री [ईषा] लोकपालों की अग्रमहिषियो की एक पार्षदा। पिशाचेन्द्र की एक परिषद्। हल का एक काष्ठ।

ईसा स्त्री [ईर्षा] ईर्ष्या, द्रोह। °रोस पु [°रोष] क्रोध।

ईसाण पु [ईशान] दूसरा देवलोक। दूसरे देवलोक का इन्द्र। ईशान-कोण। मुहूर्त-विशेष। दूसरे देवलोक के निवासी देव। प्रभु, स्वामी। °वडिंसग न [°वतंसक] विमान-विशेष का नाम।

ईसाण पुं [ईशान] अहोरात्र का ग्यारहवाँ मुहूर्त।

ईसाणा स्त्री [ऐशानी] ईशान-कोण।

ईसाणी स्त्री [ऐशानी] ईशान-कोण। विद्या-विशेष।

ईसालु वि [ईर्ष्यालु] असहिष्णु, द्वेषी।

ईसास देखो इस्सास ।

ईसि अ [ईषत्] अल्प । पृथिवी-विशेष, सिद्धि-क्षेत्र, मुक्तभूमि । °पब्भार वि [°प्राग्भार] थोडा अवनत । °पब्भारा स्त्री [°प्राग्भारा] पृथिवी-विशेष, सिद्धि-क्षेत्र ।

ईसिअ न [ईर्ष्यित] ईर्ष्या, द्वेष । वि. जिसपर ईर्ष्या की गई हो वह ।

ईसिअ न [दे] भील के सिर पर का पत्रपुट या पगडी । वि. वशीकृत ।

ईसि } देखो ईसि ।
ईसी }

ईह सक [ईक्ष्, ईह्] देखना । विचारना । चेष्टा करना ।

ईहा स्त्री. विचार, ऊहापोह, विमर्श । चेष्टा, प्रयत्न । मति-ज्ञान का एक भेद । °मिग, °मिय पु [°मृग] वृक, भेडिया । नाटक का एक भेद ।

ईहा स्त्री [ईक्षा] अवलोकन, विलोकन ।

उ

उ पु, प्राकृत वर्णमाला का पञ्चम अक्षर, स्वर-विशेष । उपयोग रखना, ख्याल करना । गति-क्रिया ।

उ अ. इन अर्थों का सूचक अव्यय—सम्बोधन, आमन्त्रण । कोप-वचन । अनुकम्पा । नियोग, हुकुम । आश्चर्य । स्वीकार । पृच्छा ।

उ अ [तु] इन अर्थों का सूचक अव्यय—विशेषण । कारण । समुच्चय, और । निश्चय । किन्तु । आज्ञा । प्रशंसा । विनिग्रह । शंका की निवृत्ति । पादपूर्त्ति के लिए भी इसका प्रयोग होता है ।

उ देखो उव ।

उ° अ [उत्] इन अर्थों का सूचक अव्यय—ऊर्ध्व । विपरीत । अभाव । ज्यादा, विशेष ।

उअ अ [दे] विलोकन करो, देखो ।

उअ अ [उत] इन अर्थों का सूचक अव्यय—विकल्प । वितर्क, विमर्श । प्रश्न । समुच्चय । अतिशय ।

उअ अ [दे] ऋजु ।

उअ देखो उव ।

उअ न [उद] पानी । °सिंधु पु [°सिन्धु] समुद्र ।

उअ वि [उदञ्च्] उत्तर, उत्तर दिशा मे स्थित । °महिहर पु [°महिधर] हिमाचलपर्वत ।

उअअ न [उदक] पानी ।

उअअ देखो उदय ।

उअअ न [उदर] पेट ।

उअअ वि [दे] सरल, सीधा ।

उअअद (शौ) देखो उवगय ।

उअआरअ वि [उपकारक] उपकार करनेवाला ।

उअआरि वि [उपकारिन्] ऊपर देखो ।

उअइव्व वि [उपजीव्य] आश्रय करने योग्य, सेवा करने योग्य ।

उअऊह सक [उप + गूह्] आलिंगन करना ।

उअएस देखो उवएस ।

उअंचण न [उदञ्चन] ऊँचा फेकना या उठाना, ढकने का पात्र ।

उअंचिद (शौ) वि [उदञ्चित] ऊँचा उठाया हुआ, ऊँचा फेका हुआ ।

उअंत पु [उदन्त] हकीकत, वृत्तान्त ।

उअकिद (शौ) वि [उपकृत] जिसपर उपकार किया गया हो वह ।

उअक्किअ वि [दे] पुरस्कृत, आगे किया हुआ ।

उअगअ देखो उवगय ।

उअचित्त वि [दे] अपगत, निवृत्त ।

उअजीवि वि [उपजीविन्] आश्रित ।

उअज्झाअ देखो उवज्झाय ।

उअट्टी स्त्री [दे] नीवी, स्त्री के कटि-वस्त्र की

नाडी।
उअट्ठिअ देखो उवट्ठिय।
उअणिअ } देखो उवणीय।
उअणीअ }
उअण्णास देखो उवण्णास।
उअत्तंत देखो उव्वट्ट = उद् + वृत्।
उअत्थाण देखो उवट्ठाण।
उअत्थिअ देखो उवट्ठिय।
उअदिट्ठ देखो उवइट्ठ।
उअभुत्त देखो उवभुत्त।
उअभोग देखो उवभोग।
उअमिज्जत वकृ [उपमीयमान] जिसकी तुलना की जाती हो वह।
उअर न [उदर] पेट।
उअरि } देखो उवरि।
उअरि }
उअरी स्त्री [दे] शाकिनी देवी।
उअरुज्झ देखो उवरुज्झ।
उअरोअ } देखो उवरोह।
उअरोह }
उअलद्ध देखो उवलद्ध।
उअविट्ठअ न [औपविष्टक] आसन।
उअविय वि [दे] उच्छिष्ट।
उअसप्प देखो उवसप्प।
उअसम } देखो उवसम = उप + शम्।
उअसम्म }
उअह अ [दे] देखिए।
उअहस देखो उवहस।
उअहार देखो उवहार।
उअहारी स्त्री [दे] दोहनेवाली स्त्री।
उअहि पु [उदधि] सागर। स्वनाम-ख्यात एक विद्याधर राजकुमार। काल परिमाण, सागरोपम। स्वनामख्यात एक जैन मुनि। देखो उदहि।
उअहि देखो उवहि = उपधि।
उवहुज देखो उवभुज।
उअहोअ देखो उवभोग।
उआअ देखो उवाय।
उआअण देखो उवायण।
उआर देखो उराल।
उआर देखो उवयार।
उआलंभ देखो उवालंभ = उपा + लभ्।
उआलंभ देखो उवालंभ = उपालम्भ।
उआलभ देखो उआलंभ = उपा + लभ्।
उआलि स्त्री [दे] शिरोभूषण।
उआस वि [उदास] नीचे देखो।
उआस देखो उवास = उपा + आस्।
उआसीण वि [उदासीन] उदासी, विरागी। मध्यस्थ।
उआहरण देखो उदाहरण।
उइ सक [उप + इ] समीप जाना।
उइ अक [उद् + इ] उदित होना।
उइ देखो उउ। °राय पुं [°राज] वसन्त ऋतु।
उइअ वि [उदित] उदय-प्राप्त, उद्गत। कथित। °परक्कम पुं [°पराक्रम] इक्ष्वाकुवंश के एक राजा का नाम।
उइअ वि [उचित] योग्य।
उइंतण न [दे] उत्तरीय वस्त्र, चादर।
उइंद पु [उपेन्द्र] इन्द्र का छोटा भाई, विष्णु का वामन अवतार, जो अदिति के गर्भ से हुआ था।
उइट्ठ वि [अपकृष्ट] हीन, संकुचित।
उइण्ण देखो उदिण्ण।
उइण्ण वि [उदीच्य] उत्तर दिशा-सम्बन्धी, उत्तर दिशा में उत्पन्न।
उइन्न देखो ओइण्ण।
उईण देखो उदीण।
उईर देखो उदीर।
उईरण देखो उदीरण।
उईरणया } देखो उदीरणा।
उईरणा }
उईरिय देखो उदीरिय।

उउ त्रि [ऋतु]ऋतु, दो मास का काल-विशेष, वसन्त आदि छः प्रकार का काल। स्त्री-कुसुम, रजो दर्शन, स्त्री-धर्म। °वद्ध पु. शीत और उष्णकाल। °मास पु. श्रावण मास। तीस दिनवाला मास। °य वि [°ज] ऋतु मे उत्पन्न, समय पर उत्पन्न होनेवाला। °सधि पुंस्त्री. ऋतु का सन्धि-काल, ऋतु का अन्त समय। °संवच्छर पु [°संवत्सर] वर्ष-विशेष। देखो उइ = उउ।

उउंवर देखो उंबर = उदुम्बर।

उउवहिय न [ऋतुबद्ध] मास-कल्प, एक मास तक एक स्थान मे साधु का निवासानुष्ठान।

उऊखल } पुन [उदूखल] उलूखल, गूगल।
उऊहल }

उएट्ट पु [दे] शिल्प-विशेष।

उओग्गिअ वि [दे] सम्बद्ध, सयुक्त।

उं अ [दे] इन अर्थों का सूचक अव्यय—क्षेप, निन्दा। विस्मय। खेद। वितर्क। सूचन।

उंघ अक [नि + द्रा] नीद लेना।

उंचहिआ स्त्री [दे] चक्रधारा।

उंछ पुन [उञ्छ] भिक्षा। पु. माधुकरी।

उंछअ पु [दे] वस्त्र छापने का काम करनेवाला शिल्पी।

उंज सक [सिच्] छिडकना।

उंज सक [युज्] प्रयोग करना, जोड़ना।

उंजायण न [उञ्जायन] गोत्र-विशेष, जो वशिष्ठ-गोत्र की एक शाखा है।

उंड } वि [दे] गभीर, गहरा। पु. पिण्ड।
उंडग } चलते समय पाँव में पिण्ड रूप से लग
उंडय } जाय उतना गहरा कीचड, कर्दम। शरीर का एक भाग, मास-पिण्ड।

उंडग } न [दे] स्थण्डिल, स्थान, जगह।
उंडुअ }

उंडल न [दे] मञ्च, मचान, उच्चासन। समूह।

उंडिया स्त्री [दे] मुद्रा-विशेष।

उंडी स्त्री [दे] पिण्ड, गोलाकार वस्तु।

उंदर } पुंस्त्री [उन्दुर] चूहा।
उंदुर }

उंदु न [दे] मुख। °रुक्क न [दे] मुह से वृषभ आदि की तरह आवाज करना।

उंदुरअ पुं [दे] लम्बा दिवस।

उंदुरु पुस्त्री [उन्दुरु] मूषक।

उंब पु [उम्ब] वृक्ष-विशेष।

उंबर पु [उदुम्बर] गूलर का पेड। न. गूलर का फल। देहली, द्वार के नीचे की लकडी। °दत्त पु. यक्ष-विशेष। एक सार्थवाह का पुत्र। °पंचग, °पणग न [°पञ्चक] वड, पीपल, गूलर, प्लक्ष और काकोदुम्बरी इन पाँच वृक्षो के फल। °पुप्फ न [°पुष्प] गूलर का फूल।

उंबर वि [दे] प्रचुर।

उंबरउप्फ न [दे] नवीन अभ्युदय, अपूर्व उन्नति।

उंबरय पुं [दे] कुष्ट रोग का एक भेद।

उंबा स्त्री [दे] वन्धन।

उंबी स्त्री [दे] पका हुआ गेहूँ।

उंबेभरिया स्त्री [दे] वृक्ष-विशेष।

उंभ सक [दे] पूर्ति करना, पूरा करना।

उकिट्ठ देखो उक्किट्ठ।

उकुरुडिया [दे] देखो उक्कुरुडिया।

उक्क वि [उत्क] उत्सुक, उत्कण्ठित। एक विद्याधर राजा का नाम।

उक्क वि [उक्त] कथित।

उक्क न [दे] पाद-पतन, पाव पर गिर कर नमस्कार करना।

उक्कअ वि [दे] प्रसृत, फैला हुआ।

उक्कंचण } न [दे] खुशामद। उठाना।
उक्कंचणया } झाडू निकालना। रिश्वत। मूर्ख पुरुष को ठगनेवाले धूर्त्त का, समीपस्थ विचक्षण पुरुष के भय से थोडी देर के लिए निश्चेष्ट रहना। °दीव पुं [°दीप] ऊँचा दंडवाला प्रदीप।

उक्कंछण न [दे] देखो उक्कंवण।

उक्कंठ अक [उत् + कण्ठ्] उत्कण्ठा करना, उत्सुक होना।

उक्कंठुलय वि [उत्कण्ठित] उत्सुक।

उक्कंड वि [उत्कण्डित] खूब छटा हुआ।

उक्कंडय सक [उत्कण्टय्] पुलकित करना।

उक्कंडय वि [उत्कण्टक] रोमाञ्चित।

उक्कंडा स्त्री [दे] रिश्वत।

उक्कडिअ वि [दे] आरोपित। खण्डित।

उक्कत वि [उत्क्रान्त] ऊँचा गया हुआ।

उक्कति } स्त्री [दे] देखो उक्कंदि।
उक्कंती }

उक्कद वि [दे] विप्रलब्ध, ठगा हुआ।

उक्कंदल वि [उत्कन्दल] अंकुरित।

उक्कंदि } स्त्री [दे] कूपतुला।
उक्कंदी }

उक्कंप अक [उत् + कम्प्] काँपना, हिलना। चञ्चल होना।

उक्कंपिय वि [दे] धवलित।

उक्कंबण न [दे. अवकम्बन] काठ पर काठ के हाते से घर की छत बाँधना, घर का संस्कार-विशेष।

उक्कंबिय वि [दे. अवकम्बित] काठ से बाँधा हुआ।

उक्कच्छ वि [उत्कच्छ] स्फुट, स्पष्ट।

उक्कच्छा स्त्री [उत्कच्छा] छन्द-विशेष।

उक्कच्छिआ स्त्री [औपकक्षिकी] जैन साध्वियो को पहनने का वस्त्र-विशेष।

उक्कज्ज वि [दे] अनवस्थित, चञ्चल।

उक्कट्ठि स्त्री [अपकृष्टि] अपकर्ष, हानि।

उक्कट्ठि स्त्री [उत्कृष्टि] उत्कर्ष। देखो उक्किट्ठि।

उक्कड वि [उत्कट] तीव्र, प्रचण्ड। विशाल। प्रबल। °उक्कड देखो दुक्कड।

उक्कडिय वि [दे] तोडा हुआ, छिन्न।

उक्कडिय देखो उक्कुडुय।

उक्कड्ढ सक [उत् + कर्षय्] उत्कृष्ट करना, बढाना।

उक्कड्ढग पुं [अपकर्षक] चोर की एक-जाति–जो घर से धन आदि ले जाते हैं। जो चोरो को बुलाकर चोरी कराते है। चोर के सहायक।

उक्कड्ढिय वि [उत्कर्षित] उत्पाटित, उठाया हुआ। एक स्थान से उठाकर अन्यत्र स्थापित।

उक्कण्ण वि [उत्कर्ण] सुनने के लिए उत्सुक।

उक्कत्त सक [उत् + कृत्] काटना, कतरना।

उक्कत्त वि [उत्कृत्त] कटा हुआ, छिन्न।

उक्कत्थण न [उत्कत्थन] उखाड़ना।

उक्कप्प पुं [उत्कल्प] शास्त्र-निषिद्ध आचरण।

उक्कनाह पुं [दे] उत्तम अश्व की एक जाति।

उक्कम सक [उत् + क्रम्] ऊँचा जाना। उलटे क्रम से रखना।

उक्कम पुं [उत्क्रम] उलटा क्रम, विपरीत क्रम।

उक्कमण न [उत्क्रमण] ऊर्ध्वगमन। बाहर जाना।

उक्कमित वि [उपक्रान्त] प्रारब्ध। क्षीण।

उक्कर सक [उत् + कृ] खोदना।

उक्कर पुं [उत्कर] समूह, संघात। कर-रहित, राज-देय शुल्क से रहित।

उक्करड देखो उक्कर = उत्कर।

उक्करड पुं [दे] अशुचि-राशि। जहाँ मैला इकट्ठा किया जाता है वह स्थान।

उक्करिअ वि [दे] विस्तीर्ण, आयत। आरोपित। खण्डित।

उक्करिद (शौ) वि [उत्कृत] ऊँचा किया हुआ।

उक्करिया स्त्री [उत्करिका] जैसे एरण्ड के बीज से उसका छिलका अलग होता है उस तरह अलग होना, भेद-विशेष।

उक्करिस सक [उत् + कृष्] खीचना। गर्व करना, बडाई करना। उन्मूलन करना।

उक्करिस देखो उक्कस्स = उत्कर्ष।

उक्करिसण न [उत्कर्षण] उत्कर्ष, बडाई,

महत्त्व । स्थापन, आधान ।
उक्कल देखो उक्कड ।
उक्कल अक [उत् + कल्] उत्कट रूप से बरतना ।
उक्कल वि [उत्कल] धर्म-रहित । न. चोरी । पुं. देश-विशेष ।
उक्कलंब सक [उत् + लम्बय्] फांसी लटकाना ।
उक्कला देखो उक्कलिया ।
उक्कलिय वि [दे] उबला हुआ ।
उक्कलिया स्त्री [उत्कलिका] लूता, मकडी । नीचे की तरफ बहनेवाला वायु । छोटा समुदाय, समूह-विशेष । लहरी, तरंग । ठहर-ठहर कर तरंग की तरह चलनेवाला वायु ।
उक्कस सक [गम्] जाना, गमन करना ।
उक्कस देखो ओकस ।
उक्कस देखो उक्कुस ।
उक्कस देखो उक्कस्स = उत्कर्ष ।
उक्कसण न [उत्कर्षण] अभिमान करना । ऊँचा जाना । निवर्तन, निवृत्ति । प्रेरणा ।
उक्कसाइ वि [उत्कशायिन्] सत्कारादि के लिए उत्कण्ठित ।
उक्कसाइ वि [उत्कषायिन्] प्रबल कषायवाला ।
उक्कस्स अक [अप + कृप्] ह्रास प्राप्त होना । फिसलना, गिरना ।
उक्कस्स पु [उत्कर्ष] गर्व । अतिशय ।
उक्कस्स वि [उत्कर्षवत्] उत्कृष्ट, ज्यादा से ज्यादा । अभिमानी ।
उक्का स्त्री [उल्का] लूका, आकाश से जो एक प्रकार का अंगार सा गिरता है । छिन्न-मूल दिग्दाह । अग्नि-पिण्ड । °मुह पुं [°मुख] अन्तर्द्वीप-विशेष । उसके निवासी लोक । °वाय पु [°पात] तारा का गिरना, लूका गिरना ।
उक्का स्त्री [दे] कूप-तुला ।
उक्काम सक [उत् + क्रामय्] दूर करना, पीछे हटाना ।
उक्कारिया देखो उक्करिया ।
उक्कालिय वि [उत्कालिक] वह शास्त्र, जिसका अमुक समय में ही पढ़ने का विधान न हो ।
उक्कास देखो उक्कस्स = उत्कर्ष ।
उक्कास वि [दे] उत्कृष्ट, ज्यादा से ज्यादा ।
उक्कासिअ वि [दे] उत्थित, उठा हुआ ।
उक्किट्ठ वि [उत्कृष्ट] ज्यादा । पुं. इमली आदि के पत्तों का समूह । लगातार दो दिन का उपवास ।
उक्किट्ठ वि [उत्कृष्ट] उत्तम । फल का शस्त्र द्वारा किया हुआ टुकडा ।
उक्किट्ठि स्त्री [उत्कृष्टि] हर्षध्वनि । देखो उक्कट्ठि ।
उक्किण्ण वि [उत्कीर्ण] खोदा हुआ । नष्ट । चर्चित, उपलिप्त ।
उक्कित्त वि [उत्कृत्त] कटा हुआ ।
उक्कित्तण न [उत्कीर्त्तन] कथन । प्रशंसा ।
उक्कित्तिय वि [उत्कीर्त्तित] कथित, कहा हुआ ।
उक्किर सक [उत् + कृ] खोदना, पत्थर आदि पर अक्षर वगैरह का शस्त्र से लिखना ।
उक्किरणग न [उत्करणक] अक्षत आदि से बढाना, बधावा, वर्धापन ।
उक्कीर देखो उक्किर ।
उक्कीलिय न [उत्क्रीडित] उत्तम क्रीडा ।
उक्कीलिय वि [उत्कीलित] कीलक से नियंत्रित ।
उक्कुचण न [उत्कुञ्चन] ऊँचे चढ़ाना ।
उक्कुड वि [दे] मत्त, उन्मत्त ।
उक्कुक्कुक्कुर अक [उत् + स्था] उठना, खडा होना ।
उक्कुज्ज अक [उत् + कुब्ज्] ऊँचा होकर नीचा होना ।
उक्कुज्जिय न [उत्कूजित] अव्यक्त शब्द ।
उक्कुट्ठ न [उत्कुष्ट] वनस्पति का कूटा हुआ चूर्ण ।
उक्कुट्ठ वि [उत्कुष्ट] ऊँचे स्वर से आकृष्ट ।

उक्कुडुग } वि [उत्कुटुक] आसन-विशेष,
उक्कुडुय } निषद्या-विशेष। °ासणिय वि [°ासनिक] उत्कुटुक-आसन से स्थित।

उक्कुद् अक [उत् + कुद्] कूदना, उछलना।

उक्कुरुआ देखो उक्कुरुडिया।

उक्कुरुड पु देखो उक्कुरुडी।

उक्कुरुड पुं [दे] राशि, ढेर।

उक्कुरुडिगा }
उक्कुरुडिया } स्त्री [दे] घूरा, कूडा डालने की जगह।
उक्कुरुडी }

उक्कुस सक [गम्] जाना, गमन करना।

उक्कुस वि [उत्कृष्ट] उत्तम, श्रेष्ठ।

उक्कूइय न [उत्कूजित] अव्यक्त महा-ध्वनि।

उक्कूल वि [उत्कूल] सन्मार्ग से भ्रष्ट करने वाला। किनारे से बाहर का। न. चोरी।

उक्कूव अक [उत् + कूज्] चिल्लाना।

उक्केर पुं [उत्कर] राशि, ढेर। करण-विशेष, कर्मों की स्थित्यादि को बढाना। भिन्न, एरण्ड के बीज की तरह जो अलग किया गया हो वह।

उक्केर पुं [दे] उपहार।

उक्केल्लाविय वि [दे] उकेलाया हुआ, खुलवाया हुआ।

उक्कोट्टिय वि [दे] अवरोध-रहित किया हुआ, घेरा उठाया हुआ।

उक्कोड न [दे] राजा आदि को दिया जाता उपहार।

उक्कोडा स्त्री [दे] रिश्वत।

उक्कोडिय वि [दे] घूसखोर।

उक्कोडी स्त्री [दे] प्रतिध्वनि।

उक्कोय वि [उत्कोप] प्रखर, उत्कट।

उक्कोयण देखो उक्कोवण।

उक्कोया स्त्री [उत्कोचा] रिश्वत। मूर्ख को ठगने मे प्रवृत्त धूर्त पुरुष का, समीपस्थ विचक्षण पुरुष के भय से थोड़ी देर के लिए अपने कार्य को स्थगित करना।

उक्कोल पुं [दे] धूप, गरमी।

उक्कोवण न [उक्कोपन] उद्दीपन, उत्तेजन।

उक्कोविअ वि [उत्कोपित] अत्यन्त क्रुद्ध किया हुआ।

उक्कोस सक [उत् + क्रुश्] रोना, चिल्लाना। तिरस्कार करना।

उक्कोस वि [उत्कर्ष] उत्कृष्ट, मुख्य।

उक्कोस पुं [उत्कर्ष] प्रकर्ष, अतिशय। गर्व।

उक्कोस वि [उत्कृष्ट] उत्कृष्ट, अधिक से अधिक।

उक्कोस पु [उत्क्रोश] कुरर। वि. जोर से चिल्लानेवाला।

उक्कोसण न [उत्क्रोशन] क्रन्दन। निर्भर्त्सन, तिरस्कार।

उक्कोसा स्त्री [उत्क्रोशा] कोशानामक एक प्रसिद्ध वेश्या।

उक्कोसिअ पुं [उत्कौशिक] गोत्र-विशेष का प्रवर्तक एक ऋषि। न. गोत्र-विशेष।

उक्कोसिअ वि [दे] पुरस्कृत, आगे किया हुआ।

उक्कोसिया स्त्री [उत्कृष्टि] उत्कर्ष, आधिक्य।

उक्कोस्स देखो उक्कोस = उत्कृष्ट।

उक्ख सक [उक्ष्] सीचना।

उक्ख [उक्ष] सम्बन्ध। जैन साध्वियो के पहनने के वस्त्र-विशेष का एक अंश।

उक्ख देखो उच्छ = उक्षन्।

उक्खइअ वि [उत्खचित] व्याप्त, भरा हुआ।

उक्खड सक [उत् + खण्डय्] तोडना, टुकडा करना।

उक्खंड पुं [दे] सङ्घात, समूह। स्थपुट, विषमोन्नत प्रदेश।

उक्खंडण न [उत्खण्डन] उत्कर्त्तन, विच्छेदन।

उक्खडिअ वि [दे] आक्रान्त, दबाया हुआ।

उक्खद पु [अवस्कन्द] घेरा डालना। छल से शत्रु-सैन्य को मारना।

उक्खंभ पुं [उत्तम्भ] अवलम्ब, सहारा।

उक्खभिय देखो उत्थभिय।

उक्खंभिय न [औत्तम्भिक] अवलम्ब, सहारा।
उक्खडमड्डा अ [दे] पुन.-पुनः।
उक्खण सक [उत् + खन्] उखाडना, उच्छेदन करना, काटना।
उक्खण सक [दे] खाँडना, मुसल वगैरह से व्रीहि आदि का छिलका दूर करना।
उक्खण वि [दे] अवकीर्ण, चूर्णित।
उक्खत्त देखो उक्खय।
उक्खम्म° देखो उक्खण = उत् + खन्।
उक्खय वि[उत्खात]उखाडा हुआ, उन्मूलित। खुला हुआ, उद्घाटित।
उक्खल देखो उऊखल।
उक्खलिय वि [दे. उत्खण्डित] उन्मूलित, उत्पाटित।
उक्खलिया } स्त्री [दे] थाली।
उक्खली }
उक्खा स्त्री [ऊखा] स्थाली।
उक्खाइद (शौ) वि [उत्खातित] उद्धृत।
उक्खाय देखो उक्खय।
उक्खाल सक [उत् + खन्, खालय्] उखाडना, उन्मूलन करना।
उक्खिण देखो उक्खण = उत् + खन्।
उक्खिण्ण वि [दे] अवकीर्ण, ध्वस्त, चूर्णित। आच्छन्न, गुप्त। एक तरफ से ढीला।
उक्खित्त } वि [उत्क्षिप्त] फेका हुआ।
उक्खित्तय } ऊँचा उडाया हुआ। ऊँचा किया हुआ। उन्मूलित, उत्पाटित। बाहर निकाला हुआ। उत्थित। न. गेय-विशेष। °चरय वि [°चरक] पाक पात्र से बाहर निकाले हुए भोजन को ही ग्रहण करने का नियमवाला (साधु)।
उक्खिप्प देखो उक्खिव = उत् + क्षिप्।
उक्खिय वि [उक्षित] सीचा हुआ।
उक्खिल्ल सक [दे] उखाड़ना।
उक्खिव सक [उप + क्षिप्] स्थापन करना।
उक्खिव सक [उत् + क्षिप्] फेंकना। ऊँचा फेंकना। उडाना। बाहर करना। काटना। उठाना।
उक्खुड पु [दे] उल्मुक, अलात, मशाल। समूह। अञ्चल।
उक्खुड सक [तुड्] तोडना, टुकडा करना।
उक्खुडिअ वि [तुडित] खण्डित, छिन्न, भिन्न। व्यय किया हुआ।
उक्खुत्त वि [दे. उत्कृत्त] काटा हुआ।
उक्खुब्भ अक [उत् + क्षुभ्] क्षुब्ध होना।
उक्खुरुहुचिअ वि [दे] उत्क्षिप्त।
उक्खुलंप सक [दे] खुजवाना।
उक्खुहिअ वि [उत्क्षुब्ध] क्षोभ-प्राप्त।
उक्खेव पु [उत्क्षेप] उत्पाटन, उन्मूलन। ऊँचा करना। फेंकना। जो उठाया जाय वह।
उक्खेव पुं [उपक्षेप] उपोद्घात, भूमिका।
उक्खेवग वि [उत्क्षेपक] ऊँचा फेकनेवाला। पु. एक जाति का पंखा।
उक्खेविअ अ [उत्क्षेपित] जलाया हुआ (धूप)।
उक्खोडिअ वि [उत्खोटित] उत्क्षिप्त, उड़ाया हुआ। छिन्न, उखाडा हुआ।
उग अक [उत् + गम्] उदित होना।
उग (अप) वि [उद्गत] उदित।
उगाहिअ वि [दे] उत्क्षिप्त, फेका हुआ।
उगुणपण्ण स्त्रीन[एकोनपञ्चाशत्] ऊनपचास।
उगुणवीसा स्त्री [एकोनविंशति] उन्नीस।
उगुणुत्तर न [एकोनसप्तति] उनहत्तर।
उगुणउइ स्त्री [एकोननवति] नवासी।
उगुसीइ स्त्री [एकोनाशीति] उनासी।
उग्ग अक [उद् + गम्] उदित होना।
उग्ग सक [उद् + घाटय्] खोलना।
उग्ग वि [उग्र] तेज, तीव्र, प्रबल। पुं. क्षत्रिय की एक जाति, जिसको भगवान् आदिदेव ने आरक्षक-पद पर नियुक्त किया था। °वई स्त्री [°वती] ज्योतिः-शास्त्र-प्रसिद्ध नन्दा-तिथि की रात। °सिरि पुं [°श्रीक] राक्षस वंश का एक राजा, स्वनाम-ख्यात एक लंकेश।

उच्चर सक [उत् + चर्] पार जाना, उत्तीर्ण होना। बोलना। अक. समर्थ होना, पहुँच सकना। बाहर निकलना।

उच्चलण न [उच्चलन] उन्मर्दन, उत्पीडन।

उच्चलिय वि [उच्चलित] चलित, गत।

उच्चल्ल वि [दे] अध्यासित, आरूढ। विदारित।

उच्चल्ल सक [उत् + चल्] चलना, जाना। समीप में आना।

उच्चा अ [उच्चैस्] ऊँचा। उत्तम, श्रेष्ठ। °गोत्त, °गोय न [°गोत्र] उत्तम गोत्र, श्रेष्ठ-वंश। कर्म-विशेष, जिसके प्रभाव से जीव उत्तम माने-जाते कुल में उत्पन्न होता है। °वय न [°व्रत] महाव्रत। वि. महाव्रतधारी।

उच्चाअ वि [दे] श्रान्त। पुं. आलिङ्गन।

उच्चाइय वि [दे उत्त्याजित] उत्थापित, उठाया हुआ।

उच्चाग पु हिमाचल पर्वत। °य वि [°ज] हिमाचल में उत्पन्न।

उच्चाड वि [दे] विपुल, विशाल।

उच्चाड सक [दे] रोकना। अक. अफसोस करना।

उच्चाडण न [उच्चाटन] एक स्थान से दूसरे स्थान में उठा ले आना, स्व-स्थान से भ्रष्ट करना। मन्त्र-विशेष, जिसके प्रभाव से वस्तु अपने स्थान से उडायी जा सकती है।

उच्चाडणी स्त्री [उच्चाटनी] विद्या विशेष जिसके द्वारा वस्तु अपने स्थान से उडायी जा सकती है।

उच्चार सक [उत् + चारय्] बोलना। मलोत्सर्ग करना।

उच्चार वि [दे] स्वच्छ।

उच्चारण न. कथन।

उच्चारिअ वि [दे] गृहीत, उपात्त।

उच्चाल सक [उत् + चालय्] ऊँचा फेंकना। दूर करना।

उच्चालइय वि [उच्चालयितृ] दूर करनेवाला, त्यागनेवाला।

उच्चाव सक [उच्चय्] ऊँचा करना, उठाना।

उच्चावय वि [उच्चावच] ऊँचा और नीचा। उत्तम और अधम। अनुकूल और प्रतिकूल। असमञ्जस, अव्यवस्थित। नानाविध। विशेष उत्तम।

उच्चिट्ठ अक [उत् + स्था] खडा होना।

उच्चिडिम वि [दे] मर्यादा-रहित, निर्लज्ज।

उच्चिण सक [उत् + चि] फूल वगैरह को तोड कर एकत्रित करना, इकट्ठा करना।

उच्चिय देखो उचिय।

उच्चिवलय न [दे] कलुषित जल।

उच्चुंच वि [दे] दृप्त, अभिमानी।

उच्चुग वि [दे] अनवस्थित।

उच्चुड अक [उत् + चुड्] अपसरण करना।

उच्चुप्प सक [चट्] आर्द्र होना।

उच्चुरण [दे] उच्छिष्ट।

उच्चुलउलिअ न [दे] कुतूहल से शीघ्र-शीघ्र जाना।

उच्चुल्ल वि [दे] उद्विग्न। अधिक्षिप्त। भीत।

उच्चूड पुं निशान का नीचे लटकता हुआ शृंगारित वस्त्राग्र।

उच्चूर वि [दे] बहुविध।

उच्चूल पुं [अवचूल] निशान का नीचे लटकता हुआ शृङ्गारित वस्त्राग्र। औंधा-सिर—पैर ऊपर और सिर नीचे कर—खडा किया हुआ।

उच्चे देखो उच्चिण।

उच्चेय वि [उच्चेतस्] चिन्तातुर मनवाला।

उच्चेल्लर न [दे] ऊसर भूमि। जघनस्थानीय केश।

उच्चेव वि [दे] प्रकट, व्यक्त।

उच्चोड पुं. [दे] शोषण ।
उच्चोदय पुं. चक्रवर्ती का एक देवकृत प्रासाद ।
उच्चोल पुं [दे] खेद, उद्वेग । नीवी, स्त्री के कटि-वस्त्र की नाड़ी ।
उच्छ पुं [उक्षन्] वृषभ ।
उच्छ पु [दे] आँत का आवरण । वि. न्यून, हीन ।
उच्छअ पु [उत्सव] क्षण, उत्सव ।
°उच्छअ वि [पृच्छक] प्रश्न-कर्ता ।
उच्छइअ वि [उच्छदित] आच्छादित ।
उच्छंखल वि [उच्छृङ्खल] शृङ्खला-रहित, अवरोध-वर्जित, बन्धन-शून्य । उद्धत ।
उच्छंग पु [उत्सङ्ग] मध्य भाग । गोद । पृष्ठ देश ।
उच्छंगिअ वि [उत्सङ्गित] कोरा, कोली या गोद में लिया हुआ ।
उच्छंगिअ वि [दे] आगे किया हुआ, आगे रखा हुआ ।
उच्छंघ देखो उत्थंघ ।
उच्छट पुं [दे] झडप से की हुई चोरी ।
उच्छट्ट पुं [दे] चोर, डाकू ।
उच्छडिअ वि [दे] चोरी का माल ।
°उच्छण न [प्रच्छन] प्रश्न, पूछना ।
उच्छण्ण वि [उत्सन्न] छिन्न, खण्डित, नष्ट ।
उच्छत्त न [अपच्छत्र] अपने दोष को ढकने का व्यर्थ प्रयत्न । मृषावाद ।
उच्छप्प सक [उत् + सर्पय्] उन्नत करना, प्रभावित करना ।
उच्छल अक [उत् + शल्] उछलना, ऊँचा जाना । कूदना । पसरना, फैलना ।
उच्छल्ल देखो उच्छल ।
उच्छल्ल वि [उच्छल] उछलनेवाला ।
उच्छल्लणा स्त्री [दे] अपवर्त्तना, अपप्रेरणा ।
उच्छल्लिअ वि [दे] जिसकी छाल काटी गई हो वह ।
उच्छव देखो उच्छअ । उत्सेक ।
उच्छविअ न [दे] शय्या, बिछौना ।
उच्छह सक [उत् + सह्] उद्यम करना । अक. उत्साहित होना ।
उच्छाइअ वि [अवच्छादित] आच्छादित, ढका हुआ ।
उच्छाडिअ (अप) वि [अवच्छादित] ढका हुआ ।
उच्छाण देखो उच्छ = उक्षन् ।
उच्छाय पुं [उच्छ्राय] उत्सेध, ऊँचाई ।
उच्छाय सक [अव + छादय्] ढकना ।
उच्छायण वि [उच्छादन] नाशक ।
उच्छायणया, उच्छायणा } स्त्री [उच्छादना] उच्छेद, विनाश । व्यवच्छेद, व्यावृत्ति ।
उच्छार देखो उत्थार = आ + क्रम् ।
उच्छाल सक [उत् + शालय्] उछालना, ऊँचा फेंकना ।
उच्छास देखो ऊसास ।
उच्छाह सक [उत् + साहय्] उत्साह दिखाना, उत्तेजित करना ।
उच्छाह पु [उत्साह] उत्साह । दृढ उद्यम, स्थिर प्रयत्न । उत्कण्ठा, उत्सुकता । पराक्रम । शक्ति ।
उच्छाह पुं [दे] सूत का डोरा ।
उच्छिद सक [उत् + छिद्] उन्मूलन करना, उखाड़ना ।
उच्छिदण न [दे] उधार लेना ।
उच्छिपग वि [अवच्छिम्पक] चोरों को खान-पान वगैरह की सहायता देनेवाला ।
उच्छिपण न [उत्क्षेपण] ऊपर फेंकना । बाहर निकालना ।
उच्छिट्ठ वि [उच्छिष्ट] जूठा । अशिष्ट, असभ्य ।
उच्छिण्ण वि [उच्छिन्न] उच्छिन्न, उन्मूलित ।
उच्छित्त वि [दे] विक्षिप्त । पागल ।
उच्छित्त वि [उत्क्षिप्त] फेंका हुआ ।
उच्छित्त देखो उट्ठिय ।

उच्छित्त वि [उत्सिक्त] सींचा हुआ।
उच्छिप्प देखो उक्खिव।
उच्छिय वि [उच्छ्रित] उन्नत, ऊँचा।
उच्छिरण वि [दे] उच्छिष्ट, जूठा।
उच्छिल्ल न [दे] विवर। वि. अवजीर्ण।
उच्छु देखो इक्खु। °जंत न [°यंत्र] ईख पेरने का साचा।
उच्छु पुं [दे] वायु।
उच्छुअ वि [उत्सुक] उत्कण्ठित।
उच्छुअ न [दे] डरते-डरते की हुई चोरी।
उच्छुअरण न [दे] ईख का खेत।
उच्छुआर वि [दे] संछन्न, ढका हुआ।
उच्छुंडिअ वि [दे] बाण वगैरह से आहत। छीना हुआ।
उच्छुच्छु वि [दे] अभिमानी।
उच्छुण्ण वि [उत्क्षुण्ण] खण्डित, तोड़ा हुआ। आक्रान्त।
उच्छुद्ध वि [दे] विक्षिप्त। पतित।
उच्छुभ सक [अप + क्षिप्] आक्रोश करना, गाली देना।
उच्छुभण न [उत्क्षेपण] ऊँचा फेंकना।
उच्छुर वि [दे] अविनश्वर, स्थायी।
उच्छुरण न [दे] ईख का खेत। ईख।
उच्छुल्ल पुं [दे] अनुवाद। खेद, उद्वेग।
उच्छूढ वि [दे] आरूढ, ऊपर बैठा हुआ।
उच्छूढ वि [उत्क्षिप्त] उज्झित। चुराया हुआ। निष्कासित।
उच्छूढ वि [उत्क्षुब्ध] त्यक्त।
उच्छूर देखो उल्लूर = तुड।
उच्छूल देखो उच्चूल।
उच्छेअ पु [उच्छेद] नाश, उन्मूलन।
उच्छेर अक [उत् + श्रि] ऊँचा होना, उन्नत होना। अधिक होना, अतिरिक्त होना।
उच्छेव पुं [उत्क्षेप] ऊँचा करना, उठाना। फेकना।
उच्छेव पुं [उत्क्षेप] प्रक्षेप।
उच्छेवण न [दे] घी।
उच्छेह पुं [उत्सेध] ऊँचाई।
उच्छोडिय वि [उच्छोटित] मुक्त किया हुआ।
उच्छोभ वि शोभा-रहित। न. चुगली।
उच्छोल सक [उत् + मूलय्] उखाड़ना।
उच्छोल सक [उत् + क्षालय्] प्रक्षालन करना।
उच्छोला स्त्री [दे] प्रभूत जल।
उच्छोलित्तु वि [उत्क्षालयितृ] धोनेवाला।
उजु देखो उज्जु।
उज्ज देखो ओय = ओजस्।
उज्ज न [ऊर्ज] तेज, प्रताप। बल।
उज्जअणी } स्त्री [उज्जयनी, °यिनि] नगरी-
उज्जइणी } विशेष।
उज्जंगल न [दे] बलात्कार, जबरदस्ती। वि. दीर्घ, लम्बा।
उज्जगरय पु [उज्जागरक] जागरण।
उज्जग्गिर न [उज्जागर] निद्रा का अभाव।
उज्जग्गुज्ज वि [दे] निर्मल।
उज्जड वि [दे] उजाड, वसति-रहित।
उज्जणिअ वि [दे] वक्र, टेढा।
उज्जम अक [उद् + यम्] उद्यम करना, प्रयत्न करना।
उज्जमण (अप) न [उद्यापन] उद्यापन, व्रत-समाप्ति कार्य।
उज्जमिय (अप) वि [उद्यापित] समापित (व्रत)।
उज्जम्ह अक [उत् + जृम्भ्] जोर से जँभाई लेना।
उज्जय हि [उद्यत] उद्योगी, प्रयत्नशील। °मरण न. मरण-विशेष।
उज्जयंत पुं [उज्जयन्त] गिरनार पर्वत।
उज्जर वि [दे] मध्य-गत, भीतर का। पुं. निर्जरण, क्षय।
उज्जल अक [उद् + ज्वल्] जलना। प्रकाशित होना।
उज्जल वि [उज्ज्वल] निर्मल। चमकीला।

उज्जल वि [दे] देखो उज्जल्ल ।
उज्जलिअ पुं [उज्ज्वलित] तीसरी नरक-भूमि का सातवाँ नरकेन्द्रक ।
उज्जलिअ वि [उज्ज्वलित] उद्दीप्त, प्रकाशित । ऊँची ज्वालाओं से युक्त । न. उद्दीपन ।
उज्जल्ल वि [दे] पसीनावाला, मलिन, बलवान ।
उज्जल्ल न [औज्ज्वल्य] उज्ज्वलता ।
उज्जल्ला स्त्री [दे] बलात्कार, जबरदस्ती ।
उज्जव अक [उद् + यत्] प्रयत्न करना ।
उज्जवण देखो उज्जावण ।
उज्जह सक [उद् + हा] प्रेरणा करना ।
उज्जाअर } पुं [उज्जागर] जागरण, निद्रा का
उज्जागर } अभाव ।
उज्जाडिअ वि [दे] उजाड किया हुआ ।
उज्जाण न [उद्यान] उपवन । °जत्ता स्त्री [°यात्रा] गोष्ठी । °पालअ, °वाल वि [°पालक, °पाल] माली ।
उज्जाणिअ वि [औद्यानिक] उद्यान-सम्बन्धी, बगीचा का ।
उज्जाणिअ वि [दे] निम्नीकृत ।
उज्जाणिआ } स्त्री [औद्यानिका] गोष्ठी,
उज्जाणिगा } गोठ ।
उज्जाणी स्त्री [औद्यानी] गोष्ठी ।
उज्जायण न [उद्यायन] गोत्र-विशेष ।
उज्जाल सक [उत् + ज्वालय्] उज्ज्वल करना, विशेष निर्मल करना ।
उज्जाल सक [उद् + ज्वालय्] उजाला करना । जलाना ।
उज्जालय वि [उज्ज्वालक] आग सुलगानेवाला ।
उज्जावण न [उद्यापन] व्रत का समाप्तिकार्य ।
उज्जाविय वि [दे] विकासित ।
उज्जिअ देखो उज्जअ ।

हुआ ।
उज्जु वि [ऋ
[°कृत] नि
माया-रहि
[°जड] स
समझनेवा
ज्ञान का
के मनोभ
ज्ञानवाला
नदी-विशेष
को केवल-
[°सूत्र] व
नय-विशेष
अर्थ । °हु
उज्जु पु [ऋ
उज्जुआइअ
हुआ ।
उज्जुत्त वि
उज्जुरिअ वि
उज्जूढ वि
उज्जेणग पु
उपासक व
उज्जेणी देख
उज्जोअ स
उद्योत क
उज्जोअ पु
उज्जोअ पु
वि [°क
भूत कर्म
विशेष ।
उज्जोअग
उज्जोअण

उज्जोमिआ स्त्री [दे] रश्मि, रस्सी ।
उज्जोव देखो उज्जोअ = उद् + द्योतय् ।
उज्झ सक [उज्झ्] त्याग करना, छोड देना ।
उज्झ पु [उज्झ, उद्ध्य] उपाध्याय, पाठक ।
उज्झअ, उज्झग वि [उज्झक] त्याग करनेवाला, छोडनेवाला ।
उज्झणिअ वि [दे] विक्रीत, निम्नीकृत ।
उज्झमण न [दे] पलायन, भागना ।
उज्झमाण वि [दे] पलायित, भागा हुआ ।
उज्झर पु [निर्झर] पहाड का झरना । °वण्णी स्त्री [°पर्णी] जल-प्रपात ।
उज्झरिअ वि [दे] टेढी नजर से देखा हुआ । विक्षिप्त । फेंका हुआ । परित्यक्त ।
उज्झल वि [दे] प्रबल, बलिष्ठ ।
उज्झलिअ वि [दे] प्रक्षिप्त । विक्षिप्त ।
उज्झस पु [दे] उद्यम, उद्योग, प्रयत्न ।
उज्झसिअ वि [दे] उत्कृष्ट, उत्तम ।
°उज्झा देखो अउज्झा ।
उज्झाय पु [उपाध्याय] विद्या-दाता गुरु, शिक्षक ।
उज्झासि वि [उद्भासिन्] देदीप्यमान ।
उज्झिखिअ न [दे] लोकापवाद । वि. निन्दनीय । कथनीय ।
उज्झिय वि [उज्झित] विमुक्त । भिन्न । न. परित्याग । °य पुं [°क] एक सार्थवाह का पुत्र ।
उज्झिय वि [दे] शुष्क । निम्नीकृत ।
उज्झिया स्त्री [उज्झिता] एक सार्थवाह-पत्नी ।
उट्ट पुंस्त्री [उष्ट्र] ऊँट ।
उट्टार पु [अवतार] तीर्थ, जलाशय का तट ।
उट्टिगा देखो उट्टिया ।
उट्टिय, उट्टियय वि [औष्ट्रिक] ऊँट-सम्बन्धी । ऊँट के रोओ का बना हुआ । पुं. भृत्य । घड़ा ।
उट्टिया स्त्री [उष्ट्रिका] घड़ा, कुम्भ । °समण पुं [°श्रमण] आजीविक-मत का साधु, जो बडे घड़े मे बैठ कर तपस्या करता है ।
उट्ठ अक [उत् + स्था] उठना, खड़ा होना ।
उट्ठ वि [उत्थ] उठा हुआ । °वइस अप [°उपवेश] उठ-बैठ ।
उट्ठ पुं [ओष्ठ] ओठ ।
उट्ठ पुं [उष्ट्र] जलचर जन्तु-विशेष ।
उट्ठण देखो उट्ठाण ।
उट्ठंभ सक [अव + स्तभ्] सहारा देना । आक्रमण करना ।
उट्ठवण न [उत्थापन] ऊँचा करना, उठाना ।
उट्ठा देखो उट्ठ = उत् + स्था ।
उट्ठा स्त्री [उत्था] उत्थान, उठान ।
उट्ठाइअ वि [उत्थित] जो तैयार हुआ हो, प्रगुण । उत्पन्न, उत्थित ।
उट्ठाण न [उत्थान] उठान, ऊँचा होना । उद्भव, उत्पत्ति । आरम्भ । उद्वसन, बाहर निकलना । °सुय न [°श्रुत] शास्त्र-विशेष ।
उट्ठाय देखो उट्ठ = उत् + स्था ।
उट्ठाव सक [उत् + स्थापय्] उठाना ।
उट्ठावण देखो उट्ठवण ।
उट्ठावण देखो उवट्ठावणा ।
उट्ठावणा देखो उवट्ठावणा ।
उट्ठाविअ वि [उत्थापित] उठाया हुआ, खडा किया हुआ । उत्पातित ।
उट्ठिय वि [उत्थित] खडा हुआ । उत्पन्न, उद्भूत । उदित । उद्यत, उद्युक्त । उद्वसित, बाहर निकला हुआ ।
उट्ठिसिय वि [उद्घुषित] पुलकित ।
उट्ठीअ (अप) देखो उट्ठिय ।
उट्ठुभ, उट्ठुह अक [अव + ष्ठीव्] थूकना ।
उठिअ (अप) देखो उट्ठिय ।
°उड पुंन [कुट] कुम्भ ।
°उड पु [कूट] समूह, राशि ।
°उड देखो पुड ।
उडंक पुं [उटङ्क] तापस-विशेष ।

उडंव वि [दे] लिपा हुआ।

उडज, उडय, उडव } पुं [उटज] ऋषि-आश्रम, पर्ण-शाला।

उडाहिअ वि [दे] फेंका हुआ।

उडिअ वि [दे] खोजा हुआ।

उडिउ पुं [दे] उरद, धान्य-विशेष।

उडु पुं. एक देव-विमान। °प्पभ पुंन [°प्रभ] उडु नामक विमान के पूर्व तरफ स्थित एक देव-विमान। °मज्झ पुन [°मध्य] उडु-विमान के दक्षिण तरफ का एक देव-विमान। °यावत्त पुन [°कावर्त] उडुविमान के पश्चिम तरफ का एक देव-विमान। °सिट्ठ पुंन [°सृष्ट] उडुविमान के उत्तर तरफ का एक देव-विमान।

उडु न. नक्षत्र। विमान-विशेष। °प, °व पुं [°प] चन्द्रमा। जहाज, नौका। एक की संख्या। °वइ पुं [°पति] चन्द्र। °वर पुं. सूर्य।

उडु देखो उउ।

उडुवरिज्जिया स्त्री [उदुम्बरीया] जैन मुनियो की एक शाखा।

उडुहिअ न [दे] विवाहिता स्त्री का कोप। वि. जूठा।

उडूहल पुंन [उडूखल] उलूखल।

उड्ड पुं [उड्र] उत्कल, ओड़, ओड्र नामों से प्रसिद्ध देश, जिसको आजकल उड़ीसा कहते हैं। इस देश का निवासी, उडिया।

उड्ड वि [दे] कुँआ आदि को खोदनेवाला, खनक।

उड्डण पुं [दे] बैल, साँड। वि. लम्बा।

उड्डंस देखो उद्दंस।

उड्डस पु [दे] खटमल, खटकीरा, उडिस।

उड्डहण पुं [दे] चोर, डाकू।

उड्डाअ पुं [दे] उद्गम, उद्भव।

उड्डाण न [उड्डयन] उड़ान, उड़ना।

उड्डाण पुं [दे] प्रतिशब्द, कुरर। पक्षि-विशेष। विष्ठा। मनोरथ। वि. गर्विष्ठ।

उड्डामर वि. उद्भट, प्रबल। भीति। आडम्बर-वाला, टीपटापवाला।

उड्डाव सक [उद् + डायय्] उडाना।

उड्डाव वि [उड्डायक] उड़ानेवाला।

उड्डावण न [उड्डायन] उड़ाना। आकर्षण।

उड्डास पुं [दे] सन्ताप, परिताप।

उड्डाह पुं [उद्दाह] भयङ्कर दाह, जला देना। मालिन्य, निन्दा, उपघात।

उड्डिअ वि [औड्र] उडीसा देश का निवासी।

उड्डिअ वि [दे] उत्क्षिप्त, फेंका हुआ।

उड्डिआहरण न [दे] छुरी पर रक्खे हुए फूल को पाँव की दो उँगलियों से लेते हुए चल जाना।

उड्डिय वि [उड्डीन] उडा हुआ।

उड्डिहिअ वि [दे] ऊपर फेंका हुआ।

उड्डी अक [उद् + डी] उडना।

उड्डी स्त्री [औड्री] उत्कल देश की लिपि।

उड्डीण वि [उड्डीन] उडा हुआ।

उड्डुअ पुं [दे] डकार, उद्गार।

उड्डुइय, उड्डोअ } पुं [दे] देखो। उड्डुअ।

उड्डुवाडिय पुं [उड्डुवाटिक] भगवान् महावीर के एक गण का नाम।

उड्डुहिअ देखो उडुहिअ।

उड्डोय देखो उड्डुअ।

उड्ढ न [ऊर्ध्व] ऊपर, ऊँचा। वमन। वि. उत्तम, मुख्य। खडा, दण्डायमान। उपरितन। °कंडूयग पु [°कण्डूयक] तापसो का एक सम्प्रदाय जो नाभि के ऊपर भाग में ही खुजलाते है। °काय पुं. शरीर का उपरितन भाग। °काय पुं [°काक] काक। °गम वि ऊपर जानेवाला। °चर वि. ऊपर चलनेवाला, आकाश मे उडनेवाला(गृध्रादि)। °दिसा स्त्री [°दिश्] ऊर्ध्व दिशा। °रेणु पु. परिमाण-

विशेष, आठ। °लोग, °लोय पुं [°लोक] स्वर्ग, देव-लोक। °वाय पुं [°वात] ऊँचा गया हुआ वायु।

उड्ढं ऊपर देखो।

उड्ढंक न [दे] मार्ग का उन्नत भू-भाग।

उड्ढल } पु [दे] उल्लास, विकास।
उड्ढल्ल }

उड्ढविय वि [ऊर्ध्वित] ऊँचा किया हुआ।

उड्ढा स्त्री [ऊर्ध्वा] ऊर्ध्व-दिशा।

उड्ढि [दे] देखो उद्धि।

उड्ढि देखो वुड्ढि।

उड्ढि देखो इद्धि।

उड्ढिय देखो उद्धरिअ = उद्धृत।

उड्ढिया स्त्री [दे] पात्र-विशेष। कम्बल वगैरह ओढने का वस्त्र।

उणं देखो पुण = पुनर्।

उण न [ऋण] करजा।

उण }
उणा } देखो पुण।
उणाइ

उणपन्न स्त्रीन [एकोनपञ्चाशत्] उनचास।

उणाइ पुं [उणादि] व्याकरण का एक प्रकरण।

उणाइ पुं [दे] प्रिय, पति, नायक।

उणो देखो पुण।

उण्ण न [ऊर्ण] भेड़ या बकरी के रोम, रोआँ। °कप्पास पुं [°कार्पास] ऊन। °णाभ पुं [°नाभ] मकडी।

°उण्ण देखो पुण्ण = पूर्ण।

उण्णअ सक [उद्+नद्] पुकारना, आह्वान करना।

उण्णइ स्त्री [उन्नति] अभ्युदय।

उण्णम अक [उत्+नम्] ऊँचा होना, उन्नत होना।

उण्णम वि [दे] समुन्नत, ऊँचा।

उण्णय वि [उन्नत] ऊँचा। गुणवान। अभिमानी। गर्व।

उण्णय पुं [उन्नय] नीति का अभाव।

उण्णा स्त्री [ऊर्णा] ऊन, भेड के रोम। °पिपीलिया स्त्री [°पिपीलिका] चीटी।

उण्णाअक वि [उन्नायक] उन्नति-कारक। पुंन. छन्द:शास्त्र प्रसिद्ध मध्य-गुरु चतुष्कल की संज्ञा।

उण्णाग पुं [उन्नाक] ग्राम-विशेष।

उण्णाम पुं [उन्नाम] उन्नति, ऊँचाई। अभिमान। गर्व का कारण-भूत कर्म।

उण्णाम सक [उद्+नमय्] ऊँचा करना।

उण्णाल सक [उद्+नमय्] ऊँचा करना।

उण्णालिय वि [दे] कृश। उन्नमित।

उण्णिअ वि [उन्नीत] वितर्कित, विचारित।

उण्णिअ वि [और्णिक] ऊन का बना हुआ।

उण्णिद्द वि [उन्निद्र] विकसित, उल्लसित। निद्रा-रहित।

उण्णी सक [उद्+नी] ऊँचा ले जाना। कहना।

उण्णुइअ पु [दे] हुँकार। आकाश की तरफ मुँह किए हुए कुत्ते की आवाज। वि. गर्वित।

उण्ह पुं [उष्ण] गरमी। वि. तप्त।

उण्हवण न [उष्णन] गरम करना।

उण्हिआ स्त्री [दे] कृसर, खिचडी।

उण्हीस पुंन [उष्णीष] पगडी, मुकुट।

उण्होदयभंड पुं [दे] भमरा।

उण्होला स्त्री [दे] कीट-विशेष।

उताहो अ [उताहो] अथवा।

उत्त वि [उक्त] कथित।

उत्त वि [उप्त] बोया हुआ। निष्पादित, उत्पादित।

उत्त पु [दे] वनस्पति-विशेष।

°उत्त वि [गुप्त] रक्षित।

उत्त देखो पुत्त।

उत्तइय } वि [उत्तेजित]।
उत्तइय }

उत्तंघ देखो उत्थंघ = रुध् ।
उत्तंघ देखो उत्तंभ ।
उत्तंत देखो वुत्तंत ।
उत्तंपिअ वि [दे] खिन्न, उद्विग्न ।
उत्तंभ सक [उत् + स्तम्भ्] रोकना । सहारा देना ।
उत्तंभय वि [उत्तम्भक] रोकनेवाला । अवलम्बन देनेवाला, सहायक ।
उत्तंस पुं [अवतंस] शिरो-भूषण ।
उत्तंस पुं [उत्तंस] कर्णपूरक, कर्णभूषण ।
उत्तइय वि [दे] उत्तेजित अधिक दीपित ।
उत्तण वि [दे] गर्वित । देखो उत्तुण ।
उत्तण वि [उत्तृण] तृणवाली जमीन ।
उत्तणुअ वि [उत्तनुक] अभिमानी ।
उत्तत्त वि [उत्तप्त] बहुत गरम ।
उत्तत्त वि [दे] अध्यासित, आरूढ ।
उत्तत्थ वि [उत्त्रस्त] भय-भीत, त्रास-प्राप्त ।
उत्तद्ध देखो उत्तरद्ध ।
उत्तप्प वि [दे] अभिमानी । अधिक गुणवाला ।
उत्तप्प वि [उत्तप्त] देदीप्यमान ।
उत्तम पुं. एक दिन का उपवास । वि. श्रेष्ठ, सुन्दर । मुख्य । परम, उत्कृष्ट । अन्तिम । पुं. मेरुपर्वत । संयम, त्याग । राक्षस वंश का एक राजा, स्वनाम-ख्यात एक लङ्केश । °ट्ठ पुं. [°र्थ] श्रेष्ठ वस्तु । मोक्ष । मोक्षमार्ग । अनशन, मरण । °ण्ण वि [°र्ण] लेनदार ।
उत्तम वि [उत्तमस्] अज्ञान-रहित ।
उत्तमंग न [उत्तमाङ्ग] मस्तक ।
उत्तमा स्त्री 'णायाधम्मकहा' का एक अध्ययन । इन्द्राणी । पक्ष की प्रथम रात्रि ।
उत्तम्म अक [उत् + तम्] खिन्न होना, उद्विग्न होना । दिलगीर होना ।
उत्तर अक [उत् + तृ] उतरना, नीचे आना । बाहर निकलना । सक. पार करना ।
उत्तर अक [अव + तृ] उतरना, नीचे आना ।
उत्तर वि. श्रेष्ठ, प्रशस्त । प्रधान । उत्तर-दिशा में रहा हुआ । उपरि-वर्त्ती । अधिक, अतिरिक्त । अवान्तर, भेद, शाखा । ऊन का बना हुआ वस्त्र, कम्बल वगैरह । न. प्रत्युत्तर । वृद्धि । पुं. ऐरवत क्षेत्र के बाईसवें भावी जिनदेव का नाम । वर्षा-कल्प । आर्य-महागिरि के प्रथम शिष्य । °कंचुय पुं [°कञ्चुक] वस्त्र-विशेष । °करण न. उपस्कार, संस्कार, विशेष-गुणावान । °कुरा स्त्री [°कुरु] स्वनाम-ख्यात क्षेत्र-विशेष । °कुरु पुं. वर्ष-विशेष । देव-विशेष । °कुरुकूड न [°कुरुकूट] माल्यवन्त पर्वत का एक शिखर । देव-विशेष । °कोडि स्त्री [°कोटि] सङ्गीतशास्त्रप्रसिद्ध गान्धार-ग्राम की एक मूर्च्छना । °गंधारा स्त्री [°गान्धारा] देखो पूर्वोक्त अर्थ । °गुण पुं शाखा गुण, अवान्तर गुण । °चावाला स्त्री. नगरी-विशेष । °चूल [°चूड] गुरु वन्दन का एक दोष, गुरु को वन्दन कर बड़े आवाज से 'मत्थएण वंदामि' कहना । °चूलिया स्त्री [°चूलिका] देखो अनन्तर-उक्त अर्थ । °ड्ढ न [°र्ध] पिछला आधा भाग, उत्तरार्ध । °दिसा स्त्री [°दिश्] उत्तर-दिशा । °द्ध न [°र्ध] पिछला आधा भाग । °पगइ, °पयडि स्त्री [°प्रकृति] कर्मो के अवान्तर भेद । °पच्चत्थिमिल्ल पुं [°पाश्चात्य] वायव्य कोण । °पट्ट पुं. बिछौना के ऊपर का वस्त्र । °पारणग न [°पारणक] उपवासादि व्रत की समाप्ति, पारण । °पुरच्छिम, °पुरत्थिम पुं [°पौरस्त्य] ईशान कोण । °पोट्ठवया स्त्री [°प्रौष्ठपदा] उत्तरा भाद्रपदा नक्षत्र । °फग्गुणी स्त्री [°फाल्गुनी] उत्तर-फाल्गुनी नक्षत्र । °बलिस्सह पुं. एक प्रसिद्ध जैन साधु । उत्तर बलिस्सह-नामक स्थविर से निकाला हुआ एक गण, भगवान् महावीर का द्वितीय गण—साधु-सम्प्रदाय । °भद्दवया स्त्री [भाद्रपदा] नक्षत्र-विशेष । °मंदा स्त्री. मध्यम ग्राम की एक मूर्च्छना । °महुरा स्त्री [°मथुरा] नगरी-विशेष । °वाय पुं [°वाद] उत्तरवाद ।

°विक्किय, °वेउव्विय वि [°वैक्रिय] स्वाभाविक-भिन्न वैक्रिय, बनावटी वैक्रिय। °साला स्त्री [°शाला] क्रीडा-गृह। पीछे से बनाया हुआ घर। वाहन-गृह, हाथी-घोड़ा आदि बांधने का स्थान, तबेला। °साहग, °साहय वि [°साधक] विद्या, मन्त्र वगैरह का साधन करनेवाले का सहायक। देखो उत्तरा°।

उत्तरंग न [उत्तरङ्ग] दरवाजे का ऊपर का काष्ठ। वि. चञ्चल।

उत्तरकुरु पुं.ब. देव-भूमि, स्वर्ग। स्त्री. भगवान् नेमिनाथ की दीक्षाशिविका।

उत्तरणवरंडिया स्त्री [दे] उडुप, जहाज।

उत्तरविउव्विय वि [उत्तरवैक्रियिक] उत्तर-वैक्रिय नामक लब्धि से सम्पन्न।

उत्तरसंग देखो उत्तरा-संग।

उत्तरा स्त्री. उत्तर-दिशा। मध्यम ग्राम की एक मूर्च्छना। एक दिशा-कुमारी देवी। दिगम्बर-मत प्रवर्तक आचार्य शिवभूति की स्वनामख्यात भगिनी। अहिच्छत्रा नगरी की एक वापी का नाम। °णंदा स्त्री [°नन्दा] एक दिक्कुमारी देवी। °पह पुं [°पथ] उत्तरदिशा-स्थित देश। °फग्गुणी देखो उत्तरफग्गुणी। °भद्दवया देखो उत्तर-भद्दवया। °यण न सूर्य का उत्तर दिशा में गमन, माघ से लेकर छः महीना। °यया स्त्री [°यता] गान्धार ग्राम की एक मूर्च्छना। °वह देखो °पह। °संग पुं. उत्तरीय वस्त्र का शरीर में न्यास-विशेष, उत्तरासण। °समा स्त्री. मध्यम ग्राम की एक मूर्च्छना। °साढा स्त्री [°षाढा] नक्षत्र-विशेष। °हुत्त न [°भिमुख] उत्तर की तरफ। वि. उत्तर दिशा की तरफ मुंह किया हुआ।

उत्तरिज्ज } न [उत्तरीय] चादर, दुपट्टा।
उत्तरिय }

उत्तरिय वि [औत्तरिक, औत्तराह] देखो उत्तर।

उत्तरिल्ल वि [औत्तराह] उत्तर-दिशा या काल में उत्पन्न या स्थित, उत्तर-सम्बन्धी, उत्तरीय।

उत्तरीअ देखो उत्तरिय = उत्तरीय।

उत्तरीकरण न. उत्कृष्ट बनाना, विशेष शुद्ध करना।

उत्तरोट्ठ पुं [उत्तरौष्ठ] ऊपर का ओठ। मूंछ।

उत्तलहअ पुं [दे] विटप, अङ्कुर।

उत्तव वि [उक्तवत्] जिसने कहा हो वह।

उत्तस अक [उत् + त्रस्] त्रास पाना, पीड़ित होना। भयभीत होना।

उत्ताड सक [उत् + ताडय्] ताड़न करना। वाद्य बजाना।

उत्ताण वि [उत्तान] उन्मुख, ऊर्ध्वमुख। चित्त। विस्फारित। अनिपुण। °साइय वि [°शायिन्] चित्त सोनेवाला।

उत्ताणपत्तय वि [दे] एरण्ड-सम्बन्धी (पत्ती वगैरह)।

उत्ताणिअ वि [उत्तानित] चित्त किया हुआ। चित्त सोनेवाला।

उत्तार सक [अव + तारय्] नीचे उतारना।

उत्तार सक [उत् + तारय्] पार पहुँचाना। बाहर निकालना। दूर करना।

उत्तार पुं [उत्तार] उतरना, पार करना। परित्याग। उतारनेवाला, पार करानेवाला।

उत्तार पुं [दे] आवास-स्थान।

उत्तारय वि [उत्तारक] पार उतारनेवाला।

उत्ताल वि [उत्ताल] महान्, बड़ा। उतावला। उद्धत। बेताल, ताल-विरुद्ध गान का एक दोष।

उत्ताल न [दे] लगातार रुदन।

उत्ताल देखो उत्ताड।

उत्तावल न [दे] उतावल, शीघ्रता। वि. शीघ्रकारी, आकुल।

उत्तास सक [उत् + त्रासय्] भयभीत करना।

पीडना ।

उत्तासइत्तु वि [उत्त्रासयितृ] भय-भीत करनेवाला । हैरान करनेवाला ।

उत्तासणअ } वि [उत्त्रासनक] भयकर,
उत्तासणग } उद्वेगजनक । हैरान करनेवाला ।

उत्ताहिय वि [दे] उत्क्षिप्त, फेंका हुआ ।

उत्ति स्त्री [उक्ति] वचन, वाणी ।

उत्तिग पु [उत्तिङ्ग] गर्दभाकार कीट-विशेष । चीटियो का बिल । चीटियो की सन्तान । तृण के अग्रभाग पर स्थित जल-बिन्दु । वनस्पति-विशेष, सर्पच्छत्रा । न. छिद्र । °लोण न [°लयन] कीट-विशेष का गृह—बिल ।

उत्तिगपणग पुंन [उत्तिङ्गपनक] कीटिका-नगर, चीटियो का बिल ।

उत्तिट्ठ अक [उत् + स्था] उठाना । उदित होना ।

उत्तिण वि [उत्तृण] तृण-शून्य ।

उत्तिण्ण वि [उत्तीर्ण] बाहर निकला हुआ । पार पहुँचा हुआ । जो कम हुआ हो । रहित । निपटा हुआ, जिसने कार्य समाप्त किया हो वह । उल्लंघित, अतिक्रान्त ।

उत्तिण्ण वि [अवतीर्ण] नीचे उतरा हुआ ।

उत्तित्थ पुंन [उत्तीर्थ] अपमार्ग ।

उत्तिम देखो उत्तम ।

उत्तिमंग देखो उत्तमंग ।

उत्तिरिविडि } स्त्री [दे] भाजन वगैरह का
उत्तिवडा } ऊँचा ढेर ।

उत्तुग वि [उत्तुङ्ग] ऊँचा, उन्नत ।

उत्तुड वि [उत्तुण्ड] उन्मुख, ऊर्ध्व-मुख ।

उत्तुण वि [दे] अभिमानी ।

उत्तुप्पिय वि [दे] स्निग्ध, चिकना ।

उत्तुय सक [उत् + तुद्] पीडा करना, हैरान करना ।

उत्तुरिद्धि स्त्री [दे] गर्व । वि. अभिमानी ।

उत्तुर्व वि [दे] दृष्ट ।

उत्तुहिअ वि [दे] उत्खाटित, छिन्न, नष्ट ।

उत्तूह पुं [दे] तटशून्य कूप ।

उत्तेअ वि [उत्तेजस्] तेजस्वी, प्रखर । पुं. मात्रावृत्त का एक भेद ।

उत्तेअण न [उत्तेजन] उत्तेजन ।

उत्तेइअ } वि [उत्तेजित] उद्दीपित, प्रोत्सा-
उत्तेजिअ } हित, प्रेरित ।

उत्तेड पुं [दे] बिन्दु ।

उत्थ न [उक्थ] स्तोत्र-विशेष । योगविशेष ।

उत्थ वि. उत्पन्न, उत्थित ।

उत्थ (शौ) देखो उट्ठ = उत् + स्था ।

उत्थइय वि [अवस्तृत] व्याप्त । प्रसारित । आच्छादित ।

उत्थंगिअ देखो उत्थंघिअ = उत्तम्भित ।

उत्थंघ सक [उद् + नमय्] ऊँचा करना, उन्नत करना ।

उत्थंघ सक [उत्+स्तम्भ्] उठाना । अवलम्बन देना । रोकना ।

उत्थंघ सक [उत् + क्षिप्] ऊँचा फेंकना ।

उत्थंघ सक [रुध्] रोकना ।

उत्थंघ पु [उत्तम्भ] ऊर्ध्व-प्रसरण, ऊँचा फैलाना ।

उत्थंघिअ वि [उत्तम्भित] उत्थापित, उठाया हुआ ।

उत्थंभि वि [उत्तम्भिन्] आघात-प्राप्त, अवलम्बन करनेवाला ।

उत्थंभिअ वि [उत्तम्भित] अवलम्बित । रुका हुआ । बन्धन-मुक्त किया हुआ ।

उत्थग्घ पु [दे] सम्मर्द, उपमर्द ।

उत्थप्पण देखो उट्ठपण ।

उत्थय देखो उत्थइय ।

उत्थर सक [आ + क्रम्] आक्रमण करना । दबाना ।

उत्थर सक [अव + स्तृ] आच्छादन करना । पराभव करना ।

उत्थर } सक [उत् + स्तृ] आच्छादन
उत्थल्ल } करना (?) ।

उत्थरिय वि [दे] निस्सृत, निर्गत। उठा हुआ।

उत्थल न [उत्स्थल] ऊँची धूल-राशि। उन्मार्ग, कुपथ।

उत्थलिअ न [दे] घर। वि. उन्मुख-गत।

उत्थल्ल अक [उत् + शल्] उछलना, कूदना।

उत्थल्लपत्थल्ला स्त्री [दे] दोनों पार्श्वों से परिवर्तन, उथल-पुथल।

उत्थल्ला स्त्री [दे] परिवर्त्तन। उद्वर्त्तन।

उत्थाइ वि [उत्थायिन्] उठनेवाला।

उत्थाइय वि [उत्थापित] उठाया हुआ।

उत्थाण न [उत्थान] वीर्य, बल, पराक्रम। उत्पत्ति।

उत्थामिय (अप) वि [उत्थापित] उठाया हुआ।

उत्थार सक [आ + क्रम्] आक्रमण करना, दबाना।

उत्थार देखो उच्छाह = उत्साह।

उत्थिय देखो उत्थइअ।

°उत्थिय वि [°तीर्थिक] मतानुयायी, दर्शनानुयायी।

°उत्थिय वि [°यूथिक] यूथ-प्रविष्ट।

उत्थुभण न [अवस्तोभन] अनिष्ट की शान्ति के लिए किया जाता एक प्रकार का कौतुक, थू-थू आवाज करना।

उद न. जल। °उल्ल, °ओल्ल वि [°आर्द्र] पानी से गीला। °गत्ताभ न [°गर्त्ताभ] गोत्र-विशेष।

उदइय देखो ओदइय।

उदइल्ल वि [उदयिन्] उदयवान्, उन्नतिशील।

उदंक पु. जल का पात्र-विशेष, जिससे जल ऊँचा छिडका जाता है।

उदंच सक [उद् + अञ्च्] ऊँचा जाना। न [उत्तर

उदंचण पु. ऊ[illegible]कना। वि. ऊँचा फेंकनेवाला।

उदंत पु. हकीकत, वृत्तान्त।

उदंप पुं [उद्दृप्त] कृष्णराज पुत्र उदय।

उदग पुंन [उदक] पानी। वनस्पति-विशेष। जलाशय। पु. स्वनाम-ख्यात एक जैन साधु। सातवें भावी जिनदेव। °गब्भ पुं [°गर्भ] बादल। °दोणि स्त्री [°द्रोणि] जल रखने का पात्र-विशेष, ठण्डा करने के लिए गरम लोहा जिसमें डाला जाता है वह। जो अरघट्ट में लगाया जाता है वह छोटा घड़ा। °पोग्गल न [°पौद्गल] मेघ। °मच्छ पुं [°मत्स्य] इन्द्रधनुष का खण्ड, उत्पात-विशेष। °माल पुंस्त्री. जल का ऊपर चढता तरङ्ग, उदकशिखा, वेला। °वत्थि स्त्री [°वस्ति] पानी भरने का मशक। °सिहा स्त्री [°शिखा] वेला। °सीम पुं [°सीमन्] पर्वत-विशेष।

उदग्ग वि [उदग्र] सुन्दर। उत्कट, प्रखर। मुख्य।

उदड्ढ पुं [उद्ग्ध] एक नरक-स्थान।

उदत्त वि [उदात्त] उदार।

उदत्त वि [उदात्त] जो उच्च स्वर से बोला जाय वह स्वर।

उदन्ना स्त्री [उदन्या] तृषा।

उदय देखो उदग।

उदय पुं. लाभ। उन्नति। उत्पत्ति। कर्म-परिणाम। प्रादुर्भाव। भरतक्षेत्र के भावी सातवें जिनदेव। भरतक्षेत्र में होनेवाले तीसरे जिनदेव का पूर्व-भवीय नाम। स्वनाम-ख्यात एक राजकुमार। °यल पुं [°चल] पर्वत-विशेष, जहाँ सूर्य उदित होता है।

उदयण पुं [उदयन] राजा सिद्धराज का प्रसिद्ध मन्त्री। कोशाम्बी नगरी के राजा शतानीक का पुत्र। एक विख्यात जैन राजा। न. उन्नति। वि. उन्नत होनेवाला, प्रवर्धमान।

उदर न. पेट। पेटकी बीमारी।

उदरंभरि वि. स्वार्थी, अकेलपेटू।

उदरि वि [उदरिन्] पेट की बीमारीवाला।

उदरिय वि [उदरिक] ऊपर देखो।

उदवाह वि. जल-वाहक। पुं छोटा प्रवाह।

उदसी [दे. उदश्वित् ?] तक।

उदहि पुं [उदधि] समुद्र। भवनपति देवो की एक जाति, उदधिकुमार। °कुमारपु. देवों की एक जाति। देखो उअहि।

उदाइ पु [उदायिन्] एक जैन राजा, महाराजा कोणिक का पुत्र, जिसको एक दुष्ट ने जैन साधु बनकर धर्मच्छल से मारा था और जो भविष्य मे तीसरा जिनदेव होगा। पु राजा कूणिक का पट्टहस्ती।

उदाइण देखो उदायण।

उदात्त देखो उदत्त।

उदायण पु [उदायन] सिन्धु-देश का एक राजा, जिसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा ली थी।

उदार देखो उराल।

उदासि वि [उदासिन्] उदास, उदासीन। °व न [°त्व] औदासीन्य।

उदासीण वि [उदासीन] मध्यस्थ। उपेक्षा करनेवाला।

उदाहड वि [उदाहृत] कथित, दृष्टान्तित।

उदाहर सक [उदा + हृ] कहना। प्रतिपादन करना।

उदाहिय वि [उदाहृत] कथित, प्रतिपादित। दृष्टान्तित।

उदाहिय वि [दे] उत्क्षिप्त, फेका गया।

उदाहु देखो उदाहर।

उदाहु अ [उताहो] अथवा।

उदाहू देखो उदाहर।

उदाहो देखो उदाहु = उताहो।

उदि अक [उद् + इ] उन्नत होना। उत्पन्न होना।

उदिक्खिअ वि [उदीक्षित] अवलोकित।

उदिण्ण वि [उदीच्य] उत्तर-दिशा मे उत्पन्न।

उदिण्ण वि [उदीर्ण] उदित। फलोन्मुख (कर्म)। उत्पन्न। उत्कट, प्रबल।

उदिय वि [उदित] उद्गत। उन्नत। उक्त।

उदीण वि [उदीचीन] उत्तर दिशा से सम्बन्ध रखनेवाला, उत्तर दिशा में उत्पन्न। °पाईणा स्त्री [°प्राचीना] ईशान-कोण।

उदीणा स्त्री [उदीचीना] उत्तर-दिशा।

उदीर सक [उद् + ईरय्] प्रेरणा करना। कहना, प्रतिपादन करना। जो कर्म उदय-प्राप्त न हो उसको प्रयत्न-विशेष से फलोन्मुख करना।

उदीरग देखो उदीरय।

उदीरय न [उदीरण] कथन, प्रतिपादन। प्रेरणा। काल-प्राप्त न होने पर भी प्रयत्न-विशेष से किया जाता कर्म-फल का अनुभव।

उदीरय वि [उदीरक] कथक, प्रतिपादक। प्रेरक, प्रवर्तक। उदीरणा करनेवाला, काल-प्राप्त न होने पर भी प्रयत्न-विशेष से कर्मफल का अनुभव करनेवाला।

उदीरिद, उदीरिय } वि [उदीरित] प्रेरित, कथित, प्रतिपादित। जनित, कृत। समय-प्राप्त न होने पर भी प्रयत्न-विशेष से खीच कर जिसके फल का अनुभव किया जाय वह।

उदु देखो उउ।

उदुंबर देखो उंबर।

उदुरुह सअ [उद् + रुह्] ऊपर चढना।

उदूखल देखो उऊखल।

उदूग पुन [दे] पृथिवी-शिला।

उदूलिय वि [दे] अवनत।

उदूहल देखो उऊहल।

उद्द न [दे] जल-मानुष। बैल के कधे का कूबड़। मत्स्य-विशेष। उसके चर्म का बना हुआ वस्त्र।

उद्द वि [आर्द्र] गीला।

उद्दअ वि [मद्यत] उद्यम-युक्त।

उद्दंड, उद्दंडग } वि [उद्दण्ड] प्रचण्ड, उद्धत। पु. हाथ में दण्ड को ऊँचा रखकर

चलनेवाले तापसो की एक जाति ।

उद्दंतुर वि. जिसका दाँत बाहर आया हो वह । ऊँचा ।

उद्दंभ पु. छन्द का एक भेद ।

कच्छभाणिया स्त्री [दे] जल मे होनेवाली वनस्पति-विशेष ।

कच्छभी स्त्री [कच्छपी] कूर्मी । वाद्य-विशेष । नारद की वीणा । पुस्तक-विशेष ।

कच्छर पुं [दे] पङ्क ।

कच्छरी स्त्री [कच्छरी] गुच्छ-विशेष ।

कच्छव (अप) पु [कच्छ] स्वनाम-प्रसिद्ध देश-विशेष ।

कच्छव देखो कच्छभ ।

कच्छवी देखो कच्छभी ।

कच्छह देखो कच्छभ ।

कच्छा स्त्री [कक्षा] विभाग । उरो-वन्धन, हाथी के पेट पर बाँधने की रज्जु । काँख । श्रेणी । कमर पर बाँधने का वस्त्र । जनान-

खाना। संशय-कोटि। स्पर्धा-स्थान। घर की भीत। प्रकोष्ठ।

कच्छा स्त्री कटि-मेखला। °वई स्त्री [°वती] देखो कच्छगावई। °वईकूड न [°वतीकूट] महाविदेह वर्ष में स्थित ब्रह्मकूट पर्वत का एक शिखर।

कच्छादब्भ पुं [दे. कक्षादर्भ] रोग-विशेष।

कच्छु स्त्री [कच्छू] खुजली, खाज। खाज को उत्पन्न करनेवाली औषधि, कपिकच्छु। °ल, °ल्ल वि [°मत्] खाज रोगवाला।

कच्छुट्टिया स्त्री [दे. कच्छपटिका] कछौटी। लँगोटी।

कच्छुरिअ वि [दे] ईर्षित। न. ईर्ष्या।

कच्छुरिअ वि [कच्छुरित] व्याप्त, खचित।

कच्छुरी स्त्री [दे] कपिकच्छु, केवाँच।

कच्छुल पुं गुल्म-विशेष।

कच्छुल्ल पुं. स्वनामख्यात एक नारद-मुनि।

कच्छू देखो कच्छु।

कच्छोटी स्त्री [दे] कछौटी, लँगोटी।

कज्ज वि [कार्य] जो किया जाय वह। करने-योग्य। न. प्रयोजन। कारण। काम। °जाण वि [°ज्ञ] कार्य को जाननेवाला। °सेण पुं [°सेन] अतीत उत्सर्पिणीकाल में उत्पन्न स्वनामख्यात एक कुलकर पुरुष।

कज्जआ (शौ) स्त्री [कन्यका] कन्या।

कज्जउड पुं [दे] अनर्थ।

कज्जमाण वि [क्रियमाण] जो किया जाता हो वह।

कज्जल न. काजल। सुरमा। °प्पभा स्त्री [°प्रभा] सुदर्शना-नामक जम्बू-वृक्ष की उत्तर दिशा में स्थित एक पुष्करिणी।

कज्जलइअ वि [कज्जलित] काजलवाला। श्याम।

कज्जलंगी स्त्री [कज्जलाङ्गी] कज्जल-गृह, दीप के ऊपर रखा जाता पात्र, जिसमें काजल इकट्ठा होता है।

कज्जला स्त्री. इस नाम की एक पुष्करिणी।

कज्जलाव अक [ब्रुट्] टूटना।

कज्जलिअ देखो कज्जलइअ।

कज्जव } पु [दे] विष्ठा, मैला। तृण वगैरह
कज्जवय } का समूह, ढूहा।

कज्जिय वि [कार्यिक] कार्यार्थी, प्रयोजनार्थी।

कज्जोवग पुं [कार्योपग] अठासी महाग्रहों में एक ग्रह का नाम।

कज्झाल न [दे] सेवाल।

कटरि (अप) अ [कटरे] इन अर्थों का द्योतक अव्यय—आश्चर्य। प्रशंसा।

कटार (अप) न [दे] छुरी।

कट्ट सक [कृत्] काटना, छेदना।

कट्ट वि [कृत्त] काटा हुआ, छिन्न।

कट्ट न [कष्ट] दुःख। वि कष्ट-कारक।

कट्टर पुंन [दे] कटी में डाला हुआ घी का वड़ा।

कट्टर न [दे] खण्ड, अंश, टुकड़ा।

कट्टराय न [दे] छुरी।

कट्टारी स्त्री [दे] छुरी।

कट्टिअ वि [कर्त्तित] काटा हुआ, छेदित।

कट्टु वि [कर्त्तृ] कर्ता।

कट्टु अ [कृत्वा] करके।

कट्टोरग पु [दे] कटोरा। प्याला, पात्र-विशेष।

कट्ठ न [कष्ट] दुःख, पीडा। पाप। वि. कष्ट-दायक। °हर न [°गृह] कठघरा।

कट्ठ न [काष्ठ] काठ, लकड़ी। पुं. राजगृह नगर का निवासी एक स्वनाम-ख्यात श्रेष्ठी। °कम्मंत न [°कर्मान्त] लकड़ी का कारखाना। °करण न. श्यामक-नामक गृहस्थ के एक खेत का नाम। °कार पुं काष्ठ-कर्म से जीविका चलानेवाला। °कोलंब पुं [°कोलम्ब] वृक्ष की शाखा के नीचे झुकता हुआ अग्र-भाग। °खाय पुं [°खाद] कीट-विशेष, घुण। °दल न. रहर की दाल। °पाउया स्त्री [°पादुका] खड़ाऊँ। °पुत्त-

लिया स्त्री [°पुत्तलिका] कठपुतली। °पेज्जा स्त्री [°पेया] मूँग वगैरह का क्वाथ। घृत से तली हुई तण्डुल की राब। °महु न [°मधु] पुष्प-मकरन्द। °मूल न. द्विदल धान्य। °हार पु. त्रीन्द्रिय जन्तु-विशेष। °हारय पुं [°हारक] कठहरा।

कट्ठ वि [कृष्ट] विलिखित, चासा हुआ।

कट्ठण न [कर्षण] आकर्षण।

कट्ठहार पु [काष्ठहार] कठहरा।

कट्ठा स्त्री [काष्ठा] दिशा। हद। अठारह निमेष। प्रकर्ष।

कट्ठिअ पु [दे] चपरासी, प्रतीहार।

कट्ठिअ वि [काष्ठित] काठ से सस्कृत भीत वगैरह।

कट्ठिण देखो कढिण।

कट्ठेअ वि [काष्ठेय] देखो कट्ठिअ—काष्ठित।

कट्ठोल देखो कट्ठ = कृष्ट।

कड वि [दे] क्षीण। मृत, विनष्ट।

कड पु [कट] गण्ड-स्थल, गाल। तृण। चटाई। लकडी। वास। तृण-विशेष। छिला हुआ काष्ठ। °च्छेज्ज न [°च्छेद्य] कला-विशेष। °तड न [°तट] कटक का एक भाग। गण्ड-तल। °पूयणा स्त्री [°पूतना] व्यन्तरी-विशेष।

कड वि [कृत] किया हुआ। रचित। पुन. सत्ययुग। चार की सख्या। °जुग न [°युग] सत्य-युग, १७२८००० वर्षों का यह युग होता है। °जुम्म पु [°युग्म] सम राशि-विशेष, चार से भाग देने पर जिसमे कुछ भी शेष न बचे ऐसी राशि। °जुम्मकडजुम्म पु [°युग्मकृतयुग्म] राशि-विशेष। °जुम्मक-लिओय [°युग्मकल्योज] राशि-विशेष। °जम्मतेओग पु [°युग्मत्र्योज] राशि-विशेष। °जुम्मदावरजुम्म पु.[°जुग्मद्वापर-युग्म] राशि-विशेष। °जोगि वि [योगिन्] कृत-क्रिय। गीतार्थ, ज्ञानी। तपस्वी। °वाइ पुं [°वादिन्] जगत्कर्तृत्ववादी। °इ पु [°ादि] देखो °जोगि। देखो कय = कृत।

कडअल्ल पुं [दे] दौवारिक।

कडअल्ली स्त्री [दे] कण्ठ, गला।

कडइअ पु [दे] स्थपति।

कडइअ वि [कटकित]वलय की तरह स्थित।

कडइल्ल पुं [दे] दौवारिक।

कडंगर न [कडङ्गर] तुष, छिलका, भूसा।

कडंत न [दे] मूली। मुसल।

कडंतर न [दे] पुराना सूर्प आदि उपकरण।

कडंतरिअ वि [दे] विदारित, विनाशित।

कडब पुं [कडम्ब] वाद्य-विशेष।

कडंबा पुस्त्री [कदम्बा] वाद्य-विशेष।

कडंभुअ न [दे] कुम्भग्रीव-नामक पात्र-विशेष। घड़े का कण्ठ-भाग।

कडक देखो कडग।

कडकडा स्त्री. अनुकरण शब्द-विशेष, कड-कड आवाज।

कडकडिअ वि [कडकडित] जिसने कड़-कड़ आवाज किया हो वह, जीर्ण।

कडकडिर वि [कडकडायितृ] कड-कड़ आवाज करनेवाला।

कडक्किय न [कडक्कित] कडकड आवाज।

कडक्ख पुं [कटाक्ष] कटाक्ष, भाव-युक्त दृष्टि, आँख का संकेत।

कडक्ख सक [कटाक्षय्] कटाक्ष करना।

कडग पुंन [कटक] कडा, वलय। यवनिका। पर्वत का मूल भाग। पर्वत का मध्य भाग। पर्वत की सम भूमि। पर्वत का एक भाग। शिविर, सेना के रहने का स्थान। पु देश-विशेष। देखो कडय।

कडच्छु स्त्री [दे] कर्छी, चमची, डोई।

कडण न [कदन] मार डालना। नाश करना। मर्दन। पाप। युद्ध। विह्वलता।

कडण न [कटन] घर की छत। घर पर छत डालना। चटाई आदि से घर के पार्श्व

भागो का किया जाता आच्छादन ।

कडणा स्त्री [कटना] घर का अवयव-विशेष ।

कडणी स्त्री [कटनी] मेखला ।

कडतला स्त्री [दे] लोहे का एक प्रकार का हथियार, जो एक धारवाला और वक्र होता है ।

कडत्तरिअ वि [दे] देखो कडंतरिअ ।

कडद्दरिअ वि [दे] छिन्न, काटा हुआ । न. छिद्रता ।

कडप्प पुं [दे, कटप्र] समूह, कलाप । वस्त्र का एक भाग ।

कडमड पुंन [दे] उद्वेग ।

कडय न [कटक] ऊख आदि की यष्टि ।

कडय देखो कडग लडकर । पु काशी देश का एक राजा । °वई स्त्री [°वती] राजा कटक की एक कन्या ।

कडयड पुं [कडकड] कड-कड आवाज ।

कडयडिय वि [दे] परावर्तित, फिराया हुआ ।

कडसक्करा स्त्री [दे] बाँस की सलाई ।

कडसार न [कटसार] मुनि का एक उपकरण, आसन ।

कडसी स्त्री [दे] श्मशान ।

कडहू पुं [कटभू] वृक्ष-विशेष ।

कडा स्त्री [दे] कडी, सिकडी, जजीर की लडी ।

कडार न [दे] नारिकेल ।

कडार पु. तामडा वर्ण, भूरा रग । वि. कपिल वर्णवाला ।

कडाली स्त्री [दे. कटालिका] घोडे के मुँह पर बांधने का एक उपकरण ।

कडाह पुं [कटाह] लोहे का पात्र, लोहे की बड़ी कडाही । वृक्ष-विशेष । पाँजर की हड्डी शरीर का एक अवयव ।

कडाहपल्हत्थिअ न [दे] दोनो पार्श्वो को घुमाना-फिराना ।

कडि स्त्री [कटि] कमर । वृक्षादि का मध्य भाग । °तड न [°तट] कटि-तट । मध्य भाग । °पट्टय न [°पट्टक] धोती । °पत्त न [°पत्र] सर्गादि वृक्ष की पत्ती । पतली कमर । °यल न [°तल] कटि-प्रदेश । °ल्ल न [°टीय] देखो कडिल्ल (दे) का दूसरा अर्थ । °वट्टी स्त्री [°पट्टी] कमर का पट्टा, कमर-पट्टा । °वत्थ न [°वस्त्र] धोती, कमर में पहनने का कपडा । °सुत्त न [°सूत्र] कमर का आभूषण, मेखला । °हत्थ पु [°हस्त] कमर पर रखा हुआ हाथ ।

कडि वि [कटिन्] चटाईवाला ।

कडिअ वि [कटित] कट—चटाई से आच्छादित । कट से सस्कृत । एक दूसरे में मिला हुआ ।

कडिअ वि [दे] प्रेरित ।

कडिखंभ पुं [दे] कमर पर रखा हुआ हाथ, कमर में किया हुआ आघात ।

कडिण पुंन [दे] तृण-विशेष ।

कडित्त देखो कलित्त ।

कडिभिल्ल न [दे] शरीर के एक भाग में होनेवाला कुष्ठ-विशेष ।

कडिल्ल वि [दे] छिद्र-रहित । न. कटि-वस्त्र, धोती वगैरह । वन । वि. गहन । आशीर्वाद । पु. प्रतीहार । विपक्ष, शत्रु । कटाह । उपकरण-विशेष ।

कडी देखो कडि ।

कडु, कडुअ } पु [कटुक] कडुआ, तिक्त । वि. तीता । अनिष्ट । भयंकर । निष्ठुर । स्त्री. कुटकी ।

कडुअ (शौ) अ [कृत्वा] करके ।

कडुआल पुं [दे] घण्टा, घण्ट । छोटी मछली ।

कडुइय वि [कटुकित] कडुआ किया हुआ । दूषित ।

कडुइया स्त्री [कटुकी] वल्ली-विशेष, कुटकी ।

कडुच्छय, कडुच्छु } पुंस्त्री [दे] देखो कडच्छु ।

कड्डयाविय वि [दे] प्रहृत, जिस पर प्रहार किया गया हो वह। व्यथित, पीडित। पराभूत। भारी विपद् मे फँसा हुआ।

कडूइद (शौ) वि [कटूकृत] कटुक किया हुआ।

कडेवर न [कलेवर] शरीर।

कड्ढ सक [कृष्] खीचना। चास करना। रेखा करना। पढ़ना। उच्चारण करना।

कड्ढ पुं [कर्ष] आकर्षण।

कड्ढण न [कर्षण] खीचाव। वि. खीचनेवाला, आकर्षक।

कड्ढाविय वि [कर्षित] खीचवाया हुआ, बाहर निकलवाया हुआ।

कड्ढिअ वि [दे] बाहर निकला हुआ।

कड्ढोकड्ढ न [कर्षापकर्ष] खीचातान।

कढ सक [कथ्] क्वाथ करना। उबालना। गरम करना।

कढकढकढेत वि [कडकडायमान] कड़-कड आवाज करता।

कढिअ न [दे] कढी।

कढिआ स्त्री [दे] कढी, भोजन-विशेष।

कढिण वि [कठिन] कठिन, कर्कश, परुष। न. तृण-विशेष। पर्ण।

कढोर वि [कठोर] कठिन, निष्ठुर। पुं. इस नाम का एक राजा।

कण सक [क्वण] आवाज करना।

कण सक [कण्] आवाज करना।

कण पु. लेश। विकीर्ण दाना। वनस्पति-विशेष। पुं. एक म्लेच्छ देश। ग्रह-विशेष, ग्रहाधिष्ठायक देव-विशेष। ओदन। कनिक। विन्दु। °इअ वि [°वत्] विन्दुवाला। °कुंडग पु [°कुण्डक] ओदन की वनी हुई एक भक्ष्य वस्तु। °पूपलिया स्त्री [°पूपलिका] भोजन-विशेष, कणिक (आटा) की वनाई हुई एक खाद्य-वस्तु। °भक्ख पु [°भक्ष] वैशेपिक मत का प्रवर्त्तक एक ऋषि। °वित्ति स्त्री [°वृत्ति] भिक्षा। °वियाणग पु [°वितानक] देखो कणग-वियाणग। °संताणय पुं [°संतानक] देखो कणग-संताणय। °द पुं. वैशेपिक मत का प्रवर्तक ऋषि। °इण्ण वि [°कीर्ण] विन्दुवाला।

कण पु [क्वण] शब्द, आवाज।

कणइकेउ पुं [कनकिकेतु] इस नाम का एक राजा।

कणइपुर न [कनकिपुर] नगर-विशेष।

कणइर पुं [कर्णिकार] कनेर।

कणइल्ल पु [दे] तोता, सुग्गा, सुआ।

कणई स्त्री [दे] वल्ली।

कणंगर न [कनङ्गर] पाषाण का एक प्रकार का हथियार।

कणकणकण अक [दे] कण-कण आवाज करना।

कणकणग पुं [कनकनक] ग्रह-विशेष, ग्रहाधिष्ठायक देव-विशेष।

कणक्कणिअ वि [क्वणक्वणित] कण-कण आवाजवाला।

कणखल न [दे] उद्यान-विशेष।

कणग वि [कानक] सुवर्ण-रस पाया हुआ (कपड़ा)। °पट्ट वि. सोने का पट्टावाला।

कणग देखो कण।

कणग [दे] देखो कणय = (दे)।

कणग पुं [कनक] ग्रह-विशेष, ग्रहाधिष्ठायक देव-विशेष। रेखा-सहित ज्योति.-पिण्ड, जो आकाश से गिरता है। विन्दु। शलाका। घृतवर द्वीप का अधिपति देव। विल्व-वृक्ष। न. सुवर्ण। °कंत वि [°कान्त] कनक की तरह चमकता। पु देव-विशेष। °कुड न [°कूट] पर्वत-विशेष का एक शिखर। पु. स्वर्णमय शिखरवाला पर्वत। °केउ पुं [°केतु] इस नाम का एक राजा। °गिरि पुं. मेरु पर्वत। स्वर्ण-प्रचुर पर्वत। °ज्झय पु [°ध्वज] इस

नाम का एक राजा। °पुर न. नगर-विशेष। °प्पभ पु [°प्रभ] देव-विशेष। °प्पभा स्त्री [°प्रभा] देवी-विशेष। 'ज्ञाता-धर्मसूत्र' का एक अध्ययन। °फुल्लिअ न [°पुष्पित] जिसमे सोने के फूल लगाये गये हों ऐसा वस्त्र। °माला स्त्री. एक विद्याधर की पुत्री। एक स्वनामख्यात साध्वी। °रह पु [°रथ] इस नाम का एक राजा। °लया स्त्री [°लता] चमरेन्द्र के सोम-नामक लोकपालदेव की एक अग्रमहिषी। °वियाणग पु [°वितानक] ग्रह-विशेष, ग्रहाधिष्ठायक देव-विशेष। °संताणग पु [°सन्तानक] ग्रह-विशेष, ग्रहाधिष्ठायक देव-विशेष। °वलि स्त्री. सुवर्ण की मणियो से बना आभूषण। तप-विशेष। पु. द्वीप-विशेष। समुद्र-विशेष। °वलिपविभत्ति स्त्री [°वलिप्रविभक्ति] नाट्य का एक प्रकार। °वलिभद्द पु [°वलिभद्र] कनकावलि द्वीप का एक अधिष्ठायक देव। °वलिमहाभद्द पु [°वलिमहाभद्र] कनकावलिवर नामक समुद्र का एक अधिष्ठायक देव। °वलिमहावर पु. कनकावलिवर नामक समुद्र का एक अधिष्ठाता देव। °वलिवर पु. इस नाम का एक द्वीप। इस नाम का एक समुद्र। कनकावलिवर समुद्र का अधिष्ठाता देव-विशेष। °वलिवरभद्द पु [°वलिवरभद्र] कनकावलिवर नामक द्वीप का एक अधिपति देव। °वलिवरमहाभद्द पु [°वलिवरमहाभद्र] कनकावलिवर नामक द्वीप का एक अधिष्ठाता देव। °वलिवरोभास पु [°वलिवरावभास] इस नाम का एक द्वीप। इस नाम का एक समुद्र। °वलिवरोभासभद्द पु [°वलिवरावभासभद्र] कनकावलिवरावभास द्वीप का एक अधिष्ठाता देव। °वलिवरोभासमहाभद्द पु [°वलिवरावभासमहाभद्र] कनकावलिवरावभास द्वीप का एक अधिष्ठाता देव। °वलिवरोभासमहावर पुं [°वलिवरावभासमहावर] कनकावलिवरावभास-समुद्र का एक अधिष्ठाता देव। °वलिवरोभासवर पुं [°वलिवरावभासवर] कनकावलिवरावभास-समुद्र का एक अधिष्ठाता देव। °वली स्त्री. देखो °वलि का पहला और दूसरा अर्थ। देखो कणय = कनक।

कणगसत्तरि स्त्री [कनकसप्तति] एक प्राचीन जैनेतर शास्त्र।

कणगा स्त्री [कनका] भीम-नामक राक्षसेन्द्र की एक अग्रमहिषी। चमरेन्द्र के सोम-नामक लोकपाल की एक अग्र-महिषी। 'णायाधम्मकहा' सूत्र का एक अध्ययन। चतुरिन्द्रिय जीव-विशेष।

कणगुत्तम पु [कनकोत्तम] इस नाम का एक देव।

कणय पु [दे] फूलो को इकट्ठा करना, बाण।

कणय पुन [कनक] एक देव-विमान।

कणय देखो कणग = कनक। पु. राजा जनक के एक भाई का नाम। रावण का इस नाम का सुभट। धतूरा। वृक्ष-विशेष। न. छन्द-विशेष। °पव्वय पुं [°पर्वत] देखो कणग-गिरि। °मय वि. सुवर्ण का बना हुआ। °भ न. विद्याधरो का एक नगर। °लो स्त्री. घर का एक भाग। °वली स्त्री. देखो कणगावली। एक राज-पत्नी।

कणयंदो स्त्री [दे] वृक्ष-विशेष, पाउरी, पाढल।

कणविआणय पु [कणवितानक] देखो कणगवियाणग।

कणवी स्त्री [दे] कन्या।

कणवीर पु [करवीर] कनेर। न. कणेर का फूल।

कणि पुस्त्री [दे] स्फुरण, स्फूर्ति।

कणिआर देखो कण्णिआर।

कणिआरिअ वि [दे] कानी आँख से जो देखा

गया हो वह। न. कानी नजर से देखना।

कणिका स्त्री रोटी के लिए पानी से भिजाया हुआ आटा।

कणिक्क वि मत्स्य-विशेष।

कणिक्का देखो कणिका।

कणिट्ठ वि [कनिष्ठ] छोटा, लघु। निकृष्ट, जघन्य।

कणिय न [कणित] आर्त्त-स्वर। आवाज, ध्वनि।

कणिय° } देखो कणिका। कणिका, कणिया } चावल का टुकडा। °कुंडय देखो कण-कुंडग।

कणिया स्त्री [कणिता] वीणा-विशेष।

कणिल्ल न [कनिल्य] नक्षत्र विशेष का गोत्र।

कणिल्लिका स्त्री [कनिष्ठिका] छोटी अंगुली।

कणिस न [कणिश] धान्य का अग्र-भाग।

कणिस न [दे] किशारु, सस्य-शूक, सस्य का तीक्ष्ण अग्र भाग।

कणीअ } वि [कनीयस्] छोटा, लघु।
कणीअस }

कणीणिगा स्त्री [कनीनिका] आँख का तारा। छोटी उंगली।

कणीर देखो कणेर।

कणुय न [कणुक] त्वग् वगैरह का अवयव।

कणूया देखो कणिया = कणिका।

कणेड्ढिआ स्त्री [दे] गुड्डा, घुंघची।

कणेर देखो कण्णिआर।

कणेरु } स्त्री [करेणु] हस्तिनी।
कणेरुया }

कणोवअ न [दे] गरम किया हुआ जल, तेल वगैरह।

कण्ण पुं [कन्या] कन्या-राशि।

कण्ण पुं [कण्व] इस नाम का एक परिव्राजक, ऋषि-विशेष।

कण्ण पुं [कर्ण] कोटि भाग, अग्राश। एक म्लेच्छ-जाति। पुंन. कान। पुं. अङ्ग देश का इस नाम का एक राजा, युधिष्ठिर का बड़ा भाई। काना, वस्तु के छोर का एक अंग। °उर, °ऊर न [°पूर] कान का आभूषण। °गइ स्त्री [°गति] मेरु-सम्बन्धी एक डारी। °जयसिंहदेव पुं. गुजरात देश का बारहवी शताब्दी का एक यशस्वी राजा। °देव पुं. विक्रम की तेरहवी शताब्दी का सौराष्ट्र-देशीय एक राजा। °धार पुं. नाविक, निर्यामक। °पाउरण पुं [°प्रावरण] इस नाम का एक अन्तर्द्वीप। उस अन्तर्द्वीप का निवासी। °पावरण देखो °पाउरण। °पीढ न [°पीठ] कान का एक प्रकार का आभूषण। °पूर देखो °ऊर। °रवा स्त्री. नदी-विशेष। °वालिया स्त्री [°वालिका] कान के ऊपर भाग में पहना जाता एक प्रकार का आभूषण। °वेहणग न [°वेधनक] उत्सव-विशेष, कर्ण-वेधोत्सव। °सक्कुली स्त्री [°शष्कुली] कान का छिद्र। कान की लम्बाई। °सोहण न [°शोधन] कान का मैल निकालने का एक उपकरण। °हार पुं [°धार] देखो °धार। देखो कन्न।

कण्णआर देखो कण्णिआर।

कण्णउज्ज पु [कान्यकुब्ज] देश-विशेष। न उस देश का प्रधान नगर।

कण्णवाल न [दे] कुण्डल।

कण्णगा देखो कन्नगा।

कण्णच्छुरी स्त्री [दे] गृह-गोधा, छिपकली।

कण्णडय (अप) देखो कण्ण।

कण्णल (अप) वि [कर्णाट] कर्णाटक। वि. उस देश का निवासी।

कण्णलोयण पुंन [कर्णलोचन] देखो कण्णि-लायण।

कण्णल्ल पुंन [कर्णल] ऊपर देखो।

कण्णस वि [कन्यस] अधम, जघन्य।

कण्णस्सरिय वि [दे] कानी नजर से देखा हुआ। न. कानी नजर से देखना।

कण्णा स्त्री [कन्या] ज्योतिप-शास्त्र-प्रसिद्ध एक राशि। कुमारी। °चोलय न [°चोलक] धान्यविशेप, जवनाल। °णय न [°नय] चोल देश का एक प्रधान नगर। °लिय न [°लीक]कन्या के विषय मे वोला जाता झूठ।

कण्णाआस न [दे] कान का आभूपण।

कण्णाइंधण न [दे] कुण्डल।

कण्णाड पु [कर्णाट] देश-विशेष। वि. उस देश मे उत्पन्न, वहाँ का निवासी।

कण्णास पुं [दे] पर्यन्त, अन्त-भाग।

कण्णि पुं [कर्णि] एक नरक-स्थान।

कण्णिआ स्त्री [कर्णिका] पद्म-उदर, कमल का वीज-कोप। कोण, अस्त्र। शालि वगैरह के वीज का मुख-मूल, तुष-मुख।

कण्णिआर पु [कर्णिकार] कनेर का गाछ। गोशालक का एक भक्त। न कनेर का फूल।

कण्णिलायण न [कर्णिलायन] नक्षत्र-विशेष का एक गोत्र।

कण्णीरह देखो कन्नीरह।

कण्णुप्पल न [कर्णोत्पल] कान का आभूषण-विशेष।

कण्णेर देखो कण्णिआर।

कण्णोच्छडिआ स्त्री [दे] दूसरे की वात गुप-चुप सुननेवाली स्त्री।

कण्णोड्ढ } स्त्री [दे] स्त्री को पहनने का
कण्णोड्ढिआ } वस्त्र-विशेष, नीरङ्गी।

कण्णोढत्ती [दे] देखो कण्णोच्छडिआ।

कण्णोप्पल देखो कण्णुप्पल।

कण्णोल्ली स्त्री [दे] चञ्चु, पक्षी का ठोर, ठोठ। अवतस, शेखर, भूपण-विशेप।

कण्णोवगण्णिआ स्त्री [कर्णोपकर्णिका] कर्णा-कर्णी, कानाकानी।

कण्णोस्सरिअ [दे] देखो कण्णस्सरिय।

कण्ह पुं [कृष्ण] कन्द-विशेप। श्रीकृष्ण। पाँचवाँ वासुदेव और वलदेव के पूर्वजन्म के गुरु का नाम। देशावकाशिक व्रत को अति-चरित करनेवाला एक उपासक। विक्रम की तृतीय शताब्दी का एक प्रसिद्ध जैनाचार्य, दिगम्वर जैन मत के प्रवर्तक शिवभूति मुनि के गुरु। काला वर्ण। इस नाम का एक परि-व्राजक, तापस। वि. श्याम-वर्ण। °ओराल पुं. वनस्पति-विशेप। °कंद पुं [°कन्द] वन-स्पति-विशेप, कन्द-विशेप। °कण्णियार पु [°कर्णिकार] काली कनेर का गाछ। °कुमार पुं. राजा श्रेणिक का एक पुत्र। °गोमी स्त्री [°गोमिन्] काला शृगाल। °णाम न [°नामन्] कर्म-विशेप, जिसके उदय से जीव का शरीर काला होता है। °पक्खिय वि [°पाक्षिक] क्रूर कर्म करने-वाला। वहुत काल तक संसार मे भ्रमण करनेवाला (जीव)। °वंधुजीव पुं [°बन्धु-जीव] वृक्ष-विशेप, श्याम पुष्पवाला दुपहरिया। °भूम, °भोम पुं [°भूम] काली जमीन। °राइ, °राई स्त्री [°राजि, °जी] काली रेखा। एक इन्द्राणी, ईशानेन्द्र की एक अग्र-महिषी। 'ज्ञाताधर्मकथा' सूत्र का एक अध्य-यन—परिच्छेद। °रिसि पुं [°ऋषि] इस नाम का एक ऋपि, जिसका जन्म शंखावती नगरी मे हुआ था। °लेस, °लेस्स वि [°लेश्य] कृष्ण-लेश्यावाला। °लेसा, °लेस्सा स्त्री [°लेश्या] जीव का अति निकृष्ट मनः-परिणाम, जघन्य-वृत्ति। °वडिंसय, °वडेंसय न [°वतसक] एक देव-विमान। °वल्लि, °वल्ली स्त्री. वल्ली-विशेप, नागदमनी लता। °सप्प पु [°सर्प] काला साँप। राहु। °सह न जैन साधुओ का एक कुल।

कण्हई अ [कुतश्चित्] किसी से। देखो कण्हुइ।

कण्हा स्त्री [कृष्णा] एक इन्द्राणी, ईशानेन्द्र की एक अग्र-महिषी। एक अन्तकृत् स्त्री। द्रौपदी। राजा श्रेणिक की एक रानी। ब्रह्म देश की एक नदी।

कण्हुइ } अ [क्वचित्] क्वचित्, कहीं भी।
कण्हुई } कहीं से।
कतवार पु [दे] कूड़ा।
कति देखो कइ = कति।
कतु देखो कउ = कतु।
कत्त सक [कृत्] छेदना। कतरना। कातना।
कत्त वि [कल्पित] निर्मित।
कत्त न [दे] कलत्र स्त्री।
कत्तणया स्त्री [कर्त्तनता] लवन, कतराई।
कत्तर पु [दे] कतवार, कूड़ा।
कत्तरिअ वि [कृत्त, कर्त्तित] कतरा हुआ, काटा हुआ, लूना।
कत्तरी स्त्री [कर्त्तरी] कैंची।
कत्तवीरिअ पु [कार्त्तवीर्य] नृप-विशेष।
कत्तव्व वि [कर्त्तव्य] करने-योग्य। न. काम।
कत्ता स्त्री [दे] अन्धिका-द्यूत की कपर्दिका, कौड़ी।
कत्ति स्त्री [कृत्ति] चर्म।
कत्ति° वि [कर्तृ] करनेवाला।
कत्तिकेअ पु [कार्त्तिकेय] महादेव का एक पुत्र।
कत्तिगी स्त्री [कार्त्तिकी] कार्त्तिक मास की पूर्णिमा।
कत्तिम वि [कृत्रिम] बनावटी।
कत्तिय पु [कार्त्तिक] कार्तिक मास। इस नाम का एक श्रेष्ठी। भरत क्षेत्र के एक भावी तीर्थङ्कर के पूर्व भव का नाम।
कत्तिया स्त्री [कृत्तिका] नक्षत्र-विशेष।
कत्तिया स्त्री [कर्त्तिका] कतरनी।
कत्तिया स्त्री [कार्त्तिकी] कार्त्तिक मास की पूर्णिमा या अमावास्या।
कत्तिवविय वि [दे] कृत्रिम, दिखाऊ।
कत्तु वि [कर्तृ] करनेवाला।
कत्तो अ [कुतः] कहाँ से, किससे ? °च्चय वि [°त्य] कहाँ से उत्पन्न ?
कत्थ सक [कत्थ्] श्लाघा करना।
कत्थ अ [कुत] कहाँ से ?
कत्थ अ [क, कुत्र] कहाँ ? °इ अ [°चित्] कहीं, किसी जगह।
कत्थ वि [कथ्य] कथनीय। न. काव्य का एक भेद। वनस्पति-विशेष।
कत्थभाणी स्त्री [कस्तभानी] पानी में होनेवाली वनस्पति-विशेष।
कत्थूरिया } स्त्री [कस्तूरी] हरिण की नाभि
कत्थूरी } में होनेवाली सुगन्धित वस्तु।
कत्थ वि [दे] उपरत, मृत। क्षीण।
कद (मा) देखो कड = कृत।
कदग देखो कयग।
कदण देखो कडण = कदन।
कदली देखो कयली।
कदु देखो कउ = क्रतु।
कदुअ (शौ) अ [कृत्वा] करके।
कदुइया स्त्री [दे] वल्ली-विशेष, कद्दू।
कदुशण (मा) वि [कदुष्ण] थोड़ा गरम।
कद्दम पुं न [कर्दम] कीचड़। °ल वि. कीचड़वाला।
कद्दम पु [कर्दम] कीच। देव-विशेष, एक नागराज।
कद्दमिअ पु [दे] महिष।
कन्न देखो कण्ण = कर्ण। °यंस पु [°वतंस] कान का आभूषण।
कन्न देखो कण्ण। °एव देखो कण्णदेव। °वट्टि, °वट्टि स्त्री [°वृत्ति] किनारा, अग्र भाग।
कन्नगा स्त्री [कन्यका] कन्या।
कन्नस वि [कनीयस्] कनिष्ठ, जघन्य।
कन्नारिय वि [दे] विभूषित।
कन्नीरह पु [कर्णीरथ] एक प्रकार की शिविका, घनाट्य का एक प्रकार का वाहन।
कन्नुल्लड (अप) पु [कर्ण] श्रवणेन्द्रिय।
कन्नेरय देखो कण्णिआर।
कन्नोली [दे] देखो कण्णोल्ली।

कपंध देखो कमन्ध ।

कपिंजल पुं. चातक । गौरा पक्षी ।

कपूर देखो कप्पूर ।

कप्प अक [कृप्] समर्थ होना । कल्पना, काम में आना । सक. काटना ।

कप्प सक [कल्पय्] करना, बनाना । वर्णन करना । कल्पना करना ।

कप्प वि [कल्प्य] ग्रहण-योग्य ।

कप्प पुं [कल्प] प्रक्षालन । आचार, व्यवहार । दशाश्रुतस्कन्धसूत्र । कल्पसूत्र । व्यवहार-सूत्र । वि उचित । °काल पुं. प्रभूत काल । °धर वि. कल्प तथा व्यवहार सूत्र का जानकार ।

कप्प पुं [कल्प] काल-विशेष, देवो के दो हजार युग परिमित समय । शास्त्रोक्त विधि, अनुष्ठान । शास्त्र-विशेष । कम्बल-प्रमुख उपकरण । देवों का स्थान, बारह देवलोक । बारह देवलोक । निवासी देव, वैमानिक देव । कल्पवृक्ष । शस्त्र-विशेष । अधिवास, स्थान । राजा नन्द का एक मन्त्री । वि. समर्थ, शक्तिमान् । सदृश । °ट्ठ पु [°स्थ] बालक । °ट्ठिइ स्त्री [°स्थिति] साधुओं का शास्त्रोक्त अनुष्ठान । °ट्ठिया स्त्री [°स्थिका] बालिका । तरुण स्त्री । °ट्ठी स्त्री [°स्था] लडकी । कुल-वधू । °तरु पुं. कल्पवृक्ष । °त्थी स्त्री [°स्त्री] देवी । °दुम, °द्दुम पुं [°द्रुम] कल्प-वृक्ष । °पायव पुं [°पादप] कल्पवृक्ष । °पाहुड न[°प्राभृत] जैनग्रन्थ-विशेष । °रुक्ख पुं [°वृक्ष] कल्प-वृक्ष । °वडिंसय न [°वतंसक] विमान-विशेष । विमानवासी देव-विशेष । °वडिंसया स्त्री [°वतंसिका] जैन ग्रन्थ-विशेष, जिसमें कल्पावतसक देव-विमानो का वर्णन है । °विडवि पु [°विटपिन्] कल्प-वृक्ष । °साल पु [°शाल] कल्प-वृक्ष । °साहि पु [°शाखिन्] कल्प-वृक्ष । °सुत्त न [°सूत्र] श्रीभद्रबाहु स्वामि-विरचित एक जैन-ग्रन्थ । °सुय [°श्रुत] ज्ञान-विशेष । ग्रन्थ-विशेष । °ईअ पुं [°तीत] उत्तम जाति के देव-विशेष, ग्रैवेयक और अनुत्तर विमान के निवासी देव । °ग पु [°क] विधि को जाननेवाला । °य पुं. चुङ्गी, राज-देय भाग ।

कप्पंत पुं [कल्पान्त] प्रलय-काल ।

कप्पड पु [कर्पट] वस्त्र । जीर्ण वस्त्र, रद्दी-कार कपडा ।

कप्पडिअ वि [कार्पटिक] भिक्षुक, कपटी, मायावी ।

कप्पणा स्त्री [कल्पना] रचना, निर्माण । प्रस्पण, निरूपण । कल्पना, विकल्प ।

कप्पणी स्त्री [कल्पनी] कैंची ।

कप्पर पु [कर्पर] खप्पर, सिर की खोपडी । देखो कुप्पर = कर्पर ।

कप्परिअ वि [दे] दारित ।

कप्पास पु [कार्पास] कपास, रुई, ऊन ।

कप्पासट्ठिय पु [कार्पासास्थि] श्रीन्द्रिय जीव-विशेष, क्षुद्र जन्तु-विशेष ।

कप्पासिअ वि [कार्पासिक] कपास बेचने-वाला । न. जैनेतर शास्त्र-विशेष । कपास का बना हुआ, सूती वगैरह ।

कप्पासी स्त्री [कर्पासी] रुई का गाछ ।

कप्पिआकप्पिअ न [कल्पाकल्प] एक जैन शास्त्र ।

कप्पिय वि [कल्पित] रचित, निर्मित । स्थापित, समीप में रखा हुआ । कल्पना-निर्मित, विकल्पित । व्यवस्थित । छिन्न, काटा हुआ ।

कप्पिय वि [कल्पिक] अनुमत, अनिषिद्ध । योग्य । पु. गीतार्थ, ज्ञानी साधु ।

कप्पिया स्त्री [कल्पिका] जैन ग्रन्थ-विशेष, एक उपाङ्ग-ग्रन्थ ।

कप्पूर पुं [कर्पूर] कपूर ।

कप्पोवग पुं [कल्पोपग] कल्प-युक्त । बारह

देव लोक-वासी देव ।

कप्पोववण्ण पु [कल्पोपपन्न] ऊपर देखो ।

कप्पोववत्तिआ स्त्री [कल्पोपपत्तिका] देव-लोक-विशेष मे उत्पत्ति ।

कप्फल न [कट्फल] इस नाम की एक वनस्पति, कायफल ।

कप्फाड देखो कवाड = कपाट ।

कप्पाड [दे] देखो कफाड ।

कफ पुं. शरीर-स्थित धातु-विशेष ।

कफाड पुं [दे] गुफा ।

कवंध (णो) देखो कमंध ।

कव्वट्टी स्त्री [दे] छोटी लडकी ।

कव्वड पुंन [कर्वट] कुत्सित शहर । पु. ग्रह-विशेष, ग्रहाधिष्ठायक देव-विशेष । वि. कुनगर का निवासी ।

कव्वर देखो कव्वुर ।

कव्वाडभयय पुं [दे] ठीका पर जमीन खोदने का काम करनेवाला मजदूर ।

कव्वुर / कव्वुरय { वि [कर्बुर] चितकबरा । पु. ग्रह-विशेष, ग्रहाधिष्ठायक देव-विशेष ।

कभ (अप) देखो कफ ।

कभल्ल न [दे] कपाल ।

कम सक [क्रम्] चलना, पाँव उठाना । उल्लंघन करना । अक. फैलना, पसरना । होना ।

कम सक [कम्] वाञ्छना ।

कम अक [क्रम्] युक्त होना, घटना । अधिक रहना ।

कम पु [क्रम्] पाँव । परम्परा । परिपाटी । मर्यादा, सीमा । न्याय, फैसला । नियम ।

कम पु [क्लम] थकावट ।

कमंडलु पुन संन्यासियो का एक मिट्टी या काष्ठ का पात्र ।

कमंध पुंन [कबन्ध] मस्तकहीन शरीर ।

कमढ पुं [दे] दही की कलशी । पिठर, स्थाली । वलदेव । मुख ।

कमढ पु [कमठ] तापस-विशेष, जिसको भगवान् पार्श्वनाथ ने वाद मे जीता था और जो मरकर दैत्य हुआ था । कच्छप । वाँस । शल्लकी वृक्ष । न. मैल । साध्वियो का एक पात्र । साध्वियो को पहनने का एक वस्त्र ।

कमण न [क्रमण] गति, चाल । प्रवृत्ति ।

कमणिया स्त्री [क्रमणिका] जूता ।

कमणिल्ल वि [क्रमणीवत्] जूतावाला, जूता पहना हुआ ।

कमणी स्त्री [क्रमण] जूता ।

कमणी स्त्री [दे] सीढी ।

कमणीय वि [कमनीय] सुन्दर, मनोहर ।

कमल पु [दे] स्थाली । पटह । मुँह । मृग । कलह ।

कमल पुन. एक देव-विमान । न पद्म । कमलाख्य इन्द्राणी का सिंहासन । सख्या-विशेष, 'कमलाग' को चौरासी लाख से गुणने पर जो सख्या लब्ध हो वह । छन्द-विशेष । पु. कमलाख्य इन्द्राणी के पूर्वजन्म का पिता । श्रेष्टिविशेष । पिंगल-प्रसिद्ध एक गण, अन्त्य अक्षर जिसमे गुरु हो वह गण । एक जाति का चावल, कलम । °क्ख पुं [°ाक्ष] इस नाम का एक यक्ष । °जय न. विद्याधरो का एक नगर । °जोणि पु [°योनि] विधाता । °णअण पु [°नयन] विष्णु, नारायण । °पुर न. विद्याधरों का एक नगर । °प्पभा स्त्री [°प्रभा] काल-नामक पिशाचेन्द्र की अग्रमहिषी । 'ज्ञाताधर्मकथा' सूत्र का एक अध्ययन । °वन्धु पु [°बन्धु] सूर्य । इस नाम का एक राजा । °माला स्त्री. पोतनपुर नगर के राजा आनन्द की एक रानी, भगवान् अजितनाथ की दादी । °रय पु [°रजस्] कमल का पराग । °वडिंसय न [°ावतसक] कमला नामक इन्द्राणी का प्रासाद । °सिरी स्त्री [°श्री] कमला-नामक इन्द्राणी की पूर्व जन्म

की माता का नाम। °सुंदरी स्त्री [°सुन्दरी] इस नाम की एक रानी। °सेणा स्त्री [°सेना] एक राज-पुत्री। °आर, °गार पु [°आकर] कमलों का समूह। सरोवर, ह्रद वगैरह जलाशय। °पीढ, °पीढ पु [°पीठ] भरत चक्रवर्ती का अश्व-रत्न। °सण पु [°आसन] ब्रह्मा।

कमलग न [कमलाङ्ग] संख्या-विशेष, चौरासी लाख महापद की संख्या।

कमला स्त्री [दे] हरिणी।

कमला स्त्री. लक्ष्मी। रावण की एक पत्नी। काल नामक पिशाचेन्द्र की एक अग्र-महिषी, इन्द्राणी-विशेष। 'ज्ञाताधर्मकथा' सूत्र का एक अध्ययन। छन्द-विशेष। °अर पु [°कर] धनाढ्य।

कमलिणी स्त्री [कमलिनी] पद्मिनी, कमल का गाछ।

कमलुब्भव पु [कमलोद्भव] ब्रह्मा।

कमव, कमवस } अक [स्वप्] सो जाना।

कमसो अ [क्रमशः] क्रम से, एक-एक करके।

कमिअ वि [दे] पास आया हुआ।

कमेलग, कमेलय } पुस्त्री [क्रमेलक] ऊँट।

कम्म सक [कृ] क्षौर-कर्म करना।

कम्म सक [भुज्] भोजन करना।

कम्म देखो कम = कर्म्।

कम्म पुन [कर्मन्] जीव द्वारा ग्रहण किया जाता अत्यन्त सूक्ष्म पुद्गल। काम, क्रिया करनी, व्यापार। जो किया जाय वह। व्याकरण-प्रसिद्ध कारक-विशेष। वह स्थान, जहाँ पर चूना वगैरह पकाया जाता है। भाग्य। कार्मण-शरीर। कार्मण-शरीर नामकर्म, कर्मविशेष। °कर वि. चाकर। देखो °गार। °करण न कर्म-विषयक बन्धन, जीव-पराक्रम-विशेष। °कार वि. नौकर। °किब्बिस वि [°किल्बिष] सराब काम करनेवाला। °कलंब पु [°कलङ्क] कर्म-पुद्गलों का पिंड। °गर देखो °कर। °गार पुं [°कार] कारीगर, शिल्पी। देखो °कर। °जोग पुं [°योग] शास्त्रोक्त अनुष्ठान। °ट्ठाण न [°स्थान] कारखाना। °ट्ठिइ स्त्री [°स्थिति] कर्म-पुद्गलों का अवस्थान-समय। वि संसारी जीव। °णिगेय पुं [°निकेत] कर्म-पुद्गलों की रचना-विशेष। °धारय पु [°धारय] व्याकरण-प्रसिद्ध एक समास। °परिसाडणा स्त्री [°परिशाटना] कर्म-पुद्गलों का जीव-प्रदेशों से पृथक्करण। °पुरिस पुं [पुरुष] कर्म-प्रधान पुरुष, कारीगर, शिल्पी। महारम्भ करनेवाले वासुदेव वगैरह सभी लोग। °पवाय न [°प्रवाद] जैन सम्प्रदाय-विशेष, आठवाँ पूर्व। °बंध पु [°बन्ध] कर्म-पुद्गलों का आत्मा में लगना, कर्म से आत्मा का बन्धन। °भूमग वि [°भूमिक] कर्म-भूमि में उत्पन्न। °भूमि स्त्री कर्म-प्रधान भूमि, भरत क्षेत्र वगैरह। °भूमिग देखो °भूमग। °भूमिय वि [°भूमिज] कर्म-भूमि में उत्पन्न। °मास पु सावन मास। °मासग पु [°माषक] माप-विशेष, पाँच गुंजा, पाँच रत्ती। °य वि [°ज] कर्म से उत्पन्न होनेवाला। कर्म-पुद्गलों का बना हुआ कार्मण-शरीर। °या स्त्री [°जा] अभ्यास से उत्पन्न होनेवाली बुद्धि, अनुभव। °लेस्सा स्त्री [°लेश्या] कर्म द्वारा होनेवाला जीव का परिणाम। °वग्गणा स्त्री [°वर्गणा] कर्मरूप में परिणत होनेवाला पुद्गल-समूह। °वाइ वि [°वादिन्] भाग्य को ही सब कुछ माननेवाला। °विवाग पु [°विपाक] कर्म-परिणाम, कर्म-फल। कर्म-विपाक का प्रतिपादक ग्रन्थ। °संवच्छर पु [°संवत्सर] लौकिक वर्ष। °सग्गा स्त्री [°शाला] कारखाना। कुम्भकार का घटादि बनाने का स्थान। °सिद्ध पुं. कारीगर, शिल्पी।

°जीव कारीगर। कारीगरी का कोई भी काम बतलाकर भिक्षादि प्राप्त करनेवाला साधु। °दाण न [°दान] जिससे भारी पाप हो ऐसा व्यापार। °यरिय पु [°र्य] निर्दोष व्यापार करनेवाला। °वाइ देखो °वाइ।

कम्म वि [कार्मण] कर्म सम्बन्धी, कर्मजन्य, कर्म-निर्मित, कर्म-मय। न कर्म-पुद्गलों का ही बना हुआ एक अत्यन्त सूक्ष्म शरीर, जो भवान्तर में भी आत्मा के साथ ही रहता है। कर्म-विशेष, कार्मण-शरीर का हेतु-भूत कर्म। कर्मण-शरीर का एक व्यापार।

कम्मइय न [कर्मचित, कार्मण] ऊपर देखो।

कम्मंत पु [दे. कर्मान्त] कर्म-बन्धन का कारण। कर्मस्थान, कारखाना।

कम्मंत वि [कुर्वत्] हजामत करता हुआ। नापित। °साला स्त्री [°शाला] जहाँ पर उस्तरा—बाल बनाने का छुरा आदि सजाया जाता हो वह स्थान।

कम्मक्कर देखो कम्म-कर।

कम्मग न [कर्मक, कार्मक, कार्मण] देखो कम्म = कार्मण।

कम्मण न [कार्मण] कर्म-मय शरीर। औषध, मन्त्र आदि के द्वारा मोहन, वशीकरण, उच्चाटन आदि कर्म। °गारि वि [°कारिन्] कार्मण करनेवाला। °जोय पुं [°योग] कार्मण प्रयोग।

कम्मण न [भोजन] भोजन।

कम्मय देखो कम्मग।

कम्मव सक [उप + भुज्] उपभोग करना।

कम्मवण न [उपभोग] उपभोग, काम में लाना।

कम्मस वि [कल्मष] मलिन। न. पाप।

कम्मा स्त्री [कर्मन्] क्रिया, व्यापार।

कम्मार पु [कर्मार] लोहार, लोहकार। ग्राम-विशेष।

कम्मार वि [कर्मकार] नौकर। कारीगर, शिल्पी।

कम्मारिया स्त्री [कर्मकारिका] स्त्री-नौकर, दासी।

कम्मि वि [कर्मिन्] कर्म करनेवाला, अभ्यासी, पाप कर्म करनेवाला।

कम्मिया स्त्री [कर्मिका, कार्मिका] अभ्यास से उत्पन्न होनेवाली बुद्धि। अवशिष्ट कर्म।

कम्हल न [कश्मल] पाप।

कम्हा अ [कस्मात्] क्यों, किस कारण से।

कम्हार देखो कुंभार। °ज न केसर, कुंकुम।

कम्हिअ पु [दे] माली।

कम्हीर देखो कुंभार।

कय पु [कच] केश।

कय पु [क्रय] खरीदना।

कय देखो कड = कृत। °उण्ण वि [°पुण्य] पुण्यशाली, भाग्यशाली। °क देखो °ग। °कज्ज वि [°कार्य] कृतार्थ, सफल-मनोरथ। °करण वि अभ्यासी, कृताभ्यास। °किच्च वि [°कृत्य] सफल-मनोरथ। °ग वि [°क] अपनी उत्पत्ति में दूसरे की अपेक्षा करने वाला, प्रयत्न-जन्य। पु. दास-विशेष, गुलाम। न. सुवर्ण। °ग्घ वि [°घ्न] कृतघ्न। °जाणुअ वि [°ज्ञायक] कृतज्ञ। °ण्ण, °ण्णु वि [°ज्ञ] किये हुये उपकार की कदर करनेवाला। °ण्णुया स्त्री [°ज्ञता] एहसानमन्दी। °त्थ वि [°र्थ] कृतकृत्य। °नासि वि [°नाशिन्] कृतघ्न। °पंजलि वि [°प्राञ्जलि] नमस्कार के लिए जिसने हाथ ऊँचा किया हो वह। °पडिकइ स्त्री [°प्रतिकृति] प्रत्युपकार, विनय-विशेष। °पडिकइया स्त्री [प्रतिकृतिता] प्रत्युपकार। विनय का एक भेद। °वलिकम्म वि [°वलि-कर्मन्] जिसने देवता की पूजा की है वह। °मंगला स्त्री [°मङ्गला] इस नाम की एक नगरी। °माल वि [°माल] जिसने माला

बनाई हो वह। पुं. वृक्ष-विशेष, कनेर का गाछ। तमिस्रा नामक गुफा का अधिष्ठायक देव। °लक्खण वि [°लक्षण] जिसने अपने शरीर-चिन्ह को सफल किया हो वह। °व वि [°वत्] जिसने किया हो वह। °वणमाल-पिय पुं [°वनमालप्रिय] इस नाम का एक यक्ष। °वम्म पु. [°वर्मन्] नृप-विशेष, भगवान् विमलनाथ का पिता। °वीरिय पु [°वीर्य] कार्तवीर्य के पिता का नाम।

कयं अ [कृतम्] अलम्, बस।

कयंगला स्त्री [कृतङ्गला] श्रावस्ती नगरी के समीप की एक नगरी।

कयंत पुं [कृतान्त] यम, मृत्यु। शास्त्र, सिद्धान्त। रावण का इस नाम का एक सुभट। °मुह पु [°मुख] रामचन्द्र के एक सेनापति का नाम। °वयण पु [°वदन] राम का एक सेनापति।

कयंध देखो कमंध।

कयंब देखो कलंब।

कयब पुं [कदम्ब] समूह।

कयविय वि [कदम्बित] अलकृत।

कयंवुअ देखो कलंबुअ।

कयग वि [कृतक] प्रयत्न-जन्य।

कयग वि [क्रायक] खरीदनेवाला।

कयग पुं [कतक] वृक्ष-विशेष, निर्मली। न. कतक-फल, निर्मली-फल, पायपसारी।

कयज्ज वि [कदर्य] कजूस।

कयड्डि पु [कपर्दिन्] इस नाम का एक यक्ष देवता।

कयण न [कदन] हिंसा, मार डालना।

कयत्थ सक [कदर्थय्] हैरान करना, पीड़ा करना।

कयन्न वि [कदन्न] खराब अन्न।

कयम वि [कतम] बहुत में से कौन ?

कयर वि [कतर] दो में से कोन ?

कयर पु [क्रकर] वृक्ष-विशेष, करीर, करील। न. करीर का फल।

कयल पु [कदल] केला का गाछ। न. केला।

कयल न [दे] अलिञ्जर, बड़ा गगरा, शंभर, मटका।

कयलि, °ली स्त्री [कदलि, °ली] केला का गाछ। °रामागम पु. इस नाम का एक गांव। °हर न [°गृह] कदली-स्तम्भ से बनाया हुआ घर।

कयल्लय देखो कय = कृत।

कयवर पु [दे] कूड़ा, मैला, विष्ठा।

कयवरुज्झिया स्त्री [दे. कचवरोज्झिका] कूड़ा साफ करनेवाली दासी।

कयवाउ पु [कृकवाकु] कुक्कुट, मुर्गा।

कयवाय पु [कृकवाक] कुक्कुट।

कयसण न [कदशन] खराब भोजन।

कयसेहर पु [दे] मुर्गा।

कया अ [कदा] कब, किस समय ?

कयाइ अ [कदापि] कभी भी, किसी समय भी।

कयाइं / कयाइ / कयाई अ [कदाचित्] किसी समय, कभी। वितर्क-द्योतक अव्यय।

कयाण न [क्रयाणक] बेचने योग्य वस्तु, करियाना।

कयार पु [दे] कूड़ा।

कयावि देखो कयाइ = कदापि।

कयोग पु. बहुरूपिया।

कर सक [कृ] करना, बनाना।

कर पुं. एक महाग्रह। हाथ। महसूल। किरण। हाथी की सूंड। करका, शिला-वृष्टि, ओला। °ग्गह पुं [°ग्रह] हाथ से ग्रहण करना। शादी। °य पु [°ज] नख। °रुह पुंन [°करुह] नख। पुं नृप-विशेष। °लाघव न. कला-विशेष, हस्त-लाघव। °वंदण न [°वन्दन] वन्दन का एक दोष।

करअडी / करअरी स्त्री [दे] मोटा कपड़ा।

करआ स्त्री [करका] ओला।
करइल्ली स्त्री [दे] सूखा पेड।
करंक पुं [दे. करङ्क] भिक्षा-पात्र। अशोक-वृक्ष।
करंक पुन हड्डी। अस्थि-पञ्जर। पानदान। हड्डियो का ढेर।
करंज सक [भञ्ज्] तोडना, फोडना।
करंज पुं. वृक्ष-विशेष, करिञ्ज।
करंज पुं [दे] सूखी त्वचा।
करंड पुंन. वंशाकार हड्डी।
करंड पुं [करण्ड] डिब्बा।
करंडिया स्त्री [करण्डिका] छोटा डिब्बा।
करंडी स्त्री. पेटिका, कुडी।
करंडुय न [दे] पीठ के पास की हड्डी।
करंब पुं. दध्योदन।
करंबिय वि [करम्बित] व्याप्त, खचित।
करकंट पुं [करकण्ट] इस नाम का एक परिव्राजक।
करकंडु पुं. एक जैन महर्षि।
करकचिय वि [क्रकचित] करवत आदि से फाडा हुआ।
करकड वि [दे. कर्कर, कर्कट] परुष।
करकडी स्त्री [दे करकटी] चियडा, निन्दनीय वस्त्र-विशेष, जो प्राचीन काल में वध्य पुरुष को पहनाया जाता था।
करकय पुं [क्रकच] करपत्र, आरा।
करकर पु. 'कर-कर' आवाज। °सुठ पुंन [°शुण्ठ] तृण-विशेष।
करकरिग पुं [करकरिक] ग्रह-विशेष, ग्रहाधिष्ठायक देव-विशेष।
करग देखो कारग = कारक।
करग पुं [करक] ओला। पानी की कलशी। देखो करय = करक।
करगय देखो करकय।
करग्गह देखो कर-गह।
करघायल पुं [दे] दूध की मलाई।
करच्छोडिया स्त्री [दे] ताली, ताल।
करट्ट पुं [दे] अपवित्र अन्न को खानेवाला ब्राह्मण।
करड पुं [करट] कौआ। हाथी का गण्डस्थल। वाद्य-विशेष। कुसुम्भ-वृक्ष। करीर-वृक्ष। गिरगिट, सरट। नास्तिक। श्राद्ध-विशेष।
करड पुं [दे] व्याघ्र, शेर। वि. कबरा।
करडा स्त्री [दे] लट्वा—एक प्रकार का करञ्ज वृक्ष। पक्षि-विशेष, चटक। भ्रमर। वाद्य-विशेष।
करडि पुं [करटिन्] हाथी।
करडी स्त्री [दे. करटी] वाद्य-विशेष।
करडुयभत्त न [दे] श्राद्ध-विशेष।
करण न इन्द्रिय। आसन, पद्मासन वगैरह। आश्रय। क्रिया, विधान। कारक-विशेष, साधकतम। उपाधि, उपकरण। न्यायालय। वीर्य-स्फुरण। ज्योतिःशास्त्र-प्रसिद्ध बव-बालवादि करण। प्रयोजन। जेल। वि. जो किया जाय वह। करनेवाला। °ाहिवइ पुं [°ाधिपति] जेल का अध्यक्ष। °साला स्त्री [°शाला] न्यायालय।
करणया स्त्री [करणता] अनुष्ठान, क्रिया। संयमानुष्ठान।
करणि स्त्री [दे] क्रिया।
करणि स्त्री [दे] रूप, आकार। सादृश्य। अनुकरण। स्वीकार।
करणिल्ल वि [दे] समान, सदृश।
करपत्त न [करपत्र] क्रकच।
करभ पु. ऊँट।
करभी स्त्री ऊँटनी। धान्य भरने का बडा पात्र। देखो करही।
करम वि [दे] क्षीण, दुर्बल।
करमंद पुं फलवाला वृक्ष-विशेष।
करमद्द पुं [करमर्द] वृक्ष-विशेष, करौंदा।
करमरी स्त्री [दे] हठ-हृत स्त्री, बाँदी।

करय देखो करग । पक्षि-विशेष ।
करयंदी स्त्री [दे] मल्लिका, चेला का गाछ ।
करयर अक [करकराय्] 'कर-कर' आवाज करना ।
करुद्दपु [करुद्र] छन्द-विशेष ।
करलि } स्त्री [करलि, °ली] पताका ।
करली } हरिण की एक जाति । हाथी का एक आभरण ।
करव पुन [दे. करक] जल पात्र ।
करवंदी स्त्री [करमन्दी] लता-विशेष, एक जाति का पेड़ ।
करवत्तिआ स्त्री [करपात्रिका] जल पात्र-विशेष ।
करवाल पुं. तलवार ।
करविया स्त्री [दे. करकिका] पान पात्र-विशेष ।
करवीर प करेर का गाछ ।
करसी [दे] देखो कडसी ।
करह पु [करभ] ऊष्ट्र । सुगंधी द्रव्य-विशेष ।
करहंच न [करहञ्च] छन्द-विशेष ।
करहाड पु [करहाट] वृक्ष-विशेष, करहार, शिफा कन्द, गैनफल ।
करहाडय पुं [करहाटक] ऊपर देखो । देश-विशेष ।
करही देखो करभी । इस नाम का एक छन्द । °रुह वि [°रोह] ऊँट-सवार ।
कराइणी स्त्री [दे] शाल्मली वृक्ष ।
करादल्ल पुं स्वनामख्यात एक राजा ।
कराल वि उन्नत। दन्तुरित । भयकर । फाड़ने-वाला । विकसित । व्यवहित । वि इस नाम का विदेह-देश का राजा ।
कराल सक [करालय्] फाड़ना, छिद्र करना । विकसित करना ।
करली स्त्री [दे] दतवन, दांत शुद्ध करने का काष्ठ ।
करावण न [कारण] करवाना, बनवाना, निर्मापन ।
करावित्र वि [कारित] कराया हुआ ।
करि प [करिन्] हाथी । °धरणट्ठाण न [°धरणस्थान] हाथी को बांधने की जगह—खूंटा । °नाह पु [°नाथ] पीलवान, हाथी का स्वामी । उत्तम हाथी । °बंधण न [°बन्धन] हाथी पकड़ने का गर्त । भयर पं [°भट] वीर-योद्धा ।
करिअ पु [करिक] एक प्रकार ।
करिआ स्त्री [दे] हथिनी पकड़ने का पाश ।
करिणिया } स्त्री [करिणी] हथिनी ।
करिणी }
करिण पु [करिन्] हस्ती ।
करिमरी [दे] देखो करमरी ।
करिल्ल न [दे] वंशाकुर, बांस का कोपल, रेतीली भूमि में उत्पन्न होनेवाला वृक्ष-विशेष, जिसे ऊँट खाते हैं । करीला, तरकारी-विशेष । अंकुर, कल्पद्रु । पु. करील वृक्ष, करील । वि वंशाकुर के समान ।
करिस देखो कड्ढ = कृष् ।
करिस पु [कर्ष] आकर्षण । विलेखन, रेखा-करण । पल का चौथा हिस्सा ।
करिस देखो करीस ।
करिसग वि [कर्षक] कृषीवल ।
करिसण न [कर्षण] खींचाव । रोंची करना । कृषि ।
करिसय देखो करिसग ।
करिसावण पुन [कार्षापण] सिक्का-विशेष ।
करिसिय वि [कृशित] दुर्बल किया हुआ ।
करीर पु. वृक्ष-विशेष ।
करीस पु [करीष] जलाने के लिए सुखाया हुआ गोबर, कण्डा, गोइठा ।
करुण देखो कलुण ।
करुणा स्त्री दया ।
करे सक [कारय्] कराना ।
करेडु पु [दे] कुकलास, गिरगिट, सरट ।

करेणु पुं. हाथी। कनेर का गाछ। स्त्री. हस्तिनी। °दत्ता स्त्री. ब्रह्मदत्त चक्रवर्ती की एक स्त्री। °सेणा स्त्री. [°सेना] देखो पूर्वोक्त अर्थ।

करेणुआ स्त्री [करेणु] हथिनी।

करेवाहिय वि [करवाधित] राज-कर से पीड़ित।

करोड पुं [दे] नारिकेल। काक। वृषभ।

करोडग पुं [दे] कटोरा।

करोडि स्त्री [करोटि] सिर की हड्डी।

करोडिय पुं [करोटिक] कापालिक, भिक्षुक-विशेष।

करोडिया, करोडी } स्त्री [करोटिका, °टी] कुण्डा, बड़े मुँह का एक पात्र, कांस्य-पात्र-विशेष। स्थगिका, पानदान। मिट्टी का एक तरह का पात्र। कपाल, भिक्षा-पात्र। परोसने का एक उपकरण।

करोडी स्त्री [दे] एक प्रकार की चीटी, क्षुद्र-जन्तु-विशेष।

करोडी स्त्री [दे] मुरदा, शव।

कल सक [कलय्] संख्या करना। आवाज करना। जानना। पहिचानना। सम्बन्ध करना।

कल वि [कल] मधुर, मनोहर। पुं. अव्यक्त मधुर शब्द। कोलाहल, कलकल। कर्दम। धान्य-विशेष, गोल चना, मटर। °कंठी स्त्री [°कण्ठी] कोयल। °मंजुल वि [°मञ्जुल] शब्द से मधुर। °यंठ पुं [°कण्ठ] कोकिल। °यंठी देखो °कण्ठी। हंस पु. राज-हंस।

कलंक पु [कलङ्क] दोष। लाञ्छन, चिह्न।

कलंक सक [कलंङ्क्य्] कलङ्कित करना।

कलंक पु [दे] बाँस, वंश। बाँस की बनाई हुई बाड।

कलंकल वि. असमंजस, अशुभ।

कलंकलीभागि वि [कलङ्कलीभागिन्] दुःख-व्याकुल।

कलंकलीभाव पु [कलङ्कलीभाव] दुःख से व्याकुलता। संसार-परिभ्रमण।

कलंकवई स्त्री [दे] काँटे आदि से परिच्छिन्न स्थान-परिधि।

कलंतर न [कलान्तर] व्याज, सूद।

कलंद पु [कलन्द] कुण्ड, कुण्डा रङ्गपात्र। जाति से आर्य एक प्रकार के मनुष्य।

कलंब पु [कदम्ब] वृक्ष-विशेष, नीप, कदम का गाछ। °चीर न. शस्त्र विशेष। °चीरिया स्त्री [°चीरिका] तृण-विशेष, जिसका अग्र भाग अति तीक्ष्ण होता है। °वालुया स्त्री [°वालुका] कदम्ब के पुष्प के आकारवाली धूली। नरक की नदी।

कलंबु स्त्री [दे] वल्ली-विशेष, नालिका।

कलंबुअ न [कदम्बक] कदम्ब-वृक्ष एवं उसका पुष्प।

कलबुआ [दे] देखो कलंबु।

कलंबुआ स्त्री [कलम्बुका] कदम्ब पुष्प के समान मास-गोलक। एक गाँव का नाम, जहाँ पर भगवान् महावीर को कालहस्ती ने सताया था।

कलंबुगा स्त्री [कलम्बुका] जल में होने वाली वनस्पति की एक जाति।

कलकल पु. कोलाहल, कल-कलरव। स्पष्ट आवाज। चूना आदि से मिश्रित जल।

कलकल अक [कलकलाय्] 'कल-कल' आवाज करना। कोलाहल करना।

कलक्ख देखो कडक्ख = कटाक्ष।

कलचुलि पु [कलचुलि] क्षत्रिय-विशेष। इस नाम का एक क्षत्रिय-वंश।

कलण देखो करण।

कलण न [कलन] शब्द, आवाज। संख्यान, गिनती। धारण करना। जानना। प्राप्ति, ग्रहण।

कलणा स्त्री [कलना] कृति, करण। धारण करना, लगाना।

कलत्त न [कलत्र] भार्या ।

कलधोय देखो कलहोय ।

कलभ पुस्त्री. हाथी का बच्चा । बच्चा ।

कलभिआ स्त्री [कलभिका] हाथी का स्त्री बच्चा ।

कलम पु [दे कलम] चोर । एक प्रकार का उत्तम चावल ।

कलमल पु. पेट का मल । वि. दुर्गन्धि, दुर्गन्धवाला ।

कलमल पुन [दे] मदन-वेदन । कम्पन, थरथराहट, घृणा ।

कलय देखो कालय ।

कलय पु [दे] अर्जुन वृक्ष । सोनार ।

कलय पुं [कलाद] सुवर्णकार ।

कलयंदि वि [दे] विख्यात । स्त्री वृक्ष-विशेष, पाडरी, पाढल ।

कलयज्जल न [दे] ओष्ठ-लेप, होठ पर लगाया जाता लेप-विशेष ।

कलयल देखो कलकल ।

कलरुद्दाणी स्त्री [कलरुद्राणी] इस नाम का छन्द ।

कलल न. वीर्य और शोणित का समुदाय । गर्भवेष्टन चर्म । गर्भ के अवयव रूप रेत-विकार । कर्दम ।

कलविंक पु. चटक, गौरिया पक्षी, गौरैया ।

कलवू स्त्री [दे] तुम्बी-पात्र ।

कलस पु [कलश] घडा । स्कन्धक छन्द का एक भेद । पुन. एक देवविमान । वाद्य-विशेष।

कलसिया स्त्री [कलशिका] छोटा घडा । वाद्य-विशेष ।

कलह पु. झगडा ।

कलह देखो कलभ ।

कलह न [दे] तलवार की म्यान ।

कलह अक [कलहाय्] झगडा करना, लड़ाई करना ।

कलहाअ देखो कलह = कलहाय् ।

कलहोय न [कलधौत] सुवर्ण । चाँदी ।

कला स्त्री. अंश, भाग, मात्रा । समय का सूक्ष्म भाग । चन्द्रमा का सोलहवाँ हिस्सा । कला, विद्या, विज्ञान । पुरुष-योग्य कला के मुख्य बहत्तर और स्त्री-योग्य कला के मुख्य चौसठ भेद है । °गुरु पु [°गुरु] कलाचार्य । °यरिय पु [°चार्य] देखो पूर्वोक्त अर्थ । °वई स्त्री [°वती] कलावाली स्त्री । एक पतिव्रता स्त्री । °सवण्ण न [°सवर्ण] संख्या-विशेष ।

कलाइआ स्त्री [कलाचिका] कोनी से लेकर मणिबन्ध तक का हस्तावयव ।

कलाय पु [कलाद] सुवर्णकार ।

कलाय पुं. गोल चना, मटर ।

कलाव पुं [कलाप] समूह, जत्था । मयूर-पिच्छ । शरधि, तूण, जिसमें बाण रखे जाते है । कण्ठ का आभूषण ।

कलावग न [कलापक] चार श्लोकों की एक-वाक्यता । ग्रीवा का एक आभरण ।

कलावय न [कलापक] चार पद्यो की एक-वाक्यता ।

कलावि पुंस्त्री [कलापिन्] मयूर ।

कलि पुं. एक नरकावास ।

कलि पुं झगडा । कलियुग । पर्वत-विशेष । प्रथम भेद । एक, अकेला । दुष्ट पुरुष । °ओग, °ओय पुं [°ओज] युग्म-राशि-विशेष । °ओयकडजुम्म पुं [°ओजकृत-युग्म] युग्म-राशि-विशेष । °ओयकलिओय पुं [°ओजकल्योज] युग्म-राशि-विशेष । °ओजतेओय पुं [°ओजत्र्योज] युग्म-राशि-विशेष । °ओयदावरजुम्म पुं [°ओजद्वापर-युग्म] युग्म-राशि-विशेष । °कुड न [°कुण्ड] तीर्थ-विशेष । °जुग न [°युग] कलियुग ।

कलि पुं [दे] शत्रु ।

कलिअ वि [कलित] सहित । गृहीत। विदित ।

कलिअ देखो कल = कलय् ।

कलिअ पुं [दे] नकुल । वि. गर्वित ।

कलिआ स्त्री [दे] सखी ।
कलिआ स्त्री [कलिका] कली ।
कलिंग पु [कलिङ्ग] देश-विशेष । कलिङ्ग देश का राजा । कलिंग पु. भगवान् आदिनाथ का एक पुत्र ।
कलिंच देखो किलिंच ।
कलिंज पुं [कलिञ्ज] चटाई ।
कलिंज न [दे] छोटी लकडी ।
कलिंब पुन. बाँस का पात्र-विशेष । सूखी लकडी ।
कलित्त न [कटित्र] कमर का पहना जाता एक प्रकार का चर्ममय कवच ।
कलिम न [दे] कमल ।
कलिमल देखो कलमल = कलकल ।
कलिल वि. गहन, घना, दुर्भेद्य ।
कलुण वि [करुण] दीन, दया-जनक, कृपा-पात्र । पु. साहित्यशास्त्र-प्रसिद्ध नव रसो मे एक रस ।
कलुणा देखो करुणा ।
कलुस वि [कलुष] अस्वच्छ । न. पाप, दोप, मैल ।
कलेर पु [दे] कङ्काल, अस्थि-पञ्जर । वि. भयानक ।
कलेवर न. देह ।
कलेसुय न [कलेसुक] तृण-विशेप ।
कलोवाइ स्त्री [दे] पात्र-विशेप ।
कल्ल न [कल्य] कल, गया हुआ या आगामी दिन । शब्द, आवाज । संख्या, गिनती । आरोग्य । सुबह । वि. निरोग ।
कल्लवत्त पु [कल्यवर्त्त] प्रातर्भोजन, जलपान ।
कल्लवाल पु [कल्यपाल] शराब बेचनेवाला ।
कल्लविअ वि [दे] तीमित, आर्द्रित । विस्तारित ।
कल्ला स्त्री [दे] दारू ।
कल्लाकल्लि, कल्लाकल्लि अ [कल्याकल्य] प्रतिदिन । रोज-सुबह ।
कल्लाण न [कल्याण] सुवर्ण ।
कल्लाण पुन [कल्याण] सुख, मगल, क्षेम । निर्वाण । विवाह । जिन भगवान् का पूर्व भव से च्यवन, जन्म, दीक्षा, केवल-ज्ञान तथा मोक्ष-प्राप्ति रूप अवसर । वैभव । वृक्ष-विशेप । तप-विशेप । देश-विशेप । नगर-विशेष । पुण्य । वि. हित-कारक, सुख-कारक । °कडय न [°कृतक] नगर-विशेप ।
कल्लाणी स्त्री [कल्याणी] कल्याण करनेवाली स्त्री । दो वर्ष की वछिया ।
कल्लाल पु [कल्यपाल] कलाल ।
कल्लि अ [कल्ये] कल दिन, कल को ।
कल्लुग पु [कल्लुक] द्वीन्द्रिय जीव-विशेप, कीट की एक जाति ।
कल्लुय पु [कल्लुक] द्वीन्द्रिय जन्तु की एक जाति ।
कल्लुरिया [दे] देखो कुल्लरिया ।
कल्लेउय पुन [दे] कलेवा, प्रातराश ।
कल्लोडय पु [दे] दमनीय बैल ।
कल्लोडिआ [दे] देखो कल्होडी ।
कल्लोल पु. तरग, ऊर्मि ।
कल्लोल वि [दे. कल्लोल] दुश्मन ।
कल्लोलिणी स्त्री [कल्लोलिनी] नदी ।
कल्हार न [कह्लार] सफेद कमल ।
कल्हि देखो कल्लि ।
कल्होड पु [दे] वछडा ।
कव अक [कु] आवाज करना ।
कवइय वि [कवचित] वख्तरवाला ।
कवंध देखो कमंध ।
कवग्ग पु [कवर्ग] 'क' से 'ङ' तक के पाँच अक्षर ।
कवचिअ देखो कवइय ।
कवचिया स्त्री [कवचिका] कलाचिका, प्रकोष्ठ ।
कवट्टिअ वि [कदर्थित] पीडित ।
कवड न [कपट] माया, छद्म, शाठ्य ।

कवडि देखो कवड्डि ।
कवड्ड पु [कपर्द] बडी कौडी ।
कवड्डि पु [कपर्दिन्] यक्ष-विशेष । शिव ।
कवड्डिया स्त्री [कपर्दिका] कौडी ।
कवण वि [किम्] कौन ?
कवय पुन [कवच] बख्तर ।
कवय न [दे] वनस्पति-विशेष, भूमिच्छत्र ।
कवरी स्त्री [कबरी] केश-पाश ।
कवल सक [कवलय्] ग्रसना ।
कवलिआ स्त्री [दे] ज्ञान का एक उपकरण ।
कवल्ल पु [दे] लोहे का कडाह ।
कवल्लि } स्त्री [दे] गुड़ वगैरह पकाने का
कवल्ली } भाजन, कडाह ।
कवाल } पु [कपाट] किवाड, किवाडी ।
कवाड }
कवाल न [कपाल] खोपडी । भिक्षा-पात्र ।
कवास पु [दे] एक प्रकार का जूता, अर्धजङ्घा ।
कवि देखो कइ = कपि ।
कवि पु कविता करनेवाला । शुक्र ग्रह । °त्त न [°त्व] कविता, कवित्त । देखो कइ = कवि ।
कविअ न [कविक] लगाम ।
कविजल देखो कपिंजल ।
कविकच्छु } देखो कइकच्छु ।
कविगच्छु }
कविट्ठ देखो कइत्थ ।
कविड न [दे] घर का पिछला आँगन ।
कवित्थ देखो कइत्थ ।
कवियच्छु देखो कइकच्छु ।
कविल पु [दे] कुत्ता ।
कविल पु [कपिल] भूरा रग, तामडा वर्ण । पक्षि-विशेष । साख्य मत का प्रवर्त्तक मुनि-विशेष । एक ब्राह्मण महर्षि । इस नाम का एक वासुदेव । राहु का पुद्गल-विशेष । वि. भूरा रग का, मटमैला रंग का । °ा स्त्री. एक ब्राह्मणी का नाम ।
कविलडोला स्त्री [दे. कपिलडोला] क्षुद्र जन्तु-विशेष ।
कविलास देखो कइलास ।
कविल्लुय न [दे] कटाही ।
कविस पु [कपिश] कृष्ण-पीत-मिश्रित वर्ण । वि. कपिश वर्णवाला ।
कविस न [दे] मदिरा ।
कविसा स्त्री [दे] अर्धजङ्घा ।
कविसायण पुन [कपिशायन] गुड़ की दारु ।
कविसीसग } पुंन [कपिशीर्षक] प्राकार का
कविसीसय } अग्र-भाग ।
कविहसिय पुंन [कपिहसित] आकाश मे अकस्मात् होनेवाली भयंकर आवाज करती ज्वाला ।
कवेल्लुय देखो कविल्लुय ।
कवोड } पु [कपोत] कबूतर । म्लेच्छ-देश-
कवोय } विशेष । न. कूष्माण्ड, कोहडा ।
कवोल पु [कपोल] गाल ।
कवोसण (मा) वि [कदुष्ण] थोड़ा गरम ।
कव्व न [काव्य] कविता, कवित्व । ग्रह-विशेष, शुक्र । वि. वर्णनीय, श्लाघनीय । °इत्त वि [वत्] काव्यवाला ।
कव्व न [क्रव्य] मास ।
कव्वट्ठ पुं [दे] बालक ।
कव्वड देखो कव्वड ।
कव्वा स्त्री [क्रव्या] माया ।
कव्वाड पुं [दे] दाहिना हाथ ।
कव्वाडिअ वि [दे] काँवर उठानेवाला, बहँगी से माल ढोनेवाला ।
कव्वाय पुं [क्रव्याद] राक्षस, पिशाच । वि. कच्चा माँस खानेवाला । मांस खानेवाला ।
कव्वाल न [दे] कार्यालय । घर ।
कस सक [कष्] ठार मारना । कसना, घिसना । मलिन करना । विनाश करना ।
कस पु [कश] चाबुक ।
कस पु [कष] कसौटी । कसौटी का पत्थर ।

वि. हिंसक, मार डालनेवाला। पुंन. ससार, भव। न. कर्म, कर्म-पुद्गल। °पट्ट, °वट्ट पुं [°पट्ट] कसौटी का पत्थर। °हि पुंस्त्री. सर्प की एक जाति।

कसई स्त्री [दे]अरण्यचारी वनस्पति का फल।

कसट (पै) देखो कट्ठ = कष्ट।

कसट्ट पुं [दे] कतवार।

कसण पुं [कृष्ण] वर्ण-विशेष। वि श्याम वर्णवाला। °पक्ख पु [°पक्ष] कृष्णपक्ष। °सार पु. वृक्ष-विशेष। हरिण की एक जाति।

कसण वि [कृत्स्न] सकल।

कसणसिअ पुं [दे] बलभद्र।

कसमीर देखो कम्हीर।

कसर पुं [दे] अधम बैल।

कसर पुन [दे. कसर] रोग-विशेष, कण्डू-विशेष।

कसरक्क पुन [दे. कसरत्क] चर्वण-शब्द, खाते समय जो शब्द होता है वह। फूल की कली।

कसव्व न [दे] वाष्प। वि अल्प। प्रचुर, व्याप्त। आर्द्र। कर्कश।

कसा स्त्री [कशा, कसा] चर्म-यष्टि, कोड़ा।

कसा देखो कासा।

कसाय सक [कशाय्] ताडन करना, मारना।

कसाय पु [कषाय] क्रोध, मान, माया और लोभ। रस-विशेष, कषैला। लाल-पीला रग। क्वाथ, काढा। वि. कषैला स्वादवाला। कषाय रंगवाला। खूशबूदार।

कसार [दे] देखो कंसार।

कसिअ न [कशिका] चाबुक।

कसिआ स्त्री [दे] अरण्यचारी नामक वनस्पति का फल।

कसिट (पै) देखो कट्ठ = कृष्ट।

कसिण देखो कसण = कृष्ण, कृत्स्न।

कसुमीरा स्त्री [कश्मीर] एक उत्तर भारतीय देश।

कसेरु पुन [कशेरु] जलीय कन्द-विशेष।

कसेरुग पुन [कशेरुक] जल मे होनेवाली वनस्पति की एक जाति।

कसोति स्त्री [दे] खाद्य-विशेष।

कस्स पुं [दे] कर्दम।

कस्सय न [दे] भेट।

कस्सव पु [काश्यप] वंश-विशेष। ऋषि-विशेष।

कह सक [कथय्] कहना, बोलना।

कह सक [क्वथ्] क्वाथ करना, उबालना।

कह पुं [कफ] कफ।

कह देखो कहं। °कहवि देखो कह-कहंपि। °वि देखो कहं-पि।

कहआ अ [कथंवा] वितर्क और आश्रय अर्थ को बतलानेवाला अव्यय।

कहं अ [कथम्] कैसे, किस तरह ? क्यो, किस लिए ? °कहपि अ [°कथमपि]किसी तरह। °कहा स्त्री [°कथा] राग-द्वेष को उत्पन्न करनेवाली कथा, विकथा। °चि, °ची अ [°चित्] किसी तरह, किसी प्रकार से। °पि अ [°अपि] किसी तरह।

कहकह अक [कहकहय्] खुशी का शोर मचाना।

कहक्कह पु [कथंकथा] बातचीत।

कहग वि [कथक] कहनेवाला, पुं. कथा-कार।

कहण न [कथन] कथन, उक्ति।

कहणा स्त्री [कथना] ऊपर देखो।

कहय देखो कहग।

कहल्ल पुंन [दे] खप्पर।

कहा स्त्री [कथा] कथा, वार्त्ता, हकीकत।

कहाणग, कहाणय } न [कथानक] कथा, वार्त्ता प्रसग, प्रस्ताव। प्रयोजन, कार्य।

कहाव सक [कथय्] कहलाना, बुलवाना।

कहावण पु [कार्षापण] सिक्का-विशेष।

कहि, कहिआ, कहिं } अ [क्व, कुत्र] कहाँ, किस स्थान मे ?

कहित्तु वि [कथयितृ] कहनेवाला, भाषक।
कहिया स्त्री [कथिका] कथा, कहानी।
कहु (अप) अ [कुतः] कहाँ से।
कहेड वि [दे] जवान।
कहेत्तु देखो कहित्तु।
काअइंची } स्त्री [काकचिञ्ची] गुञ्जा।
काइची }
काइअ वि [कायिक] शरीर-सम्बन्धी।
काइआ } स्त्री [कायिकी] शरीर-सम्बन्धी
काइगा } क्रिया। शौच-क्रिया। पेशाव।
काइंदी स्त्री [काकन्दी] बिहार की एक नगरी।
काइणी स्त्री [दे] लाल रत्ती।
काई स्त्री [क्राकी] कौए की मादा।
काउ स्त्री [कापोती] लेश्या-विशेष। °लेसा स्त्री [°लेश्या] आत्म-परिणाम-विशेष। °लेस्स वि [°लेश्य] कापोत लेश्यावाला। °लेस्सा देखो °लेसा।
काउंबर } पु [काकोदुम्बर] ओषधि-विशेष।
काउंबरी }
काउकाम वि [कर्त्तुकाम] करने को चाहनेवाला।
काउड्डावण न [कायोड्डावन] उच्चाटन, दूर,-स्थित दूसरे के शरीर का आकर्षण करना।
काउदर पु [काकोदर] साँप की एक जाति।
काउमण वि [कर्त्तुमनस्] करने की चाहवाला।
काउरिस पु [कापुरुष] नीच पुरुष। डरपोक पुरुष।
काउल्ल पु [दे] बक।
काउसग्ग } पु [कायोत्सर्ग] शरीर पर के
काउस्सग्ग } ममत्व का त्याग। कायिक-क्रिया का त्याग। ध्यान के लिए शरीर की निश्चलता।
काऊ देखो काउ।
काओदर देखो काउदर।
काओली स्त्री [काकोली] कन्द-विशेष, वनस्पति-विशेष।
काओवग पुं [कायोपग] ससारी आत्मा।
काओसग्ग देखो काउसग्ग।
काक पुं कौआ। ग्रह-विशेष, ग्रहाधिष्ठायक देव-विशेष। °जघा स्त्री [°जङ्घा] वनस्पति-विशेष, चकसेनी, घुघची। देखो काग, काय = काक।
काकदग पुं [काकन्दक] एक जैन महर्षि।
काकंदिय पु [काकन्दिक] एक जैन महर्षि।
काकंदिया स्त्री [काकन्दिका] जैन मुनियो की एक शाखा।
काकंदी देखो काइंदी।
काकणि देखो कागणि।
काकलि देखो कागलि।
काग देखो काक। °तालसजीवगनाय पु [°तालसजीवकन्याय] काकतालीयन्याय। °तालिज्ज, °तालीअ न [°तालीय] अकस्मात् किसी कार्य का होना। °थल न [°स्थल] देश-विशेष। °पाल पुं [°पाल] कुष्ठ-विशेष। °पिंडी स्त्री [°पिण्डी] अग्र-पिण्ड देखो। काय = काक।
कागंदी देखो काइंदी।
कागणि स्त्री [दे] राज्य। मास का छोटा टुकडा।
कागणी देखो कागिणी।
कागणी स्त्री [काकिणी] सवा गुञ्जा का एक बाँट।
कागल पुं [काकल] ग्रीवास्थ उन्नत प्रदेश।
कागलि } स्त्री [काकलि, °ली] सूक्ष्म
कागली } गति-ध्वनि, स्वर-विशेष। भगवान् अभिनन्दन की शासन-देवी।
कागिणी स्त्री [काकिणी] कौड़ी। बीस कौड़ी के मूल्य का एक सिक्का। रत्न-विशेष।
कागी स्त्री [काकी] कौए की मादा। विद्या-विशेष।

काकोणंद पुं [काकोनन्द] इस नाम की एक म्लेच्छ जाति।

काठिण्ण न [काठिन्य] कठिनता।

काढ पुं [क्वाथ] काढा।

काण वि. एकाक्ष।

काण वि [दे] सच्छिद्र। चुराया हुआ। °क्कय पुं [°क्रय] चुराई हुई चीज को खरीदना।

काणच्छि / काणच्छिया स्त्री [दे] टेढी नजर से देखना।

काणण न [कानन] वन। बगीचा।

काणत्थेव पुं [दे] बूंद-बूंद बरसना।

काणद्धी स्त्री [दे] परिहास।

काणिक्का स्त्री [दे] बडी ईंट।

काणिट्टा स्त्री [काणेष्टा] लोहे की ईंट।

काणिआर देखो कण्णिआर।

काणिय न [काण्य] आँख का रोग।

काणीण पुं [कानीन] कुँआरी कन्या से उत्पन्न पुत्र।

कादंब देखो कायंब।

कादंबरी देखो कायंबरी।

कादूसण वि [कदूषण] आत्मा को दूषित करनेवाला।

कापुरिस देखो काउरिस।

काम पुं बीमारी। °एवदेखो कामदेव। °ग्घ न [°घ्न] आयबिल तप। °डहण पुं [°दहन] महादेव। °रूय देखो कामरूअ। काम सक [कामय्] चाहना।

काम पु [काम] इच्छा। सुन्दर शब्द, रूप वगैरह विषय। विषय का अभिलाष। मदन। इन्द्रिय-प्रीति। मैथुन। छन्द विशेष। °कंत न [°कान्त] देव-विमान-विशेष। °कम न. लान्तक देव-लोक के इन्द्र का एक यात्रा-विमान। °काम वि. विषय की चाहवाला। °कामि वि [°कामिन्] विषयाभिलाषी। °कूड न [°कूट] देव-विमान-विशेष। °गम वि स्वेच्छाचारी। न. देखो °कम। °गामि स्त्री[°गामी]विद्या-विशेष। °गुण न. मैथुन। शब्द-प्रमुख विषय। °घड पुं [°घट] ईप्सित चीज को देनेवाला दिव्य कलश। °जल न. स्नान-पीठ। °जुग पुं [°युग] पक्षि-विशेष। °ज्झय न [ध्वज]देव-विमान-विशेष। °ज्झया स्त्री [°ध्वजा] इस नाम की एक वेश्या। °ट्ठि वि [°र्थिन्] विषयाभिलाषी। °ड्ढिय पुं [°र्द्धिक] जैन साधुओं का एक गण। न. जैन मुनियो का एक कुल। °णयर न [°नगर] विद्याधरो का एक नगर। °दाइणी स्त्री [°दायिनी] ईप्सित फल को देनेवाली विद्या-विशेष। °दुहा स्त्री[°दुधा] कामधेनु। °देअ, °देव पुं [°देव] अनग। एक जैन श्रावक का नाम। °धेणु स्त्री [°धेनु] ईप्सित फल देनेवाली गौ। °पाल पुं. देव-विशेष। बलदेव। °पिपासय वि [°पिपासक] विषयाभिलाषी। °पुर न. इस नाम का एक विद्याधर-नगर। °प्पभ न [°प्रभ] देवविमान-विशेष। °फास पु [°स्पर्श] ग्रह-विशेष। ग्रहाधिष्ठाता देव-विशेष। °महावण न [°महावन] बनारस के समीप का एक चैत्य। °रूअ पुं [°रूप] देश-विशेष। °लेस्स [°लेश्य] देव-विमान-विशेष। °वण्ण न [°वर्ण] एक देव-विमान। °सत्थ न [°शास्त्र] रति-शास्त्र। °समणुण्ण वि [°समनोज्ञ] कामान्ध। °सिंगार न [°शृङ्गार] देव-विमान-विशेष। °सिट्ठ न [°शिष्ट] एक देव-विमान-विशेष। °ावट्ट न [°ावर्त] देव-विमान-विशेष। °ावसाइत्त स्त्री [°ावशायिता] योगी का एक तरहका ऐश्वर्य। °ासंसा स्त्री[°ाशंसा]विषयाभिलाष।

कामं अ. इन अर्थो का सूचक अव्यय—अवधारण। सम्मति। स्वीकार। अतिशय।

कामंग न [कामाङ्ग] कन्दर्प का उत्तेजक स्नान वगैरह।

कामंदुहा स्त्री [काकदुधा] कामधेनु।

कामंध पुं [कामान्ध] विषयातुर ।
कामकिसोर पुं [दे] गर्दभ ।
कामग वि [कामक] अभिलषणीय । इच्छुक ।
कामण न [कामन] अभिलाष ।
कामय देखो कामग ।
कामि वि [कामिन्] विषयाभिलाषी । अभिलाषी ।
कामिअ वि [कामिक] काम-सम्बन्धी, विषय-सम्बन्धी । न. तीर्थ-विशेष । सरोवर-विशेष । वि. इच्छा पूर्ण करनेवाला । वि. साभिलाष ।
कामिआ स्त्री [कामिका] इच्छा ।
कामिंजुल पुं [कामिञ्जुल] पक्षि-विशेष ।
कामिड्ढि पुं [कामर्द्धि] एक जैन मुनि, आर्य सुहस्तिसूरि का एक शिष्य ।
कामिड्ढिय न [कामर्द्धिक] जैन मुनियो का एक कुल ।
कामिणी स्त्री [कामिनी] स्त्री ।
कामिय वि [कामित] यथेष्ट ।
कामुअ, कामुग वि [कामुक] कामी । °सत्थ न [°शास्त्र] रति-शास्त्र ।
कामुत्तरवडिंसग न [कामोत्तरावतंसक] देवविमान-विशेष ।
काय पुं. वनस्पति की एक जाति । एक महा-ग्रह । पुंन. जीव-निकाय । °मंत वि [°वत्] बडा शरीरवाला । °वह पुं [°वध] जीव-हिंसा ।
केरिस वि [कीदृश] कैसा, किस तरह का ?
केरी स्त्री [क्रकटी] करीर का गाछ।
केल देखो कयल = कदल।
केलाइय वि [समारचित] साफसुथरा किया हुआ।
केलाय सक [समा + रचय] साफ कर ठीक करना।
केलास पुं [कैलास] राहु का कृष्ण पुद्गल-विशेष। स्वनाम-प्रसिद्ध पर्वतविशेष। इस नाम का एक नाग-राज। इस नागराज का आवास पर्वत। मिट्टी का एक तरह का पात्र। देखो कइलास।
केलि देखो कयलि।
केलि स्त्री [दे] कन्द-विशेष।
केलि } स्त्री [केलि, °ली] खेल, मजाक।
केली } परिहास, कामक्रीडा। °आर वि [°कार] क्रीड़ा करनेवाला, विनोदी। °काणण न [°कानन] क्रीड़ोद्यान। °किल, °गिल वि [°किल] विनोदी, क्रीड़ा-प्रिय। पु. व्यन्तर-जातीय देवविशेष। पुं. स्थान-विशेष। °भवण न [°भवन] क्रीडा-गृह। °विमाण न [°विमान] विलास-महल। °सअण न [°शयन] काम-शय्या। °सेज्जा स्त्री [°शय्या] काम-शय्या।
केली देखो कयली।
केली स्त्री [दे] कुलटा।
केलीगिल वि [कैलीकिल] केलीकिल स्थान में

उत्पन्न ।

केव° देखो के° ।

केवँ (अप) देखो कहं ।

केवइय वि [कियत्] कितना ?

केवट्ट पुं [कैवर्त्त] मछलीमार ।

केवड (अप) देखो केत्तिअ ।

केवल वि. अकेला, असहाय । अद्वितीय । शुद्ध । सम्पूर्ण । अनन्त । न सर्वश्रेष्ठ ज्ञान, सर्वज्ञता । °कप्प वि [°कल्प] परिपूर्ण । °णाण न [°ज्ञान] सर्वश्रेष्ठ ज्ञान, सम्पूर्ण ज्ञान । °णाणि वि [°ज्ञानिन्] केवल-ज्ञानवाला, सर्वज्ञ । पु. इस नाम के एक अर्हन् देव, अतीत उत्सर्पिणी-काल के प्रथम तीर्थंकर । °ण्णाण, °नाण देखो °णाण । °दंसण न [°दर्शन] परिपूर्ण सामान्य बोध ।

केवलं अ [केवलम्] सिर्फ ।

केवलाअ सक [समा + रभ्] शुरू करना ।

केवलि वि [केवलिन्] केवल ज्ञानवाला, सर्वज्ञ । °पक्खिय वि [°पाक्षिक] स्वयंबुद्ध । पु. जिनदेव, तीर्थंकर ।

केवलिअ वि [केवलिक] केवलज्ञानवाला । सम्पूर्ण ।

केवलिअ वि [केवलिक] केवल-ज्ञान से सम्बन्ध रखनेवाला । केवलिप्रोक्त । केवल-ज्ञान-सम्बन्धी । न. केवल ज्ञान, सम्पूर्ण ज्ञान ।

केवलिअ न [कैवल्य] केवल ज्ञान ।

केवली स्त्री. ज्योतिष विद्या-विशेष ।

केस पु [केश] बाल । °पुर न. वैताढ्य पर स्थित एक विद्याधर-नगर । °लोअ पु [°लोच] केशो का उन्मूलन । °वाणिज्ज न [°वाणिज्य] केशवाले जीवो का व्यापार । °हत्थ पुं [°हस्त] केशपाश, समारचित केश ।

केस देखो केरिस ।

केस देखो किलेस ।

केसर पुं [कवीश्वर] श्रेष्ठ कवि ।

केसर पुन. एक देवविमान । पराग । सिंह वगैरह के कंधा का बाल । पुं. बकुल वृक्ष । न. काम्पिल्य नगर का एक उपवन । फल-विशेष । सुवर्ण । छन्द-विशेष । पुष्प-विशेष ।

केसरा स्त्री. सिंह वगैरह के स्कन्ध पर के बालो की सटा ।

केसरि पु [केसरिन्] सिंह, कण्ठीरव । नीलवन्त पर्वत पर स्थित एक ह्रद । नृप-विशेष, भरत-क्षेत्र के चतुर्थ प्रतिवासुदेव । °द्दह पुं [°द्रह] द्रह-विशेष ।

केसरिआ स्त्री [केसरिका] साफ करने का कपडे का टुकड़ा ।

केसरिल्ल वि [केसरवत्] केसरवाला ।

केसरी स्त्री [केसरी] देखो केसरिआ ।

केसव पुं [केशव] अर्ध-चक्रवर्त्ती राजा । श्री-कृष्ण वासुदेव ।

केसि वि [क्लेशिन्] क्लेश-युक्त, क्लिष्ट ।

केसि पु [केशि] एक जैन मुनि, भगवान् पार्श्वनाथ के शिष्य । अश्व के रूप को धारण करनेवाला एक दैत्य ।

केसि पु [केशिन्] देखो केसव ।

केसिअ वि [केशिक] केशवाला ।

केसी स्त्री [केशी] सातवें वासुदेव की माता । °केसी स्त्री [°केशी] केशवाली स्त्री ।

केसुअ देखो किंसुअ ।

केह (अप) वि [कीदृश्] कैसा, किस तरह का ?

केहिं (अप) अ वास्ते ।

कैअव न [कैतव] कपट, दम्भ ।

कोअ देखो कोक ।

कोअ देखो कोव ।

कोअंड देखो कोदंड ।

कोआस अक [वि + कस्] विकसना, खिलना ।

कोइल पुं [कोकिल] कोयल । छन्द का एक भेद । °च्छय पु [°च्छद] तलकण्टक ।

कोइला स्त्री [कोकिला] स्त्री-कोयल ।

कोइला स्त्री [दे] कोयला, काष्ठ के अंगार।

कोउआ स्त्री [दे] गोइठा की अग्नि, करीषाग्नि।

कोउग } न [कौतुक] कुतूहल, अपूर्व वस्तु
कोउय } देखने का अभिलाष। आश्चर्य। उत्सव। उत्सुकता, उत्कण्ठा। दृष्टि-दोषादि से रक्षा के लिए किया जाता काजल का तिलक, रक्षा-बन्धनादि प्रयोग। सौभाग्य आदि के लिए किया जाता स्नपन, विस्मापन, धूप, होम वगैरह कर्म।

कोउण्ह वि [कदुष्ण] थोडा गरम।

कोउहल } देखो कुऊहल।
कोउहल्ल }

कोऊहल } देखो कुऊहल।
कोऊहल्ल }

कोंकण पुं [कोङ्कण] देश-विशेष। अनार्य देश-विशेष। वि. उस देश में रहनेवाला।

कोंच पुं [क्रौञ्च] इस नाम का एक अनार्य देश। पक्षि-विशेष। द्वीप-विशेष। इस नाम का एक असुर। वि. क्रौञ्च देश का निवासी। °रिवु पुं [°रिपु] कार्त्तिकेय। °वर पुं. इस नाम का एक द्वीप। °वीरग पुंन [°वीरक] एक प्रकार का जहाज। देखो कुंच।

कोंचिगा स्त्री [कुञ्चिका] ताली, कुंजी।

कोंचिय वि [कुञ्चित] आकुञ्चित, संकुचित।

कोंटलय न [दे] ज्योतिष-सम्बन्धी सूचना। शकुनादि निमित्त-सम्बन्धी सूचना।

कोंठ देखो कुठ।

कोंड देखो कुड।

कोंड पुं [कौण्ड, गौड] देश-विशेष।

कोंडल देखो कुंडल। °मेत्तग पु [°मित्रक] एक व्यन्तर देव का नाम।

कोंडलग पुं [कुण्डलक] पक्षि-विशेष।

कोंडलिआ स्त्री [दे] श्वापद जन्तु-विशेष, साही, श्वावित्। क्रीडा, कीट।

कोंडिअ पुं [दे] ग्राम-निवासी लोगो मे फूट कराकर छल से गाँव का मालिक बन बैठनेवाला।

कोंडिणपुर न [कौण्डिनपुर] नगर-विशेष।

कोंडिण्ण देखो कोडिण्ण।

कोंडिया देखो कुंडिया।

कोंढ देखो कुंढ।

कोंढुल्लु पुं [दे] उलूक।

कोंत देखो कुंत।

कोंतल देखो कुंतल = कुन्तल।

कोंती देखो कुती।

कोंभी देखो कुंभी।

कोक पुं. चक्रवाक पक्षी। भेडिया।

कोकंतिय पुंस्त्री [दे] जन्तु-विशेष, लोमडी, लोखरिआ।

कोकणद देखो कोकणय।

कोकणय न [कोकनद] लाल कमल।

कोकासिय [दे] देखो कोक्कासिय।

कोकुइय देखो कुक्कुइअ।

कोक्क सक [ह्वया + हू] बुलाना, आह्वान करना।

कोक्कास पु. इस नाम का एक वर्धकि, बढई।

कोक्कासिय [दे] विकसित।

कोक्कुइय देखो कक्कुइअ।

कोखुब्भ देखो खोखुब्भ।

कोच्चप्प न [दे] झूठी भलाई।

कोच्चिय पुस्त्री [दे] नया शिष्य।

कोच्छ न [कौत्स] गोत्र-विशेष। पुंस्त्री कौत्स गोत्र मे उत्पन्न।

कोच्छ वि [कौक्ष] कुक्षि सम्बन्धी। न. उदर-प्रदेश।

कोच्छभास पु [दे.कुत्सभाष] कौआ।

कोच्छेअय देखो कुच्छेअय।

कोज्ज देखो कुज्ज।

कोज्जप्प न [दे] स्त्री-रहस्य।

कोज्जय देखो कुज्जय।

कोज्जरिअ वि [दे] पूर्ण किया हुआ, भरा

हुआ ।

कोज्झरिअ वि [दे] ऊपर देखो ।

कोटर देखो कोट्टर ।

कोटिव पु [दे] गौ ।

कोटुभ पुन [दे] हाथ से आहत जल । देखो कोट्टुभ ।

कोटीवरिस अ [कोटीवर्ष] लाट देश की प्राचीन राजधानी ।

कोट्ट देखो कुट्ट = कुट्ट् ।

कोट्ट न [दे] नगर । दुर्ग । °वाल पुं [°पाल] नगर-रक्षक ।

कोट्टंतिया स्त्री [कुट्टयन्तिका] तिल वगैरह को चूरने का उपकरण ।

कोट्टकिरिया स्त्री [कोट्टक्रिया] देवी-विशेष, दुर्गा आदि रुद्र रूपवाली देवी ।

कोट्टण देखो कुट्टण ।

कोट्टर देखो कोडर ।

कोट्टवीर पु. इस नाम का एक मुनि, आचार्य शिवभूति का एक शिष्य ।

कोट्टा स्त्री [दे] पार्वती । गर्दन ।

कोट्टाग पुं [कोट्टाक] बढई । न. हरे फलो को सुखाने का स्थान-विशेष ।

कोट्टिंब पु [दे] द्रोणी, नौका, जहाज ।

कोट्टिम पुन[कुट्टिम] रत्नमय भूमि । फरस-बन्ध जमीन । भूमि-तल । एक या अनेक तलावाला घर । मढी । रत्न की खान । अनार का पेड ।

कोट्टिम वि [कृत्रिम] बनावटी, बनाया हुआ ।

कोट्टिल, कोट्टिल्ल पु [कौट्टिक] मुग्दर, मुगरी, मुगरा, जोडी ।

कोट्टी स्त्री [दे] दोहन । विषम स्खलना ।

कोट्टुभ पुंन [दे] हाथ से आहत जल ।

कोट्टुम अक [रम्] क्रीडा करना ।

कोट्टुवाणी स्त्री [क्रोट्टुवाणी] जैन मुनिगण की एक शाखा ।

कोट्ठ देखो कुट्ठ = कुष्ठ ।

कोट्ठ पुं [कोष्ठ] धारणा, अवधारित अर्थ का कालान्तर मे स्मरण-योग्य अवस्थान । सुगन्धी द्रव्य-विशेष ।

कोट्ठ, कोट्ठग, कोट्ठय देखो कुट्ठ = कोष्ठ । आश्रय-विशेष, आवास-विशेष । अपवरक, कोठरी । चैत्य-विशेष । °गार न. धान्य भरने का घर । भण्डार ।

कोट्ठार पुन [कोष्ठागार] भाण्डागार ।

कोट्ठिया स्त्री [कोष्ठिका] छोटा कोष्ठ, लघु कुशूल ।

कोट्ठु पुं [क्रोष्टृ] सियार ।

कोडंड देखो कोदंड ।

कोडंडिय देखो कोदंडिय ।

कोडंब न [दे] कार्य ।

कोडय [दे] देखो कोडिअ ।

कोडर न [कोटर] गह्वर, वृक्ष का पोल भाग, विवर ।

कोडल पुं [कोटर] पक्षि-विशेष ।

कोडाकोडि स्त्री [कोटाकोटि] करोड को करोड से गुनने पर जो संख्या लब्ध हो वह ।

कोडाल पु. गोत्र-विशेष का प्रवर्त्तक पुरुष । न. गोत्र-विशेष ।

कोडि स्त्री [कोटि] धनुष का अग्र भाग । प्रकार । सख्या-विशेष, करोड । अग्र-भाग । अश, विभाग । °कोडि देखो कोडा-कोडि । °बद्ध वि. करोड संख्यावाला । °भूमि स्त्री. एक जैन तीर्थ । °सिला स्त्री [°शिला] एक जैन तीर्थ । °सो अ [°शस्] अनेक करोड़ । देखो कोडी ।

कोडिअ न [दे] सकोरा । पु दर्जन, चुगल-खोर ।

कोडिअ पु. [कोटिक] एक जैन मुनि । एक जैन-मुनि-गण ।

कोडिअ वि [कोटित] संकोचित ।

कोडिण्ण न [कौडिन्य] इस नाम का एक नगर । वाशिष्ठ गोत्र की शाखा रूप एक

गोत्र। पुं. कौडिन्य गोत्र का प्रवर्त्तक पुरुष। वि. कौडिन्य-गोत्रीय। पुं. एक मुनि जो शिव-भूति का शिष्य था। महागिरि-सूरि का शिष्य। गोतम-स्वामी के पास दीक्षा लेनेवाले पाँच सौ तापसो का गुरु।

कोडिन्ना स्त्री [कौण्डिन्या] कौडिन्य-गोत्रीय स्त्री।

कोडिल्ल पुं [दे] पिशुन।

कोडिल्ल देखो कोट्टिल्ल।

कोडिल्ल पु [कौटिल्य] इस नाम का एक ऋषि, चाणक्य मुनि।

कोडिल्लय न [कौटिल्यक] चाणक्य-प्रणीत नीति-शास्त्र।

कोडिसाहिय न [कोटिसहित] प्रत्याख्यान विशेष, पहले दिन उपवास करके दूसरे दिन भी उपवास की ली जाती प्रतिज्ञा।

कोडी देखो कोडि। °करण न विभाग। °णार न [°नार] इस नाम का सोरठ देश का एक नगर। °मातसा स्त्री. गान्धार ग्राम की एक मूर्च्छना। °वरिस न [°वर्ष] लाट देश की राजधानी, नगर-विशेष। °वरिसिया स्त्री [°वर्षिका] जैन मुनि-गण की एक शाखा। °सर पुं [°श्वर] करोडपति।

कोडीण न [कोडीन] इस नाम का एक गोत्र, जो कौत्स गोत्र की एक शाखा रूप है। वि. इस गोत्र मे उत्पन्न।

कोडुब न [दे] कार्य।

कोडुबि देखो कुडुबि।

कोडुबिय पु [कौटुम्बिक] कुटुम्ब का स्वामी। ग्राम-प्रधान, गाँव का आदमी। वि. कुटुम्ब मे उत्पन्न, कुटुम्ब-सम्बन्धी।

कोडूसग पुं [कोदूषक] अन्न-विशेष, कोदों की एक जाति।

कोडु [दे] देखो कुडु।

कोडुम देखो कोटुम।

कोड्डमिअ न [रत] रति-क्रीड़ा-विशेष।

कोड्डिय वि [दे] विनोद-शील, उत्कण्ठित।

कोड्ढ, कोढ वि [कुष्ठि] कुष्ठ-रोग।

कोण वि [दे] श्याम वर्णवाला। पुं. लकड़ी। वीणा वगैरह बजाने की लकडी।

कोण, कोणग पुन [कोण] कोन, अस्त्र, घर का एक भाग।

कोणव पु [कौणप] राक्षस।

कोणायल पुं [कोणाचल] भगवान् शान्ति-नाथ के प्रथम श्रावक का नाम।

कोणालग पुं [कोनालक] जलचर पक्षि-विशेष।

कोणाली स्त्री [दे] गोष्ठी, गोठ।

कोणिअ, कोणिग पुं [कोणिक] राजा श्रेणिक का पुत्र।

कोणु स्त्री [दे] रेखा।

कोणेट्ठिया स्त्री [दे] गुल्फा देखो, चणोट्ठिया।

कोण्ण पु [दे. कोण] घर का एक भाग, कोना।

कोतव न [कौतव] मृषक के रोम से निष्पन्न सूता।

कोतुहल देखो कुऊहल।

कोत्तलका स्त्री [दे] दारू परोसने का भाण्ड।

कोत्तिअ वि [कौतुकिक] कुतूहली।

कोत्तिअ पुं [कोत्रिक] भूमि-शयन करनेवाला वानप्रस्थ। न. एक प्रकार का मधु।

कोत्थ देखो कोच्छ = कौक्ष।

कोत्थर न [दे] विज्ञान। कोटर।

कोत्थल पुं [दे] कुशूल। कोथली, थैला। °कारा स्त्री [°कारी] भौंरी।

कोत्थुभ, कोत्थुह, कोथुभ पु [कौस्तुभ] वासुदेव के वक्ष-स्थल की मणि।

कोदंड पु. धनुष।

कोदंडिम, कोदंडिय देखो कु-दडिम।

कोदूसग देखो कोडूसग ।
कोद्दव देखो कुद्दव ।
कोद्दविया स्त्री [दे] मातृवाहा, क्षुद्र कीट-विशेष ।
कोद्दाल देखो कुद्दाल ।
कोद्दालिया स्त्री [कुद्दालिका] कुदारी ।
कोध पुं इस नाम का एक राजा ।
कोप्प देखो कुप्प = कुप् ।
कोप्प पुं [दे] अपराध ।
कोप्प वि [कोप्य] द्वेष्य, अप्रीतिकर ।
कोप्पर पु [कूर्पर] हाथ का मध्य भाग । नदी का तट ।
कोबेरी स्त्री [कौवेरी] विद्या-विशेष ।
कोभग पु [कोभक] पक्षि-विशेष ।
कोमल वि. मृदु ।
कोमार वि [कौमार] कुमार-सम्बन्धी । कुमारी-सम्बन्धी । कुमारी में उत्पन्न । स्त्री. °रिया, °री । °भिच्च न [°भृत्य] वैद्यक शास्त्र-विशेष ।
कोमारी स्त्री [कौमारी] विद्या-विशेष ।
कोमुइया स्त्री [कौमुदिका] श्रीकृष्ण वासुदेव की एक भेरी ।
कोमुई स्त्री [दे] पूर्णिमा ।
कोमुई स्त्री [कौमुदी] शरद् ऋतु की पूर्णिमा । चाँदनी । इस नाम की एक नगरी । कार्त्तिक की पूर्णिमा । °नाह पु [°नाथ] चन्द्रमा । °महूसव पुं [°महोत्सव] उत्सव-विशेष ।
कोमुदिया देखो कोमुइया ।
कोमुदी देखो कोमुई = कौमुदी ।
कोयव वि [कौतव] चूहे के रोमो से बना हुआ (वस्त्र) ।
कोयव वि [कौयव] 'कोयव' देश मे निष्पन्न । देखो कोयवग ।
कोयवग, कोयवय } पु [दे] रजाई ।
कोयवी स्त्री [दे] रुई से भरा हुआ कपडा ।
कोरंग पुं [कोरङ्ग] पक्षि-विशेष ।
कोरंट, कोरंटग } पु [कोरण्ट, °क] वृक्ष-विशेष । न. इस नाम का भृगुकच्छ (भडौंच) शहर का एक उपवन । कोरण्टक वृक्ष का पुष्प ।
कोरअ (ओ) देखो कउरव ।
कोरय, कोरव } पुंन [कोरक] फलोत्पादक मुकुल, फल की कली ।
कोरव देखो कउरव ।
कोरविआ स्त्री [कौरव्या] देखो कोरव्वीया ।
कोरव्व पुस्त्री [कौरव्य] कुरु-वंश में उत्पन्न । कौरव्य-गोत्रीय । पुं. आठवाँ चक्रवर्ती राजा ब्रह्मदत्त ।
कोरव्वीया स्त्री [कौरवीया] इस नाम की षड्ज ग्राम की एक मूर्च्छना ।
कोरिट, कोरिंटय, कोरेंट } देखो कोरंट ।
कोल पुं [दे] ग्रीवा ।
कोल पु [क्रोड] सूअर । गोद ।
कोल पुं. देश-विशेष । काष्ठ-कीट । शूकर । मूषिक के आकार का एक जन्तु । अस्त्र-विशेष । मनुष्य की एक नीच जाति । बदरी-वृक्ष । न. बदरी-फल । °पाग न [°पाक] नगर-विशेष जहाँ श्रीऋषभदेव भगवान् का मन्दिर है, यह नगर दक्षिण मे है । °पाल पु. धरणेन्द्र का लोकपाल । °सुणय, °सुणह पुस्त्री [°शुनक] बडा शूकर, सूअर की एक जाति, जङ्गली वराह । शिकारी कुत्ता । स्त्री °णिया । °वास पुन. काष्ठ ।
कोल वि [कौल] शक्ति का उपासक, तान्त्रिक मत का अनुयायी । तान्त्रिक मत से सम्बन्ध रखनेवाला । न. बदर-फलसम्बन्धी । °चुण्ण न [°चूर्ण] बेर का चूर्ण । °ट्ठिय न [°स्थिक] बेर की गुठिया या गुठली ।
कोलव पु [दे] स्थाली । घर ।

कोलंब पु [कोलम्ब] वृक्ष की शाखा का नमा हुआ अग्रभाग ।

कोलगिणी स्त्री [कोली, कोलकी] कोल-जातीय स्त्री ।

कोलघरिय वि [कौलगृहिक]कुलगृह-सम्बन्धी, पितृगृह-सम्बन्धी ।

कोलज्जा स्त्री [दे] धान्य रखने का एक तरह का गर्त्त ।

कोलर देखो कोटर ।

कोलव न [कौलव] ज्योतिष-शास्त्र में प्रसिद्ध एक करण ।

कोलाल वि [कौलाल] कुम्भकार-सम्बन्धी । न. मिट्टी का पात्र ।

कोलालिय पु [कौलालिक] मिट्टी का पात्र बेचनेवाला ।

कोलाह पु [कोलाभ] सांप की एक जाति ।

कोलाहल पु [दे] पक्षी की आवाज ।

कोलाहल पु. शोरगुल, हल्ला ।

कोलाहलिय वि [कोलाहलिक] कोलाहल-वाला, शोरगुलवाला ।

कोलिअ पु [दे] एक अधम मनुष्य-जाति ।

कोलिअ पु [दे] कोली, जुलाहा । जाल का कीड़ा, मकड़ा ।

कोलित्त न [दे] उल्मुक, लूका ।

कोलिन्न न [कौलीन्य] कुलीनता ।

कोलीकय वि [क्रोडीकृत] स्वीकृत ।

कोलीण न [कौलीन] जन-श्रुति । वि वंश-परम्परागत । उत्तम कुल में उत्पन्न । तान्त्रिक मत का अनुयायी ।

कोलीर न [दे] लाल रंग का एक पदार्थ, कुरुविन्द ।

कोलुण्ण न [कारुण्य] दया । °पडिया, °वडिया स्त्री [°प्रतिज्ञा] अनुकम्पा की प्रतिज्ञा ।

कोलेज्ज पु [दे] नीचे गोल और ऊपर खाई के आकार का धान्य आदि भरने का कोठा ।

कोलेय पुं [कौलेयक] श्वान ।

कोल्ल पुंन [दे] कोयला ।

कोल्लइर न [कोल्लकिर] नगर-विशेष ।

कोल्लपाग न [कोल्लपाक] दक्षिण देश का एक नगर, जहां श्रीऋषभदेव का मन्दिर है ।

कोल्लर पु [दे] घाटी, थरिया ।

कोल्ला देखो कुल्ला ।

कोल्लाग देखो कुल्लाग ।

कोल्लापुर न [कोल्लापुर] दक्षिण देश का एक नगर, महालक्ष्मी का स्थान ।

कोल्लासुर पु [कोल्लासुर] इस नाम का एक दैत्य ।

कोल्लुग [दे] देखो कोल्हुअ ।

कोल्हाहल न [दे] बिम्बी-फल ।

कोल्हुअ पुं [दे] शृगाल । चरखी, ऊख से रस निकालने का कल ।

कोव सक [कोपय्] दूषित करना । कुपित करना ।

कोव पु [कोप] गुस्सा ।

कोवण वि [कोपन] क्रोधी ।

कोवाय पु [कोपक] अनार्य देश-विशेष ।

कोवास देखो कोआस ।

कोविअ वि [कोविद] निपुण, विद्वान् ।

कोविआ स्त्री [दे] सियारिन ।

कोविआर पु [कोविदार] वृक्ष-विशेष ।

कोविणी स्त्री [कोपिनी] कोप-युक्त स्त्री ।

कोशण (मा) वि [कदुष्ण] थोडा गरम ।

कोस पु [दे] कुसुम्भ रंग से रंगा हुआ रक्त वस्त्र । समुद्र ।

कोस पु [क्रोश] मार्ग की लम्बाई का परिमाण, दो मील ।

कोस पु [कोश, प] खजाना । तलवार की म्यान । कुड्मल । गोल । दिव्य-भेद, तप्त लोहे का स्पर्श वगैरह शपथ । अभिधानशास्त्र । पुन. चषक । न. नगर-विशेष । °पाण न [°पान] शपथ । °हिव पु [°धिप]

भण्डारी। कोसंब पु [कोशाम्र] फल-वृक्ष-विशेष। °गंडिया स्त्री [°गण्डिका] खड्ग-विशेष।

कोसंबिया स्त्री [कौशाम्बिका] जैनमुनिगण की एक शाखा।

कोसंबी स्त्री [कौशाम्बी] वत्स देश की मुख्य-नगरी।

कोसग पु [कोशक] साधुओ का एक चर्ममय उपकरण, चमडे की एक प्रकार की थैली।

कोसट्टइरिआ स्त्री[दे] चण्डी, पार्वती।

कोसय न [दे. कोशक] छोटा पान-पात्र।

कोसल न [कौशल] निपुणता, चातुरी।

कोसल न [दे] नीवी।

कोसल / कोसलग पुं [कोसल, °क] देश-विशेष। एक जैन महर्षि। कोसल देश का राजा। वि. कोशल देश मे उत्पन्न। °पुर न. अयोध्या नगरी।

कोसला स्त्री. अयोध्या-नगरी। कोसल-देश।

कोसलिअ न [दे. कौशलिक] उपहार।

कोसलिआ स्त्री[दे. कौशलिका] ऊपर देखो।

कोसल्ल न [कौशल्य] निपुणता।

कोसल्ल न [दे] भेंट।

कोसल्लया स्त्री [कौशल्य] चतुराई।

कोसल्ला स्त्री [कौशल्या] दाशरथि राम की माता।

कोसल्लिअ न [दे. कौशलिक] भेट।

कोसा स्त्री [कोशा] इस नाम की एक प्रसिद्ध वेश्या।

कोसिण वि [कोष्ण] थोडा गरम।

कोसिय न [कौशिक] मनुष्य का गोत्र-विशेष। वीसवें नक्षत्र का गोत्र। पुं. उल्लू। चण्ड-कोशिक-नामक दृष्टि-विष सर्प जिसको भगवान् श्रीमहावीर ने प्रबोधित किया था। वृक्ष-विशेष। इन्द्र। नकुल। खजानची, अनुराग। इस नाम का एक राजा। इस नाम का एक असुर। सपेरा। मज्जा। शृंगाररस। इस नाम का एक तापस। पुंस्त्री. कौशिक-गोत्रीय।

कोसिया स्त्री [कोशिका] भारतवर्ष की एक नदी। इस नाम की एक विद्याधर राजकन्या। चमडे का जूता। देखो कोसी।

कोसियार पु [कोशिकार] रेशम का कीडा। न. रेशमी वस्त्र।

कोसी स्त्री [कोशी] छीमी, फली। तलवार की म्यान। देखो कोसिया। गोलाकार एक वस्तु।

कोसुम्भ वि[कौसुम्भ] कुसुम्भ-सम्बन्धी(रंग)।

कोसुंभ वि [कौसुम] फूल-सम्बन्धी, फूल का बना हुआ।

कोसुम्ह देखो कुसुंभ।

कोसेअ / कोसेज्ज न [कौशेय] रेशमी वस्त्र। तसर का बना हुआ वस्त्र।

कोह पुं [क्रोध] गुस्सा। °मुंड वि. क्रोधरहित।

कोह पु [कोथ] शीर्णता।

कोह पुं [दे कोथ] कोथली, थैला।

कोह वि [क्रोधवत्] क्रोध-युक्त।

कोहंगक पुं [कोभङ्गक] पक्षि-विशेष।

कोहंझाण न [क्रोधध्यान] क्रोध-युक्त चिन्तन।

कोहंड न [कूष्माण्ड] कुष्माण्डी-फल। न. देव-विमान-विशेष। पुं. व्यन्तरश्रेणीय देव-जाति-विशेष।

कोहंडी स्त्री [कूष्माण्डी] कोहँडे का गाछ।

कोहण वि [क्रोधन] क्रोधी। पुं. इस नाम का रावण का एक सुभट।

कोहल देखो कुऊहल।

कोहलिअ वि [कुतूहलिन्] कुतूहली, कुतूहल-प्रेमी।

कोहलिआ स्त्री [कूष्माण्डिका] कोहँडा का गाछ।

कोहली देखो कोहंडी।

कोहल्ल देखो कोहल।

कोहल्ली स्त्री [दे] तवा।

कोहल्ली देखो कोहंडी ।
कोहि } वि [क्रोधिन्] गुस्सावोर ।
कोहिल्ल }
कोरव } देखो कउरव ।
कोलव }
°किकसिय देखो किसिय = कृपित ।
°ककूर देखो कूर = क्रूर ।
°क्केर देखो °केर ।
°कखंड देखो खंड ।
°कखंभ देखो खंभ ।
°कखम देखो खम ।
°कखलण देखो खलण ।
°किखंसा देखो खिसा ।
°कखु देखो खु ।
°कखुत्त देखो खुत्त ।
°कखेडु देखो खेडु ।
°कखेव देखो खेव ।
°कखोडी देखो खोडी ।

ख

ख पुं. व्यंजन-वर्ण-विशेष । न. आकाश । इन्द्रिय । °ग पुं [°ग] पक्षी । मनुष्य की एक जाति जो विद्या के बल से आकाश में गमन करती है, विद्याधर लोक । देखो खय = खग । °गइ स्त्री [°गति] आकाश गति । कर्म-विशेष । °गामिणी स्त्री [°गामिनी] विद्या-विशेष । °पुप्फ न [°पुष्प] आकाश-कुसुम, असम्भावित वस्तु ।
खअ } सक [खव्] सम्पत्ति-युक्त करना ।
खउर }
खइ वि [क्षयिन्] नाशवाला । क्षय-रोगी ।
खइअ वि [क्षपित] नाशित ।
खइअ वि [खचित] व्याप्त । विभूषित ।
खइअ वि [खादित] भुक्त, ग्रस्त । आक्रान्त ।
खइअ वि [क्षयित] क्षीण ।
खइअ पुं [दे] हेवाक, स्वभाव ।
खइअ } पुं [क्षायिक] विनाश । वि. क्षय
खइग } से उत्पन्न, क्षय-सम्बन्धी । कर्म-नाश से उत्पन्न ।
खइत्त न [क्षैत्र] खेतो का समूह ।
खइया स्त्री [खदिका]सेका हुआ व्रीहि-धान ।
खइर पुं [खदिर] खैर का गाछ ।
खइर वि [खादिर] खदिर-वृक्ष-सम्बन्धी ।
खइव [दे] देखो खइअ ।
खउड पुं [खपुट] अनाम-प्रसिद्ध एक जैनाचार्य ।
खउर अक [क्षुभ्] डर से विह्वल होना । सक. कलुषित करना ।
खउर वि [दे] कलुषित ।
खउर न [क्षौर] हजामत ।
खउर पुंन [खपुर] खैर वगैरह का चिकना रस, गोंद । °कढिणय न [°कठिनक] तापसों का एक प्रकार का पात्र ।
खउरिअ वि [क्षुब्ध] कलुषित ।
खउरिअ वि [क्षौरित] मुण्डित लुञ्चित, केश-रहित किया हुआ ।
खउरिअ वि [खपुरित] खरण्टित, चिपकाया हुआ ।
खउरीकय वि [खपुरीकृत] गोंद वगैरह की तरह चिकना किया हुआ ।
खओवसम पुं [क्षयोपशम] कुछ भाग का विनाश और कुछ का दबना ।
खओवसमिय वि [क्षयोपशमिक] क्षयोपशम से उत्पन्न । पुंन. क्षयोपशम ।
खंखर पुं [दे] पलाश-वृक्ष ।
खंगार पुं [खङ्गार] राजा खेगार, सौराष्ट्र देश का एक भूपति । °गढ पु. सौराष्ट्र का एक नगर, जूनागढ ।

खंच सक [कृष्] खीचना । वश में करना ।
खंज अक [खञ्ज्] लंगडा होना ।
खंज वि [खञ्ज] पंगु, लूला । न. गाडी मे लोहे के डंडे के पास बाँधा जाता सण आदि का गोल कपडा ।
खंजण पुं [खञ्जन] राहु का कृष्ण पुद्गल-विशेष । खञ्जरीट । वृक्ष-विशेप ।
खंजण पुं [दे] कीचड । काजल । गाडी के पहिए के भीतर का काला कीच ।
खंजर पुं [दे] सूखा हुआ पेड ।
खंजा स्त्री. छन्द-विशेष ।
खंड सक [खण्डय्] तोडना, टुकड़ा करना, विच्छेद करना ।
खंड पुं [खण्ड] एक नरक-स्थान । °कव्व न [°काव्य] छोटा काव्यग्रन्थ ।
खंड (अप) देखो खग्ग ।
खंड पुंन [खण्ड] टुकडा, अंश । चीनी । पृथ्वी का एक हिस्सा । °घडग पुं [°घटक] भिक्षुक का जल-पात्र । °प्पधाया स्त्री [°प्रपाता] वैताढ्य पर्वत की एक गुफा । °भेय पुं [°भेद] विच्छेद-विशेष, पदार्थ का एक तरह का पृथक्करण, पटके हुए घडे की तरह पृथग्भाव । °मल्लय पुंन [°मल्लक] भिक्षापात्र । °सो अ [°शस्] टुकडा-टुकडा । °भेय देखो °भेय ।
खंड न [दे] मस्तक । दारू का वरतन ।
खंडई स्त्री [दे] कुलटा ।
खंडग पुंन [खण्डक] चौथा हिस्सा । खंडग न. शिखर-विशेष ।
खंडण न [खण्डन] विच्छेद, भञ्जन, नाश । कण्डन, धान्य वगैरह का छिलका अलग करना । वि. नाशक ।
खंडपट्ट पुं [खण्डपट्ट] जूआरी । धूर्त्त । अन्याय से व्यवहार करनेवाला ।
खंडरक्ख पुं [खण्डरक्ष] कोतवाल । चुङ्गी वसूल करनेवाला ।
खंडव न [खाण्डव] इन्द्र का वन-विशेष ।
खंडा स्त्री. [खण्ड] शक्कर ।
खंडा स्त्री. इस नाम की एक विद्याधर-कन्या ।
खंडाखंडि अ [खण्डशस्] टुकडा-टुकडा । °डीकय वि [कृत] टुकडा-टुकडा किया हुआ ।
खडामणिकंचण न [खण्डामणिकाञ्चन] इस नाम का एक विद्याधर-नगर ।
खंडावत्त न [खण्डावर्त्त] इस नाम का एक विद्याधरनगर ।
खंडाहंड वि [खण्डखण्ड] टुकड़-टुकडा किया हुआ ।
खंडिअ पुं [खण्डिक] विद्यार्थी ।
खंडिअ पुं [दे] भाट । वि. अनिवार्य ।
खंडिआ स्त्री [खण्डिका] खण्ड, टुकडा ।
खंडिआ स्त्री [दे] वीस मन की नाप ।
खंडी स्त्री [दे] छोटा गुप्त द्वार । किले का छिद्र ।
खंडु (अप) देखो खग्ग ।
खंडुअ न [दे] वाजूबन्द ।
खंडुय देखो खंडग ।
खंत पुं [दे] पिता ।
खंत वि [क्षान्त] क्षमा-शील ।
खंतव्व वि [क्षन्तव्य] क्षमा-योग्य ।
खंति स्त्री [क्षान्ति[क्षमा, क्रोध का अभाव ।
खंतिया } स्त्री [दे] माता ।
खंती }
खंद पुं [स्कन्द] कार्त्तिकेय । राम का स्कन्द नाम का एक सुभट । °कुमार पुं. एक जैन मुनि । °ग्गह पु [°ग्रह] स्कन्दकृत उपद्रव । ज्वर-विशेष । °मह पुं. स्कन्द का उत्सव । °सिरी स्त्री [°श्री] एक चोर-सेनापति की भार्या का नाम ।
खंदग } पुं [स्कन्दक] ऊपर देखो । एक जैन
खंदय } मुनि । एक परिव्राजक, जिसने भगवान् महावीर के पास पीछे से जैन दीक्षा

ली थी।

खंदरुद्द न [स्कन्दरुद्र] शास्त्र विशेष।

खंदिल पुं [स्कन्दिल] एक प्रख्यात जैनाचार्य, जिसने मथुरा मे जैनागमो को लिपि-बद्ध किया।

खंध पु [स्कन्ध] भीत। पुद्गलो का पिण्ड। समूह। कन्धा। पेड का धड। छन्द-विशेष। °करणी स्त्री. साध्वियो को पहनने का उपकरण-विशेष। °मंत वि [°मत्] स्कन्धवाला। °वीय पुं [°बीज] स्कन्ध ही जिसका बीज होता है ऐसा कदली वगैरह का गाछ। °साल पुं [°शालिन्] व्यन्तर देवो की एक जाति।

खंधग्गि पुं [दे. स्कन्धाग्नि] स्थूल काष्ठो की आग।

खंधमंस पुं [दे] हाथ। बाहु।

खंधमसी स्त्री [दे] स्कन्द-यष्टि, हाथ।

खधय देखो खंध।

खधयट्ठि स्त्री [दे. स्कन्धयष्टि] हाथ।

खंधर पुं [कन्धर] गरदन।

खंधलट्ठि स्त्री [दे. स्कन्धयष्टि] हाथ।

खंधवार देखो खधावार।

खंधाआर देखो खंधावार।

खधार पुं व. [स्कन्धार] देश-विशेष।

खंधार देखो खंधावार।

खंधाल वि [स्कन्धवत्] स्कन्धवाला।

खंधावार पु [स्कन्धावार] सैन्य का पडाव। शिविर।

खंधीधार पुं [दे] बहुत गरम पानी की धारा।

खंप सक [सिच्] छिडकना।

खंपणय न [दे] कपडा।

खंभ पुं [स्तम्भ] थम्भा।

खंभ सक [स्कभ्] क्षुब्ध होना।

खंभतित्थ न [स्तम्भतीर्थ] एक जैन तीर्थ, गुजरात का प्राचीन 'खंभणा' गाँव।

खंभल्लिअ वि [स्तम्भि] खम्भे से बाँधा हुआ।

खंभाइत्त न [स्तम्भादित्य] गूर्जर देश का प्राचीन नगर खम्भात।

खंभालण न [स्तम्भालगन] खम्भे मे बाधना।

खक्खरग पुंन [दे] सूखी रोटी।

खग्ग पुं [खड्ग] गेंडा। पुंन. तलवार। °धेणुआ स्त्री [°धेनु] छूरी। °पुरा स्त्री. विदेह-वर्ष की स्वनाम-प्रसिद्ध नगरी। °पुरी स्त्री. पूर्वोक्त ही अर्थ।

खग्गाखग्गि न [खड्गाखड्गि] तलवार की लडाई।

खग्गि पुं [खड्गिन्] गेंडा।

खग्गिअ पुं [दे] गाँव का मुखिया।

खग्गी स्त्री [खड्गी] विदेह वर्ष की नगरी-विशेष।

खग्गूड वि [दे] धूर्त्त-सदृश। धर्मरहित, नास्तिकप्राय। निद्रालु। रसलम्पट।

खच सक [खच्] पावन करना। कसकर बाँधना।

खचिअ देखो खइअ = खचित। पिञ्जरित।

खच्चल पु [दे] भालू।

खच्चोल पु [दे] व्याघ्र।

खज्ज पु [खर्ज] वृक्ष-विशेष।

खज्ज वि [खाद्य] खाने योग्य वस्तु। न. खाद्य-विशेष।

खज्ज वि [क्षय्य] जिसका क्षय किया जा सके वह।

खज्जिअ वि [दे] जीर्ण, सड़ा हुआ। उपालब्ध।

खज्जिर (अप) वि [खाद्यमान] जो खाया गया हो वह।

खज्जू स्त्री [खर्जू] खुजली।

खज्जूर पुं [खर्जूर] खजूर का पेड़। न. खजूर का फल।

खज्जूरी स्त्री [खर्जूरी] खजूर का गाछ।

खज्जोअ पुं [दे] नक्षत्र।

खज्जोअ पुं [खद्योत] जुगनू।

खट्ट न [दे] कढ़ी। वि. अम्ल। °मेह पु

[°मेघ] खट्टे जल की वर्षा।

खट्टंग न [दे] छाया।

खट्टंग न [खट्वाङ्ग] शिव का एक आयुध। चारपाई का पाया या पाटी। प्रायश्चित्तात्मक भिक्षा माँगने का एक पात्र। तान्त्रिक मुद्रा-विशेष।

खट्टक्खड पुं [खट्वाक्षक] रत्नप्रभा नामक पृथिवी का एक नरकावास।

खट्टा स्त्री [खट्वा] पलग। °मल्ल पुं. बीमारी की प्रबलता से जो खाट से उठ न सकता हो वह।

खट्टिअ } [दे. खट्टिक] कसाई।
खट्टिक्क }

खड पु [दे] एक म्लेच्छ जाति। न. तृण।

खडइअ वि [दे] सङ्कुचित।

खडंग न [षडङ्ग] छः अंग, वेद के ये छ अग—शिक्षा, कल्प, व्याकरण, ज्योतिष, छन्द, निरुक्त। °वि वि [°वित्] छहो अंगो का जानकार।

खडक्कय पुन [खटत्कृत] आहट देना, सिकड़ी वगैरह की आवाज।

खडक्कार पु [खटत्कार] ऊपर देखो।

खडक्किआ } स्त्री [दे] खिड़की।
खडक्की }

खडक्किय देखो खडक्कय।

खडक्खड पु [खटत्खट] खट-खट आवाज।

खडक्खर देखो छडक्खर।

खडखड पु देखो खाडखड।

खडखडग वि [दे] छोटा और लम्बा।

खडट्ठोविल पुं [दे] एक म्लेच्छ जाति।

खडणा स्त्री [दे] गौ।

खडहड पु[खटखट]साँकल वगैरह की आवाज।

खडहडी स्त्री [दे] जन्तु-विशेष, गिलहरी गिल्ली।

खडिअ देखो खट्टिअ।

खडिअ देखो खलिअ।

खडिअ पुं [दे] स्याही का पात्र।

खडिआ स्त्री [खटिका] लडको को लिखने की खड़ी या खड़िया।

खडी स्त्री [खटी] ऊपर देखो।

खडुआ स्त्री [दे] मोती।

खडुक्क अक [आविस्+भू] प्रकट होना, उत्पन्न होना।

खडुक्क } पुस्त्री [दे] मुण्ड सिर पर उँगली
खडुक } का आघात।

खडु सक [मृद्] मर्दन करना।

खडु } न [दे] दाढी-मूंछ। वड़ा महान्।
खडुग } गर्त्त के आकारवाला।

खडुा स्त्री [दे] आकर। पर्वत का गर्त्त। गड्ढा।

खडुया स्त्री [दे] ठोकर।

खडुोलय पुं [दे] गड्ढा।

खण सक [खन्] खोदना।

खण पु [क्षण] वहुत थोड़ा समय। °जोइ वि [°योगिन्] क्षणमात्र रहनेवाला। °भंगुर वि [°भङ्गुर] क्षणिक। °या स्त्री [°दा] रात्रि।

खणक्खण } अक [खणयणाय्] खणखण
खणखणक्खण } आवाज करना।

खणग वि [खनक] खोदनेवाला।

खणण न [खनन] खोदना।

खणय देखो खण = क्षण।

खणि स्त्री [खनि] खान।

खणिक्क } देखो खणिय = क्षणिक।
खणिग }

खणित्त य [खनित्र] खोदने का अस्त्र।

खणिय वि [क्षणिक] क्षण-विनश्वर। वि. फुरसत वाला, काम-धन्धा से रहित। °वाइ वि [°वादिन्] सर्व पदार्थ को क्षण-विनश्वर माननेवाला, वौद्धमत का अनुयायी।

खणो देखो खणि।

खणुसा स्त्री [दे] मानसिक पीडा।

खण्ण न [दे] खोदा हुआ।

खण्ण वि [खन्य] खोदने-योग्य।
खण्णु देखो खाणु।
खण्णुअ पुं [दे. स्थाणुक] कीलक, खूंटा।
खत्त न [दे] खात। शस्त्र से तोड़ा हुआ। सेंध। गोबर। °खणग पुं [°खनक] सेंध लगाकर चोरी करनेवाला। °खणण न [°खनन] सेंध लगाना। °मेह पु [°मेघ] करीष के समान रसवाला मेघ।
खत्त पुं [क्षत्र] क्षत्रिय।
खत्त वि [क्षात्र] क्षत्रिय-सम्बन्धी। न. क्षत्रियत्व।
खत्तय पुं [दे] खेत खोदनेवाला। सेंध लगाकर चोरी करनेवाला। राहुग्रह।
खत्ति पु [दे] एक म्लेच्छ-जाति।
खत्ति पुंस्त्री [क्षत्रिन्] नीचे देखो।
खत्तिअ पुस्त्री [क्षत्रिय] राजन्य। °कुडग्गाम पु [कुण्डग्राम] नगर-विशेष। °कुडपुर न [°कुण्डपुर] पूर्वोक्त ही अर्थ। °विज्जा स्त्री [°विद्या] धनुर्विद्या।
खत्तिणी / खत्तियाणी } स्त्री [क्षत्रियाणी] क्षत्रिय जाति की स्त्री।
खद्द न [दे] प्रभूत लाभ।
खद्ध वि [दे] भुक्त। बहुत। विशाल। अ. शीघ्र। °दाणिअ वि. [°दानिक] समृद्ध।
खपुसा स्त्री [दे] एक प्रकार का जूता।
खप्पर पु [कर्पर] मनुष्य-जाति-विशेष। भिक्षा-पात्र। खोपड़ी। घट वगैरह का टुकड़ा।
खप्पर / खप्पुर } वि [दे] रूक्ष, निष्ठुर।
खम सक [क्षम्] माफ करना। सहन करना।
खम वि [क्षम] उचित। समर्थ।
खमग पु [क्षमक, क्षपक] तपस्वी जैन साधु।
खमण न [क्षपण] तपश्चर्या, बेला, तेला आदि तप।
खमण न [क्षपण, क्षमण] उपवास। पुं. तपस्वी जैन साधु।
खमय देखो खमग।
खमा स्त्री [क्षमा] पृथिवी। क्रोध का अभाव। °वइ पु [°पति] राजा। °समण पुं [°श्रमण] ऋषि। °हर पुं [°धर] पर्वत। साधु।
खमावणया / खमावणा } स्त्री [क्षमणा] माफी मांगना।
खम्म देखो खण = खन्।
खम्मवखम पुं [दे] संग्राम। मन का दुःख। पश्चात्ताप का निःश्वास।
खय देखो खच।
खय अक [क्षि] नष्ट होना।
खय देखो खग। आकाश तक ऊँचा पहुचा हुआ। °राय पुं [°राज] गरुड़-पक्षी। °वइ पु [°पति] गरुड़ पक्षी।
खय न [क्षत] घाव। वि. व्रणित। °यार स्त्री. पुं [°चार] शिथिलाचारी साधु या साध्वी।
खय वि [खात] खोदा हुआ।
खय पुं [क्षय] प्रलय, विनाश। राज-यक्ष्मा। °कारि वि [°कारिन्] नाश-कारक। °काल °गाल पुं [°काल] प्रलय-काल। °ग्गि पुं [°अग्नि] प्रलय-काल की आग। °नाणि पु [°ज्ञानिन्] केवल-ज्ञानी। °समय पु. प्रलय-काल।
खयकर वि [क्षयकर] नाश-कारक।
खयंतकर वि [क्षयान्तकर] नाश-कारक।
खयर पुंस्त्री [खचर] आकाश में चलनेवाला, पक्षी। विद्याधर। °राय पुं [°राज] विद्याधरों का राजा।
खयर देखो खइर = खदिर।
खयरक्क वि [खादिरक] खदिर-सम्बन्धी।
खयाल पुंन [दे] बाँस का वन।
खर अक [क्षर्] झरना। नष्ट होना।
खर वि. निष्ठुर, परुष। पुंस्त्री. गर्दभ। पु. छन्द-विशेष। न. तिल का तेल। °कंट न [°कण्ट] बबूल वगैरह की शाखा। °कंड न

[°काण्ड] रत्नप्रभा पृथिवी का प्रथम काण्ड-अंश-विशेष। °कम्म न [°कर्मन्] जिसमे अनेक जीवों की हानि होती हो ऐसा काम। °कम्मिअ वि [°कर्मिन्] निष्ठुर कर्म करनेवाला। पु. कोतवाल। °किरण पुं. सूरज। °दूसण पुं [°दूषण] इस नाम का एक विद्याधर राजा। °नहर पुं [°नखर] श्वापद जन्तु, हिंसक प्राणी। °निस्सण पुं [°निःस्वन] इस नाम का रावण का एक सुभट। °मुह पु [°मुख] अनार्य-देश-विशेष। अनार्य देश-विशेष का निवासी। °मुही स्त्री [°मुखी] वाद्य-विशेष। नपुसक दासी। °यर वि [°तर] विशेष कठोर। पुं. इस नाम का एक जैन गच्छ। °सन्नय न [°संज्ञक] तिल का तेल। °साविआ स्त्री [°शाविका] लिपि-विशेष। °स्सर पु [°स्वर] परमाधार्मिक देवो की एक जाति।

खर वि [क्षर] विनश्वर।

खरंट सक [खरण्टय्] निर्भर्त्सना करना। लेप करना।

खरट वि [खरण्ट] धूत्कारनेवाला। उपलिप्त करनेवाला। अशुचि पदार्थ।

खरंटण न [खरण्टन] निर्भर्त्सन। प्रेरणा।

खरंसूया स्त्री [दे] वनस्पति-विशेष।

खरड पु [दे] हाथी की पीठ पर बिछाया जाता आस्तरण।

खरड सक [लिप्] लेपना, पोतना।

खरड पुं [खरट] एक जघन्य मनुष्य जाति।

खरडिअ वि [दे] रूखा। भग्न, नष्ट।

खरण न [दे] बबूल वगैरह की कण्टक-मय डाली।

खरफरुस पु [खरपरुष] एक नरक स्थान।

खरय पुं [खरक] भगवान् महावीर के कान में से खीला (मास कील) निकालनेवाला एक वैद्य।

खरय पुं [दे] नौकर। राहु।

खरहर अक [खरखराय्] 'खर-खर' आवाज करना।

खरहिअ पुं [दे] पौत्र।

खरा स्त्री. नेवला की तरह भुज से चलनेवाला जन्तु-विशेष।

खरिअ वि [दे] भुक्त।

खरिआ स्त्री [दे] दासी।

खरिसुअ पु [दे. खरिशुक] कन्द-विशेष।

खरुट्टी स्त्री [खरोष्ट्री] एक प्राचीन लिपि। गाधार लिपि।

खरुल्ल वि [दे] कठिन, कठोर। स्थपुट, विपम और ऊँचा।

खरोट्टिआ स्त्री [खरोष्ट्रिका] लिपि-विशेष।

खल अक [स्खल] गिरना। भूलना। रुकना। अपसरण करना।

खल अ. [खलु] पादपूर्ति मे प्रयुक्त होता अव्यय।

खल वि. दुर्जन। न. धान साफ करने का स्थान। °पू वि. खलिहान या खलियान को साफ करनेवाला।

खलइअ वि [दे] खाली।

खलक्खल अक [खलखलाय्] 'खल-खल' आवाज करना।

खलगंडिअ वि [दे] उन्मत्त।

खलणा स्त्री [स्खलना] निपतन। विराधना। अटकायत।

खलभलिय वि [दे] क्षुब्ध।

खलहर / खलहल } पु [खलखल] नदी के प्रवाह की आवाज।

खला अक [दे]खराब करना, नुकसान करना।

खलिअ वि [स्खलित] रुका हुआ। गिरा हुआ, पतित। न. अपराध, भूल।

खलिअ वि [खलिक] खल से व्याप्त, खलि-खचित।

खलिण पुन [खलिन] लगाम। कायोत्सर्ग का एक दोष।

खलिया स्त्री [खलिका] तिल वगैरह का तैल-रहित चूर्ण, खली ।

खलियार सक [खली + कृ] तिरस्कार करना । धूत्कारना । ठगना । उपद्रव करना ।

खली स्त्री [दे. खली] तिल-पिण्डिका, तिल वगैरह का स्नेहरहित चूर्ण ।

खलीण न [खलीन] देखो खलिण । नदी का किनारा ।

खलु अ [खलु] इन अर्थों का सूचक अव्यय— अवधारण, निश्चय । पुन. । विशेष पादपूर्ति और वाक्य की शोभा के लिए भी इसका प्रयोग होता है । °खित्त न [°क्षेत्र] जहाँ पर जरूरी चीज मिले वह क्षेत्र ।

खलुंक पु [दे] गली बैल, अविनीत बैल, कुशिष्य ।

खलुंकिज्ज पु [दे] गली बैल सम्बन्धी । न. उत्तराध्ययन सूत्र का इस नाम का एक अध्ययन ।

खलुग, खलुय } न [खलुक] गुल्फ, पाँव का मणि-बन्ध ।

खल्ल न [दे] बाड़ का छिद्र । विलास । वि. रिक्त ।

खल्ल वि[दे]जिसका मध्य भाग नीचा हो वह ।

खल्लइअ वि [दे] संकुचित, संकोच-युक्त । हर्षयुक्त. ।

खल्लग, खल्लय } पुन [दे] पत्ता । पत्र-पुट ।

खल्लग, खल्लय } पुन [दे] पाँव का रक्षण करने-वाला चमडा, एक प्रकार का जूता । थैला ।

खल्ला स्त्री [दे] चर्म । खाल ।

खल्लाड देखो खल्लीड ।

खल्लिरा स्त्री [दे] संकेत ।

खल्लिहड (अप) देखो खल्लीड ।

खल्ली स्त्री [दे] सिर का वह चमड़ा, जिसमें केश पैदा न होता हो ।

खल्लीड पुं [खल्वाट] गंजा, चंदला ।

खल्लूड पुं [खल्लूट] कन्द-विशेष ।

खव सक [क्षपय्] नाश करना । डालना, प्रक्षेप करना । उल्लंघन करना ।

खव पुं [दे] बायाँ हाथ । गर्दभ ।

खवग वि [क्षपक]नाश करनेवाला । पुं. तपस्वी जैन-मुनि । वि. क्षपकश्रेणि में आरूढ । °सेढि स्त्री [श्रेणि] क्षपण कर्मों के नाश की परिपाटी ।

खवडिअ वि [दे] स्खलित, स्खलन-प्राप्त ।

खवण, खवणय } न [क्षपण] क्षय । डालना, प्रक्षेप । पुं. जैन-मुनि ।

खवण देखो खमण ।

खवणा स्त्री [क्षपणा] अध्ययन, शास्त्र-प्रकरण ।

खवय पुं [दे] कन्धा ।

खवय देखो खवग ।

खवलिअ वि [दे] कुपित ।

खवल्ल पुं. मत्स्य-विशेष ।

खवा स्त्री [क्षपा] रात्रि । °जल न. अव-श्याय, हिम ।

खविअ वि [क्षपित] विनाशित । उद्वेजित ।

खव्व पुं [दे] बायाँ हाथ । रासभ ।

खव्व वि [खर्व] वामन । लघु, थोडा ।

खव्वुर देखो कव्वुर ।

खव्वुल न [दे] मुख ।

खस अक [दे] खिसकना, गिर पडना ।

खस पुं. ब. अनार्य देश-विशेष । पुंस्त्री. खस देश मे रहनेवाला मनुष्य ।

खसखस पु. पोस्ता का दाना, उशीर, खस ।

खसफस अक [दे] खिसकना, गिर पडना ।

खसफसि वि [दे] अधीर ।

खसर देखो कसर = दे कसर ।

खसिअ देखो खइअ = खचित ।

खसु पुं [दे] रोग-विशेष, पामा ।

खह पुंन [खह] आकाश ।

खह् देखो ख ।
खहयर देखो खयर ।
खहयरी स्त्री[खचरी]मादा पक्षी । विद्याधरी ।
खा } सक [खाद्] भोजन करना, भक्षण
खाअ } करना ।
खाअ वि [ख्यात] प्रसिद्ध, विश्रुत । °कित्तीय वि [°कीर्त्तिक] यशस्वी । °जस वि [°यशस्] वही अर्थ
खाअ वि [खादित] भुक्त, भक्षित ।
खाअ वि [खात] खुदा हुआ । न. खुदा हुआ जलाशय । ऊपर मे विस्तारवाली और नीचे मे सकुचित ऐसी परिखा । ऊपर और नीचे समान रूप से खुदी हुई परिखा । खाई ।
खाइ स्त्री [खाति] परिखा ।
खाइ स्त्री [ख्याति] प्रसिद्ध ।
खाइ [दे] देखो खाइं ।
खाइअ देखो खइअ = क्षायिक ।
खाइआ स्त्री [दे. खातिका] खाई ।
खाइं अ [दे] वाक्य की शोभा और पुनः शब्द के अर्थ का सूचक अव्यय ।
खाइग देखो खाइअ = क्षायिक ।
खाइम न [खादिम] अन्न-वर्जित फल, औषध वगैरह खाद्य चीज ।
खाइर वि [खादिर] खदिर-वृक्ष-सम्बन्धी, खैर का, कत्थई ।
खाउय न [खाद्यक] खाद्यपदार्थ ।
खाओवसम
खाओवसमिअ } देखो खओवसमिय ।
खाओवसमिग }
खाडइअ वि [दे] प्रतिफलित, प्रतिविम्बित ।
खाडखड पु चौथी नरक-पृथिवी का एक नरकावास ।
खाडहिला स्त्री [दे] एक प्रकार का जानवर, गिलहरी ।
खाण पुं [दे] एक म्लेच्छजाति ।
खाण न [खादन] भोजन ।
खाण न [ख्यान] कथन ।
खाणि स्त्री [खानि] खान ।
खाणिअ वि [खानित] खुदवाया हुआ ।
खाणी देखो खाणि ।
खाणु } पुं [स्थाणु] ठूठा वक्ष, अचल ।
खाणुय }
खादि देखो खाइ = ख्याति ।
खाम सक [क्षमय्] माफी माँगना ।
खाम वि [क्षाम] दुर्बल । क्षीण, अशक्त ।
खामण न [क्षमण] खमाना ।
खामिय वि [क्षमित] खमाया हुआ । सहन किया हुआ । विलम्बित ।
खाय पु [खाद] पाँचवी नरक-भूमि का एक नरक-स्थान ।
खायर देखो खाइर ।
खार पुं [क्षार] एक नरक-स्थान । भुजपरिसर्प की एक जाति । दुश्मनी । °डाह पुंन [°दाह] क्षार पकाने की भट्ठी । °तंत पुंन [°तन्त्र] आयुर्वेद का एक भेद, वाजीकरण ।
खार पुं [क्षार] क्षरण, झरना, संचलन । भस्म । खार । लवण-विशेष । लवण । जानवर-विशेष । सज्जी । वि. कटु या चरपरा स्वादवाला, कटु चीज । खारी चीज, नमकीन स्वादवाली वस्तु । °तउसी [°त्रपुषी] कटु त्रपुषी, वनस्पति-विशेष । °तिल्ल न [°तैल] खारे से संस्कृत तैल । °मेह पुं [°मेघ] क्षार रसवाले पानी को वर्षा । °वत्तिय वि [°पात्रिक] क्षार-पात्र में जिमाया हुआ । क्षार-पात्र का आधार-भूत । °वत्तिय वि [°वृत्तिक] खार में फेंका हुआ, खार से सीचा हुआ । °वावी स्त्री [°वापी] क्षार से भरी हुई वापी, कुंआ ।
खारफिडी स्त्री [दे] गोधा, गोह ।
खारदूसण वि. खरदूषण का ।
खारय न [दे] कली ।
खारायण पु [क्षारायण] ऋषि-विशेष ।

माण्डव्यगोत्र के शाखाभूत एक गोत्र ।

खारि स्त्री [खारी] एक प्रकार की नाप, सेर की तौल ।

खारिभरी स्त्री [खारिम्भरी] खारी-परिमित वस्तु जिसमे अट सके ऐसा पात्र भर दूध देनेवाली ।

खारिल्ल न [दे] फल-विशेष, छुहारा ।

खारिय वि [क्षारित] स्रावित । पानी मे घिसा हुआ ।

खारी देखो खारि ।

खारुगणिय पुं [क्षारुगणिक] म्लेच्छ देश-विशेष । उसमे रहनेवाली म्लेच्छ जाति ।

खारोदा स्त्री [क्षारोदा] नदी-विशेष ।

खाल सक [क्षालय्] धोना ।

खाल स्त्रीन [दे] मोरी ।

खावण न [ख्यापन] प्रतिपादन ।

खावणा स्त्री [ख्यापना] प्रसिद्धि ।

खावियंत वि [खाद्यमान] जिसको खिलाया जाता हो वह ।

खावियग वि [खादितक] जिसको खिलाया गया हो वह ।

खावेंत वि [ख्यापयत्] प्रख्याति करता हुआ ।

खास अक [कास्] खाँसना ।

खास पुं [कास] खाँसी की बीमारी ।

खासिअ पुं [खासिक] म्लेच्छ देश-विशेष । उसमें रहनेवाली म्लेच्छ जाति ।

खि अक [क्षि] क्षीण होना ।

खिइ स्त्री [क्षिति] पृथिवी । °गोयर पुं [°गोचर] मनुष्य । °पइट्ठ न [°प्रतिष्ठ] नगर-विशेष । °पइट्ठिय न [°प्रतिष्ठित] इस नाम का एक नगर । राजगृह नाम का नगर । °सार पुं. इस नाम का एक दुर्ग ।

खिख अक [सिङ्ख्य्] खिखि आवाज करना ।

खिखिणिया स्त्री [किङ्किणिका] क्षुद्र घण्टिका ।

खिखिणी स्त्री [किङ्किणी] ऊपर देखो ।

खिखिणी स्त्री [दे] शृगाली ।

खिग पुं. व्यभिचारी ।

खिस सक [खिस्] निन्दा करना ।

खिक्खिंड पुं [दे] गिरगिट, सरट ।

खिखियंत वि [खिखीयमान] 'खि-खि' आवाज करता ।

खिक्खिरी स्त्री [दे] डोम वगैरह का स्पर्श रोकने की लकडी ।

खिच्च पुंन [दे] खीचड़ी, कृसरा ।

खिज्ज अक [खिद्] अफसोस करना । उद्विग्न होना, थक जाना ।

खिज्जणिया स्त्री [खेदनिका] खेद-क्रिया, अफसोस ।

खिज्जिअ न [दे] उपालम्भ ।

खिज्जिअ वि [खिन्न] खेद-प्राप्त । न. खेद । प्रणय-जन्य रोष ।

खिज्जिअय न [खेदितक] छन्द-विशेष ।

खिड्ड न [खेल] क्रीड़ा, मजाक ।

खिण्ण वि [खिन्न] खेदप्राप्त । श्रान्त ।

खिण्ण देखो खीण ।

खित्त वि [क्षिप्त] फेंका हुआ । प्रेरित । °इत्त, °चित्त वि [°चित्त] भ्रान्त-चित्त, पागल । °मण वि [मनस्] चित्त-भ्रमवाला ।

खित्त देखो खेत्त । °देवया स्त्री [°देवता] क्षेत्र का अधिष्ठायक देव । °वाल पुं [पाल] देव-विशेष, क्षेत्र-रक्षक देव ।

खित्तज पुं [क्षेत्रज] गोद लिया हुआ लडका ।

खित्तय न [क्षिप्तक] छन्द-विशेष ।

खित्तय न [दे] अनर्थ, नुकसान । वि. प्रज्ज्वलित ।

खित्तअ वि [क्षैत्रिक] क्षेत्र-सम्बन्धी । पुं. व्याधि-विशेष ।

खिप्प अक [कृप्] समर्थ होना । दुर्बल होना ।

खिप्प वि [क्षिप्र] शीघ्र । °गइ वि [°गति]

शीघ्र गतिवाला । पुं. अमितगति इन्द्र का एक लोकपाल ।

खिप्पं अ [क्षिप्रम्] तुरन्त ।

खिप्पामेव अ [क्षिप्रमेव] शीघ्र ही, तुरन्त ।

खिमा स्त्री [क्ष्मा] पृथिवी ।

खिर अक [क्षर्] गिरना, गिर पडना । टपकना ।

खिल न [खिल] ऊसर जमीन ।

खिलीकरण न [खिलीकरण] खाली करना ।

खिल्ल सक [कीलय्] रोकना । डालना ।

खिल्ल अक [खेल्] क्रीड़ा करना, तमाशा करना ।

खिल्ल पु [दे] फोडा, फुनसी ।

खिल्लण न [खेलन] खिलौना ।

खिल्लहड } पु [दे. खिल्लहड] कन्द-विशेष ।
खिल्लहल }

खिल्लुहुडा स्त्री [दे] कन्द-विशेष ।

खिव सक [क्षिप्] फेंकना । प्रेरना । डालना । इधर-उधर चलाना ।

खिव्व देखो खिव ।

खिस अक [दे] सरकना, खिसकना ।

खीण देखो खिण्ण = खिन्न ।

खीण वि [क्षिण] नष्ट, विच्छिन्न । कृश । °दुह वि [°दुःख] दुःखरहित । °मोह वि. जिसका मोह नष्ट हो गया हो वह । न. बारहवाँ गुण-स्थानक । °राग वि. वीतराग । पुं. तीर्थङ्कर देव ।

खीयमाण वि [क्षीयमाण] जिसका क्षय होता जाता हो वह ।

खीर न [क्षीर] बेला, दो दिन का उपवास । °डिंडिर पुं. देव-विशेष । °डिंडिरा स्त्री देवी-विशेष । °वर पुं. समुद्र-विशेष । द्वीप-विशेष ।

खीर न [क्षीर] दूध । पानी । पुं. क्षीरवर समुद्र का अधिष्ठायक देव । क्षीर-समुद्र । कयंब पुं [°कदम्ब] इस नाम का एक ब्राह्मण-उपाध्याय। °काओली स्त्री [°काकोली] वनस्पति-विशेष, खीरविदारी । °जल पु. क्षीर-समुद्र । °जलनिहि पुं [°जलनिधि] वही पूर्वोक्त अर्थ । °दुम, °द्दुम पुं [°द्रुम] दूधवाला पेड, जिसमे दूध निकलता है ऐसे वृक्ष की जाति । °धाई स्त्री [धात्री] दूध पिलानेवाली दाई । °पूर पुं. उबलता हुआ दूध । °प्पभ पुं [°प्रभ] क्षीरवर द्वीप का एक अधिष्ठाता देव । °मेह पुं [°मेघ] दूध-समान स्वादवाले पानी की वर्षा । °वई स्त्री [°वती] प्रभूत दूध देनेवाली । °वर पुं. द्वीप-विशेष । °वारि न. क्षीर समुद्र का जल । °हर पु [°गृह, °धर] क्षीर-सागर । °सव पुं [°श्रव] लब्धि-विशेष, जिसके प्रभाव से वचन दूध की तरह मधुर मालूम हो । ऐसी लब्धिवाला जीव ।

खीरइय वि [क्षीरकित] सञ्जात-क्षीर ।

खीरिणी स्त्री [क्षीरिणी] दूधवाली । वृक्ष-विशेष ।

खीरी स्त्री [क्षैरेयी] खीर ।

खीरोअ पुं [क्षीरोद] क्षीरसागर ।

खीरोआ स्त्री [क्षीरोदा] इस नाम की एक नदी ।

खीरोद देखो खीरोअ ।

खीरोदा देखो खीरोआ ।

खील } पु [कील, °क] खीला, खूंट ।
खीलग } °मग्ग पुं [°मार्ग] मार्ग-विशेष,
खीलव } जहाँ धूली ज्यादा रहने से खूंटे के निशान बनाये गये हो ।

खीलावण न [क्रीडन] खेल कराना, क्रीडा कराना । °धाई स्त्री [°धात्री] खेलकूद करानेवाली दाई ।

खीलिया देखो कीलिआ ।

खीलिया स्त्री [कीलिका] छोटी खूंटी ।

खीव पुं [क्षीव] मदोन्मत्त, मस्त ।

खु अ [खलु] इन अर्थों का सूचक अव्यय— निश्चय । वितर्क, विचार । सन्देह । सम्भा-

वना । विस्मय ।
खु° देखो खुहा ।
खुइ स्त्री [क्षुति] छीक, छीक का निशान ।
खुइय वि [दे] विच्छिन्न । विध्यात । शान्त ।
खुखुणय पुं [दे] नाक का छिद्र ।
खुंखुणी स्त्री [दे] रथ्या, मुहल्ला ।
खुंगाह पुं [दे] अश्व की एक उत्तम जाति ।
खुंट पुं [दे] खूंट, खूंटी । °मोडय वि [°मोटक] खूंटे को मोडने वाला, उससे छूटकर भाग जानेवाला । पुं. इस नाम का एक हाथी ।
खुडय वि [दे] स्खलित ।
खुंद (शौ) सक [क्षुद्] जाना । पीसना, कूटना ।
खुद अक [क्षुध्] भूख लगना ।
खुपा स्त्री [दे] वृष्टि रोकने के लिए बनाया जाता एक तृणमय उपकरण ।
खुंभण वि [क्षोभण] क्षोभ उपजानेवाला ।
खुज्ज अक [परि+अस्] फेकना । निरास करना ।
खुज्ज } वि [कुब्ज] कूबडा । वामन ।
खुज्जय } टेढा । एक पार्श्व से हीन । न. संस्थान-विशेष, शरीर का वामन आकार ।
खुज्जिय वि [कुब्जिन्] कूबडा ।
खुट्ट सक [तुड्] तोडना, खण्डित, टुकडा करना । अक खूटना, क्षीण होना । टूटना, त्रुटित होना ।
खुट्ट वि [दे] त्रुटित, खण्डित, छिन्न ।
खुड देखो खुट्ट = तुड् ।
खुडक्क देखो खुडुक्क = (दे) ।
खुडिअ वि [खण्डित] त्रुटित, खण्डित, विच्छिन्न ।
खुडुक्क सक [अप+क्रमय्] दूर करना ।
खुडुक्क अक [दे] नीचे उतरना । स्खलित होना । शल्य की तरह चुभना । गुस्सा से मौन रहना ।
खुडुक्किअ वि [दे] शल्य की तरह चुभा हुआ, खटका हुआ । रोषमूक, गुस्सा से मौन धारण करनेवाला । स्त्री. °आ ।
खुड्डु } वि [दे. क्षुद्र, क्षुल्लक] लघु, छोटा ।
खुड्डग } अधम दुष्ट । पुं. छोटा साधु, लघु शिष्य । पुं न. अंगूठी ।
खुड्डमड्डा अ [दे] अत्यन्त । फिर-फिर ।
खुड्डुय देखो खुड्डु ।
खुड्डुाग } देखो खुड्डुग । 'णियंठ न
खुड्डुाय } [°नैर्ग्रन्थ] उत्तराध्ययन सूत्र का छठवाँ अध्ययन ।
खुड्डिअ न [दे] मैथुन ।
खुड्डिआ स्त्री [दे. क्षुद्रिका] छोटी । डावर, नही खुदा हुआ छोटा तलाव ।
खुणुक्खुडिआ स्त्री [दे] नासिका ।
खुण्ण वि [क्षुण्ण] मर्दित । चूर्णित । मग्न ।
खुण्ण वि [दे] परिवेष्टित ।
खुत्त वि [दे] निमग्न, डूबा हुआ ।
°खुत्तो अ [°कृत्वस्] बार, दफा ।
खुद्द वि [क्षुद्र] तुच्छ, नीच, दुष्ट ।
खुद्द न [क्षौद्रय] क्षुद्रता, तुच्छता ।
खुद्दिमा स्त्री [क्षुद्रिमा] गान्धार ग्राम की एक मूर्च्छना ।
खुद्ध वि [क्षुब्ध] क्षोभ-प्राप्त ।
खुधा स्त्री [क्षुध्] भूख ।
खुधिय वि [क्षुधित] भूखा ।
खुप्प सक [प्लुष्] जलाना ।
खुप्प अक [मस्ज्] डूबना ।
खुप्पिवासा स्त्री [क्षुत्पिपासा] भूख और प्यास ।
खुब्भ अक [क्षुभ्] क्षोभ पाना, नीचे डूबना ।
खुभ अक [क्षुभ्] डरना, घबड़ाना ।
खुभिय वि [क्षुभित] क्षोभ-युक्त । न. घबडाहट । कलह ।
खुम्म अक [क्षुध्] भूख लगना ।
खुम्मिय वि [दे] नमित ।
खुय न [क्षुत] छीक ।
खुर पु. जानवर के पाँव का नख ।

खुर पुं [क्षुर] उस्तरा। °पत्त न [°पत्र] छूरा।
खुरप्प पुन [क्षुरप्र] एक तरह का जहाज। पु. घास काटने का अस्त्र-विशेष। शर-विशेष।
खुरसाण पुं [खुरशान] देश-विशेष। खुरशान देश का राजा।
खुरहखुडी स्त्री [दे] प्रणय-कोप।
खुरासाण देखो खुरसाण।
खुरि वि [खुरिन्] खुरवाला जानवर।
खुरु पुं [खुरु] आयुध-विशेष।
छुरुडुक्खुडी स्त्री [दे] प्रणय-कोप।
खुरुप्प देखो खुरप्प।
खुल क [दे] वह गाँव जहाँ साधुओ को भिक्षा कम मिलती हो या भिक्षा मे घृत आदि न मिलता हो।
खुल देखो खुम्म।
खुलिअ देखो खुडिअ।
खुलुह पुं [दे] गुल्फ, फीली।
खुल्ल न [दे] कुटी।
खुल्ल वि [क्षुल्ल] छोटा, लघु, क्षुद्र। पु. द्वीन्द्रिय जीव-विशेष।
खुल्लग देखो खुड्डुग।
खुल्लण (अप) देखो खुड्डु।
खुल्लय वि [क्षुल्लक] क्षुद्र, छोटा। कदर्पक-विशेष, कौडी।
खुल्लासय पुं [दे] खलासी, जहाज का कर्मचारी-विशेष।
खुल्लिरी स्त्री [दे] सङ्केत।
खुव पुं [क्षुप] जिसकी शाखा और मूल छोटे होते है ऐसा वृक्ष।
खुवय पुं [दे] कँटीला घास।
खुव्व देखो खुभ।
खुव्वय न [दे] पत्ते का पुडवा, दोना।
खुह देखो खुभ।
खुहा स्त्री [क्षुध्] बुभुक्षा। °परिसह, °परीसह पु [°परिषह °परीषह] भूख की वेदना को शान्ति से सहन करना।
खूण न [क्षूण] नुकसान। अपराध। न्यूनता।
खेअ सक [खेदय्] खिन्न करना। खेद उपजाना।
खेअ पुं [खेद] उद्वेग। तकलीफ, परिश्रम। संयम। थकावट। °ण्ण वि [°ज्ञ] निपुण जानकार।
खेअ देखो खेत्त।
खेअ पु [क्षेप] त्याग, मोचन।
खेअण न [खेदन] खेद, उद्वेग। वि. खेद उपजानेवाला।
खेअर देखो खयर। °हिव पु [°धिप] विद्याधरो का राजा। °हिवइ पु [°धिपति] विद्याधरो का राजा।
खेअरिद पु [खेचरेन्द्र] खेचरो का राजा।
खेअरी देखो खहयरी।
खेआलु वि [दे] मन्द, आलसी। असहिष्णु, ईर्ष्यालु।
खेचर देखो खेअर।
खेज्जणा स्त्री [खेदना] खेद-सूचक वाणी, खेद।
खेड सक [कृष्] खेती करना।
खेड सक [खेटय्] हाँकना।
खेड न [खेट] धूली का प्राकारवाला नगर। नदी और पर्वतो से वेष्टित नगर। पुं. मृगया।
खेडग न [खेटक] फलक, ढाल।
खेडण न [खेटन] खदेडना, पीछे हटाना।
खेडणअ न [खेलनक] खिलौना।
खेडय पुं [क्ष्वेटक] विष। ज्वर-विशेष।
खेडय वि [स्फेटक] नाशक।
खेडय न [खेटक] छोटा-गाँव।
खेडावग वि [खेलक] तमासगिर।
खेडिअ पुं [स्फेटिक] नश्वर। अनादरवाला।
खेडु अक [रम्] क्रीडा करना।
खेडु, खेडुय न [खेल] खेल, तमाशा, मजाक। वहाना।

खेड्डा स्त्री [क्रीडा] खेल, तमाशा ।
खेड्डिया स्त्री [दे] बारी ।
खेत्त पुन [क्षेत्र]आकाश । खेत । जमीन । देश, गाँव, नगर वगैरह स्थान । भार्या । °कप्प पु [°कल्प] देश का रिवाज । क्षेत्र-सम्बन्धी अनुष्ठान । ग्रन्थ-विशेष, जिसमे क्षेत्र-विषयक आचार का प्रतिपादन हो । °पलिओवम न [°पल्योपम] काल की नाप-विशेष । °रिय पुं [°आर्य] आर्य भूमि मे उत्पन्न मनुष्य । देखो खित्त = क्षेत्र ।
खेत्तय पुं [क्षेत्रक] राहु ।
खेम न [क्षेम] कुशल, कल्याण । प्राप्त वस्तु का परिपालन । वि. कुशलता-युक्त, हितकर, उपद्रव-रहित । पुं. पाटलिपुत्र के राजा जितशत्रु का एक अमात्य । °पुरी स्त्री. नगरी-विशेष ।
खेमंकर पु. कुलकर पुरुष-विशेष । ऐरवत । क्षेत्र के चतुर्थ कुलकर-पुरुष । ग्रह-विशेष, ग्रहाधिष्ठायक देव-विशेष । स्वनाम-प्रसिद्ध एक जैन मुनि । वि. कल्याण-कारक ।
खेमंधर पुं [क्षेमन्धर] कुलकर पुरुष-विशेष । ऐरवत क्षेत्र का पाँचवाँ कुलकर पुरुष-विशेष । वि. क्षेम-धारक, उपद्रव-रहित ।
खेमय पुं [क्षेमक] स्वनाम-प्रसिद्ध एक अन्तकृद् जैनमुनि ।
खेमराय पुं [क्षेमराज] राजा कुमारपाल का एक पूर्व-पुरुष ।
खेमलिज्जिया स्त्री [क्षेमलिया] जैनमुनि-गण की एक शाखा ।
खेमा स्त्री [क्षेमा] विदेह वर्ष की एक नगरी । क्षेमपुरी-नामक नगरी-विशेष ।
खेर पुं [दे] एक म्लेच्छ जाति ।
खेरि स्त्री [दे] परिशाटन, नाश । उद्वेग । उत्सुकता ।
खेल अक [खेल्] खेलना, तमाशा करना ।
खेल पुं [दे] जहाज का कर्मचारी-विशेष ।
खेल वि [खेल] खेल करनेवाला, नाटक का पात्र ।
खेल पुं [श्लेष्मन्] कफ ।
खेलण, खेलणय न [खेलन, °क] क्रीडा । खिलौना ।
खेलोसहि स्त्री [श्लेष्मौषधि] लब्धि-विशेष, जिससे श्लेष्म औषधि का काम देने लगे । वि. ऐसी लब्धिवाला ।
खेल्ल देखो खेल = खेल् ।
खेल्ल देखो खेल = श्लेष्मन् ।
खेल्लण देखो खेलण ।
खेल्लावण, खेल्लावणय न [खेलनक] क्रीड़ा कराना । न. खिलौना । °धाई स्त्री [°धात्री] खेल करानेवाली दाई ।
खेल्लिअ न [दे] हसित ।
खेल्लुड देखो खल्लूड ।
खेव पु [क्षेप] फेंकना । स्थापना । संख्या-विशेष ।
खेव पु [क्षेप] देरी ।
खेव पु [खेद] खेद, क्लेश ।
खेवण न [क्षेपण] प्रेरण ।
खेवय वि [क्षेपक] फेंकनेवाला ।
खेह पुन [दे] रज ।
खोअ पुं [क्षोद] इक्षु । इक्षुवर द्वीप । इक्षुरस समुद्र ।
खोइय वि [दे] विच्छेदित ।
खोउदय पुं [क्षोदोदक] समुद्र-विशेष ।
खोओद देखो खोदोद ।
खोंटग, खोटय पुं [दे] खूँटी, खूंटा ।
खोक्ख अक [खोख्] बन्दर की आवाज करना ।
खोक्खा, खोखा स्त्री [खोखा] वानर की आवाज ।
खोखुब्भ अक [क्षोक्षुभ्य्] अत्यन्त भयभीत होना ।

खोज्ज पुन [दे] मार्ग-चिह्न ।
खोट्ट सक [दे] खटखटाना । ठकठकाना । ठोकना ।
खोट्टिय [दे] बनावटी लकड़ी ।
खोट्टी स्त्री [दे] चाकरानी ।
खोड पुं [स्फोट] फोडा ।
खोड पुं [दे] सीमा-निर्धारक काष्ठ, खूंटा । वि. धार्मिक, धर्मिष्ठ । लगडा । सियार । जगह । प्रस्फोटन, प्रमार्जन । न राजकुल मे देने योग्य सुवर्ण वगैरह द्रव्य ।
खोडपज्जालि पुं [दे] स्थूल काष्ठ की अग्नि ।
खोडय पुं [क्ष्वोटक] नख से चर्म का निष्पीड़न ।
खोडय पुं [स्फोटक] फुसी ।
खोडिय पुं [खोटिक] गिरनार पर्वत का क्षेत्रपाल देवता ।
खोडी स्त्री [दे] वडा काष्ठ । काष्ठ की एक प्रकार की पेटी । नकली लकड़ी ।
खोणि स्त्री [क्षोणि] पृथिवी । °वई पुं [°पति] राजा ।
खोणिद पुं [क्षोणीन्द्र] भूमिपति ।
खोणी देखो खोणि ।
खोद पुं [क्षोद] चूर्णन, विदारण । इक्षु-रस । °रस पु. समुद्र-विशेष । °वर पु. द्वीप-विशेष ।
खोद पु [क्षोद] चूर्ण, बुकनी ।
खोदोअ, खोदोद पु [क्षोदोद] समुद्र-विशेष । जिसका पानी इक्षु-रस के तुल्य मधुर है । मधुर पानीवाली वापी । न. इक्षु-रस के समान मीठा जल ।
खोद् न [क्षौद्र] शहद ।
खोभ सक [क्षोभय्] विचलित करना । धैर्य से च्युत करना । आश्चर्य उपजाना । रंज पैदा करना ।
खोभ पुं [क्षोभ] सम्भ्रम । इस नाम का एक रावण का सुभट ।
खोभण न [क्षोभण] क्षोभ उपजाना ।
खोम, खोमग न [क्षौम] कपास का बना हुआ वस्त्र । सन का बना हुआ वस्त्र । रेशमी वस्त्र । वि. अतसी-सम्बन्धी, सन-सम्बन्धी । °पसिण न [°प्रश्न] विद्या-विशेष, जिससे वस्त्र मे देवता का आह्वान किया जाता है ।
खोमिय न [क्षौमिक] कपास का वस्त्र । सन का वस्त्र । रेशम-सम्बन्धी, सन-सम्बन्धी ।
खोय देखो खोद ।
खोर, खोरय न [दे] कटोरा ।
खोल पु [दे] छोटा गधा । वस्त्र का एक देश । मद्य का निचला कीट-कर्दम ।
खोल पुं [दे] गुप्तचर ।
खोल्ल न [दे] कोटर ।
खोसलय वि [दे] दन्तुल ।
खोसिय वि [दे] जीर्ण-प्राय किया हुआ ।
खोह देखो खोभ = क्षोभय् ।

ग

ग पु[ग]व्यञ्जन-वर्ण-विशेष, इसका स्थान कण्ठ है।
°ग वि [°ग] जानेवाला । प्राप्त होनेवाला ।
गअवंत वि [गतवत्] गया हुआ ।
गइ स्त्री [गति] ज्ञान । भेद । चलन, देशान्तर-प्राप्ति, जन्मान्तर-प्राप्ति । देव, मनुष्य, तिर्यञ्च, नरक और मुक्त जीव की अवस्था, देवादि-योनि । °तस पुं [°त्रस] अग्नि और वायु के जीव । °नाम न [°नामन्] देवादि-गति का कारणभूत कर्म । °प्पवाय पुं [°प्रपात] गति की नियतता । ग्रन्थाग-

°प्पह पुं [°पथ] चौराहा। °प्पुड वि [°पुट] चार पुटवाला, चौसर, चौपड़। °प्फाल वि [°फाल] देखो °प्पुड। °व्वाहु वि [°बाहु] चार हाथवाला। पुं. चतुर्भुज, श्रीकृष्ण। °व्भुअ [°भुज] देखो °वाहु। °भंग पुंन. चार प्रकार, चार विभाग। °भंगी स्त्री [°भङ्गी] चार प्रकार, चार विभाग। °भाइया स्त्री [°भागिका] चौसठ पल का एक नाप। °मट्टिया स्त्री [°मृत्तिका] कपड़े के साथ कूटी हुई मिट्टी। °मंडलग न [°मण्डलक] लग्न-मण्डप। °मासिअ देखो चाउम्मासिअ। °मुह, °म्मुह पुं [°मुख] ब्रह्मा, विधाता। वि. चार मुंहवाला, चार द्वारवाला। °वग्ग पुंन [°वर्ग] चार वस्तुओं का समुदाय। °वण्ण स्त्रीन [°पञ्चाशत्] चौवन। °वार वि [°द्वार] चार दरवाजेवाला (गृह)। °विह वि [°विध] चार प्रकार का। °वीस स्त्रीन [°विंशति] चौवीस। °वीसइ (अप)। स्त्री [°विंशति] चौवीस। °वीसइम वि [°विंशतितम] चौवीसवाँ। न. ग्यारह दिनो का लगातार उपवास। °व्वग्ग देखो °वग्ग। °व्वार पुंन [°वार] चार दफा। °व्विह देखो °विह। °व्वीस देखो °वीस। °व्वीसइम देखो °वीसइम। °सट्ठि स्त्री [°षष्टि] चौसठ। °सट्ठिम वि [°षष्टितम] चौसठवाँ। °स्सट्ठि देखो °सट्ठि। °स्साल न [°शाल] चार शालाओं से युक्त घर। °हट्ट पुंन [°हट्ट] बाजार। °हत्तर वि [°सप्तत] चौहत्तरवाँ। °हत्तरि स्त्री [°सप्तति] चौहत्तर। °हा अ [°धा] चार प्रकार से। देखो चो°।

चउक्क न [चतुष्क] चौकडी, चार वस्तुओ का समूह।

चउक्क [दे. चतुष्क] चौक, चौराहा। आँगन।

चउक्कर पुं [दे] कार्त्तिकेय।

चउक्कर वि [चतुष्कर] चतुर्भुज।

चउक्किआ स्त्री [दे. चतुष्किका] आँगन, छोटा चौक।

चउज्झाइया स्त्री [दे] नाप-विशेष।

चउड पुं [चोड] देश-विशेष।

चउद देखो चउ-दस।

चउद्दह वि [चतुर्दश] चौदहवाँ।

चउपंचम वि [चतुष्पञ्च] चार या पाँच।

चउपाडिवय न [चतुष्प्रतिपत्] चार पटवा या परिवा तिथियाँ।

चउप्पाय पुं [चतुष्पाद] एक दिन का उपवास।

चउप्फल वि [चतुष्फल] चौगुना।

चउवोल स्त्रीन [चौवोल] छन्द-विशेष।

चउम्मुह पुं [चतुर्मुख] दो दिन का उपवास।

चउर वि [चतुर] निपुण, होशियार।

चउरंग वि [चतुरङ्ग] चार अंगवाला, चार विभागवाला (सैन्य वगैरह)। न. चार अंग, चार प्रकार।

चउरंगय न [चतुरङ्गक] एक तरह का जुआ।

चउरंगि वि [चतुरङ्गिन्] चार विभागवाला (सैन्य वगैरह)। स्त्री. °णी।

चउरंत वि [चतुरन्त] चार सीमाओंवाला। पुं. संसार। स्त्री. °ता [°ता] पृथिवी।

चउरंत न [चतुरन्त] पहिया।

चउरंस वि [चतुरस्र] चतुष्कोण, चार कोणवाला।

चउरंसा स्त्री [चतुरंसा] छन्द-विशेष।

चउरचिध पुं [दे] सातवाहन, राजा शालिवाहन।

चउरय पुं [दे] चबूतरा, गाँव का सभा-स्थान।

चउरस्स देखो चउरंस।

चउराणण वि [चतुरानन] चार मुंहवाला। पुं. ब्रह्मा, विधाता।

चउरासी / चउरासीइ } स्त्री [चतुरशीति] संख्या-विशेष, चौरासी की संख्या।

चउरासीइम वि[चतुरशीतितम] चौरासीवाँ।
चउरासीय स्त्रीन [चतुरशीति] चौरासी।
चउरिंदिय वि [चतुरिन्द्रिय] त्वक्, जिह्वा, नाक और चक्षु इन चार इन्द्रियवाला।
चउरिमा स्त्री [चतुरिमन्] चतुराई, निपुणता।
चउरिया } स्त्री [दे] लग्न-मण्डप।
चउरी }
चउरुत्तरसय वि [चतुरुत्तरशततम] एक सौ चारवाँ।
चउवीस वि [चतुर्विंश] चौवीसवाँ।
चउवीसिगा स्त्री [चतुर्विंशिका] समय-मान-विशेष, चौवीस तीर्थङ्कर जितने समय मे होते है उतना काल—एक उत्सर्पिणी या एक अवसर्पिणी-काल।
चउवेद } वि [चतुर्वेद] चारो वेदो का
चउवेय } ज्ञाता, चौवे।
चउव्वेद }
चउसट्ठिआ स्त्री [चतुःषष्टिका] रसवाली चीज तौलने का एक नाप, चार पल का एक माप।
चउसर वि [दे] चौसर, चार सरा (लड़ी) वाला (हार आदि)।
चउहत्थ पु [चतुर्हस्त] श्रीकृष्ण।
चउहार पु [चतुराहार] चार प्रकार का आहार, अशन, पान, खादिम और स्वादिम।
चओर पुन [दे] पात्र-विशेष।
चओर } पुंस्त्री. [चकोर] पक्षि-विशेष।
चओरग }
चओवचइय वि [चयोपचयिक] वृद्धि-हानि-वाला।
चंकम } अक [चङ्क्रम्] बार-बार चलना।
चंकम्म } इधर-उधर घूमना। बहुत भटकना। टेढा चलना। चलना-फिरना।
चंकार पु [चकार] च वर्ण, 'च' अक्षर।
चंग वि [दे. चङ्ग] सुन्दर।
चंग क्रिवि [दे] अच्छा, ठीक।
चंगदेव पुं [चङ्गदेव] हेमाचार्य का गृहस्थावस्था का नाम।
चंगवेर पुन [दे] काठ का तख्ता। पुं. काठ का बना हुआ छोटा पात्र-विशेष।
चंगिम पुंस्त्री [दे. चङ्गिमन्]सौन्दर्य, श्रेष्ठता।
चंगेरी स्त्री [दे] टोकरी, चंगेली, डलिया, कठारी, तृण आदि का बना पात्र-विशेष।
चंच देखो चंछ।
चंच पुं [चञ्च] पङ्कप्रभा नरक-पृथिवी का एक नरकावास। न. देवविमान-विशेष।
चंचपुड पुंन [दे] आघात, अभिघात।
चंचप्पर न [दे] अमत्य।
चंचरीअ पु [चञ्चरीक] भ्रमर।
चंचल वि [चञ्चल] चपल, चञ्चल। पुं. रावण के एक सुभट का नाम।
चंचला स्त्री [चञ्चला] चञ्चल स्त्री। छन्द-विशेष।
चंचा स्त्री [चञ्चा] नरवट की चटाई। चमरेन्द्र की राजधानी, स्वर्ग-नगरी-विशेष। घास का पुतला।
चंचाल (अप) देखो चंचल।
चंचु स्त्री [चञ्चु] चोच, पक्षी का ठोर।
चंचुच्चिय न [दे. चञ्चुरित, चञ्चूच्चित] कुटिल गमन, टेढी चाल।
चंचुमालइय वि [दे] रोमाञ्चित।
चंचुय पु [चञ्चुक] अनार्य देश-विशेष। उस देश का निवासी मनुष्य।
चंचुर वि [चञ्चुर] चपल, चञ्चल।
चंछ सक [तक्ष्] छिलना।
चंड सक [पिप्] पीसना।
चंड देखो चंद।
चंड वि [चण्ड] प्रबल, उग्र, प्रखर, तीव्र। भयानक। अति क्रोधी, क्रोध-स्वभावी। तेजस्वी। पुं. राक्षस वंश के एक राजा का नाम। क्रोध। °किरण पु सूर्य। °कोसिय

पुं [°कौशिक] एक सर्प, जिसने भगवान् महावीर को सताया था। °दीव पुं [°द्वीप] द्वीप-विशेष। °पज्जोअ पु [°प्रद्योत] उज्जयिनी के एक प्राचीन राजा का नाम। °भाणु पुं [°भानु] सूरज। °रुद्द पुं [°रुद्र] प्रकृति-क्रोधी एक जैन आचार्य। °वडिंसय पुं [°वतंसक] नृप-विशेष। °वाल पुं [°पाल] नृप-विशेष। °सेण पुं [°सेन] एक राजा का नाम। °लिय न [°लीक] क्रोध-वश कहा हुआ झूठ।

चंडंसु पु [चण्डांशु] सूर्य।

चंडण देखो चंदण।

चंडमा पु [चन्द्रमस्] चाँद।

चंडा स्त्री. चमरादि इन्द्रों की मध्यम परिषद्। भगवान् वासुपूज्य की शासनदेवी।

चंडातक न [चण्डातक] चोली, लहँगा।

चंडार पुंन [दे] भण्डार।

चडाल पु [चण्डाल] वर्णसङ्कर जाति-विशेष। डोम।

चंडालिय वि [चाण्डालिक] चाण्डाल-सम्बन्धी, चण्डाल जाति मे उत्पन्न।

चंडाली स्त्री [चण्डाली] चण्डाल-जातीय स्त्री। विद्या-विशेष।

चडिअ वि [दे] कृत, छिन्न, काटा हुआ।

चडिक्क पुंन [दे. चाण्डिक्य] रोष, क्रोध, रौद्रता।

चंडिज्ज पु [दे] कोप, गुस्सा। वि. पिशुन, खल, दुर्जन।

चंडिम पुंस्त्री [चण्डिमन्] चण्डता, प्रचण्डता।

चडिया स्त्री [चण्डिका] देखा चंडी।

चंडिल वि [दे] पीन, पुष्ट।

चंडिल पुं [चण्डिल] हजाम।

चंडी स्त्री [चण्डी] क्रोध-युक्त स्त्री, कर्कशा और उग्र स्त्री। पार्वती। वनस्पति-विशेष। °देवग वि [°देवक] चण्डी का भक्त।

चंद पुं [चन्द्र] चन्द्रमा। नृप-विशेष। दाशरथी राम। राम के एक सुभट का नाम। रावण का एक सुभट। राशि-विशेष। आह्लादक वस्तु। कपूर। स्वर्ण। पानी। एक जैन आचार्य। द्वीप-विशेष। राधावेध की पुतली का वार्या नयन, आँख का गोला। न. देव-विमान-विशेष। रुचक पर्वत का एक शिखर। °अंत देखो °कंत। °उत्त देखो °गुत्त। °कंत पुं [°कान्त] मणि-विशेष। न. देव-विमान विशेष। वि. चन्द्र की तरह आह्लादक। °कंता स्त्री [°कान्ता] नगरी-विशेष। एक कुलकर-पुरुष की पत्नी। °कूड न [°कूट] देवविमान-विशेष। रुचक पर्वत का एक शिखर। °गुत्त पुं [°गुप्त] मौर्यवंश का एक स्वनाम-विख्यात राजा। °चार पुं. चन्द्र की गति। °चूड, °चूल पुं [°चूड] विद्याधर वश का एक स्वनाम-प्रसिद्ध राजा। °च्छाय पु. अङ्ग देश का एक राजा, जिसने भगवान् मल्लिनाथ के साथ दीक्षा ली थी। °जसा स्त्री [°यशस्] एक कुलकर पुरुष की पत्नी। °ज्झय न [°ध्वज] देवविमान-विशेष। °णक्खा स्त्री [°नखा] रावण की बहिन का नाम। °णह पुं [°नख] रावण का एक सुभट। °णही देखो °णक्खा। °णागरी स्त्री [°नागरी] जैन मुनि-गण की एक शाखा। °दरिसणिया स्त्री [°दर्शनिका] उत्सव-विशेष, बच्चे के पहली वार के चन्द्र-दर्शन के उपलक्ष्य मे किया जाता उत्सव। °दिण न [°दिन] प्रतिपदादि तिथि। °दीव पु [°द्वीप] द्वीप-विशेष। °द्ध न [°र्ध] आधा चन्द्र, अष्टमी तिथि का चन्द्र। °पडिमा स्त्री [°प्रतिमा] तप-विशेष। °पन्नत्ति स्त्री [°प्रज्ञप्ति] एक जैन उपाङ्ग ग्रन्थ। °पव्वय पुं [°पर्वत] वक्षस्कार पर्वत-विशेष। °पुर न. वैताढ्य पर्वत पर स्थित एक विद्याधर-नगर। °पुरी स्त्री. नगरी-विशेष, भगवान् चन्द्रप्रभ की जन्मभूमि। °प्पभ वि [°प्रभ]

चन्द्र के तुल्य कान्तिवाला। पुं. आठवें जिन-देव का नाम। चन्द्रकान्त मणि। एक जैन मुनि। न देवविमान-विशेष। चन्द्र का सिहासन। °प्पभा स्त्री[°प्रभा]चन्द्र की एक अग्र-महिषी। मदिरा-विशेष। इस नाम की एक राज-कन्या। इस नाम की एक शिविका जिसमे बैठकर भगवान् शीतलनाथ और महा-वीर स्वामी दीक्षा के लिए बाहर निकले थे। °प्पह देखो °प्पभ। °भागा स्त्री. एकनदी। °मंडल पुन [°मण्डल] चन्द्र का मण्डल, चन्द्र का विमान। चन्द्र का बिम्ब। °मग्ग पुं [°मार्ग] चन्द का मण्डल-गति से परि-भ्रमण। चन्द्र का मण्डल। °मणि पुं. मणि-विशेष। °माला स्त्री. चन्द्राकार हार, चन्द्र-हार। छन्द-विशेष। °मालिया स्त्री[°मालिका] वही पूर्वोक्त अर्थ। °मुही स्त्री [°मुखी] चन्द्र के समान आह्लादक मुखवाली स्त्री। सीता-पुत्र कुश की पत्नी। °रह पु [°रथ] विद्या-धर वंश का एक राजा। °रिसि पु [°ऋषि] एक जैन ग्रन्थकार मुनि। °लेस न [°लेश्य] देवविमान-विशेष। °लेहा स्त्री [°लेखा] चन्द्रकला। एक राज-पत्नी। °वडिसग न [°वतंसक] चन्द्र के विमान का नाम। देखो चंडवडिसग। °वण्ण न [°वर्ण] एक देवविमान। °वयण वि [°वदन] चन्द्र के तुल्य आह्लादजनक मुँहवाला। पुं. राक्षस-वश का एक राजा। °विकंप पुन [°विकम्प] चन्द्र का विकम्प-क्षेत्र। °विमाण न [°विमान] चन्द्र का विमान। °विलासि वि [°विलासिन्] चन्द्र के तुल्य मनोहर। °वेग पुं. एक विद्याधर-नरेश। °संवच्छर पु [°सवत्सर] चान्द्र मासो से निष्पन्न सवत्सर। °साला स्त्री [°शाला] अटारी। °सालिया स्त्री [°शालिका] अट्टालिका। °सिग न [°शृङ्ग] देव-विमान-विशेष। °सिट्ठ न [°शिष्ट] एक देवविमान। °सिरी स्त्री [°श्री] द्वितीय कुलकर पुरुष की माँ का नाम। °सिहर पुं [°शिखर] विद्याधर वंश का एक राजा। °सूरदंसावणिया, °सूरपा-सणिया स्त्री [°सूरदर्शनिका] बालक का जन्म होने पर तीसरे दिन उसको कराया जाता चन्द्र और सूर्य का दर्शन और उसके उपलक्ष्य मे किया जाता उत्सव। °सूरि पु. स्वनामविख्यात एक जैन आचार्य। °सेण पु [°सेन] भगवान् आदिनाथ का एक पुत्र। एक विद्याधर राज-कुमार। °सेहर पु [°शेखर] भूप-विशेष। महादेव। °हास पु. खड्ग-विशेष।

चंद पुं [चन्द्र] जिसमे अधिक मास न हो वह वर्ष। °उडु पु [ऋतु] कुछ अधिक उनसठ दिनों की एक ऋतु। °परिवेस पु [°परिवेष] चन्द्र-परिधि। °प्पहा स्त्री [°प्रभा] देखो चंदप्पभा। °वदी स्त्री [°वती] एक नगरी।

चंद वि[चान्द्र] चन्द्र-सम्बन्धी। °कुल न. जैन मुनियो का एक कुल।

चंदअ देखो चंद = चन्द्र।

चंदइल्ल पु [दे] मोर।

चंदंक पुं [चन्द्राङ्क] विद्याधर वंश का एक स्वनाम-प्रसिद्ध राजा।

चंदग [चन्द्रक] देखो चंद। °विज्झ, °वेज्झ न [°वेध्य] राधावेध।

चंदट्ठिआ स्त्री [दे] भुज, शिखर, कन्धा। गुच्छा।

चंदण पु [चन्दन] एक देवविमान। रत्न की एक जाति। पु. द्वीन्द्रिय जीव-विशेष, अक्ष का जीव।

चंदण पुन [चन्दन] चन्दन का पेड। न. चन्दन की लकडी। घिसा हुआ चन्दन। छन्द-विशेष। रुचक पर्वत का एक शिखर। °कलस पुं [°कलश] चन्दन-चर्चित कुम्भ, माङ्गलिक घट। °घड पुं [°घट] मंगल-

कारक घडा। °वाला स्त्री. एक माध्वी स्त्री, भगवान् महावीर की प्रथम शिष्या। °वइ पुं. [°पति] स्वनाम-ख्यात एक राजा।

चंदणग पुन [चन्दनक] ऊपर देखो। पुं. द्वीन्द्रिय जन्तु-विशेष, जिसके कलेवर को जैन साधु लोग स्थापनाचार्य में रखते हैं।

चंदणा स्त्री [चन्दना] भगवान् महावीर की प्रथम शिष्या, चन्दनबाला।

चंदणि स्त्री [दे] आचमन, कुल्ला। °उयय न [°उदक] कुल्ला फेंकने की जगह।

चंदणी स्त्री [दे] चन्द्र की पत्नी, रोहिणी।

चंदम पुं [चन्द्रमस्] चाँद।

चंदरुद्द देखो चंड-रुद्द।

चदवडाया स्त्री [दे] जिसका आधा शरीर ढका और आधा नगा हो ऐसी स्त्री।

चदा स्त्री [चन्द्रा] चन्द्र द्वीप की राजधानी।

चंदाअव पु [चन्द्रातप] चाँदनी। देखो चंदायय।

चंदाणण पु [चन्द्रानन] ऐरवत क्षेत्र के प्रथम जिनदेव।

चंदाणणा स्त्री [चन्द्रानना] चन्द्र के तुल्य आह्लाद उत्पन्न करनेवाली, चन्द्रमुखी। शाश्वती जिन-प्रतिमा-विशेष।

चंदाभ वि [चन्द्राभ] चन्द्र के तुल्य आह्लाद-जनक। पुं. आठवाँ जिनदेव, चन्द्रप्रभ स्वामी। इस नाम का एक राज-कुमार। न. एक देव-विमान।

चंदायण न [चान्द्रायण] तप-विशेष, जिसमे चन्द्रमा के घटने-बढने के अनुसार भोजन के कौर घटाने-बढाने पड़ते है।

चंदायण न [चन्द्रायण] चन्द्र का छः-छः मास पर दक्षिण और उत्तर दिशा में गमन।

चंदायय देखो चंदाअव। आच्छादन-विशेष, वितान, चँदवा।

चंदालग न [दे] ताम्र का भाजन-विशेष।

चंदावत्त न [चन्द्रावर्त्त] एक देवविमान।

चंदाविज्झय देखो चंदग-विज्झ।

चदिआ स्त्री [चन्द्रिका] चन्द्र की प्रभा।

चंदिकोज्जलीय वि [दे. चन्द्रिकोज्ज्वलित] चन्द्रकान्ति से उज्ज्वल बना हुआ।

चंदिण न [दे] चन्द्रप्रभा।

चदिम देखो चंदम एक जैन मुनि।

चदिमा स्त्री [चन्द्रिका] ज्योत्स्ना।

चदिमाइय न [चान्द्रिक] 'ज्ञाताधर्मकथा' सूत्र का एक अध्ययन।

चंदिल पुं [चन्दिल] नापित।

चंदुत्तरवडिसग न [चन्द्रोत्तरावतंसक] एक देवविमान।

चंदेरी स्त्री [दे] नगरी-विशेष।

चंदोज्ज } न [दे] कुमुद, चन्द्र-विकासी
चंदोज्जय } कमल।

चंदोत्तरण न [चन्द्रोत्तरण] कौशाम्बी नगरी का एक उद्यान।

चंदोयर पुं [चन्द्रोदर] एक राज-कुमार।

चंदोवग न [चन्द्रोपक] संन्यासी का एक उपकरण।

चंदोवराग पुं [चन्द्रोपराग] चन्द्र-ग्रहण।

चंद्र देखो चंद।

चंप सक [दे] चाँपना, दबाना।

चंप सक [चर्च्] चर्चा करना।

चंप सक [आ + रुह्] चढना।

चंप देखो चंपय।

चंपग पुंन [चम्पक] एक देवविमान।

चंपग देखो चंपय।

चंपडण न [दे] प्रहार, आघात।

चंपय पुं [चपक] चम्पा का पेड़। देव-विशेष। न. चम्पा का फूल। °माला स्त्री. छन्द-विशेष। चम्पा के फूलो का हार। °लया स्त्री [°लता] लताकार चम्पक वृक्ष। चम्पक वृक्ष की शाखा। °वण न [°वन] चम्पक वृक्षो की प्रधानतावाला वन।

चंपयवडिसय पु [चम्पकावतंसक] सौधर्म

देवलोक में स्थित एक विमान।

चंपा स्त्री [चम्पा] अंग देश की राजधानी, नगरी-विशेष। °पुरी स्त्री. वही अर्थ।

चंपा स्त्री. देखो चंपय। °कुसुम न. चम्पा का फूल। °वण्ण वि [°वर्ण] चम्पा के फूल के तुल्य रंगवाला, सुवर्ण-वर्ण।

चंपारण (अप) पुं [चम्पारण्य] देश-विशेष, चपारन, तिरहुत कमिश्नरी (विहार) का एक जिला। चंपारन का निवासी।

चंपिअ न [दे] आक्रमण, दबाव।

चंपिज्जिया स्त्री [चम्पीया] जैन मुनिगण की एक शाखा।

चंभ पुं [दे] हल से विदारित भूमि-रेखा।

चकप्पा स्त्री [दे] त्वचा।

चकिद देखो चइद।

चकोर पुस्त्री चकोर पक्षी।

चक्क पु [चक्र] चक्रवाक पक्षी, न. गाड़ी का पहिया। समूह। अस्त्र-विशेष। चक्राकार आभूषण, मस्तक का आभरण-विशेष। व्यूह-विशेष, सैन्य की चक्राकार रचना-विशेष। न. एक देवविमान। °कंत पुं [°कान्त] स्वयं-भूरमण समुद्र का अधिष्ठाता देव। °जोहि पुं [°योधिन्] चक्र से लड़नेवाला योद्धा। वासुदेव, तीन खण्ड पृथिवी का राजा। °ज्झय पुं [°ध्वज] चक्र के निशानवाली ध्वजा। °पहु पुं [°प्रभु] चक्रवर्ती राजा। °पाणि पुं. चक्रवर्ती राजा, सम्राट्। वासुदेव, अर्ध-चक्रवर्ती राजा। °पुरा, °पुरी स्त्री [°पुरी] विदेह वर्ष की एक नगरी। °प्पहु देखो °पहु। °यर पुं [°चर] भिक्षुक। °रयण न [°रत्न] चक्रवर्ती राजा का मुख्य आयुध। °वइ पुं [°पति] सम्राट्। °वइ, °वट्टि पुं [°वर्तिन्] छः खण्ड भूमि का अधिपति राजा, सम्राट्। °वट्टित्त न [°वर्तित्व] सम्राट्पन, साम्राज्य। °वत्ति देखो °वट्टि। °विजय पुं. चक्रवर्ती राजा से जीतने-योग्य क्षेत्र-विशेष। °साला स्त्री [°शाला] तैलिक गृह। °सुह पुं [°शुभ, °सुख] मानुषोत्तर पर्वत का अधिपति देव। °सेण पु [°सेन] स्वनाम-ख्यात एक राजा। °हर पुं [°धर] चक्रवर्ती राजा, सम्राट्। वासुदेव, अर्ध-चक्री राजा।

चक्कआअ देखो चक्कवाय।

चक्कंग पु [चक्राङ्ग] पक्षि-विशेष।

चक्कणभय न [दे] नारंगी का फल।

चक्कणाहय न [दे] तरङ्ग, कल्लोल।

चक्कम, चक्कम्म अक [भ्रम्] घूमना, भटकना।

चक्कम्मविअ वि [भ्रमित] घुमाया हुआ, फिराया हुआ।

चक्कय देखो चक्क।

चक्कल न [दे] कुण्डल। हिंडोला का पटिया। वि. वर्तुल, गोलाकार पदार्थ। विशाल, विस्तीर्ण।

चक्कलिअ वि [दे] चक्राकार किया हुआ। °भिण्ण वि [°भिन्न] गोलाकार खण्ड, गोल टुकडा।

चक्कवाई स्त्री [चक्रवाकी] चकवी।

चक्कवाग, चक्कवाय पुं [चक्रवाक] चकवा।

चक्कवाल न [चक्रवाल] चक्राकार भ्रमण। मण्डल, चक्राकार पदार्थ, गोल वस्तु। गोल जलाशय। गोल जल-समूह, जल-राशि। आवश्यक कार्य, नित्य-कर्म। समूह, राशि, ढेर। पु पर्वत-विशेष। °विक्खंभ पुं [°विष्कम्भ] चक्राकार घेरा, गोल परिधि। °सामायारी स्त्री [°सामाचारी] नित्य-कर्म-विशेष।

चक्कवाला स्त्री [चक्रवाला] गोल पंक्ति, चक्राकार श्रेणी।

चक्काअ देखो चक्कवाय।

चक्काग न [चक्रक] चक्राकार वस्तु।

चक्कार पुं [चक्रार] राक्षस वंश का एक

राजा, एक लंकापति । °वट्ट न. शकट ।

चक्कावाय पुंन. देखो चक्कवाय ।

चक्काह पुं [चक्राभ] सोलहवें जिन-देव का प्रथम शिष्य ।

चक्काहिव पुं [चक्राधिप] चक्रवर्त्ती राजा, सम्राट् ।

चक्काहिवइ पुं [चक्राधिपति] ऊपर देखो ।

चक्कि } वि [चक्रिन्, चक्रिक] चक्रवाला,
चक्किय } चक्र-विशिष्ट । पुं. चक्रवर्त्ती राजा, सम्राट् । तेली । कुम्भार । °साला स्त्री [°शाली] तेल बेचने की दूकान ।

चक्किय वि [चकित] भयभीत ।

चक्किय पुं [चाक्रिक] चक्र से लड़नेवाला योद्धा । भिक्षुक की एक जाति ।

चक्किया क्रि [शक्नुयात्] कर सके, समर्थ हो सके ।

चक्की स्त्री [चक्रा] छन्द-विशेष ।

चक्कुलंडा स्त्री [दे] सर्प की एक जाति ।

चक्केसर पुं [चक्रेश्वर] चक्रवर्त्ती राजा । विक्रम की तेरहवीं शताब्दी का एक जैन ग्रन्थकार मुनि ।

चक्केसरी स्त्री [चक्रेश्वरी] भगवान् आदिनाथ की शासनदेवी । एक विद्या-देवी ।

चक्कोडा स्त्री [दे] अग्नि-भेद, अग्नि-विशेष ।

चक्ख (अप) सक [आ + चक्ष्] कहना ।

चक्ख सक [आ + स्वादय्] चखना ।

चक्खडिअ न [दे] जीवितव्य, जीवन ।

चक्खिंदिय न [चक्षुरिन्द्रिय] आँख ।

चक्खु पुंन [चक्षुष्] नेत्र । पुं. इस नाम का एक कुलकर पुरुष । न. देखो नीचे °दंसण ज्ञान, बोध । दर्शन, अवलोकन । °कंत पुं [°कान्त] कुण्डलोद समुद्र का अधिष्ठाता देव । °कंता स्त्री [°कान्ता] एक कुलकर पुरुष की पत्नी । °दंसण न [°दर्शन] चक्षु से वस्तु का सामान्य ज्ञान । °दंसणवडिया स्त्री [°दर्शनप्रतिज्ञा] आँख से देखने का नियम, नयनेन्द्रिय का संयम । °दय वि. ज्ञानदाता । °पडिलेहा स्त्री [°प्रतिलेखा] आँख से देखना । °परिन्नाण न [°परिज्ञान] रूप-विषयक ज्ञान । °पह पुं [°पथ] नेत्र-मार्ग, नयनगोचर । °फास पुं [°स्पर्श] दर्शन, अवलोकन । °भीय वि [°भीत] अवलोकन मात्र से ही डरा हुआ । °म, °मंत वि [°मत्] लोचन-युक्त, आँखवाला । पुं एक कुलकर पुरुष का नाम । °लोल वि. देखने का शौकीन, जिसकी नयनेन्द्रिय संयत न हो वह । °लोलुय वि [°लोलुप] वही पूर्वोक्त अर्थ । °ल्लोयणलेस्स वि [°लोकनलेश्य] सुरूप । °वित्तिहय वि [°वृत्तिहत] दृष्टि से अपरिचित । °स्सव पुं [°श्रवस्] साँप ।

चक्खुड्डुण न [दे] तमाशा ।

चक्खुय देखो चक्खुस ।

चक्खुरक्खणी स्त्री [दे] लज्जा ।

चक्खुस वि [चाक्षुष] आँख से देखने-योग्य वस्तु, नयन-ग्राह्य ।

चक्खुहर वि [चक्षुर्हर] दर्शनीय ।

चगोर देखो चउर ।

चच्च सक [चर्च्] चन्दन आदि का विलेपन करना ।

चच्च पुं [चर्च] हेमाचार्य के पिता का नाम । समालम्भन, चन्दन वगैरह का शरीर में उपलेप ।

चच्चर न [चत्वर] चौरास्ता, चौराहा, चौक ।

चच्चरिअ पुं [दे. चच्चरीक] भौंरा ।

चच्चरिया स्त्री [चर्चरिका] नृत्य-विशेष । देखो चच्चरी ।

चच्चरी स्त्री [चर्चरी] गीत-विशेष, एक प्रकार का गान । गानेवाली टोली । छन्द-विशेष । हाथ की ताली की आवाज ।

चच्चसा स्त्री [दे] वाद्य-विशेष ।

चच्चा स्त्री [दे] शरीर पर सुगन्धि पदार्थ का लगाना, विलेपन । तल-प्रहार, हाथ की

ताली ।

चच्चार सक [उपा + लभ्] उपालम्भ देना, उलाहना देना ।

चच्चिक्क वि [दे] मण्डित, विभूषित । पुं न. विलेपन, चन्दनादि सुगन्धि वस्तु का शरीर पर मसलना ।

चच्चुप्प सक [अर्पय्] अर्पण करना, देना ।

चच्छ सक [तक्ष्] छिलना, काटना ।

चज्ज सक [दृश्] देखना, अवलोकन करना ।

चज्जा स्त्री [चर्या] आचरण, वर्तन । चलन, गमन । परिभाषा, संकेत ।

चटुअ देखो चट्टुअ ।

चट्ट सक [दे] चाटना ।

चट्ट पुंन [दे] भूख । पुं. विद्यार्थी । °साला स्त्री [°शाला] चटशाला, चटसार, छोटे बालकों की पाठशाला ।

चट्टु, चट्टुअ, चट्टुल } पुं [दे] दारु-हस्त, काठ की कलछी, परोसने का पात्र-विशेष ।

चड सक [आ + रुह्] चढना, ऊपर बैठना ।

चड पुं [दे] शिखा ।

चडक्क पुंन [दे] चटका । शस्त्र-विशेष ।

चडक्कारि वि [चटत्कारिन्] 'चटत्' शब्द करनेवाला (पवन आदि) ।

चडग देखो चडय ।

चडगर पुं [दे] समूह, जत्था । आडम्बर ।

चडचड पुं. 'चड-चड' आवाज ।

चडचडचड अक [चडचडाय्] 'चड-चड' आवाज करना ।

चडड पुं [चटट] बिजली के गिरने की आवाज ।

चडपड अक [दे] चटपटाना, छटपटाना, क्लेश पाना ।

चडय पुंस्त्री [चटक] गौरैया पक्षी ।

चडवेला स्त्री. देखो चवेडा ।

चडावण न [आरोहण] चढ़ना ।

चडाविय वि [आरोहित] चढाया हुआ, ऊपर स्थापित ।

चडाविय वि [दे] प्रेषित ।

चडिआर पुं. [दे] आडम्बर ।

चडु पुं [चटु] प्रिय वचन । व्रती का एक आसन । उदर । पुंन. खुशामद । °आर वि [°कार] खुशामद करनेवाला, खुशामदी । °आरअ वि [°कारक] खुशामदी ।

चडुकारि वि [चटुकारिन्] खुशामदी ।

चडुत्तरिया स्त्री [दे] उतरचढ़ । वाद-विवाद ।

चडुयारि देखो चडुकारि ।

चडुल वि [चटुल] चंचल, चपल । कंपवाला, हिलता हुआ ।

चडुलग वि [दे. चटुलक] खण्ड-खण्ड किया हुआ ।

चडुला स्त्री [दे] रत्न-तिलक, सोने की मेखला मे लटकता हुआ रत्न-निर्मित तिलक ।

चडुलातिलय न [दे] ऊपर देखो ।

चडुलिया स्त्री [दे] अन्त भाग मे जला हुआ घास का पूला, घास की आँटी ।

चडु सक [मृद्] मर्दन करना, मसलना ।

चडु सक [पिष्] पीसना ।

चडु सक [भुज्] भोजन करना ।

चडु न [दे] तैल-पात्र, जिसमे दीपक किया जाता है ।

चडुण न [भोजन] भोजन । खाने की वस्तु ।

चडुावल्ली स्त्री इस नाम की एक नगरी ।

चढ देखो चड = आ + रुह ।

चढ देखो चड ।

चण, चणअ } पु [चणक] चना ।

चणइया स्त्री [चणकिका] मसूर ।

चणग देखो चणअ । °गाम पु [°ग्राम] गौड़ देश का एक ग्राम । °पुर न. नगर-विशेष, राजगृह-नगर का असली नाम ।

चणयग्गाम देखो चणग-गाम ।

चणोट्ठिया स्त्री [दे]गुञ्जा । देखो कोणेट्ठिया ।
चत्त पुंन [दे] तकली ।
चत्त वि [त्यक्त] छोड़ा हुआ । सूत की आँटी ।
चत्तर देखो चच्चर ।
चत्ता देखो चत्तालीसा ।
चत्ता स्त्री [चर्चा] शरीर पर सुगन्धी वस्तु का विलेपन । विचार, चर्चा ।
चत्ताल वि [चत्वारिंश] चालीसवाँ ।
चत्तालीस न [चत्वारिंशत्] चालीस । वि. चालीस वर्ष की उम्रवाली ।
चत्तालीसा स्त्री [चत्वारिंशत्] चालीस ।
चत्थरि पुस्त्री [दे. चस्तरि] हास्य ।
चपेटा स्त्री [दे. चपेटा] तमाचा ।
चप्प सक [आ + क्रम्] आक्रमण करना, दबाना ।
चप्प सक [चर्च्] अध्ययन करना । कहना । भर्त्सना करना । चन्दन आदि से विलेपन करना ।
चप्पडग न [दे] काष्ठ-यन्त्र-विशेष ।
चप्परण न [दे] तिरस्कार, निरास ।
चप्पलअ वि [दे] असत्य । बहुत झूठ बोलने वाला ।
चप्पुडिया, चप्पुडी } स्त्री [चप्पुटिका] चपटी, चुटकी, अगुष्ठके साथ अंगुली की ताली ।
चप्फल न [दे] शेखर-विशेष, एक तरह का शिरोभूषण । वि. असत्य, मिथ्याभाषी ।
चमक्क पु [चमत्कार] विस्मय, आश्चर्य ।
चमक्क, चमक्कर } सक [चमत् + कृ] विस्मित करना, आश्चर्यान्वित करना ।
चमक्कार पु [चमत्कार] आश्चर्य, विस्मय ।
चमड, चमढ } सक [भुज्] भोजन करना, खाना ।
चमढ सक [दे] मर्दन करना, मसलना । प्रहार करना । पीडना । निन्दा करना । आक्रमण करना । उद्विग्न करना ।
चमर पुं. पशु-विशेष, जिसके बालों का चामर या चँवर बनता है । पुं. पाँचवें जिनदेव का प्रथम शिष्य । दक्षिण दिशा के असुरकुमारों का इन्द्र । °चंच पुं [°चञ्च] चमरेन्द्र का आवास-पर्वत । °चंचा स्त्री [°चञ्चा] चमरेन्द्र की राजधानी, स्वर्गपुरी-विशेष । °पुर न. विद्याधरों का नगर-विशेष ।
चमर पुंन [चामर] चँवर, बालव्यजन । °धारी, °हारी स्त्री [°धारिणी] चामर बीजने या डोलानेवाली स्त्री ।
चमरी स्त्री. चमर-पशु की मादा, सुरही गाय ।
चमस पुंन. चमचा, कलछी, दर्वी ।
चमुक्कार पु [चमत्कार] आश्चर्य, विस्मय । बिजली का प्रकाश ।
चमू स्त्री. सैन्य । सेना-विशेष, जिसमें ७२९ हाथी, ७२९ रथ, २१८७ घोडे और ३६४५ पैदल हों ऐसा लश्कर ।
चम्म न [चर्मन्] छाल, त्वक्, चमडा । °किड वि [°किट] चमडे से सीआ हुआ । °कोस, °कोसय पुं [°कोश, °क] चमडे का बना हुआ थैला । एक तरह का चमडे का जूता । °कोसिया स्त्री [°कोशिका] चमडे की बनी हुई थैली । °खडिय वि [°खण्डिक] चमड़े का परिधानवाला । सब उपकरण चमड़े का ही रखनेवाला । °ग वि [°क] चमड़े का बना हुआ चर्ममय । °पक्खि पुं [°पक्षिन्] चमड़े की पाँखवाला पक्षी । °पट्ट पुं. चमड़े का पट्टा, वर्द्ध । °पाय न [°पात्र] चमडे का पात्र । °यर पुं [°कर] मोची । °रयण न [°रत्न] चक्रवर्ती का रत्न-विशेष, जिससे सुबह में बोये हुए शालि वगैरह उसी दिन पक कर खाने-योग्य हो जाते हैं । °रुक्ख पुं [°वृक्ष] वृक्ष-विशेष ।
चम्मट्ठि स्त्री [चर्मयष्टि] चर्मदण्ड, चमडा लगी हुई छडी ।
चम्मट्ठिअ अक [चर्मयष्टीय्] चर्म-यष्टि की

तरह आचरण करना।
चम्मट्ठिल पुं [चर्मास्थिल] पक्षि-विशेष।
चम्मार पु [चर्मकार] चमार।
चम्मिय वि [चर्मित] चर्म मे बँधा हुआ।
चम्मेट्ठ पु [चर्मेष्ट] चमडे से वेष्टित पाषाण-वाला आयुध।
चम्मेट्ठग पुंस्त्री [चर्मेष्टक] शस्त्र-विशेष।
चय सक [त्यज्] त्याग करना।
चय सक [शक्] सकना, समर्थ होना।
चय अक [च्यु] मरना, एक जन्म से दूसरे जन्म मे जाना।
चय पुं [चय] देह। समूह। इकट्ठा होना। वृद्धि। ईंटो की रचना-विशेष।
चय पुं [च्यव] जन्मान्तर-गमन।
चयण न[चयन]इकट्ठाकरना। ग्रहण, उपादान।
चयण न [त्यजन] परित्याग।
चयण न [च्यवन] मरण, जन्मान्तर-गमन। पतन, गिर जाना। °कप्प पुं [°कल्प] चारित्र वगैरह से गिरने का प्रकार। शिथिल साधुओ का विहार।
चयण न [च्यवन] च्युति, भ्रश, क्षय।
चर सक [चर्] चलना, जाना। भक्षण करना। सेवना। जानना।
चर पुं. गमन, गति। वर्तन। जङ्गम प्राणी।
°चर वि चलनेवाला।
चरंती स्त्री. जिस दिशा मे भगवान् जिनदेव वगैरह ज्ञानी पुरुष विचरते हो वह।
चरग पुं [चरक] देखो चर = चर। ग्रथबन्ध घूमने वाले त्रिदण्डियो की एक जाति। दंश-मशकादि जन्तु।
चरचरा स्त्री. 'चर-चर' आवाज।
चरड पुं [चरट] लुटेरे की एक जाति।
चरण पुन. संयम, चारित्र। आचरण। न. व्रत, नियम। चरना, पशुओ का तृणादि-भक्षण। पद्य का चौथा हिस्सा। गमन, विहार। सेवन, आदर। पाद, पाँव। °करण न. सयम का मूल और उत्तर गुण। °करणाणुओग पु [°करणानुयोग] संयम के मूल और उत्तर गुणों की व्याख्या। °कुसील पुं [°कुशील] शिथिलाचारी साधु। °णय [°नय] क्रिया को मुख्य माननेवाला मत। °मोह पु न. चारित्र का आवारक कर्म-विशेष।
चरम वि. अन्तिम, अन्त का, पर्यन्तवर्त्ती। जिसका विद्यमान भव अन्तिम हो वह। °काल पु. मरणसमय। °जलहि पु [°जलधि] अन्तिम समुद्र, स्वयंभूरमण समुद्र।
चरमंत पुं [चरमान्त] सब से अन्तिम, सब से प्रान्त-वर्त्ती।
चरय देखो चरग।
चरि पुंस्त्री. पशुओ के चरने की जगह। चारा।
चरिगा देखो चरिया = चरिका।
चरित्त न [चरित्र] चरित, आचरण। व्यवहार। स्वभाव, प्रकृति।
चरित्त न [चरित्र] जीवन-कथा, कहानी।
चरित्त न [चारित्र] सयम, विरति, व्रत, नियम। °कप्प पु [°कल्प] सयमानुष्ठान का प्रतिपादक ग्रन्थ। °मोह पुंन. सयम का आवारक कर्म। °मोहणिज्ज न [°मोहनीय] वही पूर्वोक्त अर्थ। °ाचरित्त न [°ाचारित्र] आशिक सयम, श्रावक-धर्म। °ायार पुं [°ाचार] संयम का अनुष्ठान। °ारिय पु [°ार्य] चारित्र से आर्य, विशुद्ध चारित्रवाला, साधु, मुनि।
चरिम देखो चरम।
चरिय पुं [चरक] जासूस, दूत।
चरिय न [चरित] चेष्टित, आचरण। जीवन-चरित। चरित्र-ग्रन्थ। सेवित, आश्रित।
चरिया स्त्री [चरिका] परिव्राजिका, सन्यासिनी। किला और नगर के बीच का मार्ग।
चरिया स्त्री [चर्या] आचरण, अनुष्ठान।

गमन, गति, विहार । गाडी ।
चरीया देखो चरिया = चर्या ।
चरु पुं. स्थाली-विशेष । पात्र-विशेष ।
चरुगिणय देखो चारुइणय ।
चरुल्लेव न [दे] नाम, आख्या ।
चल सक [चल्] चलना, गमन करना । अक. कांपना, हिलना ।
चल वि. चंचल । पुं. रावण का एक सुभट ।
चलचल वि. अस्थिर । पुं. घी में तली जाती हुई चीज का पहला तीन घान ।
चलण पुं [चरण] पांव, पाद । °मालिया स्त्री [°मालिका] पैर का आभूषण-विशेष । °वंदण न [°वन्दन] पैर पर सिर झुका कर प्रणाम ।
चलण न [चलन] चलना, गति, चाल, प्रथा, रिवाज ।
चलणाउह पुं [चरणायुध] कुक्कुट ।
चलणाओह पुं [दे. चरणायुध] ऊपर देखो ।
चलणिया } स्त्री [चलनिका, °नी] जैन
चलणी } साध्वियों को पहनने का कटि-वस्त्र ।
चलणी स्त्री [चलनी] साध्वियों का एक उपकरण । पैर तक का कीच ।
चलवलण न [दे] चटपटाई, चंचलता ।
चलाचल वि. चंचल, अस्थिर ।
चलिदिय वि [चलेन्द्रिय] इन्द्रिय-निग्रह करने में असमर्थ, जिसकी इन्द्रियां काबू में न हो वह ।
चलिअ न [चलित] विकलता, अस्थैर्य, चचलता । वि. चला हुआ, कम्पित । प्रवृत्त । विनष्ट ।
चल्ल देखो चल = चल् ।
चल्लणग न [दे] कटि-वस्त्र ।
चल्लि स्त्री [दे] नाचते समय की एक प्रकार की गति ।
चल्लि स्त्री [दे] मदन-वेदना ।
चव सक [कथय्] कहना, बोलना ।
चव अक [च्यु] मरना, जन्मान्तर में जाना । गिर जाना, पतन होना ।
चव पुं [च्यव] मौत ।
चवचव पुं. 'चव-चव' आवाज ।
चवल वि [चपल] चंचल, अस्थिर । आकुल, व्याकुल । पु. रावण का एक सुभट ।
चवल पुं [दे] अन्न-विशेष, बोरा ।
चवलय पु [दे] धान्य-विशेष ।
चवला स्त्री [चपला] बिजली ।
चविआ स्त्री [चविका] वनस्पति-विशेष ।
चविडा
चविला } स्त्री [चपेटा] तमाचा, थप्पड़ ।
चवेला
चवेडी स्त्री [दे] श्लिष्ट कर-संपुट । संपुट, समुद्, डिब्बा ।
चवेण न [दे] वचनीय, लोकापवाद ।
चवेला देखो चविडा ।
चव्व सक [चर्व्] चबाना ।
चव्व (र्वी) देखो चच्च = चर्च् ।
चव्वक्किअ वि [दे] धवलित, चूने से पोता हुआ ।
चव्वाइ देखो चव्वागि ।
चव्वाक } पु [चार्वाक] नास्तिक, बृह-
चव्वाग } स्पति का शिष्य, लोकायतिक ।
चव्वागि वि [चार्वाकिन्] चबानेवाला । दुर्व्यवहारी ।
चस सक [चप्] चखना ।
चसग } पुं [चषक] दारु पीने का प्याला ।
चसय } प्याला । पक्षि-विशेष ।
चहुतिया स्त्री [दे] चुटकी, चुटकीभर ।
चहुट्ट अक [दे] चिपकना, चिपटना, लगना ।
चहुट्ट वि [दे] निमग्न, लीन । चिपका हुआ ।
चहोड पुं [दे] एक मनुष्य-जाति ।
चाइ वि [त्यागिन्] त्याग करनेवाला । दानी, उदार । निःसंग, निरीह, सयमी ।

चाइय वि [त्याजित] छोडवाया हुआ।
चाइय वि [शकित] जो समर्थ हुआ हो।
चाउअंगी स्त्री [चार्वङ्गी] सुन्दर अंगवाली स्त्री।
चाउंड पुं [चामुण्ड] राक्षस-वंश का एक राजा, एक लङ्का-पति।
चाउकाल न [चतुष्काल] चार समय।
चाउक्कोण वि [चतुष्कोण] चार कोनावाला, चतुरस्र।
चाउग्घंट } वि [चतुर्घण्ट] चार घटा
चाउघट } वाला, चार घण्टाओ से युक्त।
चाउज्जाम न [चातुर्याम] चार महाव्रत, साधु-धर्म—अहिंसा, सत्य, अस्तेय और अपरिग्रह ये चार साधु-व्रत।
चाउज्जाय न [चातुर्जात] दालचीनी, तमालपत्र, इलायची और नागकेसर।
चाउत्थिग } पु [चातुर्थिक] रोग-विशेष,
चाउत्थिय } चौथे-चौथे दिन पर होनेवाला ज्वर।
चाउद्दसिया स्त्री [चतुर्दशिका] चौदस।
चाउद्दसी स्त्री [चतुर्दशी] ऊपर देखो।
चाउद्दाह (अप) त्रि. ब. [चतुर्दशन्] चौदह।
चाउद्दिसि देखो चउ-द्दिसि।
चाउप्पाय न [चतुष्पाद] चतुर्विध।
चाउमास } पुन [चातुर्मास] चौमासा।
चाउम्मास } आषाढ, कार्तिक और फाल्गुन मास की शुक्ल चतुर्दशी।
चाउम्मासिअ वि [चातुर्मासिक] चार मास सम्बन्धी, जैसे आषाढ से लेकर कार्तिक तक के चार महीने से सम्बन्ध रखनेवाला। न. आषाढ, कार्तिक और फाल्गुन मास की शुक्ल चतुर्दशी तिथि, पर्व-विशेष।
चाउम्मासी स्त्री [चातुर्मासी] चार मास, चौमासा, आषाढ़ से कार्तिक, कार्तिक से फाल्गुन और फाल्गुन से आषाढ तक के चार महीने।
चाउम्मासी स्त्री [चातुर्मासी] देखो चाउम्मासिअ।
चाउरंग देखो चउरग।
चाउरंगिज्ज वि [चतुरङ्गीय] चार अंगो से सम्बन्ध रखनेवाला। न. 'उत्तराध्ययन' सूत्र का एक अध्ययन।
चाउरंत देखो चउरंत।
चाउरंत पुं [चातुरन्त] चक्रवर्त्ती राजा, सम्राट्। न. लग्न-मण्डप, चौरी।
चाउरंत न [चातुरन्त] भारतवर्ष।
चाउरंत न [चतुरन्त] चक्र, पहिया।
चाउरक्क वि [चातुरक्य] चार बार परिणत।
°गोखीर न [°गोक्षीर] चार बार परिणत किया हुआ गो-दुग्ध, जैसे कतिपय गौओ का दूध दूसरी गौओ को पिलाया जाय, फिर उनका अन्य गौओ को, इस तरह चार बार परिणत किया हुआ गो-दुग्ध।
चाउल वि [दे] चावल का। पुं. तण्डुल।
चाउल्लग न [दे] पुरुष का पुतला—कृत्रिम पुरुष।
चाउवण्ण } वि [चातुर्वर्ण्य] चार वर्णवाला,
चाउव्वण्ण } चार प्रकार वाला। पुं. साधु, साध्वी, श्रावक और श्राविका का समुदाय। न. ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र ये चार मनुष्य-जाति।
चाउव्विज्ज } न [चातुर्विद्य] चार प्रकार
चाउव्वेज्ज } की विद्या—न्याय, व्याकरण, साहित्य और धर्म-शास्त्र। पुं. चौबे, ब्राह्मणो का एक अल्ल-उपगोत्र या वर्ग।
चाउस्साला स्त्री [चतुश्शाला] चारो तरफ के कमरों से युक्त घर।
चाँउंडा स्त्री [चामुण्डा] स्वनाम-ख्यात देवी।
°काउअ पुं [°कामुक] महादेव।
चाग देखो चाय = त्याग।
चाड वि [दे] मायावी, कपटी।
चाडु पुन [चाटु] प्रियवाक्य। खुशामद।

°यार वि [°कार] खुशामदी ।
चाणक्क पुं [चाणक्य] राजा चन्द्रगुप्त का स्वनाम-प्रसिद्ध मन्त्री । एक मनुष्य-जाति ।
चाणक्की स्त्री [चाणक्यी] लिपि-विशेष ।
चाणिक्क देखो चाणक्क ।
चाणूर पुं. मल्ल-विशेष ।
चामर पुंन. बाल-व्यजन । छन्द-विशेष ।°गाहि वि [°ग्राहिन्] चामर बीजनेवाला नौकर । °छायण न [°च्छायन] स्वाति नक्षत्र का गोत्र । °ज्झय पुं [°ध्वज] चामर-युक्त पताका । °धार वि [°धार] चामर बीजनेवाला ।
चामरच्छ न [चामरस्थ्य] गोत्र-विशेष ।
चामीअर न [चामीकर] सुवर्ण ।
चामुंडराय पुं [चामुण्डराज] गुजरात का चालुक्य वंश का एक राजा ।
चामुंडा देखो चाउंडा ।
चाय देखो चय = शक् ।
चाय देखो चाव ।
चाय पुं [त्याग] छोडना, परित्याग । दान ।
चायग } पु [चातक] चातकपक्षी ।
चायव }
चार सक [चारय्] चराना, खिलाना ।
चार पुं. गति, गमन, भ्रमण, परिभ्रमण । जासूस । कारागार । संचार, संचरण । अनुष्ठान, आचरण । ज्योतिष-क्षेत्र, आकाश ।
चार पुं [दे] पियाल वृक्ष, चिरौंजी का पेड । बन्धन स्थान । इच्छा, अभिलाष । न. फल विशेष, मेवा-विशेष । °वकय पुं [°क्रय] बेचनेवाले की इच्छानुसार दाम देकर खरीदना ।
चारग दे [चारक] देखो चार । [°पाल] पुं. [°पाल] जेलखाना का अध्यक्ष । °पालग पुं [°पालक] जेलर । °भंड न [°भाण्ड] कैदी को शिक्षा करने का उपकरण । °हिव पु [°धिप] कैदखाना का अध्यक्ष ।
चारण पुं [दे] ग्रन्थि-च्छेदक, पाकेटमार ।
चारण पुं. आकाश में गमन करने की शक्ति रखनेवाले जैन मुनियों की एक जाति । स्तुति करनेवाली भाट जाति । एक जैन मुनि-गण ।
चारणिआ स्त्री [चारणिका] गणित-विशेष ।
चारभड पुं [चारभट] शूर पुरुष, लड़वैया ।
चारभड पुं [चारभट] लुटेरा ।
चारय देखो चारग ।
चारवाय पुं [दे] ग्रीष्म-ऋतु का पवन ।
चारहड देखो चारभड ।
चारहडी स्त्री [चारभटी] शौर्यवृत्ति, सैनिक-वृत्ति ।
चारागार न. कैदखाना ।
चारि स्त्री. चारा ।
चारि वि [चारिन्] प्रवृत्ति करनेवाला । चलनेवाला, गमन-शील ।
चारिअ वि [चारित] जिसको खिलाया गया हो वह । विज्ञापित, जताया हुआ ।
चारिअ पुं [चारिक] चर-पुरुष । पंचायत का मुखिया पुरुष, समुदाय का अगुआ ।
चारित्त देखो चरित्त = चारित्र ।
चारित्ति देखो चरित्ति ।
चारिया स्त्री [चर्या] आचरण, इधर-उधर गमन, जीविका । चेष्टा ।
चारी स्त्री. देखो चारि = चारि ।
चारु वि. सुन्दर, प्रवर । पु. तीसरे जिनदेव का प्रथम शिष्य । न. शस्त्र-विशेष ।
चारुइणय पुं [चारुकिनक] देश-विशेष । वि. उस देश का निवासी ।
चारुणय पुं [चारुनक] ऊपर देखो ।
चारुवच्छि पु. ब. [चारुवत्सि] देश-विशेष ।
चारुसेणी स्त्री [चारुसेनी] छन्द-विशेष ।
चाल सक [चालय्] चलाना, हिलाना, कँपाना । विनाश करना ।
चालण न [चालन] चलाना, हिलाना । विचार । शंका, प्रश्न, पूर्वपक्ष ।

चालणा स्त्री [चालना] शंका, पूर्वपक्ष, आक्षेप।

चालणिया } स्त्री [चालनिका]।
चालणी }

चालणी स्त्री [चालनी] आखा, छानने का पात्र चलनी या छलनी।

चालवास पुं [दे] सिर का भूषण-विशेष।

चालिर वि [चालयितृ] चलानेवाला। चलनेवाला।

चाली स्त्री [चत्वारिंशत्] चालीस।

चालीस स्त्रीन [चत्वारिंशत्] चालीस।

चालुक्क पुंस्त्री [चौलुक्य] चालुक्य वंश मे उत्पन्न। पुं. गुजरात का प्रसिद्ध राजा कुमारपाल।

चाव सक [चर्व्] चबाना।

चाव पुं [चाप] धनुष।

चावल न [चापल] चंचलता।

चावल्ल न [चापल्य] ऊपर देखो।

चावाली स्त्री. ग्राम-विशेष।

चाविय वि [च्यावित] मरवाया हुआ।

चावेडी स्त्री [चापेटी] विद्या-विशेष, जिससे दूसरे को तमाचा मारने पर बीमार आदमी का रोग चला जाता है।

चावोण्णय न [चापोन्नत] विमान-विशेष, एक देव-विमान।

चास पु [चाष] स्वर्ण-चातक, पपीहा, लहटोरवा।

चास पुं [दे] हल-विदारित भूमि-रेखा, खेती।

चाह सक [वाञ्छ्] चाहना। अपेक्षा करना। याचना।

चाहिणी स्त्री [चाहिनी] हेमाचार्य की माता का नाम।

चाहुआण पु [चाहुयान] चौहान-वंश। पुस्त्री. चौहान वश में उत्पन्न।

चि देखो चिण।

चिअ अ [एव] निश्चय को बतलानेवाला अव्यय।

चिअ अ [इव] उपमा और उत्प्रेक्षा का सूचक अव्यय।

चिअ वि [चित] इकट्ठा किया हुआ। व्याप्त। पुष्ट, मासल।

चिअ न [चित] ईंट आदि का ढेर।

चिअ देखो चित्त = चित्त।

चिआ स्त्री [त्विष्] कान्ति, तेज।

चिआ देखो चियगा।

चिइ स्त्री [चिति] उपचय, पुष्टि, वृद्धि। इकट्ठा करना। वृद्धि। भीत वगैरह बनाना। चिता। °कम्म न [°कर्मन्] वन्दन, प्रणाम-विशेष।

चिइ देखो चेइअ।

चिइगा देखो चियगा।

चिइच्छ सक [चिकित्स्] दवा करना, इलाज करना। संशय करना।

चिइच्छअ वि [चिकित्सक] दवा करनेवाला, इलाज करनेवाला। पुं वैद्य।

चिइय चित का भू. कृ.।

चिउर पुं [चिकुर] केश। पीत रंग का गन्ध-द्रव्य-विशेष।

चिच } सक [मण्डय्] विभूषित करना।
चिचअ }

चिचइअ वि [दे] चलित, चला हुआ।

चिचणिआ
चिचणिगा } स्त्री [दे] देखो चिचिणी।
चिचणी

चिचणी स्त्री [दे] अन्न पीसने की चक्की।

चिचा स्त्री [चञ्चा] तृण की बनाई हुई चटाई वगैरह। °पुरिस पु [°पुरुष] तृण का मनुष्य, जो पशु, पक्षी आदि को डराने के लिए खेतो मे गाडा जाता है।

चिचा स्त्री [दे चिञ्चा] इमली का पेड।

चिचिणिआ
चिचिणिचिचा } स्त्री [दे] इमली का पेड़।
चिचिणी

चिचिल्ल सक [मण्डय्] अलंकृत करना।

चित सक [चिन्तय्] चिन्ता करना, विचार करना। याद करना। ध्यान करना। अफसोस करना।

चित वि [चिन्त्य] चिन्तनीय, विचारणीय।

चितग वि [चिन्तक] चिन्ता करनेवाला, विचारक।

चितण न [चिन्तन] विचार, पर्यालोचन। स्मरण, स्मृति।

चितणिया स्त्री [चिन्तनिका] याद करना, चिन्तन करना।

चितय वि [चिन्तक] चिन्ता करनेवाला।

चितव देखो चित = चितय्।

चिंता स्त्री. विचार, पर्यालोचन। अफसोस, शोक। ध्यान। स्मृति। इष्ट-प्राप्ति का सन्देह। °उर वि[°तुर] शोक से व्याकुल। °दिट्ठ वि [दृष्ट] विचार-पूर्वक देखा हुआ। °मइअ वि [°मय] चिन्ता-युक्त। °मणि पुं. मनोवाञ्छित अर्थ को देनेवाला रत्न-विशेष, दिव्यमणि। वीतशोक नगरी का एक राजा। °वर वि [°पर] चिन्ता-मग्न।

चितायग } वि [चिन्तक] चिन्ता करने-
चितावग } वाला।

चिंध न [चिह्न] लाञ्छन, निशानी। ध्वजा। °पट्ट पुं. निशानी रूप वस्त्र खण्ड। °पुरिस पुं [°पुरुष] दाढी-मूंछ वगैरह पुरुष की निशानी वाला नपुसक, हिजडा। पुरुष का वेष धारण करनेवाली स्त्री वगैरह।

चिंधाल वि [चिह्नवत्] चिह्न-युक्त।

चिधाल वि [दे] सुन्दर। मुख्य, प्रवर।

चिंफुल्लणी स्त्री [दे] लहँगा।

चिकिच्छ देखो चिइच्छ।

चिकुर देखो चिउर।

चिक्क वि [दे] अल्प। न. छीक।

चिक्कण वि [चिक्कण] चिकना, स्निग्ध। निविड। दुर्भेद्य, दुःख से छूटने-योग्य।

चिक्का स्त्री [दे] थोड़ी चीज। सूक्ष्म छींटा।

चिक्कार पुं [चीत्कार] चिल्लाहट, चिंघाट।

चिक्किण देखो चिक्कण।

चिक्खअण वि [दे] सहिष्णु।

चिक्खल्ल पु [दे] कीच।

चिक्खल्लय न [चिक्खल्लक] काठियावाड का एक नगर।

चिक्खिल्ल
चिखल्ल
चिखिल्ल } [दे] देखो चिक्खल्ल।

चिगिचिगाय अक [चिकचिकाय्] चकचकाट करना, चमकना।

चिगिच्छग देखो चिइच्छअ।

चिगिच्छण न [चिकित्सन]चिकित्सा, इलाज।

चिगिच्छय देखो चिइच्छअ।

चिगिच्छा स्त्री [चिकित्सा] दवा, प्रतीकार, इलाज। °संहिया स्त्री [°संहिता] वैद्यक-शास्त्र।

चिच्च वि [दे] चिपटी नासिकावाला। न. सम्भोग।

चिच्च वि [त्याज्य] छोडने-योग्य।

चिच्चर वि [दे] चिपटी नासिकावाला।

चिच्चा देखो चय = त्यज्।

चिच्चि पुं.चीत्कार, चिल्लाहट, भयंकर आवाज।

चिच्चि पु [दे] अग्नि।

चिट्ठं अ [दे] अत्यन्त।

चिट्ठ अक [स्था] बैठना, स्थिति करना।

चिट्ठ देखो चेट्ठ।

चिट्ठइत्तु वि[स्थातृ]बैठनेवाला, ठहरनेवाला।

चिट्ठण न [स्थान] खडा रहना।

चिट्ठण न [चेष्टन] चेष्टा, प्रयत्न।

चिट्ठणा स्त्री[स्थान]स्थिति,बैठना,अवस्थान।

चिट्ठा देखो चेट्ठा।

चिट्ठिय वि [चेष्टित] जिसने चेष्टा की हो वह। न. चेष्टा, प्रयत्न।

चिट्ठिय वि [स्थित] अवस्थित, रहा हुआ।

न. अवस्थान, स्थिति ।

चिडिग पुं [चिटिक] पक्षि-विशेष ।

चिण सक [चि] इकट्ठा करना ।

चिण देखो चण ।

चिण देखो चित्त ।

चिणोट्ठी स्त्री [दे] गुञ्जा ।

चिण्ण वि [चीर्ण] आचरित, अनुष्ठित । अंगीकृत, आदृत । विहित ।

चिण्ह न [चिह्न] निशानी ।

चित्त सक [चित्रय्] चित्र बनाना, तसवीर खीचना ।

चित्त न. मन, अन्तःकरण, हृदय । ज्ञान, चेतना । बुद्धि । अभिप्राय, आशय । उपयोग, ख्याल । °ण्णु वि [°ज्ञ] दिल का जानकार । °निवाइ वि [°निपातिन्] अभिप्राय के अनुसार बरतनेवाला । °मंत वि [°वत्] सजीव वस्तु ।

चित्त देखो चइत्त = चैत्र ।

चित्त न [चित्र] आलेख्य, तसवीर । आश्चर्य । काष्ठ-विशेष । वि. विलक्षण, विचित्र । नानाविध । अद्भुत । चितकबरा । पुं. एक लोकपाल । पर्वत-विशेष । चित्रक, चीता, श्वापद विशेष । चित्रा नक्षत्र । °उत्त पुं [°गुप्त] भरत क्षेत्र के एक भावी जिनदेव । °कणगा स्त्री [°कनका] एक विद्युत्कुमारी देवी । °कम्म न [°कर्मन्] आलेख्य, छवि । °कर देखो °गर । °कह वि [°कथ] नाना प्रकार की कथाएँ कहनेवाला । °कूड पुं[°कूट] सीतानदी के उत्तर किनारे पर स्थित एक वक्षस्कार-पर्वत । पर्वत-विशेष । न. नगर-विशेष । शिखर-विशेष । °क्खरा स्त्री[°क्षरा] छन्द-विशेष । °गर पु[°कर] चित्रकार । °गुत्ता स्त्री[°गुप्ता] देवी-विशेष, सोमनामक लोकपाल की एक अग्र-महिषी । दक्षिण रुचक पर्वत पर वसनेवाली एक दिक्कुमारी, देवी-विशेष । °पक्ख पुं [°पक्ष] वेणु-देव नामक इन्द्र का एक लोकपाल, देव-विशेष । क्षुद्र जन्तु-विशेष, चतुरिन्द्रिय कीट-विशेष । °फल, °फलग, °फलय न [°फलक] तसवीरवाला तख्ता । °भित्ति स्त्री. चित्रवाली भीत । स्त्री की तसवीर । °यर देखो °गर । °रस पुं. भोजन देनेवाली कल्पवृक्षो की एक जाति । °लेहा स्त्री [°लेखा] छन्द-विशेष । °संभूइय न [°संभूतीय] 'उत्तराध्ययन' सूत्र का एक अध्ययन । °सभा स्त्री. तसवीरवाला गृह । °साला स्त्री [°शाला] चित्र-गृह ।

चित्तंग पुं [चित्राङ्ग] पुष्प देनेवाले कल्पवृक्षो की एक जाति ।

चित्तग देखो चित्त = चित्र ।

चित्तजाणुअ देखो चित्त-ण्णु ।

चित्तठिअ वि [दे] परितोषित, खुश किया हुआ ।

चित्तण न [चित्रण] चित्र-कर्म ।

चित्तदाउ पुं [दे] मधपुडा ।

चित्तपत्तय पुं [चित्रपत्रक] चतुरिन्द्रिय जीव की एक जाति ।

चित्तपरिच्छेय वि [दे] लघु, छोटा ।

चित्तय देखो चित्त = चित्र ।

चित्तयलया स्त्री [चित्रकलता] वल्ली-विशेष ।

चित्तल वि [दे] विभूषित । रमणीय ।

चित्तल वि [चित्रल] कबरा । पु. जगली पशु-विशेष ।

चित्तलि पुस्त्री [चित्रलिन्] साँप की एक जाति ।

चित्तलिअ वि [चित्रलित, चित्रित] चित्र-युक्त किया हुआ ।

चित्तविअअ वि [दे] परितोषित ।

चित्तवीणा स्त्री [चित्रवीणा] वाद्य-विशेष ।

चित्ता स्त्री [चित्रा] नक्षत्र-विशेष । एक विद्युत्कुमारी देवी । शक्रेन्द्र के एक लोकपाल की स्त्री, देवी-विशेष । औषधि-विशेष ।

चित्ताचिल्लडय } पु [दे] जंगली पशु-
चित्ताचेल्लरय } विशेष।
चित्तावडी स्त्री [चित्रपटी] वस्त्र-विशेष, छीट (बूटीदार) आदि कपड़ा।
चित्तिया स्त्री [चित्रिका] स्त्री-चीता, श्वापद-विशेष की मादा।
चित्ती देखो चेत्ती।
चित्ती स्त्री [चैत्री] चैत्र मास की पूर्णिमा।
चिद्दविअ } वि [दे] निर्णाशित, विना-
चिद्दाविअ } शित।
चिप्प सक [दे] कूटना। दबाना।
चिप्पग पुन [दे] कूटी हुई छाल।
चिप्पड देखो चिविड।
चिप्पय देखो चिप्पग।
चिप्पिअ पुं [दे] नपुंसक-विशेष, जन्म के समय में अगूठे से मर्दन कर जिसका अंडकोश दबा दिया गया हो वह।
चिप्पिडय पुं [दे] अन्न-विशेष।
चिबुअ न [चिबुक] होठ के नीचे का अवयव, ठोढी।
चिब्भड न [चिर्भिट] खीरा, ककड़ी का फल।
चिब्भडिया स्त्री [चिर्भिटिका] ककडी का गाछ। मत्स्य की एक जाति।
चिब्भिड देखो चिब्भड।
चिमिट्ठ } वि [चिपिट] चिपटा, बैठा
चिमिढ } हुआ, दबा हुआ (नाक)।
चिमिण वि [दे] रोमाञ्चित, गद्गद।
चिय देखो चेइअ = चैत्य।
चियका } स्त्री [चिता] मुर्दे को फूंकने के
चियगा } लिए चुनी हुई लकडियो का ढ़ेर।
चियत्त देखो चत्त।
चियत्त वि [दे] सम्मत। प्रीतिकर। प्रीति, रुचि।
चिययया देखो चियगा।
चियाग } देखो चाय = त्याग।
चियाय }
चिरं अ [चिरम्] दीर्घ काल तक। °तण वि [°तन] पुराना।
चिर न. दीर्घ काल। विलम्ब। वि. दीर्घ काल तक रहनेवाला। °आरअ वि [°कारक] विलम्ब करनेवाला। °जीवि वि [°जीविन्] दीर्घ काल तक जीनेवाला। °जीविअ वि [°जीवित] वृद्ध। °ट्ठिइ °ट्ठिइय, °ट्ठिईय वि [°स्थितिक] लम्बा आयुष्यवाला, दीर्घ काल तक रहनेवाला। °राअ पुं [°रात्र] बहु काल, दीर्घ काल।
चिर अक [चिरय्] विलम्ब करना। आलस करना।
चिरच्चिय वि [चिरचित] चिरकाल से उपचित—इकट्ठा किया हुआ या बढा हुआ।
चिरडी स्त्री [दे] वर्ण-माला।
चिरड्डिहिल्ल [दे] देखो चिरिड्डिहिल्ल।
चिरमाल सक [प्रति+पालय्] परिपालन करना।
चिरया स्त्री [दे] कुटी-झोपड़ी।
चिरस्स अ [चिरस्य] बहुत काल तक।
चिराअ देखो चिर = चिरय्।
चिराइय वि [चिरादिक] पुराना।
चिराईय वि [चिरातीत] प्राचीन।
चिराणय (अप) वि [चिरन्तन] पुरातन।
चिरादण वि [चिरन्तन] ऊपर देखो।
चिराव अक [चिरय्] विलम्ब करना। आलस करना। सक. विलम्ब कराना, रोक रखना।
चिरिंचिरा स्त्री [दे] जलधारा, वृष्टि।
चिरिक्का स्त्री [दे] मशक। अल्प वृष्टि। प्रातः काल।
चिरिचिरा [दे] देखो चिरिंचिरा।
चिरिडी देखो चिरडी।
चिरिड्डिहिल्ल न [दे] दही।
चिरिहिट्टी स्त्री [दे] गुझा, घुघची, लालरत्ती।
चिलाअ पुं [किरात] अनार्य देश-विशेष। किरात देश में रहनेवाली म्लेच्छ-जाति,

भिल्ल, पुलिंद । धन सार्थवाह का एक दास—नौकर ।

चिलाइया स्त्री [किरातिका] किरात देश की रहनेवाली स्त्री ।

चिलाई स्त्री [किराती] ऊपर देखो । °पुत्त पु [°पुत्र] एक दासी-पुत्र और जैन-महर्षि ।

चिलाद देखो चिलाअ ।

चिलिचिलिआ स्त्री [दे] धारा, वृष्टि ।

चिलिचिलिय वि [दे] भीजा या भीगा हुआ ।

चिलिच्चिल
चिलिच्चिल
चिलिच्चील } वि [दे] आर्द्र, गीला ।

चिलिण [दे] देखो चिलीण ।

चिलिमिणी
चिलिमिलिगा
चिलिमिलिया } स्त्री [दे] परदा, आच्छादन-पट ।
चिलिमिली

चिलीण न [दे] अशुचि, मैला, मल-मूत्र ।

चिल्ल पुं [दे] बाल, लड़का । शिष्य ।

चिल्ल पुं वृक्ष-विशेष । न. पुष्प-विशेष ।

चिल्ल न [दे] सूर्प, छाज ।

चिल्लअ न [दे] देदीप्यमान ।

चिल्लग [दे] देखो चिल्लिय ।

चिल्लड [दे] देखो चिल्लल ।

चिल्लणा स्त्री [चिल्लणा] एक सती स्त्री, राजा श्रेणिक की पत्नी ।

चिल्लय न [दे] खराब आँख ।

चिल्लल पु [चिल्वल] अनार्य देश-विशेष । उस देश का निवासी ।

चिल्लल पुस्त्री [दे] चीता । स्त्री. °लिया । न. काँदोवाला जलाशय, छोटा तालाब आदि । चमकता ।

चिल्ला स्त्री [दे] चील, पक्षि-विशेष, शकुनिका ।

चिल्लिय वि [दे] लीन, आसक्त । देदीप्यमान ।

चिल्लिरि पु [दे] मशक, मच्छर ।

चिल्लूर न [दे] मुसल । जिससे चावल आदि अन्न कूटे जाते हैं ।

चिल्हय पुं [दे] चक्र-मार्ग ।

चिविट्ठ
चिविड } वि [चिपिट] चिपटा, बैठा या धँसा हुआ (नाक) ।

चिविडा स्त्री [चिपिटा] गन्ध-द्रव्य-विशेष ।

चिविढ देखो चिविड ।

चिहुर पुं [चिकुर] केश ।

ची
चीअ } देखो चेइअ ।

चीअ न [चिता] मुर्दे को फूँकने के लिए चुनी हुई लकड़ियो का ढेर ।

चीइ देखो चेइअ ।

चीड वि [दे] काले काँच की मणिवाला ।

चीण वि [चीन] लघु । पुं. चीन देश । चीन देश का निवासी । व्रीहि का भेद । °पट्ट पुं. चीन देश में होनेवाला वस्त्र-विशेष । °पिट्ठ न [°पिष्ट] सिन्दूर-विशेष ।

चीणंसु
चीणंसुय } पु [चीनांशु, °क] कीट-विशेष, जिसके तन्तुओ से वस्त्र बनता है । चीन देश का वस्त्र-विशेष ।

चीया स्त्री. देखो चीअ = चिता ।

चीर न. कपड़े का टुकड़ा । °कंडूसगपट्ट पुं [°कण्डूसकपट्ट] जैन साधुओं का एक उपकरण, रजोहरण का वन्धन-विशेष ।

चीरग पुं [चीरक] नीचे देखो ।

चीरिय पुं [चीरिक] रास्ते मे पड़े हुए चीथड़ो को पहननेवाला भिक्षुक । फटा-टूटा कपड़ा पहननेवाली एक साधु-जाति ।

चीरिया
चीरी } स्त्री वस्त्र-खण्ड । क्षुद्र कीट-विशेष, झीगुर ।

चीवट्टी स्त्री [दे] भल्ली, भाला ।

चीवर न. संन्यासियों या भिक्षुओ के पहनने का कपड़ा ।

चीहाडी स्त्री [दे] चीत्कार, पुकार, हाथी की गर्जना ।

चीही स्त्री [दे] मुस्ता का तृण-विशेष ।
चु अक [च्यु] मरना, जन्मान्तर मे जाना । विनाश पाना । गिरना । भ्रष्ट होना ।
चुअ अक [श्चुत्] झरना, टपकना ।
चुअ सक [त्यज्] त्याग करना, परिहार करना ।
चुइ स्त्री [च्युति] च्यवन, मरण ।
चुकारपुर न. एक नगर ।
चुचुअ पु [दे] शेखर, अवतंस, मस्तक का भूषण ।
चुचुअ पु [चुञ्चुक] म्लेच्छ देश-विशेष । उस देश मे रहनेवाली मनुष्य जाति ।
चुचुण पुं [चुञ्चुन] एक धनी वैश्य-जाति ।
चुचुणिअ वि [दे] चलित, गत । च्युत, नष्ट ।
चुचुणिआ स्त्री [दे] गोष्ठी की प्रतिध्वनि । सम्भोग । इमली का पेड । मुष्टि-द्यूत । यूका, खटमल, क्षुद्र कीट-विशेष ।
चुचुमालि वि [दे] अलस, दीर्घसूत्री ।
चुचुलि पु [दे] चोच । चुलुक, पसर, एक हाथ का सम्पुटाकार ।
चुचुलिअ वि [दे] अवधारित । न. तृष्णा ।
चुचुलिपूर पुं [दे] चुलुक, पसर ।
चुट सक [चि] फूल वगैरह को तोड़कर इकट्ठा करना ।
चुडी स्त्री [दे] थोडा पानीवाला अखात जलाशय ।
चुपालय [दे] देखो चुप्पालय ।
चुब सक [चुम्ब्] चुम्बन करना ।
चुभल पु [दे] शेखर, अवतस, शिरो-भूषण ।
चुक्क अक [भ्रंश्] चूकना, भूल करना । भ्रष्ट होना, रहित होना, वञ्चित होना । सक. नष्ट करना, खण्डन करना । अनवधित होना, बे-ख्याल होना ।
चुक्क पुं [दे] मुट्ठी ।
चुक्कार पु [दे] आवाज, शब्द ।
चुक्कुड पुं [दे] बकरा ।
चुक्ख [दे] देखो चोक्ख ।
चुचुय, चुच्चुय, चुचूय } न [चूचुक] स्तन का अग्र भाग । [चुचूक]स्तनो की गोलाई, चूची ।
चुच्छ वि [तुच्छ] थोडा, हल्का । जघन्य, नगण्य ।
चुज्ज न [दे] आश्चर्य ।
चुडण न [दे] जीर्णता, सड जाना ।
चुडलिअ न [दे] गुरु-वन्दन का एक दोष, रजोहरण को अलात(मशाल) की तरह खडा रखकर वन्दन करना ।
चुडली [दे] देखो चुडुली ।
चुडिली देखो चुडुली ।
चुडुप्प न [दे] खाल उतारना । घाव । चमड़ी, त्वचा ।
चुडुप्पा स्त्री [दे] त्वचा, चमडी, खाल ।
चुडुली स्त्री [दे] उल्का, अलात, जलती हुई लकड़ी, उल्मुक ।
चुण सक [चि] चुगना, पक्षियो का खाना ।
चुणअ पुं [दे] चाण्डाल । बच्चा । इच्छा । अरुचि, भोजन की अप्रीति । व्यतिकर, सम्बन्ध । वि. अल्प । मुक्त, त्यक्त । सूंघा हुआ ।
चुणिअ वि [दे] विधारित, धारण किया हुआ ।
चुण्ण सक [चूर्णय्] चूरना, टुकड़ा-टुकडा करना ।
चुण्ण पुंन [चूर्ण] चूर, बुकनी, बारीक खण्ड । आटा । रज । गन्ध द्रव्य का रज । चूना । वशीकरणादि के लिए किया जाता द्रव्य-मिलान । °कोसय न [°कोशक] भक्ष्य-विशेष ।
चुण्ण न[चौर्ण]गम्भीरार्थक पद, महार्थक शब्द ।
चुण्णइअ वि [दे] चूरन से आहत—जिस प्रकार चूर्ण फेका गया हो वह ।
चुण्णग पु [चूर्णक] वृक्ष-विशेष ।
चुण्णा स्त्री [चूर्णा] छन्द-विशेष ।

चुण्णाआ स्त्री [दे] कला, विज्ञान ।
चुण्णासी स्त्री [दे] नौकरानी ।
चुण्णि स्त्री [चूर्णि] ग्रन्थ की टीका-विशेष ।
चुण्णिअ वि [चूर्णित] चूर-चूर किया हुआ । धूली से व्याप्त ।
चुण्णिआ स्त्री [चूर्णिका] भेद-विशेष, एक तरह का पृथग्भाव, जैसे पिसान का अवयव अलग-अलग होता है ।
चुण्णिय वि [चूर्णिक] गणित-प्रसिद्ध सर्वावशिष्ट अंश ।
चुद्दस देखो चउ-द्दस ।
चुप्प वि [दे] सस्नेह, स्निग्ध ।
चुप्पल पु [दे] शेखर, अवतस ।
चुप्पलिअ न [दे] नया रँगा हुआ कपडा ।
चुप्पालय पु [दे] झरोखा, गवाक्ष, जंगला ।
चुरिम न [दे] खाद्य-विशेष ।
चुलचुल अक [चुलचुलाय्] उत्कण्ठित होना, उत्सुक होना ।
चुलणी स्त्री [चुलनी] द्रुपद राजा की स्त्री । ब्रह्मदत्त चक्रवर्त्ती की माता । °पिय पु [°पितृ] भगवान् महावीर का एक मुख्य उपासक ।
चुलसी स्त्री [चतुरशीति] चौरासी की संख्या ।
चुलसीइ देखो चुलसी ।
चुलिआला स्त्री [चुलियाला] छन्द-विशेष ।
चुलुअ पुन [चुलुक] चुल्लू ।
चुलुक्क देखो चालुक्क ।
चुलुचुल अक [स्पन्द्] फड़कना, फरकना, थोडा हिलना, स्पन्दित होना ।
चुलुप्प पुं[दे] अज ।
चुल्ल पु [दे] बालक । दास । वि. छोटा, लघु । °ताय पुं [°तात] चाचा । °पिउ पुं [°पितृ] चाचा ।°माउया स्त्री[°मातृ] छोटी माँ, सौतेली माँ । चाची । °सगय, °सयय पुं. [शतक] भगवान् महावीर के दस मुख्य उपासको मे से एक । °हिमवंत पुं [हिमवत्] छोटा हिमवान् पर्वत । °हिमवंतकूड न [°हिमवत्कूट] क्षुद्र हिमवान्-पर्वत का शिखर-विशेष । पुं उसका अधिपति देव-विशेष । °हिमवंतगिरिकुमार पुं [°हिमवद्गिरिकुमार] देव-विशेष ।
चुल्लग न [दे] सन्दूक ।
चुल्लग [दे] देखो चोल्लक ।
चुल्लि } स्त्री. चूल्हा ।
चुल्ली }
चुल्ली स्त्री [दे] शिला, पाषाण-खण्ड ।
चुल्लुच्छल अक [दे] छलकना, उछलना ।
चूल्लोडय पु [दे] बडा भाई ।
चूअ पुं [दे] थन का अग्र भाग, चूची ।
चूअ पुं [चूत] आम का गाछ । देव-विशेष । °वडिसग न [°वतंसक] सौधर्म विमान-विशेष । °वडिंसा स्त्री [°वतंसा] शक्रेन्द्र की एक अग्र-महिषी ।
चूआ स्त्री [चूता] शक्रेन्द्र की एक अग्रमहिषी ।
चूचुअ पुंन [चूचुक] स्तन का अग्र-भाग ।
चूड पु [दे] बाहु-भूषण, वलयावली ।
चूडा देखो चूला ।
चूडुल्लअ (अप) देखो चूड ।
चूर सक [चूरय्, चूर्णय्] खण्ड करना, तोडना, टुकडा-टुकडा करना ।
चूर (अप) पुंन [चूर्ण] चूर, भुरभुर ।
चूरिम पुंन [दे] चूर्मा लड्डू ।
चूल° देखो चूला । °मणि न. विद्याधरो का एक नगर ।
चूलअ [दे] देखो चूड ।
चूला स्त्री [चूडा] सिर के बीच की केश-शिखा । शिखर । मयूरशिखा । कुक्कुट-शिखा । शेर की केसरा । कुन्त वगैरह का अग्र भाग । विभूषण, अलंकार । अधिक मास । अधिक वर्ष । ग्रन्थ का परिशिष्ट । °कम्म न [°कर्मन्] संस्कार-विशेष, मुण्डन । °मणि

पुंस्त्री. सिर का सर्वोत्तम आभूषण-विशेष, मुकुट-रत्न, शिरो-मणि । सर्वोत्तम ।

चूलिय पुं [चूलिक] अनार्य देश-विशेष । उस देश का निवासी । स्त्रीन. संख्या-विशेष, चूलिकाग को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह ।

चूलियंग न [चूलिकाङ्ग] संख्या-विशेष, प्रयुत को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह ।

चूलिया देखो चूला ।

चूव (अप) देखो चूअ ।

चूह सक [क्षिप्] फेंकना, डालना, प्रेरणा ।

चे अ [चेत्] यदि, जो, अगर ।

चे देखो चय = त्यज् ।

चे, चेअ } देखो चि ।

चेअ अक [चित्] सावधान होना, ख्याल रखना । सुध आना, स्मरण करना । सक. जानना । अनुभव करना ।

चेअ सक [चेतय्] ऊपर देखो । देना, अर्पण करना, वितरण करना । करना, बनाना ।

चेअ अ [एव] अवधारण-सूचक अव्यय, निश्चय बतानेवाला अव्यय ।

चेअ न [चेतस्] चेतना, ज्ञान । मन, चित्त ।

चेइ पुं [चेदि] देश-विशेष । °वइ पुं [°पति] चेदि देश का राजा ।

चेइ°, चेइअ } पुंन [चैत्य] चिता पर बनाया हुआ स्मारक, स्तूप, कबर या कब्र वगैरह स्मृतिचिह्न । व्यन्तर का स्थान । जिन-मन्दिर । इष्ट देव की मूर्ति, जिन-देव की मूर्त्ति । उद्यान । सभा वृक्ष । चबूतरावाला वृक्ष । देवो का चिह्न-भूत वृक्ष । वह वृक्ष जहाँ जिनदेव को केवल ज्ञान उत्पन्न होता है । पेड । यज्ञ-स्थान । मनुष्यो का विश्राम-स्थान । °खंभ पु [°स्तम्भ] स्तूप । °घर न [°गृह] जिन-मन्दिर । °जत्ता स्त्री [°यात्रा] जिन-प्रतिमा-सम्बन्धी महोत्सव-विशेष । °थूभ पुं [°स्तूप] जिन-मन्दिर के समीप का स्तूप । °दव्व न [°द्रव्य] देव-द्रव्य, जिन-मन्दिर-सम्बन्धी स्थावर या जगम मिल्कत । °परिवाडी स्त्री [°परिपाटी] क्रम से जिन-मन्दिरों की यात्रा । °मह पुं. चैत्य-सम्बन्धी उत्सव । °रुक्ख पुं [°वृक्ष] चबूतरा वाला वृक्ष । जिन-देव को जिसके नीचे केवल ज्ञान उत्पन्न होता है वह वृक्ष । देवताओ का चिह्नभूत वृक्ष । देव-सभा के पास का वृक्ष । °वन्दण न [°वन्दन] जिन-प्रतिमा की मन, वचन और काया से स्तुति । °वास पु. जिन-मन्दिर मे यतियो का निवास । °हर देखो °घर ।

चेइअ वि [चेतित] कृत, विहित ।

चेंध देखो चिंध ।

चेच्चा चे = त्यज् का सं. कृ. ।

चेट्ठ अक [चेष्ट्] प्रयत्न करना, आचरण करना ।

चेट्ठ देखो चिट्ठ = स्था ।

चेट्ठण न [स्थान] स्थिति, अवस्थान ।

चेट्ठण देखो चिट्ठण = चेष्टन ।

चेट्ठा स्त्री [चेष्टा] प्रयत्न, आचरण ।

चेड पुं [दे] बाल, कुमार ।

चेड, चेडग, चेडय } पुं [चेट, °क] नौकर नृप-विशेष, मैला देवता, देव की एक जघन्य जाति ।

चेडिआ स्त्री [चेटिका] दासी ।

चेडी स्त्री [चेटी] ऊपर देखो ।

चेडी स्त्री [दे] कुमारी, बाला ।

चेत्त न [चैत्य] चैत्य-विशेष ।

चेत्त पुं [चैत्र] चैत मास । जैन मुनियो का एक गच्छ ।

चेत्ती स्त्री [चैत्री] चैत मास की पूर्णिमा या अमावस ।

चेदि देखो चेइ ।

चेदीस पुं [चेदीश] चेदि देश का राजा।
चेयग वि [चेतक] दाता।
चेयण पुं [चेतन] आत्मा, जीव, प्राणी। वि. चेतनावाला, ज्ञानवाला।
चेयणा स्त्री [चेतना] ज्ञान, चैतन्य, सुध।
चेयण्ण न [चैतन्य] ऊपर देखो।
चेयस देखो चेअ = चेतस्।
चेया देखो चेयणा।
चेल } न [चेल] वस्त्र। °कण्ण न
चेलय } [°कर्ण] एक तरह का पंखा। °गोल न. वस्त्र का गेंद। °हरन[°गृह] तम्बू, पट-मण्डप।
चेलय न [दे] तुला-पात्र।
चेलुंप न [दे] मुसल, मूषल।
चेल्ल } [दे] देखो चिल्ल।
चेल्लअ }
चेल्लग } [दे] देखो चिल्लग।
चेल्लय }
चेव अ [एव, चैव] अवधारण-सूचक अव्यय, निश्चयदर्शक शब्द। पाद-पूरक अव्यय।
चेव अ [इव] सादृश्य-द्योतक अव्यय।
चो देखो चउ। आला स्त्री [°चत्वारिंशत्] चौवालीस। वट्टि स्त्री [°षष्टि] चौसठ। °वत्तरि स्त्री [°सप्तति] चौहत्तर।
चोअ सक [चोदय्] प्रेरणा करना। कहना।
चोअअ वि [चोदक] प्रेरक, प्रश्नकर्ता, पूर्व-पक्षी।
चोअण न [चोदन] प्रेरणा।
चोइअ वि [चोदित] प्रेरित।
चोए सक [चोदय्] प्रश्न करना। सीखना, शिक्षण देना।
चोक्क [दे] देखो चुक्क।
चोक्ख वि [दे] चोखा, शुद्ध, पवित्र।
चोक्खलि वि [दे] चोखाई करनेवाला, शुद्धता वाला।
चोक्खा स्त्री [चोक्षा] इस नाम की एक संन्यासिनी।
चोज्ज न [दे] आश्चर्य।
चोज्ज न [चौर्य] चौर-कर्म।
चोज्ज न [चोद्य] प्रश्न, पृच्छा। आश्चर्य, अद्भुत। वि. प्रेरणा-योग्य।
चोट्टी स्त्री [दे] चोटी, शिखा।
चोडु न [दे] वृन्त, फल और पत्ती का बन्धन।
चोढ पु [दे] बेल का पेड।
चोण्ण न [दे] झगड़ा। काष्ठानयन आदि जघन्य कर्म।
चोत्त } पुन [दे] प्राजन-दण्ड, चाबुक।
चोत्तअ }
चोद [दे] देखो चोय।
चोदग देखो चोअअ।
चोदणा स्त्री [चोदना] प्रेरणा, किसी प्रभाव-शाली व्यक्ति की ओर से कुछ कहने या करने के लिए होनेवाला संकेत।
चोप्पड सक [अभ्यक्ष्] स्निग्ध करना, घी तेल वगैरह लगाना।
चोप्पड न [अभ्यक्षण] घी, तैल वगैरह स्निग्ध वस्तु।
चोप्पाल पु [चतुष्पाल] सूर्याभ देव की आयुध-शाला।
चोप्पाल न [दे] मत्तवारण, वरण्डा।
चोफुच्च वि [दे] स्निग्ध, प्रेम-युक्त।
चोय } न [दे] त्वचा, छाल। आम
चोयग } वगैरह का रुंछा। गन्ध द्रव्य-विशेष।
चोयग देखो चोअअ।
चोयणा स्त्री [चोदना] प्रेरणा।
चोयय पुं [दे] फल-विशेष।
चोयालीस स्त्रीन [चतुश्चत्वारिंशत्] चौवालीस।
चोर पुं. तस्कर। °कीड पुं [°कीट] विष्ठा में उत्पन्न होता कीट।

चोरंकार पुं [चौर्यकार] चोर।
चोरग वि [चोरक] चुरानेवाला। पुन. वनस्पति-विशेष।
चोरण न. चुराना। वि. चोर।
चोरली स्त्री [दे] श्रावण मास की कृष्ण चतुर्दशी।
चोराग पुं [चोराक] सन्निवेश-विशेष।
चोराव सक [चोरय्] चोरी करना।
चोरासी } देखो चउरासी।
चोरासीइ }
चोरिअ न [चौर्य] चोरी, अपहरण।
चोरिअ वि [चौरिक] चोरी करनेवाला। पुं. जासूस।
चोरिआ स्त्री [चौर्य, चौरिका] चोरी, अपहरण।
चोरिक्क न [चौरिक्य] ऊपर देखो।
चोरी स्त्री [चौरी] चोरी, अपहरण।
चोल वि [दे] वामन, कुब्ज। पुं. पुरुष-चिह्न। न गन्ध-द्रव्य-विशेष, मंजिष्ठा। °पट्ट पुं. जैन मुनि का कटि-वस्त्र। °य पुं [°ज] मजीठ का रंग।
चोल पु. देश-विशेष।
चोलअ न [दे] कवच।
चोलअ } न [चौल, °क] संस्कार-विशेष,
चोलग } मुण्डन।
चोलुक्क देखो चालुक्क।
चोलोयणग } न [चूलापनयन] चूलोप-
चोलोवणय } नयन संस्कार। चूडा-
चोलोवणयण } धारण।
चोल्लक [दे] देखो चोलग।
चोल्लक } पुंन [दे] भोजन। वि. क्षुद्रक,
चोल्लग } छोटा।
चोल्लय पुंन [दे] थैला, बोरा।
चोवत्तरि स्त्री [चतुःसप्तति] चौहत्तर।
चोवालय पुंन [चतुर्द्वार] चोबारा, ऊपर का शयन-गृह।
चोव्वड देखो चोप्पड = म्रक्ष्।
च्च अ [एव] अवधारण-सूचक, अव्यय।
च्चिअ देखो चिअ = एव।
च्चेअ } देखो चेव = एव।
च्चेव }

छ

छ पुं. तालु-स्थानीय व्यञ्जन वर्ण-विशेष। आच्छादन।
छ त्रि. ब. [षष्] छः। °उत्तरसय वि [°उत्तरशततम] एक सौ और छठवाँ। °क्कम्म न [°कर्मन्] छः प्रकार के कर्म जो ब्राह्मणो के कर्त्तव्य हैं, यथा—यजन, याजन, अध्ययन, अध्यापन, दान और प्रतिग्रह। °क्काय न [°काय] छः प्रकार के जीव, पृथिवी, अग्नि, पानी, वायु, वनस्पति और त्रस जीव। °गुण, °ग्गुण वि [°गुण] छगुना। °च्चरण पुं [°चरण] भ्रमर। °ज्जीवनिकाय पं [°जीवनिकाय] देखो °क्काय। °ण्णउइ, °ण्णवइ [°णवति] छानवे। °त्तीस स्त्रीन [°त्रिंशत्] छत्तीस। °त्तीसइम वि [°त्रिंशत्तम] छत्तीसवाँ। °द्दस त्रि. ब. [षोडशन्] सोलह। °द्दसहा अ [षोडशधा] सोलह प्रकार का। °द्दिसि न [°दिश्] छ दिशाएँ—पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण, ऊर्ध्व और अधोदिशा। °द्धा अ [°धा] छः प्रकार का। °नवइ, °नुवइ देखो °ण्णउइ। °न्नउय वि [°णवत] छानवेवाँ। °प्पण्ण स्त्रीन [°पञ्चाशत्] छप्पन। °प्पन्न वि [°पञ्चाश] छप्पनवाँ। °भाय पु [°भाग] छठवाँ हिस्सा। °भासा स्त्री [भाषा]

प्राकृत, संस्कृत, मागधी, शौरसेनी, पैशाचिका और अपभ्रंश ये छ भाषाएँ। °मासिय, °म्मासिय वि [पाण्मासिक] छः मास में होनेवाला, छः मास सम्बन्धी। °वरिस वि [°वार्षिक] छः वर्ष की उम्रवाला। °वीस देखो °व्वीस। °व्विह वि [°विध] छः प्रकार का। °व्वीस स्त्री [°विंशति] छब्बीस। °व्वीसइम वि [°विंशतितम] छब्बीसवाँ। लगातार बारह दिनो का उपवास। °सट्ठि स्त्री [°षष्टि] छियासठ। °स्सयरि स्त्री [°सप्तति] छिहत्तर। °हा देखो °द्धा।

छइ देखो छवि = छवि।

छइअ वि [स्थगित] आच्छादित, तिरोहित।

छइल्ल } वि [दे] विदग्ध, चतुर।
छइल्ल }

छउअ वि [दे] कृश।

छउम पुंन [छद्मन्] कपट, माया। बहाना। आच्छादन। न. ज्ञानावरणीय आदि चार घाती कर्म।

छउमत्थ वि [छद्मस्थ] असर्वज्ञ, सम्पूर्ण ज्ञान से वञ्चित। राग-सहित।

छउलूअ देखो छलूअ।

छकुई स्त्री [दे] कपिकच्छू, वृक्ष-विशेष, केवाँच, कवाछ।

छंट पुं [दे] जल का छीटा, जलच्छटा। वि. शीघ्र, जल्दी करनेवाला।

छंट सक [सिच्] सीचना।

छंड देखो छड्ड = मुच्।

छडिअ वि [दे] छन्न, गुप्त।

छंद सक [छन्द्] चाहना, अनुज्ञा देना, सम्मति देना। निमन्त्रण देना।

छंद पुन [छन्द] इच्छा, अभिलाषा। अभिप्राय, आशय। वशता, अधीनता। चारि वि [चारिन्] स्वच्छन्दी। °इत्त वि [°वत्] स्वैरी। °णुवत्तण न [°नुवर्त्तन] मरजी के अनुसार वरतना। °णुवत्तय वि [°नुवर्त्तक] मरजी का अनुसरण करनेवाला।

छंद पुंन [छन्दस्] स्वच्छन्दता। अभिलाष। आशय, अभिप्राय। छन्द-शास्त्र। वृत्त। °ण्णुय वि [°ज्ञ] छन्द का जानकार।

छंदण पुन [छादन] ढकना, ढक्कन।

छंदण न [छन्दन] निमन्त्रण, प्रार्थना।

छंदण न [वन्दन] प्रणाम।

छंदा स्त्री दीक्षा का एक भेद, अपने या दूसरे के अभिप्राय-विशेष से लिया हुआ सन्यास।

छंदो° देखो छंद = छन्दस्।

छक्क वि [षट्क] छक्का, छः का समूह।

छग देखो छ = षष्।

छग न [दे] पुरीष, विष्ठा।

छग देखो छक्क।

छगण न [स्थगन] पिधान, ढकना।

छगण न [दे] गोवर।

छगणिया स्त्री [दे] गोइठा, कण्डा।

छगल पुस्त्री. बकरा। °पुर न. नगर-विशेष।

छग्ग देखो छक्क।

छग्गुरु पु [षड्गुरु] एक सौ और अस्सी दिनों का उपवास। तीन दिनो का उपवास।

छच्छुंदर पुन [दे] मूसे या चूहे की एक जाति।

छज्ज अक [राज्] शोभना, चमकना।

छज्जिआ स्त्री [दे] पुष्प-पात्र, चंगेरी।

छट्टा [दे] देखो छंटा।

छट्ठ वि [षष्ठ] छठवाँ। न. लगातार दो दिनो का उपवास। °क्खमण न[°क्षमण, °क्षपण] लगातार दो दिनो का उपवास। °क्खमय पु [°क्षमक, °क्षपक]दो-दो दिनो का बराबर उपवास करनेवाला तपस्वी। °भत्त न [°भक्त] लगातार दो दिनो का उपवास। °भत्तिय वि [°भक्तिक] लगातार दो दिनों का उपवास करनेवाला।

छट्ठी स्त्री [षष्ठी] तिथि-विशेष। सम्बन्ध-विभक्ति। जन्म के बाद किया जाता उत्सव-

विशेष ।

छड सक [आ + रुह्]आरूढ होना, चढ़ना ।

छडक्खर पुं [दे] कार्त्तिकेय ।

छडछडा स्त्री [छटच्छटा] सूपं (सूप) वगैरह मे अन्न को झाडते समय होती एक प्रकार की अव्यक्त आवाज ।

छडा स्त्री [दे] विद्युत् ।

छडा स्त्री [छटा] समूह, परम्परा । छींटा, पानी की बूंद ।

छडाल वि [छटावत्] छटावाला ।

छडिय वि [छटित] सूप आदि से छँटा या फटका हुआ ।

छड्ड सक [छर्दय्, मुच्]वमन करना । छोड़ना, त्याग करना । डालना, गिराना ।

छड्डय वि [छर्दक] छोडनेवाला । पुं एक सेठ का नाम ।

छड्डवण न [छर्दन, मोचन] छुड़वाना, मुक्त करवाना । वमन कराना । वि. वमन करानेवाला । छुडानेवाला ।

छड्डवय वि[छर्दक, मोचक]त्याग करानेवाला।

छड्डावण देखो छड्डवण ।

छड्डाविय वि [छर्दित, मोचित] वमन कराया हुआ । छुड़वाया हुआ ।

छड्डि स्त्री [छर्दि] वमन का रोग ।

छड्डि स्त्री [छर्दिस्] छिद्र, दूषण ।

छण सक [क्षण्] हिंसा करना, छेदन करना ।

छण पु [क्षण] उत्सव । हिंसा । °चंद पु [°चन्द्र] शरद् ऋतु की पूर्णिमा का चन्द्रमा । °ससि पु [°शशिन्] वही पूर्वोक्त अर्थ ।

छणिदु पुं [क्षणेन्दु] शरद् ऋतु की पूर्णिमा का चन्द्र ।

छण्ण वि [छन्न] गुप्त, छिपाया हुआ । आच्छादित । न. माया, कपट । निर्जन, रहस् ।

छण्णालय न [दे. षण्णालक] त्रिकाष्ठिक, तिपाई, सन्यासियो का एक उपकरण ।

छत्त न [छत्र] छाता, आतपात्र । लगातार तैतीस दिनों का उपवास । पुंन. एक देवविमान । पुं. ज्योतिष प्रसिद्ध एक योग जिसमे चन्द्र आदि ग्रह छत्र के आकार से रहते है । °इल्ल वि [°वत्] छातावाला । °कार वि. छाता बनानेवाला शिल्पी । °ग पुंन [°क] वनस्पति-विशेष । °धार पुं. छाता धारण करनेवाला नौकर । °पडागा स्त्री [°पताका] छत्रयुक्त ध्वज । छत्र के ऊपर की पताका । °पलासय न [°पलाशक] कृतमगला नगरी का एक चैत्य । °भंग पुं ["भङ्ग] राजनाश, नृपमरण । °हार देखो °धार । °इच्छत्त न [°तिच्छत्र] छत्र के ऊपर का छाना । पु. ज्योतिष-शास्त्र-प्रसिद्ध योग-विशेष ।

छत्त पुं [छात्र] विद्यार्थी, अभ्यासी ।

छत्तंतिया स्त्री [छत्रान्तिका] परिषद्-विशेष, सभा-विशेष ।

छत्तच्छय (अप) पुं[सप्तच्छद]सतौना का पक्ष ।

पडिपक्ख देखो पडिवक्ख।
पडिपडिय वि[प्रतिपतित]फिर से गिरा हुआ।
पडिपत्ति } देखो पडिवत्ति।
पडिपद्दि }
पडिपह पु [प्रतिपथ] उन्मार्ग, विपरीत रास्ता। न. अभिमुख, सम्मुख।
पडिपाअ सक [प्रति + पादय्] प्रतिपादन करना, कथन करना।
पडिपाय पु [प्रतिपाद] मुख्य पाद को सहायता पहुँचानेवाला पाद।
पडिपाहुड न [प्रतिप्राभृत] बदले की भेंट।
पडिपिडिअ वि [दे] बढ़ा हुआ।
पडिपिल्ल सक [प्रति + क्षिप,प्रतिप्र + ईरय्] प्रेरणा करना।
पडिपिल्लण न [प्रतिप्रेरण] प्रेरणा। ढक्कन, पिधान। वि. प्रेरणा करनेवाला।
पडिपिहा देखो पडिपेहा।
पडिपीलण न [प्रतिपीडन] विशेष पीडन, अधिक दबाव।
पडिपुच्छ सक [प्रति + प्रच्छ्] पृच्छा करना। फिर से पूछना। प्रश्न का जवाब देना।
पडिपुच्छण न [प्रतिप्रच्छन] नीचे देखो।
पडिपुच्छिअ वि [प्रतिपृष्ट] जिससे प्रश्न किया गया हो वह।
पडिपुज्जिय वि [प्रतिपूजित] पूजित, अर्चित।
पडिपुत्त पु. [प्रतिपुत्र] पोता। देखो पडिपोत्तय।
पडिपुन्न वि [प्रतिपूर्ण] परिपूर्ण, सम्पूर्ण।
पडिपूइय देखो पडिपुज्जिय।
पडिपूयग } वि [प्रतिपूजक] पूजा करने-
पडिपूयय } वाला।
पडिपूयय वि [प्रतिपूजक] प्रत्युपकार-कर्ता।

पडिपूरिय वि [प्रतिपूरित] पूर्ण किया हुआ।
पडिपेल्लण देखो पडिपिल्लण।
पडिपेल्लण न [परिप्रेरण] देखो पडिपिल्लण।
पडिपेल्लिय वि [प्रतिप्रेरित] जिसको प्रेरणा की गई हो वह।
पडिपेहा सक [प्रतिपि + धा] ढकना, आच्छादन करना।
पडिपोत्तय पु [प्रतिपुत्रक] नप्ता, नाती। देखो पडिपुत्तय।
पडिप्पह देखो पडिपह।
पडिप्फद्धि वि [प्रतिस्पर्धिन्] स्पर्धा करनेवाला।
पडिप्फलणा स्त्री [प्रतिफलना] स्खलना। सक्रमण।
पडिप्फलिअ } वि [प्रतिफलित] प्रतिबिम्बित, संक्रान्त।
पडिफलिअ }
पडिबंध सक [प्रति + बन्ध्] रोकना, अटकाना। वेष्टन करना। सेकना।
पडिबंध पुं [प्रतिबन्ध] व्याप्ति, नियम। रुकावट। विघ्न, अन्तराय। बहुमान। स्नेह, प्रीति। आसक्ति। वेष्टन।
पडिबधअ } वि [प्रतिबन्धक] रोकने-
पडिबंधग } वाला।
पडिबद्ध वि [प्रतिबद्ध] संरुद्ध। उपजनित, उत्पादित। संसक्त, संबद्ध, संलग्न, आसक्त। सामने बँधा हुआ। व्यवस्थित। वेष्टित। समीप में स्थित। नियत, व्याप्त।
पडिबाह सक [प्रति + बाध्] रोकना।
पडिबाहिर न [प्रतिबाह्य] अनधिकारी, अयोग्य।
पडिबिंब न [प्रतिबिम्ब] परछाँही। प्रतिमा, प्रतिमूर्ति।
पडिबुज्झ अक [प्रति + बुध्] बोध पाना। जागृत होना।
पडिबुद्ध वि [प्रतिबुद्ध] बोध-प्राप्त। जागृत। न. प्रतिबोध। पु एक राजा का नाम।
पडिबूहणया स्त्री [प्रतिबृंहणा] उपचय, पुष्टि।
पडिबोध देखो पडिबोह = प्रतिबोध।
पडिबोह सक [प्रति + बोधय्] जगाना। बोध देना, समझाना, ज्ञान प्राप्त कराना।
पडिबोहग वि [प्रतिबोधक] बोध देनेवाला। जगानेवाला।
पडिभंग पुं [प्रतिभंग] भंग, विनाश।
पडिभंज अक [प्रति + भञ्ज्] भाँगना, टूटना।
पडिभंड न [प्रतिभाण्ड] एक वस्तु को बेचकर उसके बदले खरीदी जाती चीज।
पडिभस सक [प्रति + भ्रंशय्] भ्रष्ट करना। च्युत करना।
पडिभग्ग वि [प्रतिभग्न] पलायित।
पडिभड पुं [प्रतिभट] प्रतिपक्षी योद्धा।
पडिभण सक [प्रति + भण्] उत्तर देना।
पडिभणिय वि [प्रतिभणित] निराकृत। न. प्रत्युत्तर, निराकरण।
पडिभम सक [प्रति, परि + भ्रम्] घूमना, पर्यटन करना।
पडिभय न [प्रतिभय] भय, डर।
पडिभा अक [प्रतिभा] मालूम होना।
पडिभाग पुं [प्रतिभाग] अंश, भाग। प्रतिबिम्ब।
पडिभास अक [प्रति + भास्] मालूम होना।
पडिभास सक [प्रति + भाष्] उत्तर देना। बोलना, कहना।
पडिभिण्ण वि [प्रतिभिन्न] सम्बद्ध, सलग्न।
पडिभिन्न वि [प्रतिभिन्न] भेद-प्राप्त।
पडिभुअग पुं [प्रतिभुजङ्ग] प्रतिपक्षी भुजग—वेश्या लम्पट।
पडिभू पु [प्रतिभू] जामिनदार।
पडिभेअ पु [दे. प्रतिभेद] उपालम्भ, निन्दा।
पडिभोइ वि [प्रतिभोगिन्] परिभोग करनेवाला।
पडिम वि [प्रतिम] समान, तुल्य।

पडिम° देखो पडिमा । °ट्ठाइ वि [°स्थायिन्] कायोत्सर्ग मे रहनेवाला । नियम-विशेष मे स्थित ।

पडिमंत सक [प्रति + मन्त्रय्] उत्तर देना ।

पडिमल्ल पुं [प्रतिमल्ल] प्रतिपक्षी मल्ल ।

पडिमा स्त्री [प्रतिमा] मूर्ति, प्रतिबिम्ब । कायोत्सर्ग । जैन-शास्त्रोक्त नियम-विशेष । °गिह न [°गृह] मन्दिर । देखो पडिम° ।

पडिमाण न [प्रतिमान] जिससे सुवर्ण आदि का तौल किया जाता है वह रत्ती, मासा आदि परिमाण ।

पडिमाण न [प्रतिमान] प्रतिमा, प्रतिबिम्ब ।

पडिमि } सक [प्रति + मा] तौल करना,
पडिमिण } माप करना । गिनती करना ।

पडिमुंच सक [प्रति + मुच्] छोडना ।

पडिमुंडणा स्त्री [प्रतिमुण्डना] निषेध, निवारण ।

पडिमुक्क वि [प्रतिमुक्त] छोडा हुआ ।

पडिमोअणा स्त्री [प्रतिमोचना] छुटकारा ।

पडिमोक्खण न [प्रतिमोचन] छुटकारा ।

पडिमोयग वि [प्रतिमोचक] छुटकाराकरनेवाला।

पडिमोयण देखो पडिमोक्खण ।

पडियक्क देखो पडिक्क ।

पडियक्क न [प्रतिचक्र] युद्धकला-विशेष ।

पडियग्गण न [प्रतिजागरण] सम्हाल, खबर ।

पडियच्च देखो पत्तिअ = प्रति + इ ।

पडियरण न [प्रतिकरण] प्रतीकार, इलाज ।

पडियरिअ वि [प्रतिचरित] सेवित, सेवा । किया हुआ ।

पडिया स्त्री [प्रतिज्ञा] उद्देश्य । अभिप्राय ।

पडिया स्त्री [पटिका] वस्त्र-विशेष ।

पडियाइक्ख सक [प्रत्या + ख्या] त्याग करना ।

पडियाणंद पु [प्रत्यानन्द] बहुत आनन्द ।

पडियाणय न [दे. पर्याणक] पर्याण के नीचे दिया जाता चर्म आदि का एक उपकरण ।

पडियाणय न [दे. पटतानक, पर्याणक] पर्याण के नीचे रखा जाता वस्त्र आदि का एक घुडसवारी का उपकरण ।

पडियारणा स्त्री [प्रतिवारणा] निषेध ।

पडियासूर अक [दे] चिडना, गुस्सा होना ।

पडिरअ देखो पडिरव ।

पडिरंजिअ वि [दे] भग्न, टूटा हुआ ।

पडिरक्खिय वि [प्रतिरक्षित] जिसकी रक्षा की गयी हो वह ।

पडिरव पुं [प्रतिरव] प्रतिध्वनि, प्रतिशब्द ।

पडिराय पुं [प्रतिराग] रक्तपन ।

पडिरिग्गअ [दे] देखो पडिरंजिअ ।

पडिरु अक [प्रति + रु] प्रतिध्वनि करना ।

पडिरुंध } सक [प्रति + रुध्] रोकना ।
पडिरुंभ } व्याप्त करना ।

पडिरुद्ध वि [प्रतिरुद्ध] अटकाया हुआ ।

पडिरूअ } वि [प्रतिरूप] मनोहर । प्रशस्त
पडिरूव } रूपवाला, श्रेष्ठ आकृतिवाला । नूतन रूपवाला । योग्य । सदृश, समान । समान रूपवाला । न. प्रतिबिम्ब, प्रतिमूर्ति । समान आकृति । पुं. भूत-निकाय का उत्तर दिशा का इन्द्र । विनय का एक भेद ।

पडिरूवसि वि [प्रतिरूपिन्] रमणीय ।

पडिरूवग पुन [प्रतिरूपक] प्रतिबिम्ब, प्रतिमा ।

पडिरूवणया स्त्री [प्रतिरूपणता] सादृश्य । समान वेष-धारण ।

पडिरूवा स्त्री [प्रतिरूपा] एक कुलकर पुरुष की पत्नी का नाम ।

पडिरोव पु [प्रतिरोप] पुनरारोपण ।

पडिरोह पुं [प्रतिरोध] रुकावट, रोकना ।

पडिलंभ सक [प्रति + लभ्] प्राप्त करना, लाभ होना ।

पडिलग्ग वि [प्रतिलग्न] लगा हुआ, सम्बद्ध ।

पडिलग्गल न [दे] वल्मीक ।

पडिलभ सक [प्रति + लभ्] प्राप्त करना ।

पडिलाभ } सक [प्रति + लाभय्, लम्भय्]
पडिलाह } साधु आदि को दान देना ।

पडिलिहिअ वि [प्रतिलिखित] लिखा हुआ ।

पडिलीण वि [प्रतिलीन] अत्यन्त लीन।

पडिलेह सक [प्रति + लेखय्] निरीक्षण करना, देखना। विचार करना। निरूपण करना। अवलोकन करना।

पडिलेहग देखो पडिलेहय।

पडिलेहणी स्त्री [तिलेखनी] साधु का एक उपकरण।

पडिलेहय वि [प्रतिलेखक] निरीक्षक, देखनेवाला।

पडिलोम वि [प्रतिलोम] प्रतिकूल। विपरीत। न. पश्चादानुपूर्वी, उलटा-क्रम। उदाहरण का एक दोष। अपवाद।

पडिलोमइत्ता अ [प्रतिलोमयित्वा] वाद-विशेष, वादसभा के सदस्य या प्रतिवादी को प्रतिकूल बनाकर किया जाता वाद—शास्त्रार्थ।

पडिल्ली स्त्री [दे] वृति, बाड। यवनिका।

पडिव देखो पलीव = प्र = दीपय्।

पडिवइर न [प्रतिवैर] वैर का बदला।

पडिवई देखो पडिवया।

पडिवंचण न [प्रतिवञ्चन] बदला।

पडिवंथ देखो पडिपंथ।

पडिवंध देखो पडिबंध।

पडिवंस पुं [प्रतिवंश] छोटा बाँस।

पडिवक्क सक [प्रति + वच्] प्रत्युत्तर देना।

पडिवक्ख पुं [प्रतिपक्ष] दुश्मन; विरोधी। छन्द-विशेष। विपर्यय, वैपरीत्य।

पडिवक्खिय वि [प्रतिपक्षिक] विरुद्ध-पक्ष-वाला, विरोधी।

पडिवच्च सक [प्रति + व्रज्] वापस जाना।

पडिवच्छ देखो पडिवक्ख।

पडिवज्ज सक [प्रति + पद्] स्वीकार करना। प्रतिपादन करना।

पडिवज्जण न [प्रतिपादन] स्वीकार करवाना।

पडिवज्जय वि [प्रतिपादक] स्वीकार करनेवाला।

पडिवज्जावण न[प्रतिपादन]स्वीकार कराना।

पडिवट्टअ न [प्रतिपट्टक] एक प्रकार का रेशमी कपडा।

पडिवड्ढावअ वि [प्रतिवर्धापक] बधाई देने पर उसे स्वीकार कर धन्यवाद देनेवाला। बधाई के बदले मे बधाई देनेवाला।

पडिवण्ण वि [प्रतिपन्न] प्राप्त। अंगीकृत। आश्रित। जिसने स्वीकार किया हो वह।

पडिवत्त पुं [परिवर्त्त] परिवर्त्तन।

पडिवत्तण देखो पडिअत्तण।

पडिवत्ति स्त्री [प्रतिपत्ति] परिच्छित्ति। प्रकृति, प्रकार। प्रवृत्ति, खबर। ज्ञान। आदर, गौरव। स्वीकार। प्राप्ति। मतान्तर। अभिग्रह-विशेष। भक्ति, सेवा। परिपाटी, क्रम। श्रुत-विशेष, गति, इन्द्रिय आदि द्वारों मे से किसी एक द्वार के जरिये समस्त संसार के जीवो को जानना। °समास पुं. श्रुत-ज्ञान-विशेष—गति आदि दो चार द्वारो के जरिये जीवों का ज्ञान।

पडिवत्तु पडिवज्ज का हेक्.।

पडिवद्दि देखो पडिवत्ति।

पडिवद्धावअ देखो पडिवड्ढावअ।

पडिवन्निय (अप) देखो पडिवण्ण।

पडिवय अक [प्रति + पत्] ऊँचे जाकर गिरना।

पडिवय सक [प्रति + वच्] उत्तर देना।

पडिवयण न [प्रतिवचन] प्रत्युत्तर, जवाब। आदेश, आज्ञा। पुं. हरिवंश के एक राजा का नाम।

पडिवया स्त्री[प्रतिपत्] पक्ष की पहली तिथि।

पडिववियय वि [प्रत्युप्त] फिर से बोया हुआ।

पडिवस अक [प्रति + वस्] निवास करना।

पडिवसभ पुं [प्रतिवृषभ] मूल स्थान से दो कोस की दूरी पर स्थित गाँव।

पडिवह् सक [प्रति + वह्] वहन करना,

ढोना ।
पडिवह् देखो पडिपह् ।
पडिवह् पु [प्रतिवध, परिवध] वध, हत्या ।
पडिवा देखो पडिवया ।
पडिवाइ वि [प्रतिवादिन्] प्रतिवाद करनेवाला, वादी का विपक्षी ।
पडिवाइ वि [प्रतिपादिन्] प्रतिपादन करनेवाला ।
पडिवाइ वि [प्रतिपातिन्] विनश्वर । फूंक से दीपक के प्रकाश के समान एकाएक नष्ट होनेवाला अवधिज्ञान ।
पडिवाइय देखो पडिवाइ = प्रतिपातिन् ।
पडिवाडि देखो परिवाडि ।
पडिवाद (शौ) सक [प्रति + पादय्] प्रतिपादन करना, निरूपण करना ।
पडिवादय वि [प्रतिपादक] प्रतिपादन करनेवाला ।
पडिवाय सक [प्रति + वाचय्] लिखने के बाद उसे पढ लेना । फिर से पढ लेना ।
पडिवाय सक [प्रति + पादय्] प्रतिपादन करना, निरूपण करना ।
पडिवाय पु. [प्रतिपात] पुनः-पतन, फिर से गिरना । नाश ।
पडिवाय पु [प्रतिवाद] विरोध ।
पडिवाय पु [प्रतिवात] प्रतिकूल पवन ।
पडिवारय देखो परिवार ।
पडिवाल सक [प्रति + पालय्] प्रतीक्षा करना । रक्षण करना ।
पडिवास पु [प्रतिवास] औषध आदि को विशेष उत्कृष्ट बनानेवाला चूर्ण आदि ।
पडिवासर न [प्रतिवासर] हर रोज ।
पडिवासुदेव पु [प्रतिवासुदेव] वासुदेव का प्रतिपक्षी राजा ।
पडिविक्किण सक [प्रतिवि + क्री] बेचना ।
पडिविज्जा स्त्री [प्रतिविद्या] विरोधी विद्या ।
पडिवित्थर पुं [प्रतिविस्तर] परिकर, विस्तार ।
पडिविद्धसण न [प्रतिविध्वंसन] विनाश ।
पडिविप्पिय न [प्रतिविप्रिय] अपकार का बदला, बदले के रूप मे किया जाता अनिष्ट ।
पडिविरइ स्त्री [प्रतिविरति] निवृत्ति ।
पडिविरय वि [प्रतिविरत] निवृत्त ।
पडिविसज्ज सक [प्रतिवि + सर्जय्] विसर्जन करना, विदा करना ।
पडिविहाण न [प्रतिविधान] प्रतीकार ।
पडिवुज्झमाण पडिवह् = प्रति + वह् का कवकृ. ।
पडिवुत्त वि [प्रत्युक्त] न. प्रत्युत्तर ।
पडिवुद (शौ) वि [परिवृत्त] परिकरित ।
पडिवूद पुं [प्रतिव्यूह] व्यूह का प्रतिपक्षी व्यूह, सैन्य-रचना-विशेष ।
पडिवूहण वि [प्रतिवृंहण] बढनेवाला । न. वृद्धि, पुष्टि ।
पडिवेस पुं [दे] विक्षेप, फेंकना ।
पडिवेसिअ वि [प्रतिवेश्मिक] पडोसी ।
पडिवोह देखो पडिवोह् ।
पडिसंका स्त्री [प्रतिशङ्का] भय, शका ।
पडिसंखा सक [प्रतिस + ख्या] व्यवहार करना, व्यपदेश करना ।
पडिसखिव सक [प्रतिसं + क्षिप्] संक्षेप करना ।
पडिसंखेव सक [प्रतिसं + क्षेपय्] सकेलना, समेटना ।
पडिसचिक्ख सक [प्रतिसम् + ईक्ष्] चिन्तन करना ।
पडिसंजल सक [प्रतिसं + ज्वालय्] उद्दीपित करना ।
पडिसत वि [परिशान्त] शान्त, उपशान्त ।
पडिसत वि [प्रतिश्रान्त] विश्रान्त ।
पडिसंत वि [दे] प्रतिकूल । अस्तमित ।
पडिसंध, पडिसंधया } सक [प्रतिस + धा] फिर से साँधना । उत्तर देना । अनुकूल करना ।

पडिसंध } सक [प्रतिसं + धा] आदर
पडिसंधा } करना। स्वीकार करना।

पडिसंमुह न [प्रतिसम्मुख] सम्मुख।

पडिसंलाव पुं [प्रतिसंलाप] प्रत्युत्तर, जवाव।

पडिसंलीण वि [प्रतिसंलीन] सम्यक् लीन, अच्छी तरह लीन। निरोध करनेवाला संयत।

°पडिया स्त्री [°प्रतिमा] क्रोध आदि का निरोध करने की प्रतिज्ञा।

पडिसंविक्ख सक [प्रतिसंवि + ईक्ष्] विचार करना।

पडिसंवेद } सक [प्रतिसं + वेदय्] अनुभव
पडिसंवेय } करना।

पडिसंसाहणया स्त्री [प्रतिसंसाधना] अनुगमन।

पडिसंहर सक [प्रतिसं + हृ] निवृत्त करना। निरोध करना।

पडिसक्क देखो परिसक्क।

पडिसडण न [प्रतिशदन,परिशदन] सड़ जाना। विनाश।

पडिसडिय वि [परिशटित] जो सड गया हो, जो विशेष जीर्ण हुआ हो वह।

पडिसत्तु पुं [प्रतिशत्रु] प्रतिपक्षी, दुश्मन।

पडिसत्थ पुं [प्रतिसार्थ] प्रतिकूल यूथ।

पडिसद्द पु [प्रतिशब्द] प्रतिध्वनि। प्रत्युत्तर।

पडिसद्दिय वि [प्रतिशब्दित] प्रतिध्वनियुक्त।

पडिसम अक [प्रति + शम्] विरत होना।

पडिसमाहर सक[प्रतिसमा + हृ] पीछे खीच लेना।

पडिसय पु [प्रतिश्रय] उपाश्रय, साधु का निवास-स्थान।

पडिसर पुं [प्रतिसर] सैन्य का पश्चाद्भाग। हस्त-सूत्र, वह धागा जो विवाह से पहले वर-वधू के हाथ मे रक्षार्थ बाँधते है, कंकण।

पडिसरीर न [प्रतिशरीर] प्रतिमूर्ति।

पडिसलागा स्त्री [प्रतिशलाका] पल्य विशेष।

पडिसव सक [प्रति + शप्] शाप के बदले में शाप देना।

पडिसव सक [प्रति + श्रु] प्रतिज्ञा करना। स्वीकार करना। आदर करना।

पडिसवत्त वि [प्रतिसपत्न] विरोधी शत्रु।

पडिसा अक [शम्] शान्त होना।

पडिसा अक [नश्] भागना, पलायन होना।

पडिसाइल्ल वि [दे] जिसका गला बैठ गया हो, घर्घर कण्ठवाला।

पडिसाड सक [प्रति + शादय्, परिशाटय्] सड़ाना। पलटाना। नाश करना।

पडिसाडणा स्त्री [परिशाटना] च्युत करना, भ्रष्ट करना।

पडिसाम अक [शम्] शान्त होना।

पडिसाय वि [शान्त] शम-प्राप्त।

पडिसाय पुं [दे] घर्घर कण्ठ।

पडिसार सक [प्रतिस्मारय्] याद दिलाना।

पडिसार सक [प्रति + सारय्] सजाना।

पडिसार सक [प्रति + सारय्] खिसकाना, हटाना, अन्य स्थान मे ले जाना।

पडिसार पु [दे] पटुता। वि. निपुण, चतुर।

पडिसार पु [प्रतिसार] सजावट। अपसरण। विनाश। पराङ्मुखता। अपसारण।

पडिसारी स्त्री [दे] परदा।

पडिसाह सक [प्रति + कथय्] उत्तर देना।

पडिसाहर सक [प्रतिसं + हृ] निवृत्त करना। विनाश करना। सकेलना, समेटना। वापस ले लेना। ऊँचे ले जाना।

पडिसिद्ध वि [दे] डरा हुआ। भग्न, त्रुटित।

पडिसिद्ध वि [प्रतिषिद्ध] निषिद्ध, निवारित।

पडिसिद्धि स्त्री [दे] प्रतिस्पर्धा।

पडिसिद्धि स्त्री [प्रतिसिद्धि] अनुरूप सिद्धि। प्रतिकूल सिद्धि।

पडिसिद्धि देखो पडिप्फद्धि।

पडिसिलोग पु [प्रतिश्लोक] श्लोक के उत्तर मे कहा गया श्लोक।

पडिसिविणअपुं [प्रतिस्वप्नक] स्वप्न का प्रतिकूल स्वप्न ।

पडिसीसअ } न [प्रतिशीर्षक] शिरोवेष्टन ।
पडिसीसक } सिर के प्रतिरूप सिर, पिसान (आटा) आदि का बनाया हुआ सिर ।

पडिसुइ पुं [प्रतिश्रुति] ऐरवत वर्ष के एक भावी कुलकर । भरतक्षेत्र मे उत्पन्न एक कुलकर पुरुष का नाम ।

पडिसुण सक [प्रति + श्रु] प्रतिज्ञा करना । स्वीकार करना ।

पडिसुणण स्त्रीन [प्रतिश्रवण] सुनाना, सुनकर उसका जवाब देना, प्रत्युत्तर । श्रवण ।

पडिसुणणा स्त्री [प्रतिश्रवण] अगीकार, स्वीकार । मुनि-भिक्षा का एक दोष, आधाकर्म-दोषवाली भिक्षा लाने पर उसका स्वीकार और अनुमोदन ।

पडिसुण्ण वि [प्रतिशून्य] खाली ।

पडिसुत्ति वि [दे] प्रतिकूल ।

पडिसुद्ध वि [परिशुद्ध] अत्यन्त शुद्ध ।

पडिसुय वि[प्रतिश्रुत]अगीकृत । न. स्वीकार । देखो पडिस्सुय ।

पडिसुया देखो पडसुआ = प्रतिश्रुत ।

पडिसुया स्त्री [प्रतिश्रुता] प्रवज्या-विशेष, एक प्रकार की दीक्षा ।

पडिसुहड पु [प्रतिसुभट] प्रतिपक्षी योद्धा ।

पडिसूयग पु [प्रतिसूचक] नगर-द्वार पर रहनेवाला जासूस ।

पडिसूर वि [दे] प्रतिकूल ।

पडिसूर पु [प्रतिसूर्य] सूर्य के सामने देखा जाता उत्पातादि-सूचक द्वितीय सूर्य । इन्द्रधनुष ।

पडिसेग पु [प्रतिषेक] नख के नीचे का भाग ।

पडिसेज्जा स्त्री [प्रतिशय्या] उत्तर-शय्या ।

पडिसेव सक [प्रति + सेव्] प्रतिकूल सेवा करना, निषिद्ध वस्तु की सेवा करना । सहन करना । सेवा करना ।

पडिसेवग देखो पडिसेवय ।

पडिसेवय वि [प्रतिषेवक] प्रतिकूल सेवा करनेवाला, निषिद्ध वस्तु का सेवन करनेवाला ।

पडिसेवि वि [प्रतिषेविन्] शास्त्र-प्रतिषिद्ध वस्तु का सेवन करनेवाला ।

पडिसेवेत्तु वि [प्रतिषेवितृ] प्रतिषिद्ध वस्तु की सेवा करनेवाला ।

पडिसेह सक [प्रति + सिध्] निषेध करना, निवारण करना ।

पडिसेह पु [प्रतिषेध] निषेध, निवारण ।

पडिसेहग वि [प्रतिषेधक] निषेध-कर्ता ।

पडिसोअ } पु [प्रतिस्रोतस्] उलटा प्रवाह ।
पडिसोत्त }

पडिसोत्त वि [दे] प्रतिकूल ।

पडिस्सत देखो परिस्संत ।

पडिस्सति स्त्री [परिश्रान्ति] परिश्रम ।

पडिस्सय पु [प्रतिश्रय] जैन साधुओ को रहने का स्थान, उपाश्रय ।

पडिस्सर देखो पडिसर ।

पडिस्साव सक [प्रति + श्रावय्] प्रतिज्ञा कराना । स्वीकार कराना ।

पडिस्सावि वि [प्रतिस्राविन्] झरनेवाला, टपकनेवाला ।

पडिस्सुण सक [प्रति + श्रु] सुनना । अंगीकार करना ।

पडिस्सुय वि [प्रतिश्रुत] प्रतिज्ञात । स्वीकृत । देखो पडिसुय ।

पडिस्सुया देखो पडंसुआ ।

पडिस्सुया देखो पडिसुया = प्रतिश्रुता ।

पडिहच्छ वि [दे] पूर्ण । देखो पडिहत्थ ।

पडिहट्टु अ [प्रतिहृत्य] अर्पण करके ।

पडिहड पु [प्रतिभट] प्रतिपक्षी योद्धा ।

पडिहण सक [प्रति + हन्] प्रतिघात करना, प्रतिहिंसा करना ।

पडिहणिय देखो पडिभणिय ।

पडिहत्थ वि [दे] पूर्ण, भरा हुआ । प्रतिक्रिया,

प्रतिकार,बदला। वचन, वाणी। अतिप्रभूत। अपूर्व, अद्वितीय।

पडिहत्थ सक [दे] प्रत्युपकार करना।

पडिहत्थ वि [प्रतिहस्त] तिरस्कृत।

पडिहत्थी स्त्री [दे] वृद्धि।

पडिहम्म देखो पडिहण।

पडिहय वि [प्रतिहत] प्रतिघात-प्राप्त।

पडिहर सक [प्रति+हृ] फिर से पूर्ण करना।

पडिहा अक [प्रति+भा] मालूम होना, लगना।

पडिहा स्त्री [प्रतिभा] नूतन-नूतन उल्लेख करने मे समर्थ बुद्धि।

पडिहा देखो पडिहाय = प्रतिघात।

पडिहाण देखो पणिहाण।

पडिहाण न [प्रतिभान] प्रतिभा, बुद्धि-विशेष। °व वि [°वत्] प्रतिभावाला।

पडिहाय देखो पडिहा = प्रति + भा।

पडिहाय पुं [प्रतिघात] घात का बदला। निरोध।

पडिहार पुं [प्रतिहार] इन्द्र-नियुक्त देव। पुंस्त्री. दरवान।

पडिहारिय देखो पाडिहारिय।

पडिहारिय वि [प्रतिहारित] अवरुद्ध।

पडिहास अक [प्रति+भास्] मालूम होना, लगना।

पडिहास पुं [प्रतिभास] प्रतिभास, प्रतिभान।

पडिहुअ, पडिहू पुं [प्रतिभू] जामीन, जामीनदार।

पडिहू अक [परि+भू] पराभव करना।

पडी स्त्री [पटी] वस्त्र।

पडीआर पु [प्रतीकार] देखो पडिआर।

पडीकर सक [प्रति+कृ] प्रतिकार करना।

पडीकार देखो पडिआर।

पडीछ देखो पडिच्छ = प्रति = इष्।

पडीण वि [प्रतीचीन] पश्चिम दिशा से सम्बन्ध रखनेवाला। °वाय पुं [°वात] पश्चिम की वायु।

पडीणा स्त्री [प्रतीची] पश्चिम दिशा।

पडीर पुं [दे] चोर-समूह।

पडीव वि [प्रतीप] प्रतिकूल, प्रतिपक्षी।

पडु वि [पटु] निपुण, कुशल।

पडु (अप) देखो पडिअ = पतित।

पडुआलिअ वि [दे] निपुण बनाया हुआ। ताडित, पिटा हुआ। धारित।

पडुक्खेव पुं [प्रत्युत्क्षेप] वाद्य-ध्वनि। उत्थापन, उठान।

पडुक्खेव पुं [प्रत्युत्थेप, प्रतिक्षेप] वाद्य-ध्वनि। क्षेपण, फेंकना।

पडुच्च, पडुच्चा अ [प्रतीत्य] आश्रय करके। अपेक्षा करके। अधिकार करके। °करण न. किसी की अपेक्षा से जो कुछ करना, आपेक्षिक कृति। °भाव पु. सप्रतियोगिक पदार्थ, आपेक्षिक वस्तु। °वयण न [°वचन] आपेक्षिक वचन। °सच्चा स्त्री [°सत्या] सत्य भाषा का एक भेद, अपेक्षा-कृत सत्य वचन।

पडुजुवइ स्त्री [दे] युवति।

पडुत्तिया स्त्री [प्रत्युक्ति] प्रत्युत्तर, जवाब।

पडुप्पण्ण पु [प्रत्युत्पन्न] वर्त्तमान काल। वि. वर्त्तमान काल मे विद्यमान। प्राप्त। उत्पन्न।

पडुल्ल न [दे] छोटी थाली। वि. चिरप्रसूत।

पडुवइअ वि [दे] तीक्ष्ण, तेज।

पडुवत्ती स्त्री [दे] जवनिका।

पडुह देखो पड्डुह।

पडोअ वि [दे] बाल, लघु, छोटा।

पडोच्छन्न वि [प्रत्यवच्छन्न] आच्छादित।

पडोयार सक [प्रत्युप+चारय्] प्रतिकूल उपचार करना।

पडोयार पु [दे] उपकरण।

पडोयार पुं [प्रत्युपचार] प्रतिकूल उपचार।

पडोयार पुं [प्रत्यवतार] अवतरण। आविर्भाव।

पडोयार पुं [पदावतार] किसी वस्तु का पदो मे विचार के लिए अवतरण।

पडोयार पुं [प्रत्युपकार] उपकार का उपकार ।
पडोयार पु [दे] सामग्री । परिकर ।
पडोल पुस्त्री [पटोल] लता-विशेष, परवल का गाछ ।
पडोहर न [दे] घर का पीछला आँगन ।
पडु वि [दे] धवल, सफेद ।
पडुस पुं [दे] पहाड की गुफा ।
पडुच्छी स्त्री [दे] भैस ।
पडुत्थी स्त्री [दे] बहुत दूधवाली । दोहनेवाली ।
पडुय पु [दे] भैसा, पाड़ा ।
पडुला स्त्री [दे] पाद-प्रहार ।
पडुस वि [दे] सुसंयमित ।
पडुावि अ वि [दे] समापित ।
पडुिया स्त्री [दे] छोटी भैस, पाडी । छोटी गौ, वछिया । प्रथमप्रसूता गौ । नव-प्रसूता महिषी । पडुी स्त्री [दे] प्रथम-प्रसूता ।
पड्डुआ स्त्री [दे] चरण-घात ।
पड्डुह अक [क्षुभ्] क्षुब्ध होना ।
पढ सक [पठ्] पढना, अभ्यास करना । बोलना, कहना ।
पढ पु. भारतीय देश-विशेष ।
पढग वि [पाठक] पढनेवाला ।
पढम वि [प्रथम] पहला, आद्य । नूतन । प्रधान, मुख्य । °करण न. आत्मा का परिणाम-विशेष । °कसाय पु [°कषाय] अनन्तानुबन्धी कषाय । °ट्ठाणि, °ठाणि वि [°स्थानिन्] अव्युत्पन्न-बुद्धि, अनिष्णात । °पाउस पु [°प्रावृष्] आषाढ़ मास । °समोसरण न [°समवसरण] वर्षा-काल । °सरय पुं [°शरत्] मार्गशीर्ष मास । °सुरा स्त्री. नयी दारू, शराब ।
पढमा स्त्री [प्रथमा] प्रतिपदा तिथि, पड़वा । व्याकरण-प्रसिद्ध पहली विभक्ति ।
पढमालिआ स्त्री [दे. प्रथमालिका] प्रथम भाजन ।
पढाइद [शौ] नीचे देखो ।
पढाव सक [पाठय्] पढाना ।
पढावअ वि [पाठक] अध्यापक ।
पढाविअवंत वि [पाठितवत्] जिसने पढाया हो वह ।
पढाविउ वि [पाठयितृ] अध्यापक ।
पढुक्क वि [प्रढौकित] भेट के लिए उपस्थापित ।
पढुम देखो पढम ।
पढे देखो पढाव ।
पण देखो पंच । °णउइ स्त्री [°नवति] पचानवे । °तीस स्त्रीन [°त्रिंशत्] पैंतीस । °नुवइ देखो °णउइ । °रस त्रि. व. [°दशन्] पनरह । °वन्निय वि [°वर्णिक] पाँच रग का । °वीस स्त्रीन [°विंशति] पचीस । °वीसइ स्त्री [विंशति] वही अर्थ । °सट्ठि स्त्री [°षष्टि] पैंसठ । °सय न [°शत] पाँच सौ । °सीइ स्त्री [°शीति] पचासी । °सुन्न न [°सून] पाँच हिंसा-स्थान ।
पण पुं. शर्त, होड़ । प्रतिज्ञा । धन । विक्रेय वस्तु ।
पण पुं [प्रण] प्रतिज्ञा ।
पण } न [पञ्चक] पाँच का समूह । नीवी
पणग } तप ।
पणअत्तिअ वि [दे] प्रकटित, व्यक्त किया हुआ ।
पणअन्न देखो पणपन्न ।
पणइ स्त्री [प्रणति] प्रणाम ।
पणइ वि [प्रणयिन्] प्रणयवाला, स्नेही, प्रेमी । पु. पति । याचक, प्रार्थी । भृत्य, दास ।
पणइणी स्त्री [प्रणयिनी] पत्नी, प्रिया ।
पणइय वि [प्रणयिक, प्रणयिन्] देखो पणइ = प्रणयिन् ।
पणंगणा स्त्री [पणाङ्गना] वेश्या, वारागना ।
पणग न [पञ्चक] पाँच का समूह ।
पणग पुं [दे. पनक] शैवाल । काई, वर्षा-काल मे भूमि, काष्ठ आदि मे उत्पन्न होनेवाला

एक प्रकार का जल-मैल। सूक्ष्म पंक। देखो पणय (दे)। °मट्टिया, °मत्तिया स्त्री [°मृत्तिका] नदी आदि के पूर के खतम होने पर रह जाती कोमल चिकनी मिट्टी।

पणच्च अक [प्र + नृत्] नृत्य करना।

पणच्चिअ वि [प्रनृत्तित] नाचा हुआ, जिसका नाच हुआ हो वह।

पणच्चिअ वि [प्रनर्त्तित] नचाया हुआ।

पणट्ठ वि [प्रनष्ट] प्रकर्ष से नाश को प्राप्त।

पणद्ध वि [प्रणद्ध] परिगत।

पणपन्न स्त्रीन [दे. पञ्चपञ्चाशत्] पचपन।

पणपन्नइम वि [दे. पञ्चपञ्चाश] पचपनवाँ।

पणपन्निय देखो पणवन्निय।

पणपन्निय पु [पचप्रज्ञप्तिक] व्यन्तर देवो की एक जाति।

पणम सक [प्र + नम्] प्रणाम करना, नमन करना।

पणमिअ वि [प्रणत] नमा हुआ। जिसने नमने का प्रारम्भ किया हो वह। जिसको नमन किया गया हो वह। [प्रणमित] नमाया हुआ।

पणय सक [प्र + णी] स्नेह करना, प्रेम करना। प्रार्थना करना।

पणय वि [प्रणत] जिसको प्रणाम किया गया हो वह। जिसने नमस्कार किया हो वह। प्राप्त। निम्न, नीचा।

पणय पु [प्रणय] स्नेह, प्रेम। प्रार्थना। °वत वि [°वत्] स्नेहवाला, प्रेमी।

पणय पु [दे] पंक।

पणय पुं [दे. पनक] सेवार, तृण-विशेष। काई, जल-मैल। सूक्ष्म कर्दम।

पणयाल वि [दे. पञ्चचत्वारिश] पैतालीसवाँ।

पणयाल / पणयालीस स्त्रीन [दे. पञ्चचत्वारिंशत्] पैतालीस।

पणव देखो पणम।

पणव पु [प्रणव] ओंकार।

पणव पु. पटह, ढोल, वाद्य-विशेष।

पणवणिय देखो पणवन्निय।

पणवण्ण देखो पणपन्न।

पणवन्निय पुं [पणपन्निक] व्यन्तर देवों की एक जाति।

पणविय देखो पणमिअ = प्रणत।

पणवीसी स्त्री [पञ्चविंशतिका] पचीसका समूह।

पणस पुं [पनस] वृक्ष-विशेष, कटहल या कटहर।

पणसुदरी स्त्री [पणसुन्दरी] वेश्या।

पणाम सक [अर्पय्] अर्पण करना, देने के लिए उपस्थित करना।

पणाम सक [प्र+नमय्] नमाना।

पणाम सक [उप+नी] उपस्थित करना।

पणाम पु [प्रणाम] नमस्कार।

पणामणिआ स्त्री [दे] स्त्रीविषयक प्रणय।

पणामय वि [अर्पक] देनेवाला।

पणामय वि [प्रणामक] नमानेवाला। शब्द आदि विषय।

पणायक / पणायग वि [प्रणायक] ले जानेवाला।

पणाल पुं [प्रणाल] मोरी।

पणालिआ स्त्री [प्रणालिका] परम्परा। पानी जाने का रास्ता।

पणाली स्त्री [प्रणाली] पानी जाने का रास्ता।

पणाली स्त्री [प्रनाली] शरीर-प्रमाण लम्बी लाठी।

पणास सक [प्र+नाशय्] विनाश करना।

पणासण वि [प्रणाशन] विनाशकारक।

पणिअ वि [दे] प्रकट, व्यक्त।

पणिअ वि [प्रणीत] रचित।

पणिअ न [पणित] बेचने-योग्य वस्तु। व्यवहार। क्रय-विक्रय। शर्त, एक तरह का जुआ। °भूमि, °भूमी स्त्री अनार्य देश-विशेष। विक्रेय वस्तु रखने का स्थान। °साला स्त्री [°शाला] हाट।

पणिअ न [पण्य] विक्रेय वस्तु। °गिह,

°घर न [°गृह] दूकान। °साला स्त्री [°शाला] °हाट। °वण पुं [°पण] दूकान।

पणिअ वि [प्रणीत] सुन्दर। °भूमि स्त्री. मनोज्ञ भूमि।

पणिअट्ठ वि [पणितार्थ] चोर।

पणिअसाला स्त्री [पण्यशाला] गोदाम।

पणिआ स्त्री [दे] करोटिका। खोपडी।

पणिंदि, पणिंदिय वि [पञ्चेन्द्रिय] त्वक्, जीभ, नाक, आँख और कान—इन पाँचो इन्द्रियो वाला प्राणी।

पणिद्ध वि [प्रस्निग्ध] विशेष स्निग्ध।

पणिधाण देखो पणिहाण।

पणिधि पुंस्त्री [प्रणिधि] माया, छल। देखो पणिहि।

पणियत्थ वि [प्रणिवसित] पहना हुआ।

पणिलिअ वि [दे] हत, मारा हुआ।

पणिवइअ वि [प्रणिपतित] नत, नमा हुआ। जिसको नमस्कार किया गया हो वह।

पणिवय सक [प्रण+पत्] नमन करना, वन्दन करना।

पणिवाय पुं [प्रणिपात] वन्दन, नमस्कार।

पणिहा सक [प्रणि+धा] एकाग्र चिन्तन करना ध्यान करना। अपेक्षा करना। अवधान करना। अभिलाषा करना। चेष्टा करना, प्रयत्न करना। प्रयोग करना।

पणिहि पुंस्त्री [प्रणिधि] एकाग्रता, अवधान। कामना। पुं. चरपुरुष, दूत। चेष्टा, व्यापार। माया, कपट। व्यवस्थापन। बडा निधि।

पणिहिय वि [प्रणिहित] प्रयुक्त व्यापृत। व्यवस्थित।

पणीय वि [प्रणीत] निर्मित, कृत। स्निग्ध, घृत आदि स्नेह की प्रचुरतावाला। निरूपित, प्ररूपित, आख्यात। सुन्दर। सम्यग् आचरित।

पणीहाण देखो पणिहाण।

पणुल्ल देखो पणोल्ल।

पणुवीस स्त्रीन [पञ्चविंशति] पचीस की संख्या। जिनकी संख्या पचीस हो वे।

पणुवीसइम वि [पञ्चविंशतितम] पच्चीसवाँ।

पणोल्ल सक [प्र+णुद्] प्रेरणा करना। फेकना। नाश करना।

पणोल्लय वि [प्रणोदक] प्रेरक।

पणोल्लि वि [प्रणोदिन्] प्रेरणा करनेवाला। पु प्राजन दण्ड, बैल इत्यादि हाँकने की लकडी।

पण्ण वि [प्रज्ञ] जानकार, दक्ष, निपुण।

पण्ण वि [प्राज्ञ] प्रज्ञावाला, बुद्धिमान्, दक्ष। वि. प्राज्ञ-सम्बन्धी।

पण्ण न [पर्ण] पत्ता, पत्ती।

पण्ण देखो पणिअ = पण्य।

पण्ण स्त्रीन [दे] पचास।

पण्ण देखो पंच, पण °र। °रस त्रि. व. [°दशन्] पनरह। °रसम वि [°दश] पनरहवाँ। °रसी स्त्री [°दशी] पनरहवी तिथि-विशेष। °रह देखो °रस। °रह वि [°दश] पनरहवाँ। देखो पन्न = पंच।

पण्ण वि [पार्ण] पर्ण-सम्बन्धी, पत्ते का।

पण्ण° देखो पण्णा°। °व वि [°वत्] प्रज्ञावाला।

पण्णई [पन्नगा] भगवान् धर्मनाथ की शासन-देवी।

पण्णग पुं [पन्नग] सर्प। °सन पुं [°शन] गरुड़ पक्षी। °रिउ पुं [°रिपु] गरुड पक्षी।

पण्णग वि [दे. पन्नक] दुर्गन्धी। °तिल पुं. दुर्गन्धी तिल।

पण्णट्ठि स्त्री [पञ्चषष्टि] पैसठ।

पण्णत्त वि [प्रज्ञप्त] निरूपित, उपदिष्ट, कथित। प्रणीत, रचित। आसेवित।

पण्णत्ति स्त्री [प्रज्ञप्ति] विद्यादेवी-विशेष। प्रकृष्ट ज्ञान। जिससे प्ररूपण किया जाय वह।

पाँचवाँ अंग-ग्रन्थ, भगवती सूत्र। सूर्य-प्रज्ञप्ति आदि उपाग ग्रन्थ। विद्या-विशेष। प्ररूपण, प्रतिपादन। °खेवणी स्त्री [°क्षेपणी] कथा का एक भेद। °पक्खेवणी स्त्री [°प्रक्षेपणी] कथा का एक भेद।

पण्णपण्णिय पु [पण्णपर्णि] व्यन्तर देवों की एक जाति।

पण्णय देखो पण्णग।

पण्णव सक [प्र+ज्ञापय्] प्ररूपण करना, उपदेश करना, प्रतिपादन करना।

पण्णवग वि [प्रज्ञापक] प्ररूपक, प्रतिपादक।

पण्णवण न [प्रज्ञापन] प्ररूपण, प्रतिपादन। शास्त्र, सिद्धान्त। वि. ज्ञापक, निरूपक।

पण्णवणा स्त्री [प्रज्ञापना] प्ररूपणा, प्रतिपादन। एक जैन आगम ग्रन्थ 'प्रज्ञापना' सूत्र।

पण्णवणी स्त्री [प्रज्ञापनी] अर्थबोधक भाषा।

पण्णवण्ण स्त्रीन [दे. पञ्चपञ्चाशत्] पचपन।

पण्णवय देखो पण्णवग।

पण्णवेत्तु वि [प्रज्ञापयितृ] प्रतिपादक, प्ररूपण करनेवाला।

पण्णा सक [प्र+ज्ञा] प्रकर्ष से जानना। अच्छी तरह जानना।

पण्णा स्त्री [प्रज्ञा] मनुष्य की दस अवस्थाओं में पाँचवी अवस्था। बुद्धि। ज्ञान। °परिसह, °परीसह पु[°परिषह, °परीषह] बुद्धि का गर्व न करना। बुद्धि के अभाव में खेद न करना। °मय पुं [°मद] बुद्धि का अभिमान। °वंत वि [°वत्] ज्ञानवान्।

पण्णाग वि [प्रज्ञ] विद्वान्।

पण्णाण न [प्रज्ञान] प्रकृष्ट ज्ञान। सम्यग् ज्ञान। आगम। °व वि [°वत्] ज्ञानवान्। शास्त्रज्ञ।

पण्णाराह (अप) त्रि. ब. [पञ्चदशन्] पनरह।

पण्णावीसा स्त्री [पञ्चविंशति] पचीस।

पण्णास स्त्रीन [दे. पञ्चाशत्] पचास।

पण्णासग वि [पञ्चाशक] पचास वर्ष की उम्र का।

पण्णुवीस देखो पणुवीस।

पण्ह पुंस्त्री [प्रश्न] पृच्छा। °वाहण न [°वाहन] जैन मुनि-गण का एक कुल। °वागरण न [°व्याकरण] ग्यारहवाँ जैन अंग-ग्रन्थ। देखो पसिण।

पण्हअ अक [प्र+स्नु] झरना, टपकना।

पण्हअ, पण्हव पुं [दे. प्रस्नव] स्तन से दूध का झरना। झरना, टपकना।

पण्हव पुं [पह्लव] अनार्य देश-विशेष। वि. उस देश का निवासी।

पण्हविअ देखो पण्हुअ।

पण्हि पुंस्त्री [पार्ष्णि] फोली का अधोभाग, गुल्फ का नीचला हिस्सा, एड़ी।

पण्हिया स्त्री [प्रष्णिका] एडी, गुल्फ का अधोभाग।

पण्हुअ वि [प्रस्नुत] क्षरित, झरा हुआ। जिसने झरने का प्रारम्भ किया हो वह।

पण्हुइर वि [प्रस्नोतृ] झरनेवाला।

पण्होत्तर न [प्रश्नोत्तर] सवाल-जवाब।

पतणु देखो पयणु।

पतार सक [प्र+तारय्] ठगना।

पतारग वि [प्रतारक] वञ्चक।

पतिण्ण वि [प्रतीर्ण] पार पहुँचा हुआ, निस्तीर्ण।

पतुण्ण न [प्रतुन्न] वल्कल का बना हुआ वस्त्र।

पतेरस, पतेलस वि [प्रत्रयोदश] प्रकृष्ट तेरहवाँ। °वास न [°वर्ष] प्रकृत तेरहवाँ वर्ष। प्रकृत तेरहवाँ वर्ष। प्रस्थित तेरहवाँ वर्ष।

पत्त वि [प्राप्त] मिला हुआ, पाया हुआ। °काल, °याल न [°काल] चैत्य-विशेष। वि. अवसरोचित।

पत्त न [पत्र] पत्ती, पत्ता, दल। पाँख।

कागज । °च्छेज्ज न [°च्छेद्य] कला-विशेष । °मंत वि [°वत्] पत्रवाला । °रह पुं [°रथ] पक्षी । °लेहा स्त्री[°लेखा] चन्दनादि से पत्र के आकृतिवाली रचना-विशेष, भूषा का एक प्रकार । °वल्ली स्त्री पत्रवाली लता । मुँह पर चन्दन आदि से की जाती पत्र-श्रेणी-तुल्य रचना । °विंट न [°वृन्त] पत्र का बन्धन । °विंटिय वि [°वृन्तक, °वृन्तीय] पत्र वृन्त में उत्पन्न होता एक प्रकार का त्रीन्द्रिय जन्तु । °विच्छुय पुं[वृश्चिक]एक तरह का वृश्चिक, चतुरिन्द्रिय जीवो की एक जाति । °वेंट देखो °विंट । °सगडिआ स्त्री [°शकटिका] पत्तो से भरी हुई गाडी । °समिद्ध वि [°समृद्ध] प्रभूत पत्तेवाला । °हार पुं त्रीन्द्रिय जन्तु-विशेष । °हार पुं. पत्ती पर निर्वाह करनेवाला वानप्रस्थ ।

पत्त न [पात्र] भाजन । आधार, आश्रय, स्थान । दान देने योग्य गुणी लोक । लगातार बत्तीस उपवास । °बंध पुं [°बन्ध] पात्रो को बाँधने का कपडा । देखो पाय = पात्र ।

पत्त वि [प्राप्त] प्रसारित ।

पत्तइअ वि [प्रत्ययित] विश्वस्त ।

पत्तइअ वि [पत्रकित] अल्प पत्रवाला । कुत्सित पत्रवाला ।

पत्तउर पुं [दे] वनस्पति-विशेष, एक प्रकार का गाछ ।

पत्तच्छेज्ज न [पत्रच्छेद्य] बाण से पत्ती बेधने की कला । नक्काशी का काम, खोदने का काम ।

पत्तट्ठ वि [दे. प्राप्तार्थ] बहु-शिक्षित, विद्वान्, अति कुशल ।

पत्तट्ठ वि [दे] मनोहर ।

पत्तण देखो पट्टण ।

पत्तण न [दे. पत्त्रण] बाण का फलक । पुख, बाण का मूल भाग ।

पत्तणा स्त्री [दे. पत्त्रणा] ऊपर देखो । पुख मे की जाती रचना-विशेष ।

पत्तणा स्त्री [प्रापणा] प्राप्ति ।

पत्तपसाइआ स्त्री [दे] पत्तियों की एक तरह की पगडी, जिसे भील लोग पहनते हैं ।

पत्तपिसालस न [दे] ऊपर देखो ।

पत्तय न [पत्रक] एक प्रकार का गेय ।

पत्तरक न [दे. प्रतरक] आभूषण-विशेष ।

पत्तल वि [दे] तीक्ष्ण, तेज । पतला ।

पत्तल वि[पत्रल]बहुत पत्तीवाला । पक्ष्मवाला ।

पत्तल न [पत्र] पर्ण ।

पत्तली स्त्री [दे] एक प्रकार का राज-देय ।

पत्तहारय वि [पत्रहारक] पत्तो को बेचने का काम करनेवाला ।

पत्ताण सक [दे] पताना, मिटाना ।

पत्तामोड पुंन [आमोटपत्र] तोडा हुआ पत्र ।

पत्ति स्त्री [प्राप्ति] लाभ ।

पत्ति पु. सेना-विशेष, जिसमें एक रथ, एक हाथी, तीन घोडे और पाँच पैदल हो । पैदल चलनेवाली सेना ।

पत्ति, पत्तिअ } सक [प्रति+इ] जानना । विश्वास करना । आश्रय करना ।

पत्तिअ वि [पत्रित] जिसमे पत्र उत्पन्न हुए हो वह ।

पत्तिअ वि [प्रतीति, प्रत्ययित] प्रतीतिवाला, विश्वस्त ।

पत्तिअ न [प्रीतिक] प्रीति, स्नेह ।

पत्तिअ पुंन [प्रत्यय] विश्वास ।

पत्तिअ न [पत्रिक] मरकत-पत्र ।

पत्तिआ स्त्री [पत्रिका] पर्ण ।

पत्तिआअ देखो पत्तिअ = प्रति + इ ।

पत्तिआव सक [प्रति + आयय्] विश्वास कराना, प्रतीति कराना ।

पत्तिग देखो पत्तिअ = प्रीतिक ।

पत्तिज्ज देखो पत्तिअ = प्रति + इ ।

पत्तिज्जाव देखो पत्तिआव ।

पत्तिसमिद्ध वि [दे] तीक्ष्ण ।

पत्ती स्त्री [दे] देखो पत्तपसाइआ।
पत्ती स्त्री [पत्नी] भार्या।
पत्ती स्त्री [पात्री] भाजन।
पत्तु पाव = प्र + आप् का हेक्र.।
पत्तुवगद (शौ) वि [प्रत्युपगत] सामने गया हुआ। वापस गया हुआ।
पत्तेअ } न [प्रत्येक] हर एक। एक के
पत्तेग } सामने। न कर्म-विशेष, जिसके उदय से एक जीव का एक अलग शरीर होता है। पृथक्-पृथक्। पुं. वह जीव जिसका शरीर अलग हो। °णाम न [°नामन्] देखो ऊपर का तीसरा अर्थ। °निगोयय पुं [°निगोदक] जीव-विशेष। °बुद्ध पुं. अनित्यतादि भावना के कारणभूत किसी एक वस्तु से परमार्थ का ज्ञान जिसको उत्पन्न हुआ हो ऐसा जैन मुनि। °बुद्धसिद्ध पुं. प्रत्येकबुद्ध होकर मुक्ति को प्राप्त जीव। °रस वि. विभिन्न रसवाला। °सरीर वि [°शरीर] विभिन्न शरीरवाला। न. कर्म-विशेष, जिसके उदय से एक जीव का एक विभिन्न शरीर होता है। °सरीरनाम न [°शरीरनामन्] वही पूर्वोक्त अर्थ।
पत्तेय वि [प्रत्येक] बाह्य कारण।
पत्थ सक [प्र + अर्थय्] प्रार्थना करना। अभिलाषा करना। रोकना।
पत्थ पुं [पार्थ] मध्यम पाण्डव अर्जुन। पाञ्चाल देश के एक राजा का नाम। भद्दिलपुर नगर का एक राजा।
पत्थ पुं [प्रार्थ] प्रार्थन, प्रार्थना। दो दिनो का उपवास।
पत्थ देखो पच्छ = पथ्य।
पत्थ पु [प्रस्थ] कुडव का एक परिमाण। सेतिका, एक कुडव का परिमाण।
पत्थग देखो पत्थय।
पत्थड पुं [प्रस्तर] रचना-विशेषवाला समूह। भवनो के बीच का अन्तराल भाग।
पत्थड वि [प्रस्तृत] बिछाया हुआ, फैला हुआ।
पत्थणया } स्त्री [प्रार्थना] वाञ्छा।
पत्थणा } याचना। विज्ञप्ति, निवेदन।
पत्थय वि [प्रार्थक] अभिलाषा करनेवाला।
पत्थयण न [पथ्यदन] शम्बल, पाथेय, कलेवा।
पत्थर सक [प्र + स्तृ] बिछाना। फैलाना।
पत्थर पु [प्रस्तर] पत्थर।
पत्थर न [दे] पाद-ताडन, लात।
पत्थर देखो पत्थार।
पत्थरण न [प्रस्तरण] बिछौना।
पत्थरभल्लिअ न [दे] कोलाहल करना।
पत्थरा स्त्री [दे] चरण-घात, लात।
पत्थरिअ पु [दे] पल्लव, कोपल।
पत्थव देखो पत्थाव।
पत्था अक [प्र + स्था] प्रस्थान करना, प्रवास करना।
पत्थार पुं [प्रस्तार] विस्तार। तृणवन। पल्लवादि-निर्मित शय्या। पिंगल-प्रसिद्ध प्रक्रिया-विशेष। प्रायश्चित्त की रचना-विशेष। विनाश।
पत्थारी स्त्री [दे] समूह। शय्या।
पत्थाव सक [प्र + स्तावय्] प्रारम्भ करना।
पत्थाव पुं [प्रस्ताव] अवसर। प्रसग, प्रकरण।
पत्थिअ वि [प्रस्थित] जिसने प्रयाण किया हो वह। न प्रस्थान, गति, चाल।
पत्थिअ वि [प्रार्थित] जिसके पास प्रार्थना की गई हो वह। जिस चीज की प्रार्थना की गई हो वह।
पत्थिअ वि [दे] शीघ्र, जल्दी करनेवाला।
पत्थिअ वि [प्रार्थिक] प्रार्थी।
पत्थिअ वि [प्रास्थित] प्रकृष्ट श्रद्धावाला।
पत्थिअ° } स्त्री [दे] बाँस का बना हुआ
पत्थिआ } भाजन-विशेष। °पिडग, °पिडय न [°पिटक] वही अर्थ।
पत्थिद देखो पत्थिअ = प्रस्थित, प्रार्थित।

पत्थिव पुं [पार्थिव] राजा। वि. पृथिवी का विकार।

पत्थी स्त्री [दे. पात्री] पात्र, भाजन।

पत्थीण न [दे] मोटा कपडा। वि. स्थूल।

पत्थुय वि [प्रस्तुत] प्रकरण-प्राप्त, प्राकरणिक। प्राप्त, लब्ध।

पत्थुर देखो पत्थर = प्र + स्तृ।

पत्थे = देखो पत्थ = प्र+अर्थय्।

पत्थोउ वि [प्रस्तोतृ] प्रस्ताव करनेवाला। प्रवर्त्तक।

पथम (पै) देखो पढम।

पदअ सक [गम्] जाना, गमन करना।

पदंसिअ वि [प्रदर्शित] दिखलाया हुआ।

पदक्खिण वि [प्रदक्षिण] जिसने दक्षिण की तरफ से लेकर मण्डलाकार भ्रमण किया हो वह। न दक्षिणावर्त्त भ्रमण।

पदक्खिण सक [प्रदक्षिणय्] प्रदक्षिणा करना।

पदण न [पदन] प्रतीति कराना।

पदण (शौ) न [पतन] गिरना।

पदम (शौ) देखो पउम।

पदय देखो पयय = पतंग।

पदरिसिय देखो पदसिअ।

पदहण न [प्रदहन] संताप, गरमी।

पदाइ वि [प्रदायिन्] देनेवाला।

पदाण न [प्रदान] दान, वितरण।

पदादि (शौ) पु [पदाति] पैदल सैनिक।

पदायग वि [प्रदायक] देनेवाला।

पदाव देखो पयाव।

पदाहिण वि [प्रदक्षिण] प्रकृष्ट दक्षिण, प्रकर्ष से दक्षिण दिशा मे स्थित।

पदिकिदि (शौ) देखो पडिकिदि।

पदित्त देखो पलित्त।

पदिस° स्त्री [प्रदिश्] विदिशा, ईशान आदि।

पदिस्सा देखो पदेक्ख।

पदीव सक [प्र + दीपय्] जलाना। प्रकाश करना।

पदीव देखो पईव + प्रदीप।

पदीविआ स्त्री [प्रदीपिका] छोटा दिया।

पदुग्ग पुंन [प्रदुर्ग] कोट, किला।

पदुट्ठ वि [प्रद्विष्ट, प्रदुष्ट] विशेष द्वेष को प्राप्त।

पदुब्भेइय न [पदोद्भेदक] पद-विभाग और शब्दार्थ मात्र का पारायण।

पदूमिय वि [प्रदावित, प्रदून] अत्यन्त पीडित।

पदूस सक [प्र + द्विष्] द्वेष करना।

पदूसणया स्त्री [प्रद्वेषणा, प्रदूषणा] द्वेष, मात्सर्य।

पदेक्ख सक [प्र + दृश्] प्रकर्ष से देखना।

पदेस देखो पएस = प्रदेश।

पदेस पु [प्रद्वेष] द्वेष।

पदेसिअ वि [प्रदेशित] प्ररूपित, प्रतिपादित।

पदोस देखो पओस = दे, प्रद्वेष।

पदोस देखो पओस = प्रदोष।

पद्द न [दे] ग्राम-स्थान। छोटा गाँव।

पद्द न [पद्य] श्लोक, वृत्त, काव्य।

पद्देस देखो पदेस = प्रद्वेष।

पद्धइ स्त्री [पद्धति] रास्ता। पंक्ति, श्रेणी। परिपाटी। प्रक्रिया, प्रकरण।

पद्धंस पुं [प्रध्वंस] ध्वस, नाश। °भाव पुं. अभाव-विशेष, वस्तु के नाश होने पर उसका जो अभाव होता है वह।

पद्धर वि [दे] ऋजु, सीधा। शीघ्र।

पद्धल वि [दे] दोनो पार्श्वो मे अप्रवृत्त।

पद्धार वि [दे] जिसका पूँछ कट गया हो वह।

पधाइय देखो पधाविय।

पधाण देखो पहाण।

पधार देखो पहार = प्र + धारय्।

पधाव सक [प्र + धाव्] दौड़ना, अधिक वेग

से जाना।

पधावण न [प्रधावन] दौड, वेग से गमन। कार्य की शीघ्र सिद्धि। प्रक्षालन।

पधूवण न [प्रधूपन] धूप देना। एक प्रकार का आलेपन द्रव्य।

पधूविय वि [प्रधूपित] जिसको धूप दिया गया हो वह।

पधोअ सक [प्र + धाव्] धोना।

पधोअ वि [प्रधौत] धोया हुआ।

पधोव सक [प्र + धाव्] धोना।

पन देखो पंच। °र, °रस त्रि. ब. ["दशन्] पनरह।

पन्नंगणा स्त्री [पण्याङ्गना] वेश्या।

पन्नत्तरि स्त्री [पञ्चसप्तति] पचहत्तर।

पन्नत्तु वि [प्रज्ञापयितृ] आख्याता, प्रतिपादक।

पन्नपत्तिया स्त्री [प्रज्ञप्रत्यया] देखो पुन्न-पत्तिया।

पन्नपन्नइम देखो पणपन्नइ ।

पन्नया स्त्री [पन्नगा] भगवान् धर्मनाथजी की शासन-देवी।

पन्नवग वि [प्रज्ञापक] प्रतिपादक, प्ररूपक।

पन्नाड सक [मृद्] मर्दन करना।

पन्नारस (अप) त्रि. ब. [पञ्चदशन्] पनरह।

पन्नास देखो पण्णास। °इम वि [°तम] पचासवाँ।

पन्हु (अप) देखो पण्हअ = दे. प्रस्नव।

पपंच देखो पवंच।

पपलीण वि [प्रपलायित] भागा हुआ।

पपिआमह पुं [प्रपितामह] ब्रह्मा, विधाता। परदादा।

पपुत्त पुं [प्रपुत्र] पौत्र।

पपुत्त, पपोत्त पु [प्रपौत्र] पौत्र का पुत्र।

पप्प सक [प्र + आप्] प्राप्त करना।

पप्पग न [दे. पर्पक] वनस्पति-विशेष।

पप्पड, पप्पडग पुंस्त्री [पर्पट] पापड। पापड के आकारवाला शुष्क मृत्खण्ड। °पायय पुं [°पाचक] नरकावास-विशेष। °मोदय पुं [°मोदक] एक प्रकार की मिष्ट वस्तु।

पप्पडिया स्त्री [पर्पटिका] तिल आदि की बनी हुई एक प्रकार की खाद्य वस्तु।

पप्पल देखो पप्पड।

पप्पीअ पु [दे] चातक पक्षी, पपीहा।

पप्पुअ वि [प्रप्लुत] जलार्द्र। व्याप्त। न. कूदना, लाँघना।

पप्फंदण न [प्रस्पन्दन] प्रचलन, फरकना।

पप्फाड पु [दे] अग्नि-विशेष।

पप्फिडिअ वि [दे] प्रतिफलित।

पप्फुअ वि [दे] दीर्घ। उडता।

पप्फुट्ट अक [प्र + स्फुट्] खिलना। फूटना।

पप्फुडिअ पु [प्रस्फुटित] नरकावास-विशेष।

पप्फुय देखो पप्पुअ।

पप्फुर अक [प्र + स्फुर्] फरकना, हिलना। काँपना।

पप्फुल्ल अक [प्र + फुल्ल्] विकसना।

पप्फुल्ल वि [प्रफुल्ल] विकसित, खिला हुआ।

पप्फुल्लिआ स्त्री [प्रफुल्लिका] देखो उप्फुल्लिआ।

पप्फुसिय न [प्रस्पृष्ट] उत्तम स्पर्श।

पप्फोड देखो पप्फुट्ट।

पप्फोड सक [प्र + स्फोटय्] झाड़ना। झाड-कर गिराना। आस्फालन करना। प्रक्षेपण करना। प्रकृष्ट धूनन करना। तोड़ना।

पफुल्ल देखो पप्फुल्ल।

पबंध सक [प्र + बन्ध्] प्रबन्ध रूप से कहना। विस्तार से कहना।

पबंध पु [प्रबन्ध] सन्दर्भ, ग्रन्थ, परस्पर अन्वित वाक्य-समूह। निरन्तरता।

पबंधण न [प्रबन्धन] प्रबन्ध, सन्दर्भ, अन्वित वाक्य-समूह की रचना।

पवल वि [प्रवल] बलिष्ठ, प्रचण्ड, प्रखर।

पवाहा स्त्री [प्रबाधा] विशेष पीडा।

पवुद्ध वि [प्रबुद्ध] प्रवीण, निपुण। जागा हुआ। जिसने अच्छी तरह जानकारी प्राप्त की हो वह।

पवोध सक [प्र + बोधय्] जागृत करना। ज्ञान कराना।

पवोहय देखो पबोध।

पवोहय वि [प्रबोधक] प्रबोध-कर्त्ता।

पव्वल देखो पवल।

पव्बाल देखो पव्वाल = छादय्।

पव्बाल देखो पव्वाल = प्लावय्।

पव्वुद्ध देखो पवुद्ध।

पव्भ वि [प्रह्व] नम्र।

पव्भट्ठ / पव्भसिअ वि [प्रभ्रष्ट] परिभ्रष्ट, प्रस्खलित, चूका हुआ। विस्मृत। पुं. नरकावास-विशेष।

पव्भार पु [दे. प्राग्भार] सघात, समूह।

पव्भार पु [दे] पर्वत-कन्दरा।

पव्भार पु [प्राग्भार] प्रकृष्ट भार। ऊपर का भाग। थोडा नमा हुआ पर्वत का भाग। एक देश, एक भाग। उत्कर्ष, परभाग। पुन. पर्वत के ऊपर का भाग। वि. थोड़ा नमा हुआ।

पव्भारा स्त्री [प्राग्भारा] दशा-विशेष, पुरुष की सत्तर से अस्सी वर्ष तक की अवस्था।

पव्भूअ वि [प्रभूत] उत्पन्न।

पव्भोअ पु [दे. प्रभोग] भोग, विलास।

पभ पु [प्रभ] हरिकान्त नामक इन्द्र का एक लोकपाल। द्वीप-विशेष और समुद्र-विशेष का अधिपति देव।

°पभ वि [प्रभ] सदृश, तुल्य।

°पभइ देखो °पभिइ।

पभंकर पु [प्रभङ्कर] ग्रह-विशेष, ज्योतिष-देव-विशेष। पुं. देव-विमान।

पभंकर वि [प्रभाकर] प्रकाशक।

पभंकरा स्त्री [प्रभङ्करा] विदेह-वर्ष की एक नगरी का नाम। चन्द्र की एक अग्रमहिषी का नाम। सूर्य की एक अग्रमहिषी का नाम।

पभंकरावई स्त्री [प्रभङ्करावती] विदेह वर्ष की एक नगरी।

पभंगुर वि [प्रभङ्गुर] अति विनश्वर।

पभंजण पु [प्रभञ्जन] वायुकुमार-निकाय के उत्तर दिशा का इन्द्र। लवण-समुद्र के एक पाताल-कलश का अधिष्ठायक देव। मानुषोत्तर पर्वत के एक शिखर का अधिपति देव। °तणअ पु [°तनय] हनूमान्।

पभंसण न [प्रभ्रंशन] स्खलना।

पभकंत पु [प्रभकान्त] विद्युत्कुमार देवो के हरिकान्त और हरिस्सह नामक दोनो इन्द्रो के लोकपालो के नाम।

पभण सक [प्र + भण्] कहना, बोलना।

पभम सक [प्र + भ्रम्] भ्रमण करना, भटकना।

पभव अक [प्र + भू] समर्थ होना, पहुँचना। होना, उत्पन्न होना।

पभव पु [प्रभव] उत्पत्ति, जन्म, प्रसूति, प्रसव। प्रथम उत्पत्ति का कारण। एक जैन-मुनि, जम्बु-स्वामी का शिष्य।

पभवा स्त्री [प्रभवा] तृतीय वासुदेव की पटरानी।

पभा स्त्री [प्रभा] कान्ति, तेज। प्रभाव।

पभाइअ / पभाय पुं [प्रभात] सुबह। वि. प्रकाशित। °तणय वि [°संबन्धिन्] प्रभात-सम्बन्धी।

पभार पु [प्रभार] प्रकृष्ट भार।

पभाव देखो पहाव = प्र + भावय्।

पभावई स्त्री [प्रभावती] उन्नीसवें जिनदेव की माता का नाम। रावण की एक पत्नी का नाम। उदायन राजर्षि की पटरानी और चेड़ा नरेश की पुत्री का नाम। बलदेव के पुत्र निषध की भार्या। राजा बल की पत्नी।

पभावग वि [प्रभावक] प्रभाव बढानेवाला,

शोभा की वृद्धि करनेवाला। उन्नति-कारक। गौरव जनक।

पभावय वि [प्रभावक] गौरव बढानेवाला।

पभावाल पु [प्रभावाल] वृक्ष-विशेष।

पभास सक [प्र + भाष्] बोलना, भाषण करना।

पभास अक [प्र + भास्] प्रकाशित होना।

पभास सक [प्र + भासय्] प्रकाशित करना।

पभास पु [प्रभास] भगवान् महावीर के एक गणधर का नाम। एक विकटापाती पर्वत का अधिष्ठाता देव। एक जैन मुनि का नाम। एक चित्रकार का नाम। न. तीर्थ-विशेष। देव-विमान-विशेष। °तित्थ न [°तीर्थ] तीर्थ-विशेष, भारतवर्ष की पश्चिम दशा मे स्थित एक तीर्थ।

पभासा स्त्री [प्रभासा] अहिंसा, दया।

पभिइ देखो पभिइ।

°पभिइ वि व [°प्रभृति] इत्यादि, वगैरह।

पभिइ, पभिई, पभीइ, पभीइ } अ[प्रभृति] प्रारम्भ कर, (वहाँ से) शुरू कर लेकर।

पभीय वि [प्रभीत] अत्यन्त डरा हुआ।

पभु पुं [प्रभु] इक्ष्वाकुवंश के एक राजा का नाम। स्वामी, मालिक। राजा। वि. समर्थ। योग्य, लायक।

पभुज सक [प्र + भुज्] भोग करना।

पभुति (पै) देखो पभिइं।

पभुत्त वि [प्रभुक्त] जिसने खाने का प्रारम्भ किया हो वह। जिसने भोजन किया हो वह।

पभूइ, पभूइं } देखो पभिइं।

पभूय वि [प्रभूत] प्रचुर, बहुत।

पभोय (अप) देखो उवभोग।

पमइल वि [प्रमलिन] अति मलिन।

पमक्खण न [प्रम्रक्षण] अभ्यञ्जन, विलेपन। विवाह के समय किया जाता एक तरह का उवटन।

पमक्खिअ वि [प्रम्रक्षित] विलिप्त। विवाह के समय जिसको उवटन किया गया हो वह।

पमज्ज सक [प्र + मृज्, मार्ज्] मार्जन करना, साफ-सुथरा करना, झाडू आदि से धूलि वगैरह को दूर करना।

पमज्जणिया, पमज्जणी } स्त्री [प्रमार्जनी] झाडू।

पमज्जय वि [प्रमार्जक] प्रमार्जन करनेवाला।

पमत्त वि [प्रमत्त] असावधान, प्रमादी। न. छठवाँ गुण-स्थानक। प्रमाद। °जोग पु [°योग] प्रमाद-युक्त चेष्टा। °संजय पुं [°सयत] प्रमादी साधु।

पमद देखो पमय।

पमदा देखो पमया।

पमद्द सक [प्र + मृद्] मर्दन करना। विनाश करना। कम करना। चूर्ण करना। रुई की पूणी—पूनी बनाना।

पमद्द प [प्रमर्द] ज्योतिष शास्त्र मे प्रसिद्ध एक योग। सघर्ष, समर्द। वि. मर्दन करनेवाला। विनाशक।

पमद्दय वि [प्रमर्दक] प्रमर्दन-कर्त्ता।

पमय पु [प्रमद] आनन्द। न धतूरे का फल। °च्छी स्त्री [°क्षी] महिला। °वण न [°वन] राजा का अन्त-पुर-स्थित वह वन जहाँ राजा रानियो के साथ क्रीड़ा करे।

पमया स्त्री [प्रमदा] उत्तम स्त्री।

पमह पुं [प्रमथ] शिव का अनुचर। °णाह पुं [°नाथ] महादेव। °हिव पुं [°धिप] शिव।

पमा सक [प्र + मा] सत्य-सत्य ज्ञान करना।

पमा स्त्री [प्रमा] प्रमाण, परिमाण, न्याय।

पमा° देखो पमाय = प्रमाद।

पमाइ वि [प्रमादिन्] प्रमादी, बेदरकार।

पमाण सक [प्र + मानय्] विशेष रीति से

मानना, आदर करना ।

पमाण न [प्रमाण] यथार्थ ज्ञान । सत्य ज्ञान का साधन । जिससे नाप किया जाय वह । परिमाण । संख्या । न्याय-शास्त्र । पुंन सत्य रूप से जिसका स्वीकार किया जाय वह । माननीय, आदरणीय । सच्चा, ठीक-ठीक । °वाय पुं [°वाद] न्याय-शास्त्र, तर्क-शास्त्र । °संवच्छर पुं [°संवत्सर] वर्ष-विशेष ।

पमाण सक [प्रमाणय्] प्रमाण रूप से स्वीकार करना ।

पमाणिआ } स्त्री [प्रमाणिका, प्रमाणी]
पमाणी } छन्द-विशेष ।

पमाणीकर अक [प्रमाणी+कृ] प्रमाण करना, सत्य रूप से स्वीकार करना ।

पमाद देखो पमाय = प्र+मद् ।

पमाद देखो पमाय = प्रमाद ।

पमाय अक [प्र + मद्] प्रमाद करना ।

पमार पु [प्रमार] मरण का प्रारम्भ । बुरी तरह मारना ।

पमिय वि [प्रमित] परिमित, नापा हुआ ।

पमिलाण वि [प्रम्लान] अतिशय मुरझाया हुआ ।

पमिलाय अक [प्र + म्लै] मुरझाना ।

पमिल्ल अक [प्र + मील्] विशेष संकोच करना , सकुचना ।

पमीय° देखो पमा = प्र + मा का कर्म. ।

पमील देखो पमिल्ल ।

पमुइअ वि [प्रमुदित] हर्ष-प्राप्त ।

पमुंच सक [प्र + मुच्] परित्याग करना ।

पमुक्क वि [प्रमुक्त] परित्यक्त ।

°पमुक्ख देखो °पमुह ।

पमुच्छिय पुं [प्रमूर्च्छित] नरकावास ।

पमुत्त देखो पमुक्क ।

पमुदिय देखो पमुइअ ।

पमुद्ध वि [प्रमुग्ध] अत्यन्त मुग्ध ।

पमुह वि [प्रमुख] तल्लीन दृष्टिवाला । पु. ग्रह-विशेष, ज्योतिष्क देव-विशेष । न. प्रकृष्ट आरम्भ, आदि, आपात ।

°पमुह वि. व. [°प्रमुख] वगैरह, आदि । प्रधान, श्रेष्ठ मुख्य ।

पमुहर वि [प्रमुखर] वाचाल ।

पमेइल वि [प्रमेदस्विन्] जिसके शरीर में चर्बी बहुत हो वह ।

पमेय वि [प्रमेय] प्रमाण-विषय, सत्य-पदार्थ ।

पमेह पुं [प्रमेह] मेह रोग, मूत्र-दोष, बहु-मूत्रता ।

पमोअ पुं [प्रमोद] आनन्द । राक्षस-वंश के एक राजा का नाम, एक लंका-पति ।

पमोक्ख° देखो पमुच ।

पमोक्ख पुंन [प्रमोक्ष] मुक्ति, निर्वाण । प्रत्युत्तर ।

पम्मलाअ अक [प्र+म्लै] अधिक म्लान होना ।

पम्माअ } वि [प्रम्लान] विशेष म्लान,
पम्माइअ } अत्यन्त मुरझाया हुआ । शुष्क ।

पम्माण वि [प्रम्लान] निस्तेज, मुरझाया हुआ । न. फीकापन, मुरझाना ।

पम्मि पुं [दे] हाथ ।

पम्मुक्क देखो पमुक्क ।

पम्मुह वि [प्राङ्मुख] पूर्व की ओर जिसका मुँह हो वह ।

पम्ह पुंन [पक्ष्मन्] आँख के बाल । पद्म आदि का केसर । सूत्र आदि का अत्यल्प भाग । पाँख । केश का अग्र-भाग । अग्र-भाग । महाविदेह वर्ष का एक विजय—प्रदेश । न. एक देव-विमान । °कंत न [°कान्त] एक देव-विमान का नाम । °कूड पु [°कूट] पर्वत-विशेष । न. ब्रह्मलोक नामक देवलोक का एक देव-विमान । पर्वत-विशेष का एक शिखर । °ज्झय न [°ध्वज] देव-विमान-विशेष । °प्पभ न [°प्रभ] ब्रह्मलोक का एक

देवविमान। °लेस, °लेस्स न [°लेश्य] ब्रह्मलोक-स्थित एक देव-विमान। °वण्ण न [°वर्ण] वही पूर्वोक्त अर्थ। °सिंग न [°शृङ्ग] वही अर्थ। °सिट्ठ न [°सृष्ट] वही पूर्वोक्त अर्थ। °वत्त न [°वर्त्त] वही अर्थ।

पम्ह देखो पउम। °गंध वि [°गन्ध] कमल की गन्ध। वि. कमल के समान गन्धवाला। °लेस वि [°लेश्य] पद्मा नामक लेश्या-वाला। °लेसा स्त्री[°लेश्या] पाँचवीं लेश्या, आत्मा का शुभतर परिणाम-विशेष। °लेस्स देखो °लेस।

पम्हअ सक [प्र + स्मृ] विस्मरण होना।

पम्हगावई स्त्री [पक्ष्मकावती] महाविदेह वर्ष का एक विजय, प्रदेश-विशेष।

पम्हट्ठ वि [प्रस्मृत] विस्मृत। जिसको विस्मरण हुआ हो।

पम्हट्ठ वि [दे] प्रभ्रष्ट, विलुप्त। प्रक्षिप्त।

पम्हय वि [पक्ष्मज] पक्ष्म से उत्पन्न। न. एक प्रकार का सूता।

पम्हर पु [दे] अपमृत्यु, अकाल मरण।

पम्हल वि [पक्ष्मल] सुन्दर पक्ष्म-युक्त।

पम्हल पुं [दे] किंजल्क, पद्म आदि का केसर।

पम्हलिय वि [दे. पक्ष्मलित] धवलित।

पम्हस सक [वि + स्मृ] भूल जाना।

पम्हा स्त्री [पद्मा] पद्म लेश्या, आत्मा का शुभतर परिणाम-विशेष। विजय क्षेत्र-विशेष।

पम्हार पु [दे] बेमौत मरण।

पम्हावई स्त्री [पक्ष्मावती] विजय-विशेष की एक नगरी। पर्वत-विशेष।

पम्हुट्ठ वि [दे] नाश-प्राप्त। विस्मृत।

पम्हुत्तरवडिंसग न [पक्ष्मोत्तरावतंसक] ब्रह्मलोक में स्थित एक देव-विमान।

पम्हुस सक [वि + स्मृ] भूलना।

पम्हुस सक [प्र + मृश्] स्पर्श करना।

पम्हुस सक [प्र + मुष्] चोरी करना।

पम्हुह सक [स्मृ] स्मरण करना।

पम्हुहण वि [स्मर्तृ] स्मरण करनेवाला।

पय सक [पच्] पकाना, पाक करना।

पय सक [पद्] जाना। जानना। विचारना।

पय पुंन [पयस्] दूध। जल। °हर देखो पओहर।

पय पुं [प्रज] प्राणी, जन्तु।

पय पुंन [पद] विभक्ति के साथ का शब्द। शब्द-समूह, वाक्य। पैर। पाद-चिह्न। पद्य का चौथा हिस्सा। निमित्त, कारण। स्थान। पदवी, अधिकार। शरण। प्रदेश। व्यवसाय। कूट, जाल-विशेष। °खेम न [°क्षेम] शिव, कल्याण। °त्थ पु [°स्थ] पदाति, पैदल। °पास पुं [°पाश] वागुरा, जाल आदि बन्धन। °रक्ख पुं[°रक्ष] प्यादा। °विग्गह पुं [°विग्रह] पदविच्छेद। °विभाग पुं. उत्सर्ग और अपवाद का यथा-स्थान निवेश, सामाचारी-विशेष। °वीढ देखो पायवीढ। °समास पुं. पदो का समुदाय। °णुसारि वि [°नुसारिन्] एक पद से अनेक अनुक्त पदो का भी अनुसन्धान करने की शक्तिवाला। °णुसारिणी स्त्री [°नुसारिणी] एक पद के श्रवण से दूसरे अश्रुत पदो का स्वयं पता लगानेवाली बुद्धि।

पय (अप) देखो पत्त = प्राप्त।

पय° देखो पया = प्रजा। °पाल वि. प्रजा का पालक। पुं. नृप-विशेष।

°पय वि [°प्रद] देनेवाला।

पयइ स्त्री [प्रकृति] सधि का अभाव।

पयइ देखो पगइ।

पयइंद पुं [पतगेन्द्र, पदकेन्द्र] वानव्यन्तर-जातीय देवो का इन्द्र।

पयई देखो पयवी।

पयंग पु [पतङ्ग] सूर्य। रग-विशेष, रञ्जन-द्रव्य-विशेष। शलभ, फतिंगा। पयय = पतग,

पदक, पदग। °वीहिया स्त्री [°वीथिका] शलभ का उड़ना। भिक्षा के लिए पतंग की तरह चलना, बीच में दो चार घरों को छोडते हुए भिक्षा लेना। °वीही स्त्री [°वीथी] वही पूर्वोक्त अर्थ।

पयंचुल पुंन [प्रपञ्चुल] मत्स्यबन्धन-विशेष, मछली पकडने का एक प्रकार का जाल।

पयंड वि [प्रचण्ड] अत्युग्र, तीव्र, प्रखर। भयानक, भयंकर।

पयंड वि [प्रकाण्ड] अत्युग्र, उत्कट।

पयंप अक [प्र + कम्प्] अतिशय काँपना।

पयंप सक [प्र + जल्प्] कहना, बोलना। बकवाद करना।

पयंस सक [प्र + दर्शय्] दिखलाना।

पयक्क देखो पाइक्क।

पयक्ख सक [प्रत्या + ख्या] प्रत्याख्यान करना, प्रतिज्ञा करना।

पयक्खिण देखो पदक्खिण।

पयक्खिणा देखो पदक्खिणा।

पयग देखो पयय = पतग, पदक, पदग।

पयच्छ सक [प्र + यम्] देना, अर्पण करना।

पयट्ट अक [प्र + वृत्] प्रवृत्ति करना।

पयट्ट वि [प्रवृत्त] जिसने प्रवृत्ति की हो वह। चलित।

पयट्टय वि [प्रवर्त्तक] प्रवृत्ति करनेवाला।

पयट्टावअ वि [प्रवर्त्तक] प्रवृत्ति करानेवाला।

पयट्टाविअ वि [प्रवर्त्तित] प्रवृत्त किया हुआ।

पयट्टिअ वि [दे] किसी कार्य मे लगाया हुआ।

पयट्ठाण देखो पइट्ठाण।

पयड सक [प्र + कटय्] प्रकट करना, व्यक्त करना। विख्यात होना।

पयडि देखो पगइ।

पयडि स्त्री [दे] मार्ग।

पयडिय वि [प्रपतित] गिरा हुआ।

पयडीकय वि [प्रकटीकृत] प्रकट किया हुआ।

पयडीकर सक [प्रकटी + कृ] प्रकट करना।

पयडीभूअ } वि [प्रकटीभूत] जो प्रकट
पयडीहूअ } हुआ हो।

पयड्ढणी स्त्री [दे] प्रतीहारी। आकर्षण। महिषी।

पयण देखो पवण।

पयण देखो पडण।

पयण } न [पचन, °क] पाक, पकाना।
पयणग } पकाने का पात्र। °साला स्त्री [°शाला] एक-स्थान।

पयणु } वि [प्रतनु] कृश। सूक्ष्म। अल्प।
पयणुअ }

पयण्णय देखो पइण्णग।

पयत्त अक [प्र + यत्] प्रयत्न करना।

पयत्त देखो पयट्ट = प्र + वृत।

पयत्त पुं [प्रयत्न] चेष्टा, उद्यम, उद्योग।

पयत्त वि [प्रदत्त, प्रत्त] दिया हुआ। अनुज्ञात, सम्मत।

पयत्त देखो पयट्ट = प्रवृत्त।

पयत्तावि वि [प्रवर्त्तित] प्रवृत्त किया हुआ।

पयत्थ पुं [पदार्थ] शब्द का प्रतिपाद्य, पद का अर्थ। तत्त्व। वस्तु, चीज।

पयन्न देखो पइण्ण = प्रकीर्ण।

पयन्ना देखो पइण्णा।

पयप्पण न [प्रकल्पन] कल्पना, विचार।

पयय देखो पायय = प्राकृत।

पयय वि [प्रयत] प्रयत्न-शील।

पयय पु [पतग, पदक, पदग] वानव्यन्तर देवो की एक जाति। पतग देवो का दक्षिण दिशा का इन्द्र। °वइ पु [°पति] पतग देवों का उत्तर दिशा का इन्द्र।

पयय न [दे] अनिश, निरन्तर।

पयर सक [स्मृ] स्मरण करना।

पयर अक [प्र + चर्] प्रचार होना। फैलना व्यापृत होना, काम मे लगना।

पयर पु [प्रकर] समूह, सार्थ, जत्था।

पयर पुं [प्रदर] योनि का रोग-विशेष । विदारण, भंग । शर, बाण ।

पयर देखो पइ र = वप् ।

पयर देखो पयार = प्रकार ।

पयर देखो पयार = प्रचार ।

पयर पुंन [प्रतर] पत्रक, पत्रा, पतरा । वृत्त पत्राकार आभूषण-विशेष । गणित-विशेष, सूची से गुणी हुई सूची । भेद-विशेष, वांस आदि की तरह पदार्थ का पृथग्भाव । °तव पुन [तपस्] तप-विशेष । °वट्ट न [°वृत्त] संस्थान-विशेष ।

पयर न [प्रतर] गणित-विशेष, श्रेणी से गुनी हुई श्रेणी ।

पयरण न [प्रकरण] प्रस्ताव, प्रसंग । एकार्थ-प्रतिपादक ग्रन्थ । एकार्थ-प्रतिपादक ग्रन्थांश ।

पयरण न [प्रतरण] प्रथम दातव्य भिक्षा ।

पयरिस देखो पयंस ।

पयरिस देखो पगरिस ।

पयल अक [प्र + चल्] चलना । स्खलित होना ।

पयल देखो पयड = प्र + कटय् ।

पयल देखो पयड = प्रकट ।

पयल (अप) सक [प्र + चालय्] चलाना । गिराना ।

पयल वि [प्रचल] चलायमान, चलनेवाला ।

पयल पु [दे] नीड ।

पयल° } स्त्री [दे. प्रचला] नीद । बैठे-बैठे
पयला } और खडे-खडे जो नीद आती है वह । जिसके उदय से बैठे-बैठे और खडे-खडे नीद आती है वह कर्म । °पयला स्त्री [दे. प्रचला] जिसके उदय से चलते-चलते निद्रा आती है वह कर्म । चलते-चलते आनेवाली नीद ।

पयला अक [प्रचलाय्] निद्रा लेना ।

पयलाइअ न [प्रचलायित] नीद के कारण बैठे-बैठे सिर का डोलना ।

पयलाइया स्त्री [दे] हाथ से चलनेवाले जन्तु की एक जाति ।

पयलाय देखो पयला = प्रचलाय् ।

पयलाय पुं [दे] महादेव । साँप ।

पयलायण न [प्रचलायन] देखो पयलाइअ ।

पयलायभत्त पुं [दे] मोर ।

पयलिअ देखो पयडिअ ।

पयल्लिय वि [प्रदलित] तोडा हुआ ।

पयल्ले सक [प्र = चालय्] चलायमान करना ।

पयल्ल अक [प्र + सृ] पसरना, फैलना ।

पयल्ल अक [क्रु] शिथिल करना, ढीला होना । लटकना ।

पयल्ल वि [प्रसृत] फैला हुआ ।

पयल्ल पुं [प्रकल्य] महाग्रह-विशेष ।

पयव सक [प्र + तप्, तापय्] तपाना ।

पयव सक [पा] पीना, पान करना ।

पयवई स्त्री [दे] सेना, लश्कर ।

पयवि स्त्री [पदवि] देखो पयवी ।

पयवी स्त्री [पदवी] रास्ता । विरुद, पदवी ।

पयह सक [प्र + हा] त्याग करना, छोडना ।

पयहिण देखो पदक्खिण = प्रदक्षिण ।

पया सक [प्र + जनय्] प्रसव करना, जन्म देना ।

पया सक [प्र + या] प्रस्थान करना ।

पया स्त्री [दे] चुल्ली, चुल्हा ।

पया स्त्री. ब. [प्रजा] वशवर्त्ती मनुष्य, रैयत । जन-समूह । जन्तु-समूह । सन्तान वाली स्त्री । सन्तान । °णंद पुं [°नन्द] एक कुलकर पुरुष का नाम । °नाह पुं [°नाथ] राजा । °पाल पु. एक जैन मुनि जो पाँचवे वलदेव के पूर्वजन्म मे गुरु थे । °वइ पु [°पति] विधाता । प्रथम वासुदेव के पिता का नाम । रोहिणी-नक्षत्र का अधिष्टायक देव । दक्ष, कश्यप आदि ऋषि । नरेश । रवि । अग्नि । त्वष्टा । पिता । कीट-विशेष । जामाता ।

अहोरात्र का उन्नीसवाँ मुहूर्त्त ।

पयाइ पुं [पदाति] पाँव से (पैदल) चलनेवाला सैनिक ।

पयाग पुंन [प्रयाग] तीर्थ-विशेष, जहाँ गगा और यमुना का संगम है ।

पयाण न [प्रदान] दान, वितरण ।

पयाण न [प्रतान] विस्तार ।

पयाण न [प्रयाण] प्रस्थान, गमन ।

पयाम देखो पकाम ।

पयाम न [दे] अनुपूर्व, क्रमानुसार ।

पयाय देखो पयाग ।

पयाय वि [प्रयात] जिसने प्रयाण किया हो वह ।

पयाय वि [प्रजात] उत्पन्न, संजात ।

पयाय वि [प्रजात, प्रजनित] प्रसूत, जिसने जन्म दिया हो वह ।

पयाय देखो पयाव = प्रताप ।

पयार सक [प्र + चारय्] प्रचार करना ।

पयार सक [प्र + तारय्] ठगना ।

पयार पुं [प्रकार] भेद, किस्म । ढंग, रीति, तरह ।

पयार पु [प्राकार] दुर्ग ।

पयार पु [प्रचार] सचार, सचरण । प्रसार । प्रकर्ष-प्राप्ति । आचरण, आचार ।

पयाल पुं [पाताल] भगवान् अनन्तनाथजी का शासन-यक्ष ।

पयाव सक [प्र + तापय्] गरम करना ।

पयाव पुं [प्रताप] तेज, प्रखरता । प्रकृष्ट ताप, प्रखर ऊष्मा ।

पयावण न [पाचन] पकवाना, पाक करना ।

पयावण न [प्रतापन] तपाना । अग्नि ।

पयावि वि [प्रतापिन्] प्रताप-शाली । पुं. इक्ष्वाकु वंश के एक राजा का नाम ।

पयास सक [प्र + काशय्] व्यक्त करना । चमकाना । प्रसिद्ध करना ।

पयास देखो पगास = प्रकाश ।

पयास पुं [प्रयास] प्रयत्न, उद्यम ।

पयास (अप) नीचे देखो ।

पयासग वि [प्रकाशक] प्रकाश करनेवाला ।

पयासण न [प्रकाशन] प्रकाश-करण । वि प्रकाशक, प्रकाश करनेवाला ।

पयासय देखो पयासग ।

पयाहिण देखो पदक्खिण = प्रदक्षिण ।

पयाहिण देखो पदक्खिण = प्रदक्षिणय् ।

पयाहिणा देखो पदक्खिणा ।

पय्यवत्थाण (शौ) न [पर्यवस्थान] प्रकृति में अवस्थान ।

पर सक [भ्रम्] भ्रमण करना, घूमना ।

पर देखो प = प्र ।

पवित्त पुं [पवित्र] दर्भ, कुशा। वि. निर्दोष, शुद्ध, स्वच्छ।

पवित्त देखो पवट्ट = प्रवृत्त।

पवित्त सक [पवित्रय्] पवित्र करना।

पवित्तय न [पवित्रक] अँगूठी।

पवित्ताविय वि [प्रवर्त्तित] प्रवृत्त किया हुआ।

पवित्ति देखो पवत्ति = प्रवृत्ति।

पवित्तिणी देखो पवत्तिणी।

पवित्थर अक [प्रवि + स्तृ] फैलाना।

पवित्थरिल्ल वि [प्रविस्तरिन्] विस्तारवाला। देखो पविरल्लिय।

पविद्ध देखो पव्विद्ध।

पविद्धंस अक [प्रवि + ध्वंस्] विनाशाभिमुख

होना। विनष्ट होना।
पविद्धत्थ वि [प्रविध्वस्त] विनष्ट।
पविभत्ति स्त्री [प्रविभक्ति] पृथक्-पृथक् विभाग।
पविभाग पु [प्रविभाग] ऊपर देखो।
पविमुक्क वि [प्रविमुक्त] परित्यक्त।
पविमोयण न [प्रविमोचन] परित्याग।
पविय वि [प्राप्त] प्राप्त।
पवियंभिर वि [प्रविजृम्भितृ] उल्लसित होनेवाला। उत्पन्न होनेवाला।
पवियक्किय न [प्रवितर्कित] विकल्प, वितर्क।
पवियक्खण वि [प्रविचक्षण] विशेष प्रवीण।
पवियार पुं [प्रवीचार] काया और वचन की चेष्टा-विशेष। काम-क्रीड़ा।
पवियारण न [प्रविचारण] संचार।
पवियास सक [प्रवि + काशय्] फाड़ना, खोलना।
पवियासिय वि [प्रविकासित] विकसित किया हुआ।
पविरइअ वि [दे] त्वरित, शीघ्रता-युक्त।
पविरंज सक [भञ्ज्] भाँगना, तोड़ना।
पविरजव वि [दे] स्निग्ध, स्नेह-युक्त।
पविरंजिअ वि [दे] स्निग्ध, स्नेह-युक्त। कृत-निषेध, निवारित।
पविरल वि [प्रविरल] अनिविड। विच्छिन्न। अत्यन्त थोडा।
पविरल्लिय वि [दे] विस्तारवाला। देखो पवित्थरिल्ल।
पविरिक्क वि [प्रविरिक्त] एकदम शून्य।
पविरेल्लिय [दे] देखो पविरल्लिय।
पविलुप सक [प्रवि + लुप्] बिलकुल नष्ट करना।
पविलुत्त वि [प्रविलुप्त] बिलकुल नष्ट।
पविस सक [प्र + विश्] प्रवेश करना, घुसना।
पविसू सक [प्रवि + सू] उत्पन्न करना।
पविस्स देखो पविस।
पविहर सक [प्रवि + हृ] विहार करना।
पविहस अक [प्रवि + हस्] हसना।
पवीइय वि [प्रवीजित] हवा के लिए चलाया हुआ।
पवीण वि [प्रवीण] निपुण, दक्ष।
पवीणी देखो पविणी।
पवील सक [प्र + पीडय्] दमन करना।
पवुच्च° देखो पवय = प्र + वच्।
पवुट्ठ वि [प्रवृष्ट] खूब बरसा हुआ, जिसने प्रभूत वृष्टि की हो वह।
पवुड्ढ वि [प्रवृद्ध] बढा हुआ, विशेष वृद्ध।
पवुड्ढि स्त्री [प्रवृद्धि] बढाव।
पवुत्त वि [प्रोक्त] जिसने बोलना आरम्भ किया हो वह।
पवुत्थ [दे] देखो पउत्थ।
पवुद वि [प्रवृत] प्रकर्ष से आच्छादित।
पवूढ वि [प्रव्यूढ] धारण किया हुआ। निर्गत।
पवेइय वि [प्रवेदित] निवेदित, प्रतिपादित। विज्ञात। भेट किया हुआ।
पवेइय वि [प्रवेपित] कम्पित।
पवेज्ज सक [प्र + वेदय्] विदित करना। भेंट करना। अनुभव करना।
पवेढिय वि [प्रवेष्टित] घिरा हुआ, वेढा हुआ।
पवेय देखो पवेज्ज।
पवेयण न [प्रवेदन] प्ररूपण, प्रतिपादन। ज्ञान, निर्णय। अनुभावन।
पवेविय वि [प्रवेपित] प्रकम्पित।
पवेविर वि [प्रवेपितृ] काँपनेवाला।
पवेस सक [प्र + वेशय्] घुसाना।
पवेस पु [प्रवेश] भीत की स्थूलता। पैठ, घुसना। नाटक का एक हिस्सा।
पवेस पुं [प्रद्वेष] अधिक द्वेष।
पवेसण, पवेसणग, पवेसणय } पुन [प्रवेशन, °क] प्रवेश, पैठ। विजातीय जन्मान्तर मे उत्पत्ति, विजातीय योनि मे प्रवेश।

पवोत्त पुं [प्रपौत्र] पौत्र का पुत्र ।

पव्व पुंन [पर्वन्] ग्रन्थि, गाँठ । उत्सव । पूर्णिमा और अमावास्या तिथि । पूर्णिमा और अमावास्यावाला पक्ष । अष्टमी, चतुर्दशी, पूर्णिमा और अमावास्या का दिन । मेखला, गिरिमेखला । दंष्ट्रा-पर्वत । संख्या-विशेष । °बीय पु [°बीज] इक्षु-आदि वृक्ष, जिसका पर्व—ग्रन्थि—ही उत्पत्ति का कारण होता है । °राहु पुं. राहु-विशेष, जो पूर्णिमा और अमावास्या मे क्रमशः चन्द्र और सूर्य का ग्रहण करता है ।

पव्वइ न [पर्वतिन्] गोत्र-विशेष, काश्यप गोत्र की एक शाखा । पुंस्त्री. उस गोत्र मे उत्पन्न । देखो पव्वपेच्छइ ।

पव्वइ° देखो पव्वई ।

पव्वइअ वि [प्रव्रजित] दीक्षित, संन्यस्त । गत, प्राप्त ।

पव्वइद पु [पर्वतेन्द्र] मेरु पर्वत ।

पव्वइग देखो पव्वइअ ।

पव्वइसेल्ल न [दे] बाल-मय कडक—तावीज ।

पव्वई स्त्री [पार्वती] शिव-पत्नी ।

पव्वंग पुंन [पर्वाङ्ग] संख्या-विशेष ।

पव्वक } पुंन [पर्वक] वाद्य-विशेष । ईख
पव्वग } जैसी ग्रन्थिवाली वनस्पति । तृण-विशेष ।

पव्वग वि [पार्वक] पर्व—ग्रन्थि—गाँठ का बना हुआ ।

पव्वज्ज पु [दे] नख । बाण । बाल-मृग ।

पव्वज्जा स्त्री [प्रव्रज्या] गमन, गति । दीक्षा, सन्यास ।

पव्वणी स्त्री [पर्वणी] कार्तिकी आदि पर्व-तिथि ।

पव्वपेच्छइ न [पर्वप्रेक्षकिन्] देखो पव्वइ ।

पव्वय सक [प्र + व्रज्] जाना, गति करना । दीक्षा लेना, संन्यास लेना ।

पव्वय देखो पव्वग ।

पव्वय देखो पव्वइअ ।

पव्वय } पुंन [पर्वत, °क] पहाड । पुं.
पव्वयय } द्वितीय वासुदेव का पूर्व-भवीय नाम । एक ब्राह्मण-पुत्र का नाम । एक राजा । एक राज-कुमार । °राय पु [°राज] मेरु पर्वत । °विदुग्ग पुन [°विदुर्ग] पहाड-वाला प्रदेश ।

पव्वयगिह न [पर्वतगृह] पर्वत की गुफा ।

पव्वह सक [प्र + व्यय्] पीडना, दुःख देना ।

पव्वा स्त्री [पर्वा] लोकपालो की एक बाह्य परिषद् ।

पव्वाइअ वि [प्रव्राजित] जिसको दीक्षा दी गई हो वह । न. दीक्षा देना ।

पव्वाइअ वि [म्लान] विच्छाय, शुष्क ।

पव्वाइआ स्त्री [प्रव्राजिका] संन्यासिनी ।

पव्वाडि देखो पव्वालि ।

पव्वाण वि [म्लान] सूखा ।

पव्वाय देखो पवाय = प्र + वा ।

पव्वाय सक [प्र + व्राजय्] दीक्षित करना ।

पव्वाय अक [म्लै] सूखना ।

पव्वाय वि [म्लान, प्रवाण] शुष्क, सूखा ।

पव्वाय पु [प्रवात] प्रकृष्ट पवन ।

पव्वाल सक [छादय्] ढकना ।

पव्वाल सक [प्लावय्] खूब भिजाना ।

पव्वाव सक [प्र + व्राजय्] दीक्षित करना ।

पव्वावण न [दे] प्रयोजन ।

पव्वाह सक [प्र + वाहय्] बहाना ।

पव्विद्ध वि [दे] प्रेरित ।

पव्विद्ध वि [प्रवृद्ध] महान्, बडा ।

पव्विद्ध न [प्रविद्ध] गुरु-वन्दन का एक दोष, वन्दन को समाप्त किये बिना ही भागना ।

पव्वीसग न [दे.पव्वीसग] वाद्य-विशेष ।

पसइ स्त्री [प्रसृति] दो प्रसृति—पसर का एक परिमाण । पूर्ण अञ्जलि, दो हस्त-तल—अँजुरी मिला कर भरी हुई चीज ।

पसंग पुन [प्रसङ्ग] परिचय, उपलक्ष । सगति,

सम्बन्ध। आपत्ति, अनिष्ट-प्राप्ति। मैथुन। आसक्ति। प्रस्ताव, अधिकार।

पसंज अक [प्र + सञ्ज्] आसक्ति करना। आपत्ति होना अनिष्ट-प्राप्ति होना।

पसडि न [दे] सुवर्ण।

पसंत वि [प्रशान्त] शम-प्राप्त। साहित्य-शास्त्र-प्रसिद्ध शान्त रस।

पसंति स्त्री [प्रशान्ति] नाश, विनाश।

पसंधण न [प्रसन्धान] सतत प्रवर्त्तन।

पसंस सक [प्रशंस्] श्लाघा करना।

पसंस वि [प्रशस्य] प्रशसा-योग्य। पु. लोभ।

पससय वि [प्रशंसक] प्रशंसा करनेवाला।

पसंसा स्त्री [प्रशंसा] श्लाघा, स्तुति, वर्णन।

पसज्ज° देखो पसंज।

पसज्झ, पसज्झं } अ [प्रसह्य] खुले तौर से, प्रकट रीति से। बलात्कार।

पसज्झचेय न [प्रसह्यचेतस्] धर्म-निरपेक्ष चित्त, कदाग्रही मन।

पसढ वि [प्रसह्य] अनेक दिन रखकर खुला किया हुआ।

पसढ वि [प्रशठ] अत्यन्त शठ।

पसढं देखो पसज्झ।

पसढिल वि [प्रशिथिल] विशेष ढीला।

पसण्ण वि [प्रसन्न] खुश, स्वस्थ। निर्मल। °चंद पु [°चन्द्र] भगवान् महावीर के समय का एक राजर्षि।

पसण्णा स्त्री [प्रसन्ना] मदिरा।

पसत्त वि [प्रसक्त] चिपका हुआ। आसक्त। आपत्ति ग्रस्त, अनिष्ट-प्राप्ति के दोष से युक्त।

पसत्थ वि [प्रशस्त] प्रशंसनीय। श्रेष्ठ।

पसत्थि स्त्री [प्रशस्ति] वशवर्णन।

पसत्थु पु [प्रशास्तृ] लेखाचार्य, गणित का अध्यापक। धर्म-शास्त्र का पाठक। मन्त्री।

पसप्प पु [प्रसर्प] विस्तार, फैलाव।

पसप्पग वि [प्रसर्पक] प्रकर्ष से जानेवाला, मुसाफिरी करनेवाला। विस्तार को प्राप्त करनेवाला।

पसम अक [प्र + शम्] अच्छी तरह शान्त होना।

पसम पुं [प्रशम] प्रशान्ति, शान्ति। लगातार दो उपवास।

पसम पुं [प्रश्रम] विशेष मेहनत—खेद।

पसमण न [प्रशमन] प्रकृष्ट शमन। वि. प्रशान्त करनेवाला।

पसमिक्ख सक [प्रसम् + ईक्ष्] प्रकर्ष से देखना।

पसमिण वि [प्रशमिन्] प्रशान्त करनेवाला, नाश करनेवाला।

पसम्म देखो पसम = प्र + शम्।

पसय पुं [दे] मृग-विशेष। मृग-शिशु।

पसय वि [प्रसृत] फैला हुआ।

पसर अक [प्र + सृ] फैलना।

पसर पु [प्रसर] विस्तार, फैलाव।

पसरेह पु [दे] किंजल्क।

पसल्लिअ वि [दे] प्रेरित।

पसव सक [प्र + सू] जन्म देना,

पसव (अप) सक [प्र + विश्] प्रवेश करना। न. फूल।

पसव [दे] देखो पसय। °नाह पुं [°नाथ] सिंह। °राय पुं [°राज] सिंह।

पसवडङ्क न [दे] विलोकन।

पसवण न [प्रसवन] प्रसूति।

पसविय वि [प्रसूत] जिसने जन्म दिया हो वह। देखो पसूअ = प्रसूत।

पसविर वि [प्रसवितृ] जन्म देनेवाला।

पसस्स देखो पसस।

पसस्स वि [प्रशस्य] प्रभूत शस्यवाला।

पसाइअ वि [प्रसादित] प्रसन्न किया हुआ। प्रसन्न होने के कारण दिया हुआ।

पसाइआ स्त्री [दे] भिल्ल के सिर पर का पर्ण-पुट, भिल्लो की पगड़ी।

पसाम वि [प्रशाम्] शान्त होनेवाला।

पसाय सक [प्र + सादय्] प्रसन्न करना।

पसाय पुं [प्रसाद] प्रसन्नता, खुशी। कृपा, मेहरबानी। प्रणय।

पसार सक [प्र + सारय्] पसारना, फैलाना।

पसास सक [प्र + शासय्] शासन करना। शिक्षा देना। पालन करना।

पसाह सक [प्र + साधय्] वस मे करना। सिद्ध करना।

पसाहग वि [प्रसाधक] साधक, सिद्ध करनेवाला। °तम वि. उत्कृष्ट साधक। न. करणकारक। देखो पसाहय।

पसाहण न [प्रसाधन] सिद्ध करना, साधना। उत्कृष्ट साधन। अलंकार। भूषण आदि की सजावट।

पसाहय देखो पसाहग। सजानेवाला।

पसाहा स्त्री [प्रशाखा] शाखा की शाखा, छोटी शाखा।

पसाहिल्ल वि [प्रशाखिन्] प्रशाखा-युक्त।

पसिअ अक [प्र + सद्] प्रसन्न होना।

पसिअ अक [प्र + सद्] प्रसन्न होना।

पसिअ वि [प्रसृत] फैला हुआ, विस्तीर्ण।

पसिअ न [दे] पूग-फल, सुपारी।

पसिंच सक [प्र + सिच्] सेचन करना।

पसिंडि (दे) देखो पसडि।

पसिक्खअ वि [प्रशिक्षक] सीखनेवाला।

पसिज्जण न [प्रसदन] प्रसन्न होना।

पसिढिल देखो पसढिल।

पसिण पुंन [प्रश्न] पृच्छा। दर्पण आदि में देवता का आह्वान, मन्त्रविद्या-विशेष। °विज्जा स्त्री [°विद्या] मन्त्रविद्या-विशेष। °पसिण न [°प्रश्न] मन्त्रविद्या के वल से स्वप्न आदि मे देवता के आह्वान द्वारा जाना हुआ शुभाशुभ फल का कथन।

पसिणिय वि [प्रश्नित] पूछा हुआ।

पसिद्ध वि [प्रसिद्ध] विख्यात, विश्रुत। प्रकर्ष से मुक्ति को प्राप्त, मुक्त।

पसिद्धि स्त्री [प्रसिद्धि] ख्याति। शका का समाधान. आक्षेप का परिहार।

पसिस्स देखो पसीस।

पसीअ देखो पसिअ = प्र + सद्।

पसीस पुं [प्रशिष्य] शिष्य का शिष्य।

पसु पु [पशु] जन्तु-विशेष, सीग पूँछवाला प्राणी, चतुष्पाद प्राणि-मात्र। वकरा। °भूय वि[°भूत] पशु-तुल्य। °मेह पुं[°मेध] जिसमें पशु का भोग दिया जाता हो वह यज्ञ। °वइ पु [°पति] महादेव।

पसुत्त वि [प्रसुप्त] सोया हुआ।

पसुत्ति स्त्री [प्रसुप्ति] कुष्ठ रोग। नखादि-विदारण होने पर भी अचेतनता।

पसुव (अप) देखो पसु।

पसुहत्त पु [दे] वृक्ष।

पसू सक [प्र + सू] जन्म देना, प्रसव करना।

पसू वि [प्रसू] प्रसव-कर्ता, जन्म-दाता।

पसूअ न [दे] फूल।

पसूअ वि [प्रसूत] उत्पन्न।

पसूअण न [प्रसवन] जन्म-दान।

पसूइ स्त्री [प्रसूति] प्रसव, उत्पत्ति। एक कुष्ठ रोग, नखादि से विदारण करने पर भी दुःख का असवेदन, चमड़ी का मर जाना। °रोग पु. रोग-विशेष।

पसूइय पु [प्रसूतिक] वातरोग-विशेष।

पसूण न [प्रसून] पुष्प।

पसेअ पु [प्रस्वेद] पसीना।

पसेढि स्त्री [प्रश्रेणि] अवान्तर श्रेणि—पंक्ति।

पसेण पु [प्रसेन] भगवान् पार्श्वनाथ के प्रथम श्रावक का नाम।

पसेणइ पु [प्रसेनजित्] कुलकर-पुरुष। यदुवश के राजा अन्धकवृष्णि का एक पुत्र।

पसेणि स्त्री [प्रश्रेणि] अवान्तर जाति।

पसेयग देखो पसेवय।

पसेव सक [प्र + सेव्] विशेष सेवा करना।

पसेवय पु [प्रसेवक] कोथला, थैला।

पसेविआ स्त्री [प्रसेविका] थैली, कोथली।

पस्स सक [दृश्] देखना ।
पस्स (शौ) देखो पास = पार्श्व ।
पस्सओहर वि [पश्यतोहर] देखते हुए चोरी करनेवाला, सुनार, उचक्का ।
पस्सेय देखो पसेअ ।
पह वि [प्रह्व] नम्र । विनीत । आसक्त ।
पह पु [पथिन्] मार्ग । °देसय वि [°देशक] मार्ग-दर्शक ।
पहएल्ल पु [दे] अपूप, पुआ, खाद्य-विशेष ।
पहंकर देखो पभंकर ।
पहकरा देखो पभकरा ।
पहंजण पु [प्रभञ्जन] वायु । देव-जाति-विशेष, भवनपति देवो की एक अवान्तर जाति । एक राजा ।
पहकर [दे] देखो पहयर ।
पहट्ठ वि [दे] दृप्त, उद्धत । थोडे ही समय के पूर्व देखा हुआ ।
पहट्ठ वि [प्रहृष्ट] आनन्दित, हर्ष-प्राप्त ।
पहण सक [प्र + हन्] मार डालना ।
पहण न [दे] कुल, वंश ।
पहणि स्त्री [दे]सामने आए हुए का अटकाव ।
पहत्थ पु [प्रहस्त] रावण का मामा ।
पहद वि [दे] सदा दृष्ट ।
पहम्म सक [प्र + हम्म्] प्रकर्ष से गति करना ।
पहम्म न [दे] देव कुण्ड । खात-जल, कुण्ड । छिद्र ।
पहम्मंत, पहम्ममाण } देखो पहण = प्र + हन् का कवकृ. ।
पहय वि [प्रहत] घिसा हुआ । मार डाला गया, निहत ।
पहयर पु [दे] समूह ।
पहर सक [प्र + हृ] प्रहार करना ।
पहर पु [प्रहार] मार, प्रहार । जहाँ पर प्रहार किया हो वह स्थान ।
पहर पु [प्रहर] तीन घटे का समय ।
पहरण न [प्रहरण] आयुध । प्रहार-क्रिया ।
पहराइया देखो पहाराइया ।
पहराय पु [प्रभराज] भरतक्षेत्र का छठवाँ प्रतिवासुदेव ।
पहरिअ वि [प्रहृत] प्रहार करने के लिए उद्यत । जिस पर प्रहार किया गया हो वह ।
पहरिस पु [प्रहर्ष] आनन्द, खुशी ।
पहलादिद (शौ) [प्रह्लादित] आनन्दित ।
पहल्ल अक [घूर्ण्] घूमना, काँपना, डोलना ।
पहल्लिर वि [प्रघूर्णितृ] घूमनेवाला, डोलता ।
पहव अक [प्र + भू]उत्पन्न होना । समर्थ होना ।
पहव पु [प्रभव] उत्पत्ति-स्थान ।
पहव देखो पहाव = प्रभाव ।
पहव देखो पह = प्रह्व ।
पहव पु [प्रभव] एक जैन महर्षि ।
पहस अक [प्र + हस्] हँसना । उपहास करना ।
पहसण न [प्रहसन] उपहास, परिहास । नाटक का एक भेद, हास्य-रस प्रधान नाटक, रूपक-विशेष ।
पहसिय वि [प्रहसित] जो हँसने लगा हो । जिसका उपहास किया हो वह । न. हास्य । पु पवनञ्जय का एक विद्याधर-मित्र ।
पहा सक [प्र + हा] त्याग करना । अक. कम होना, क्षीण होना ।
पहा स्त्री [प्रथा] रीति, व्यवहार । ख्याति, प्रसिद्धि ।
पहा स्त्री [प्रभा] कान्ति, तेज, आलोक, दीप्ति । °मंडल देखो भामडल । °यर पु [°कर] सूर्य । रामचन्द्र के भाई भरत के साथ दीक्षा लेनेवाला एक राजर्षि । °वई स्त्री [°वती] आठवे वासुदेव की पटरानी ।
पहाड सक [प्र + घाटय्] इधर-उधर भमाना, घुमाना ।
पहाण वि [प्रधान] नायक, मुखिया, मुख्य । उत्तम, प्रशस्त, श्रेष्ठ, शोभन । स्त्रीन.

प्रकृति—सत्त्व, रज और तमोगुण की साम्यावस्था। पुं सचिव, मन्त्री।

पहाण पुं [पाषाण] पत्थर।

पहाण न [प्रहाण] अपगम, विनाश।

पहाम सक [प्र + भ्रमय्] फिराना, घुमाना।

पहाय देखो पहा = प्र + हा का संकृ.।

पहाय न [प्रभात] सवेरा। वि. प्रभायुक्त।

पहाय देखो पहाव = प्रभाव।

पहाया देखो वाहाया।

पहार सक [प्र + धारय्] चिन्तन करना, विचार करना। निश्चय करना।

पहार देखो पहर = प्रहार।

पहाराइया स्त्री [प्रहारातिगा] लिपि-विशेष।

पहारेत्तु वि [प्रधारयितृ] चिन्तन करनेवाला।

पहाव सक [प्र + भावय्] प्रभाव-युक्त करना, गौरवित करना। प्रसिद्धि करना।

पहाव (अप) अक [प्र + भू] समर्थ होना।

पहाव पु [प्रभाव] शक्ति, सामर्थ्य। कोप और दण्ड का तेज। माहात्म्य।

पहाविअ वि [प्रधावित] दौड़ा हुआ।

पहाविर वि [प्रधावितृ] दौड़नेवाला।

पहास सक [प्र + भाष्] बोलना।

पहास अक [प्र + भास्] चमकना, प्रकाशना।

पहास पुं [प्रहास] अट्टहास आदि हास्य।

पहासा स्त्री [प्रहासा] देवी-विशेष।

पहिअ वि [पान्थ, पथिक] मुसाफिर। °साला स्त्री [°शाला] धर्मशाला।

पहिअ वि [प्रथित] विस्तृत। प्रसिद्ध। राक्षस वंश का एक लंका-पति।

पहिअ वि [प्रहित] भेजा हुआ, प्रेषित।

पहिअ वि [दे] मथित, विलोडित।

पहिंसय वि [प्रहिंसक] हिंसा करनेवाला।

पहिज्जमाण पहा = प्र + हा का वकृ.।

पहिट्ठ देखो पहट्ठ = प्रहृष्ट।

पहिर सक [परि + धा] पहनना।

पहिरावण न [परिधापन] पहिराना। पहिरावन, भेंट में—इनाम में दिया जाता वस्त्रादि।

पहिल वि [दे] प्रथम।

पहिल्ल अक [दे] पहल करना, आगे करना।

पहिल्लिर वि [प्रघूर्णितृ] खूब हिलनेवाला।

पहिवी देखो पुहवी = पृथिवी।

पहीण वि [प्रहीण] परिक्षीण। भ्रष्ट, स्खलित।

पहु पु [प्रभु] परमेश्वर। जयपुर के विन्ध्यराज का एक पुत्र। स्वामी। वि. समर्थ। अधिपति, नायक।

°पहुइ देखो °पभिइ।

पहुई देखो पहुवी।

पहुक्क पु [पृथुक] खाद्य पदार्थ-विशेष, चिउड़ा।

पहुच्च अक [प्र + भू] पहुँचना।

पहुट्ट देखो पप्फुट्ट।

पहुडि देखो पभिइ।

पहुण पुं [प्राघुण] अतिथि।

पहुणाइय न [प्राघुण्य] आतिथ्य,।

पहुत्त वि [प्रभूत] पर्याप्त, काफी। समर्थ। पहुँचा हुआ।

पहुदि देखो पभिइ।

पहुप्प } अक [प्र + भू] समर्थ होना, सकना।
पहुव } पहुँचना।

पहुवी स्त्री [पृथिवी] भूमि। °पहु पु [°प्रभु] राजा। °वइ पु [°पति] वही अर्थ।

पहुव्वंत देखो पहुव का वकृ.।

पहूअ वि [प्रभूत] बहुत, प्रचुर। उद्गत। भूत। उन्नत।

पहेज्जमाण देखो पहा = प्र + हा का वकृ.।

पहेण न [दे] वधू को ले जाने पर पिता के घर दी जाती जमीन।

पहेण न [दे] खाद्य वस्तु की भेट। उत्सव।

पहेरक न [प्रहेरक] आभरण-विशेष।

पहेलिया स्त्री [प्रहेलिका] गूढ आशयवाली कविता।

पहोअ सक [प्र + धाव्] प्रक्षालन करना।

पहोइ वि [प्रधाविन्] धोनेवाला ।
पहोइअ वि [दे] प्रवर्त्तित । प्रभुत्व ।
पहोड सक [वि + लुल्] अन्दोलना ।
पहोलिर वि [प्रघूर्णितृ] हिलनेवाला, डोलता ।
पहोव देखो पधोव ।
पा सक. पीना, पान करना । रक्षण करना ।
पा सक [घ्रा] सूंघना ।
पाइ वि [पातिन्] गिरनेवाला ।
पाइ वि [पायिन्] पीनेवाला ।
पाइअ न [दे] मुँह का फैलाव ।
पाइअ देखो पागय = प्रकृत ।
पाइंत पाए = पायय् का वकृ. ।
पाइक्क पुं [पदाति] प्यादा, पैर से चलनेवाला सैनिक ।
पाइडि स्त्री [प्रावृति] प्रावरण, वस्त्र ।
पाइण देखो पाईण ।
पाइत्ता (अप) स्त्री [पवित्रा] छन्द-विशेष ।
पाइद (शौ) वि [पाचित] पकवाया हुआ ।
पाइन्न देखो पाईण ।
पाइभ न [प्रातिभ] प्रतिभा, बुद्धि-विशेष ।
पाइम वि [पाक्य] पकाने-योग्य । काल-प्राप्त, मृत ।
पाइम वि [पात्य] गिराने-योग्य ।
पाई स्त्री [पात्री] भाजन-विशेष । छोटा पात्र ।
पाईण वि [प्राचीन] पूर्वदिशा-सम्बन्धी । न. गोत्र-विशेष । पुंस्त्री. उस गोत्र में उत्पन्न ।
पाईणा स्त्री [प्राचीना] पूर्व दिशा ।
पाउ देखो पाउं = प्रादुस् ।
पाउ पुं [पायु] गुदा ।
पाउ पुंस्त्री [दे] भात, भोजन । इक्षु ।
पाउअ न [दे] हिम । भक्त । इक्षु ।
पाउअ देखो पाउड = प्रावृत ।
पाउअ देखो पागय ।
पाउआ स्त्री [पादुका] खड़ाऊँ, काष्ठ का जूता । पगरखी ।
पाउं अ [प्रादुस्] प्रकट, व्यक्त ।
पाउंछण न [प्रादप्रोञ्छन] जैन मुनि का एक उपकरण, रजोहरण ।
पाउकर सक [प्रादुस् + कृ] प्रकट करना ।
पाउकर वि [प्रादुष्कर] प्रादुर्भावक ।
पाउकरण न [प्रादुष्करण] प्रादुर्भाव । वि. जो प्रकाशित किया जाय वह । जैन मुनि के लिए एक भिक्षा-दोष, प्रकाश कर दी हुई भिक्षा ।
पाउक्क वि [दे] मार्गीकृत, मार्गित ।
पाउक्करण देखो पाउकरण ।
पाउक्खालय न [दे. पायुक्षालक] पाखाना । मलोत्सर्ग-क्रिया ।
पाउग्ग वि [दे] सभासद ।
पाउग्ग वि [प्रायोग्य] उचित, लायक ।
पाउग्गह पु [पतद्ग्रह] पात्र ।
पाउग्गिअ वि [दे] जुआ खेलनेवाला । सहन किया हुआ ।
पाउड देखो पागय ।
पाउड वि [प्रावृत] आच्छादित । वस्त्र ।
पाउण सक [प्रा + वृ] पहिरना ।
पाउण सक [प्र + आप्] प्राप्त करना ।
पाउण (अप) देखो पावण = पावन ।
पाउत्त देखो पउत्त = प्रयुक्त ।
पाउप्पभाय वि [प्रादुष्प्रभात] प्रभा-युक्त, प्रकाश-युक्त ।
पाउब्भव अक [प्रादुस् + भू] प्रकट होना ।
पाउब्भव वि [पापोद्भव] पाप से उत्पन्न ।
पाउब्भुय, पाउब्भूय } वि [प्रादुर्भूत] उत्पन्न, सजात । प्रकटित ।
पाउरण न [प्रावरण] वस्त्र ।
पाउरण न [दे] कवच, वर्म ।
पाउरिअ देखो पाउड = प्रावृत ।
पाउल वि [पापकुल] जघन्य कुल मे उत्पन्न ।
पाउल्ल न. देखो पाउआ ।
पाउव न [पादोद] पाद-प्रक्षालन-जल ।
पाउस पु [प्रावृष्] वर्षा ऋतु । °कीड पुं [°कीट] वर्षा ऋतु मे उत्पन्न होनेवाला कीट-

विशेष । °गम पुं. वर्षा-प्रारम्भ ।

पाउसिअ वि [प्रावृषिक] वर्षा-सम्बन्धी ।

पाउसिअ वि [प्रोषित, प्रवासिन्] प्रवास में गया हुआ ।

पाउसिआ स्त्री [प्राद्वेषिकी] द्वेष–मत्सर से होने वाला कर्म-बन्ध ।

पाउहारी स्त्री [दे. पाकहारी] भात-पानी ले आनेवाली ।

पाए अ [दे] प्रभृति, (वहां से) शुरू करके ।

पाए सक [पायय्] पिलाना ।

पाए सक [पादय्] गति कराना ।

पाए सक [पाचय्] पकवाना ।

पाओ अ [प्रातस्] प्रभात ।

पाओकरण देखो पाउकरण ।

पाओग देखो पाउग्ग ।

पाओगिय वि [प्रायोगिक] प्रयत्न-जनित, अस्वाभाविक ।

पाओग्ग देखो पाउग्ग ।

पाओपगम न [पादपोपगम] देखो पाओवगमण ।

पाओयर पुं [प्रादुष्कार] देखो पाउकरण ।

पाओवगमण न [पादपोपगमन] अनशन-विशेष, मरण-विशेष ।

पाओवगय वि [पादपोपगत] अनशन-विशेष से मृत ।

पाओस पु [दे. प्रद्वेष] मत्सर, द्वेष ।

पाओसिय देखो पादोसिय ।

पाओसिया देखो पाउसिआ ।

पांडविअ वि [दे] जलार्द्र ।

पांडु देखो पंडु । °सुअ पु [°सुत] अभिनय का एक भेद ।

पाक देखो पाग ।

पाकम्म न [प्राकाम्य] योग की आठ सिद्धियो मे एक सिद्धि ।

पाकार पुं [प्राकार] दुर्ग ।

पाकिद (शौ) देखो पागय ।

पाखंड देखो पासंड ।

पाग पुं [पाक] पचन-क्रिया । दैत्य-विशेष । विपाक । बलवान् दुश्मन । °सासण पु [°शासन] इन्द्र, देव-पति । °सासणी स्त्री [°शासनी] इन्द्रजाल-विद्या ।

पागइअ वि [प्राकृतिक] स्वाभाविक । पुं. साधारण मनुष्य, प्राकृत लोक ।

पागड सक [प्र + कटय्] प्रकट करना, व्यक्त करना ।

पागड वि [प्रकट] व्यक्त, खुला ।

पागड्ढि, पागड्ढिक वि [प्राकर्षिन्, °क] अग्रगामी । प्रवर्त्तक ।

पागब्भ न [प्रागल्भ्य] धृष्टता ।

पागय वि [प्राकृत] स्वाभाविक । आर्यावर्त्त की प्राचीन लोक-भाषा । पुं साधारण बुद्धि-वाला मनुष्य, सामान्य लोग । °भासा स्त्री [°भाषा] प्राकृत भाषा । °वागरण न [°व्याकरण] प्राकृत भाषा का व्याकरण ।

पागार पु [प्राकार] दुर्ग ।

पाजावच्च पुं [प्राजापत्य] वनस्पति का अधिष्ठाता देव । वनस्पति ।

पाटप (चूपै) देखो वाडव ।

पाठीण देखो पाढीण ।

पाड देखो फाड = पाट्य ।

पाड सक [पातय्] गिराना ।

पाड देखो पाडय = पाटक ।

पाडच्चर वि [दे] आसक्त चित्तवाला ।

पाडच्चर पुं [पाट्चर] चोर ।

पाडण न [पाटन] विदारण ।

पाडण न [पातन] गिराना । परिभ्रमण ।

पाडय पुं [पाटक] मुहल्ला ।

पाडय वि [पातक] गिरानेवाला ।

पाडल पुं [पाटल] श्वेत और रक्त वर्ण, गुलाबी रंग । वि. श्वेत-रक्त वर्णवाला । न. पाटलिका-पुष्प, गुलाब का फूल । पाढल का फूल ।

पाडल पु [दे] हंस । बैल । कमल ।
पाडलसउण पुं [दे] हंस ।
पाडला स्त्री [पाटला] पाढल का पेड, पाडरि ।
पाडलि स्त्री [पाटलि] ऊपर देखो । °उत्त, °पुत्त न [°पुत्र] पटना नगर । °पुत्त वि [°पुत्र] पाटलिपुत्र-सम्बन्धी । °संड न [°षण्ड] नगर-विशेष ।
पाडली देखो पाडलि । °पुर न., °वुत्त [°पुत्र] पटना नगर ।
पाडव न [पाटव] पटुता ।
पाडवण न [दे] पाद-पतन, प्रणाम-विशेष ।
पाडहिग वि [पाटहिक] ढोल बजानेवाला ।
पाडहुक वि [दे] प्रतिभू, मनौतिया, जामिनदार ।
पाडिअग्ग पुं [दे] विश्राम ।
पाडिअज्ज पु [दे] पिता के घर से वधू को पति के घर ले जानेवाला ।
पाडिआ देखो पाडय = पातक ।
पाडिएक्क } न [प्रत्येक] हर एक ।
पाडिक्क }
पाडितिय न [प्रात्यन्तिक] अभिनय-विशेष ।
पाडिच्चरण न [प्रतिचरण] सेवा, उपासना ।
पाडिच्छय वि [प्रतीप्सक] ग्रहण करनेवाला ।
पाडिपह न [प्रतिपथ] अभिमुख ।
पाडिपहिअ देखो पडिपहिअ ।
पाडिपिद्धि स्त्री [दे] प्रतिस्पर्धा ।
पाडिप्पवग पु [पारिप्लवक] पक्षि-विशेष ।
पाडिप्फद्धि वि [प्रतिस्पर्धिन्] स्पर्धा-कर्ता ।
पाडियतिय न [प्रात्यन्तिक] अभिनय-विशेष ।
पाडियक्क देखो पाडिएक्क ।
पाडिवय वि [प्रातिपद] पडवा तिथि का । पु. एक भावी जैन आचार्य ।
पाडिवया स्त्री [प्रतिपत्] पक्ष की पहली तिथि ।
पाडिवेसिय वि [प्रातिवेश्मिक] पड़ोसी ।
पाडिसार पु [दे] निपुणता । वि. पटु ।
पाडिसिद्धि देखो पडिसिद्धि = प्रतिसिद्धि ।
पाडिसिद्धि स्त्री [दे] स्पर्धा । समुदाचार । वि सदृश ।
पाडिसिरा स्त्री [दे] खलीन-युक्ता ।
पाडिस्सुइय न [प्रातिश्रुतिक] अभिनय का एक भेद ।
पाडिहच्छी } स्त्री [दे] शिरो-माल्य ।
पाडिहत्थी }
पाडिहारिय वि [प्रातिहारिक] वापस देने योग्य वस्तु ।
पाडिहेर न [प्रातिहार्य] देवता-कृत प्रतीहार-कर्म, देवकृत पूजा-विशेष । देव-सान्निध्य ।
पाडी स्त्री [दे] भैंस की बछिया ।
पाडुकी स्त्री [दे] जखमवाले की पालकी ।
पाडुगोरि वि [दे] गुण-रहित । मद्य मे आसक्त । स्त्री. मजबूत वेष्टन-वाली वाड ।
पाडुक्क पु [दे] समालम्भन, चन्दन आदि का शरीर मे उपलेप । वि. पटु, निपुण ।
पाडुच्चिय वि [प्रातीतिक] किसी के आश्रय से होनेवाला, आपेक्षिक ।
पाडुच्ची स्त्री [दे] घोड़े का सिंगार ।
पाडुहुअ वि [दे] मनौतिया, जामिनदार ।
पाडेक्क देखो पाडिक्क ।
पाडोस पुं [दे] पडोस ।
पाडोसिअ वि [दे] पडोसी ।
पाढ सक [पाठय्] पढाना, अध्ययन कराना ।
पाढ पु [पाठ] अध्ययन, पठन । शास्त्र, आगम । शास्त्र का उल्लेख । अध्यापन, शिक्षा ।
पाढ देखो पाडय = पाटक ।
पाढतर न [पाठान्तर] भिन्न पाठ ।
पाढग वि [पाठक] उच्चारण करनेवाला । अभ्यासी, अध्ययन करनेवाला । अध्यापक ।
पाढय देखो पाढग ।
पाढव वि [पार्थिव] पृथिवी का विकार,

पृथिवी का ।

पाढा स्त्री [पाठा] पाढ, पाठ का गाछ ।

पाढाव सक [पाठय्] पढाना ।

पाढावअ वि [पाठक] अध्यापक ।

पाढाविउ वि [पाठयितृ] पढानेवाला ।

पाढिआ स्त्री [पाठिका] पढनेवाली स्त्री ।

पाढिउ वि [पाठयितृ] अध्यापक, पढानेवाला ।

पाढीण पुं [पाठीन] 'पोठिया' मछली ।

पाढोआमास पुं [पृथगामर्श] बारहवें अंगग्रन्थ का एक भाग ।

पाण सक [प्र + आनय्] जिलाना ।

पाण पुस्त्री [दे] चाण्डाल । °उडी स्त्री [°कुटी] चाण्डाल की झोपड़ी । °विलया स्त्री [°वनिता] चाण्डाली । °डंबर पुं [°डम्बर] यक्ष-विशेष । °हिवइ पुं [°धिपति] चाण्डाल-नायक ।

पाण न [पान] पीने की क्रिया । पीने की चीज, पानी आदि । पुं. गुच्छ-विशेष । °पत्त न [°पात्र] पीने का भाजन, प्याला । °गार न [°गार] मद्य-गृह । °हार पुं. एकाशन तप ।

पाण पुन [प्राण] जीवन के आधार-भूत ये दश पदार्थ—पाँच इन्द्रियाँ, मन, वचन और शरीर का बल, उच्छ्वास तथा नि:श्वास । समय-परिमाण-विशेष, उच्छ्वास-नि:श्वास-परिमित काल । जन्तु, जीव । जीवन । °इत्त वि [°वत्] प्राणवाला । °च्चय पुं [°त्यय] प्राण-नाश । °च्चाय पुं [°त्याग] मौत । °जाइय वि [°जातिक] प्राणी, जन्तु । °नाह पु [°नाथ] पति, स्वामी । °प्पिया स्त्री [°प्रिया] पत्नी । °वह पुं [°वध] हिंसा । °वित्ति स्त्री [°वृत्ति] जीवन-निर्वाह । °सम पुं [°सम] पति, स्वामी । °सुहुम न [°सूक्ष्म] सूक्ष्म जन्तु । °हिय वि [°हृत्] प्राण-नाशक । °इंत वि [°वत्] प्राणी । °इवाइया स्त्री [°तिपातिकी] क्रिया-विशेष, हिंसा से होनेवाला कर्म-बन्ध । °इवाय पुं [°तिपात] हिंसा । °उ पुंन [°युस्] बारहवाँ पूर्व ग्रन्थ । °पाण, °पाणु पुंन [°पान] उच्छ्वास और नि श्वास । °यायाम पुं. योगाङ्ग, रेचक, कुम्भक और पूरक नामक प्राणों को दमने का उपाय ।

पाणंतकर वि [प्राणान्तकर] प्राण-नाशक ।

पाणंतिय वि [प्राणान्तिक] प्राण-नाशवाला ।

पाणग पुंन [पानक] पेय-द्रव्य-विशेष । वि. पान करनेवाला ।

प्राणद्धि स्त्री [दे] रथ्या, मुहल्ला ।

पाणम अक [प्र + अण्] नि:श्वास लेना ।

पाणय पुं [प्राणत] दसवाँ देव-लोक । विमानेन्द्रक, देवविमान-विशेष । प्राणत स्वर्ग का इन्द्र । प्राणत देवलोक मे रहनेवाला देव ।

पाणहा स्त्री [उपानह्] जूता ।

पाणाअअ पुं [दे] चाण्डाल ।

पाणाम पु [प्राण] नि श्वास ।

पाणामा स्त्री [प्राणामी] दीक्षा-विशेष ।

पाणाली स्त्री [दे] दो हाथो का प्रहार ।

पाणि पु [प्राणिन्] जीव, आत्मा, चेतन ।

पाणि पु. हस्त । °गहण देखो °ग्गहण । °ग्गह पु [°ग्रह] विवाह । °ग्गहण न [°ग्रहण] विवाह ।

पाणिअ न [पानीय] पानी । °धारिया स्त्री [°धरिका] [°धरी] । °हारी पनिहारी ।

पाणिणि पुं [पाणिनि] एक प्रसिद्ध व्याकरण-कार ऋषि ।

पाणिणीअ वि [पाणिनीय] पाणिनि-सम्बन्धी, पाणिनि का ।

पाणी देखो पाण = (दे) ।

पाणी स्त्री [पानी] वल्ली-विशेष ।

पाणीअ देखो पाणिअ ।

पाणु पुंन [प्राण] प्राण-वायु । श्वासोच्छ्वास । समय-परिमाण-विशेष ।

पात } देखो पाय = पात्र । °बंधण न
पाद } [°बन्धन] पात्र बाँधने का वस्त्र-खण्ड, जैनमुनि का एक उपकरण ।

पाद देखो पाय = पाद । °सम वि. गेय-विशेष । °ट्ठपय न [°ष्ठपद] बारहवें जैन आगम-ग्रन्थ का एक प्रतिपाद्य विषय ।

पादव देखो पायव ।

पादु° देखो पाउं = प्रादुस् ।

पादो देखो पाओ = प्रातस् ।

पादोसिय वि [प्रादोषिक] प्रदोष-काल का ।

पाधन्न देखो पाहण्ण ।

पाधार सक [पाद + धारय्] पधारना ।

पावद्ध वि [प्राबद्ध] विशेष बँधा हुआ ।

पाभाइय } वि[प्राभातिक] प्रभात-सम्बन्धी ।
पाभातिय }

पाम सक [प्र + आप्] प्राप्त करना ।

पामण्ण न [प्रामाण्य] प्रमाणता ।

पामद्दा स्त्री [दे] दोनो पैर से धान्य-मर्दन ।

पामर पुं. खेतो करनेवाला । हलकी जाति का मनुष्य । मूर्ख, अज्ञानी ।

पामा स्त्री. खुजली ।

पामाड पुं [पद्माट] पमाड़, पमार, पवाड, चकवड़ वृक्ष ।

पामिच्च न [दे. अपमित्य] उधार लेना ।

पामुक्क वि [प्रमुक्त] परित्यक्त ।

पामूल न [पादमूल] पैर का मूल भाग ।

पामोक्ख देखो पमुह = प्रमुख ।

पामोक्ख पुं [प्रमोक्ष] मुक्ति ।

पाय पु [दे] रथ का पहिया । साँप ।

पाय पु [पाक] पाचन-क्रिया । रसोई ।

पाय वि [पाक्य] पाक-योग्य ।

पाय देखो पाव ।

पाय पुं [पात] पतन । सम्बन्ध ।

पाय पुं. पान, पीने की क्रिया ।

पाय पु [पाद]गमन, गति । पैर । पद्य का चौथा हिस्सा । किरण । पर्वत का कटक । एकाशन तप । छः अंगुलों का एक नाप । °कंचणिया स्त्री [°काञ्चनिका] पैर प्रक्षालन का एक सुवर्ण-पात्र । °कंवल पुंन [°कम्बल] पैर पोछने का वस्त्रखण्ड । °कुक्कुड पुं[°कुक्कुट] कुक्कुट-विशेष । °घाय पुं [°घात] चरण-प्रहार । °चार पु पैर से गमन । [°जाल] न [°जाल] पैर का आभूषण-विशेष । °त्ताण न [°त्राण] जूता । °पलंब पुं [°प्रलम्ब] पैर तक लटकनेवाला एक आभूषण । °पीढ देखो °वीढ । °पुछण न [°प्रोञ्छन] रजी-हरण, जैन साधु का एक उपकरण । °प्पडण न [°पतन] प्रणाम-विशेष । °मूल न. देखो पामूल । मनुष्यो की एक साधारण जाति, नर्तको की एक जाति । °लेहणिआ स्त्री [°लेखनिका] पैर पोछने का जैन साधु का एक काष्ठमय उपकरण । °वंदय वि[°वन्दक] पैर पर गिरकर प्रणाम करनेवाला । °वडण न [°पतन] प्रणाम-विशेष । °वडिया स्त्री [°वृत्ति] पैर छूना, प्रणाम-विशेष । °विहार पुं. पैर से गति । °वीढ न [°पीठ] पैर रखने का आसन । °सीसग न [°शीर्षक] पैर के ऊपर का भाग । °उलअ न [°कुलक] छन्द-विशेष ।

पाय देखो पत्त = पात्र । °केसरिआ स्त्री [°केसरिका] जैन साधुओ का एक उपकरण, पात्रप्रमार्जन का कपड़ा । °ट्ठवण, °ठवण न [स्थापन] जैन मुनियो का एक उपकरण, पात्र रखने का वस्त्र-खण्ड । °णिज्जोग, °निज्जोग पु [°नियोग] जैन साधु का यह उपकरण-समूह—पात्र, पात्रबन्ध, पात्र-स्थापन, पात्रकेशरिका, पटल, रजस्त्राण और गुच्छक । °पडिमा स्त्री [°प्रतिमा] पात्र-सम्बन्धी अभिग्रह—प्रतिज्ञा-विशेष । देखो पाद = पात्र ।

पाय (अप) देखो पत्त = प्राप्त ।

पाय° अ [प्रायस्] प्रायः, बहुत करके ।

पारितावणी स्त्री [पारितापनी] ऊपर देखो।
पारितोसिअ देखो पारिओसिय।
पारित्त देखो पारत्त = परत्र।
पारिप्पव पुं [पारिप्लव] पक्षि-विशेष।
पारिभद्द पुं [पारिभद्र] फरहद का पेड।
पारिय वि [पारित] पूर्ण किया हुआ।
पारिय पुं [पारिजात] देव-वृक्ष, कल्पतरु। फरहद का पेड। न. फरहद का फूल जो रक्त वर्ण का और अत्यन्त शोभायमान होता है।
पारियत्त पुं [पारियात्र] देश-विशेष।
पारियल्ल न [दे. परिवर्त] पहिए के पृष्ठ भाग की बाह्य परिधि।
पारियाय देखो पारिय = पारिजात।
पारियावणिया देखो पारितावणिया।
पारियावणिया देखो परियावणिया।
पारियासिय वि [पारिवासित] बासी रखा हुआ।
पारिव्वज्ज न [पारिव्राज्य] संन्यास।
पारिव्वाई स्त्री [पारिव्राजी] संन्यासिनी।
पारिव्वाय वि [पारिव्राज] सन्यासी-सम्बन्धी।
पारिसज्ज वि [पारिषद्य] सभासद।
पारिसाडणिया स्त्री [पारिशाटनिकी] परिशाटन—परित्याग से होनेवाला कर्म-बन्ध।
पारिहच्छी स्त्री [दे] माला।
पारिहट्टी स्त्री [दे] प्रतिहारी। आकर्षण। बहुत देर से ब्यायी हुई भैंस।
पारिहत्थिय सि [पारिहस्तिक] निपुण।
पारिहारिय वि [पारिहारिक] परिहार नामक व्रत करनेवाला तपस्वी।
पारिहासय न [पारिहासक] जैन मुनियो के एक कुल का नाम।
पारी स्त्री [दे] दोहन-भाण्ड।
पारीण वि. पार-प्राप्त।
पारुअग्ग पुं [दे] विश्राम।
पारुअल्ल पु [दे] पृथुक, चिउडा।
पारुसिय देखो फारुसिय।
पारुहल्ल वि [दे] मालीकृत, श्रेणी रूप से स्थापित।
पारेवय पुं [पारापत] कबूतर। वृक्ष-विशेष। न. फल-विशेष।
पारोक्ख वि [पारोक्ष] परोक्ष-सम्बन्धी।
पारोह देखो परोह।
पाल सक [पालय्] पालन-रक्षण करना।
पाल देखो पार = पारय्।
पाल पुं [दे] कलवार, शराब बेचनेवाला। वि. जीर्ण, फटा-टूटा।
पाल पुंन. आभूषण-विशेष, वि. पालन-कर्ता।
पालंक न [पालङ्क्य] पालक का शाक।
पालंगा स्त्री [पालङ्क्या] ऊपर देखो।
पालंब पुं [प्रालम्ब] अवलम्बन, सहारा। गले का आभूषण-विशेष। दीर्घ। पुंन. ध्वजा के नीचे लटकता वस्त्राञ्चल।
पालक्का स्त्री [पालक्या] देखो पालंगा।
पालग देखो पालय।
पालण न [पालन] रक्षण। वि. रक्षक।
पालद्दुह पुं [दे] वृक्ष-विशेष।
पालप्प पुं [दे] प्रतिसार। वि. विप्लुत।
पालय वि [पालक] रक्षक। पुं सौधर्मेन्द्र का एक आभियोगिक देव। श्रीकृष्ण का एक पुत्र। भगवान् महावीर के निर्वाण के दिन अभिषिक्त अवन्ती का एक राजा। देव-विमान-विशेष।
पालास पुं [पालाश] पलाश-सम्बन्धी। न. किंशुक-फल।
पालि स्त्री. तालाव आदि का बन्ध। प्रान्त भाग। देखो पाली = पाली।
पालि स्त्री [दे] धान्य मापने की नाप। पल्योपम, समय का सुदीर्घ परिमाण-विशेष।
पालिआ स्त्री [दे] तलवार की मूठ।
पालिआ देखो पाली = पाली।
पालित्त पु [पादलिप्त] एक प्रसिद्ध जैनाचार्य।
पालित्ताण न [पादलिप्तीय] सौराष्ट्र देश का

प्राचीन नगर पालिताणा ।
पालित्तिआ स्त्री [दे] राजधानी । मूलनीवी । भण्डार । भंगी, प्रकार ।
पालियाय देखो पारिय = पारिजात ।
पाली स्त्री. श्रेणि । देखो पालि ।
पाली स्त्री [दे] दिशा ।
पालीबध पुं [दे] तालाव, सरोवर ।
पालीहम्म न [दे] वृति, वाड़ ।
पालेव पुं [पादलेप] पैर मे किया हुआ लेप ।
पाव सक [प्र + आप्] प्राप्त करना ।
पाव देखो पव्वाल = प्लावय् ।
पाव पुंन [पाप] अशुभ कर्म-पुद्गल, कुकर्म । पापी, अधर्मी । °कम्म न [°कर्मन्] अशुभ कर्म । °कम्मि वि [°कर्मिन्] कुकर्म करनेवाला । °दंड पुं [°दण्ड] नरकावास-विशेष । °पगइ स्त्री [°प्रकृति] अशुभ कर्म-प्रकृति । °यारि वि [°कारिन्] दुराचारी । °समण पुं [°श्रमण] दुष्ट साधु । °सुमिण पुंन [°स्वप्न] दुष्ट स्वप्न । °सुय न [°श्रुत] दुष्ट शास्त्र ।
पाव पुं [दे] सर्प ।
पाव (अप) देखो पत्त = प्राप्त ।
पावंस वि [पापीयस्] पापी, कुकर्मी ।
पावक्खालय न [दे. पापक्षालक] देखो पाउक्खालय ।
पावग वि [पावक] पवित्र करनेवाला । पुं. अग्नि ।
पावग वि [प्रापक] पहुँचानेवाला ।
पावग देखो पाव = पाप ।
पावज्जा (अप) देखो पव्वज्जा ।
पावडण देखो पाय-वडण = पाद-पतन ।
पावड्ढि देखो पारद्धि ।
पावण वि [पावन] पवित्र करनेवाला ।
पावण न [प्लावन] पानी का प्रवाह । सरावोर करना ।
पावण न [प्रापण] प्राप्ति, लाभ । योग की एक सिद्धि ।
पावद्धि देखो पारद्धि ।
पावय देखो पाव = पाप ।
पावय वि [प्रावृत] आच्छादित ।
पावय पुंन [दे] वाद्य-विशेष ।
पावय देखो पावग = पावक ।
पावयण देखो पवयण ।
पावरअ देखो पावारय ।
पावरण पुं [प्रावरण] एक म्लेच्छ जाति । न. वस्त्र ।
पावरिय वि [प्रावृत] आच्छादित ।
पावस देखो पाउस ।
पावा स्त्री [पापा] नगरी-विशेष ।
पावाइ वि [प्रवादिन्] वाचाट, दार्शनिक ।
पावाइअ वि [प्राव्राजिक] संन्यासी ।
पावाइअ वि [प्रावादिक] देखो पावाइ ।
पावाइअ } वि [प्रावादुक] वाचाट, दार्श-
पावादुय } निक ।
पावार पु [प्रावार] रुँछावाला । मोटा कम्बल ।
पावारय देखो पारय = प्रावारक ।
पावालिआ स्त्री [प्रपापालिका] प्याऊ पर नियुक्त स्त्री ।
पावासु वि [प्रवासिन्] प्रवास करनेवाला ।
पाविअ वि [प्राप्त] लब्ध, मिला हुआ ।
पाविअ वि [प्रापित] प्राप्त करवाया हुआ ।
पाविअ वि [प्लावित] सरावोर किया हुआ ।
पाविट्ठ वि [पापिष्ठ] अत्यन्त पापी ।
पावीढ देखो पाय-वीढ ।
पावीयस देखो पावंस ।
पावुअ वि [प्रावृत] आच्छादित ।
पावेस वि [प्रावेश्य] प्रवेश के लायक ।
पावेस पुं [प्रावेश] वस्त्र के दोनो तरफ लटकता रुंछा ।
पास सक [दृश्] देखना । जानना ।
पास पुं [पार्श्व] वर्तमान अवसर्पिणी-काल के

तेईसवें जिन-देव। भगवान् पार्श्वनाथ का अधिष्ठायक यक्ष। न. कन्धे के नीचे का भाग, पाँजर। निकट। °ावच्चिज्ज वि [°पत्यीय] भगवान् पार्श्वनाथ की परम्परा में संजात।

पास पुं [पाश] फाँसा।

पास न [दे] आँख। दाँत। कुन्त, प्रास। वि विशोभ, कुडौल। पुंन. अन्य वस्तु का अल्प-मिश्रण।

°पास वि [°पाश] निकृष्ट, जघन्य, कुत्सित।

पासंगिअ वि [प्रासङ्गिक] आनुषंगिक।

पासंड न [पासण्ड]पाखण्ड, असत्य धर्म। व्रत।

पासंदण न [प्रस्यन्दन] झरना, टपकना।

पासग वि [दर्शक] देखनेवाला।

पासग पुं [पाशक] फाँसा। पासा, जुआ खेलने का उपकरण-विशेष।

पासग न [प्राशक] कला-विशेष।

पासणिअ वि [दे] साक्षी।

पासणिअ वि [प्राश्निक] प्रश्न-कर्ता।

पासत्थ वि [पार्श्वस्थ] निकट-स्थित। शिथिलाचारी साधु।

पासत्थ वि [पाशस्थ] पाश मे फँसा हुआ।

पासल्ल न [दे] द्वार। वि. तिर्यक्, वक्र।

पासल्ल अक [तिर्यञ्च्, पार्श्वाय्] वक्र। पार्श्व घुमाना।

पासल्लइअ देखो पासल्लिअ।

पासल्लि वि [पार्श्विन्] पार्श्व-शयित।

पासल्लिअ वि [पार्श्वित, तिर्यक्त] पार्श्व में किया हुआ। टेढा किया हुआ।

पासवण न [प्रस्रवण] मूत्र।

पासाईय देखो पासादीय।

पासाकुसुम न [पाशाकुसुम] पुष्प-विशेष।

पासाण पुं [पाषाण] पत्थर।

पासाणिअ वि [दे] साक्षी।

पासाद देखो पासाय।

पासादिय वि [प्रसादित] प्रसन्न किया हुआ। न. प्रसन्न करना।

पासादीय वि [प्रासादीय] प्रसन्नता-जनक।

पासादीय वि [प्रासादित] महलवाला।

पासाय पुंन [प्रासाद] महल। °वडिंसय पुं [°वतंसक] श्रेष्ठ महल।

पासायवडेंसग पुं [प्रासादावतंसक] श्रेष्ठतम महल, प्रासाद-विशेष।

पासाव पुं [दे] गवाक्ष। झरोखा।

पासासा स्त्री [दे] छोटा भाला।

पासि वि [पार्श्विन्] पार्श्वस्थ, शिथिलाचारी साधु।

पासिद्धि देखो पसिद्धि।

पासिम वि [दृश्य] दर्शनीय, ज्ञेय।

पासिय वि [पाशिक] फाँसे में फँसानेवाला।

पासिय वि [स्पृष्ट] छुआ हुआ।

पासिय वि [पाशित] पाश-युक्त।

पासिया स्त्री [पाशिका] छोटा पाश।

पासिया देखो पास = दृश्।

पासिल्ल वि [पार्श्विक] पास में रहनेवाला। पार्श्वशायी।

पासी स्त्री [दे] चूडा, चोटी।

पासु देखो पंसु।

पासुत्त देखो पसुत्त।

पासेइय वि [प्रस्वेदित] प्रस्वेद-युक्त।

पासेल्लिय वि [पार्श्ववत्] पार्श्व-शायी।

पासोअल्ल देखो पासल्ल = तिर्यञ्च्।

पाह (अप) सक [प्र+अर्थय्] प्रार्थना करना।

पाहंड देखो पासंड।

पाहण देखो पाहाण।

पाहणा देखो पाणहा।

पाहण्ण न [प्राधान्य] प्रधानता।

पाहर सक [पा + हृ] प्रकर्ष से लाना।

पाहरिय वि [प्राहरिक] पहरेदार।

पाहाउय देखो पाभाइय।

पाहाण पुं [पाषाण] पत्थर।

पाहिज्ज देखो पाहेज्ज।

पाहुड न [प्राभृत] उपहार। जैन ग्रन्थांश-

विशेष, परिच्छेद, अध्ययन। प्राभृत का ज्ञान। °पाहुड न [°प्राभृत] ग्रन्थांश-विशेष, प्राभृत का भी एक अंश। प्राभृत-प्राभृत का ज्ञान। °पाहुडसमास पुन [°प्राभृतसमास] अनेक प्राभृत-प्राभृतो का ज्ञान। °समास पुन अनेक प्राभृतों का ज्ञान।

पाहुड न [प्राभृत] कलह। दृष्टिवाद के पूर्वो का अध्याय-विशेष। सावद्य कर्म। °छेय पुं [°च्छेद] बारहवें अंग-ग्रन्थ के पूर्वो का प्रकरण विशेष। °पाहुडिआ स्त्री [°प्राभृतिका] दृष्टिवाद का प्रकरण-विशेष।

पाहुडिआ स्त्री [प्राभृतिका] दृष्टिवाद का छोटा अध्याय। अर्चनिका, विलेपन आदि।

पाहुडिआ स्त्री [प्राभृतिका] भेट। जैन मुनि की भिक्षा का एक दोष, विवक्षित समय से पहले—मन मे सकल्पित भिक्षा, उपहार रूप से दी जाती भिक्षा।

पाहुण वि [दे] बेचने की वस्तु।

पाहुण पु [प्राघुण] अतिथि।

पाहुणिअ पु [प्राघुणिक] मेहमान।

पाहुणिअ पुं [प्राघुनिक] ग्रह-विशेष, ग्रहाधिष्ठायक देव-विशेष।

पाहुणिज्ज वि [प्राहवनीय] प्रकृष्ट संप्रदान, जिसको दान दिया जाय वह।

पाहुण्ण न [प्राघुण्य] आतिथ्य।

पाहेअ, पाहेज्ज न [पाथेय] रास्ते मे व्यय करने की सामग्री या भोजन।

पाहेणग (दे) देखो पहेण।

पि देखो अवि।

पिअ सक [पा] पीना।

पिअ पुं [प्रिय] पति। वि इष्ट। °अम पुं [°तम] कान्त। °अमा स्त्री [°तमा] पत्नी। °अर वि [°कर] प्रीति-जनक। °कारिणी स्त्री. भगवान् महावीर की माता का नाम, त्रिशला देवी। °गंथ पुं [°ग्रन्थ] एक प्राचीन जैन मुनि, आचार्य सुस्थित और सुप्रतिबद्ध का एक शिष्य। °जाअ वि [°जात] जिसको पत्नी प्रिय हो वह। °जाआ स्त्री [°जाया] प्रेम-पात्र पत्नी। °दंसण वि [°दर्शन] जिसका दर्शन प्रीतिकर हो। पु. देव-विशेष। °दंसणा स्त्री [°दर्शना] भगवान् महावीर की पुत्री। °धम्म वि [°धर्मन्] धर्म की श्रद्धावाला। पुं. श्री रामचन्द्र के साथ जैन दीक्षा लेनेवाला राजा। °भाउग पुं [°भ्रातृ] पति का भाई। °भासि वि [°भाषिन्] प्रिय-वक्ता। °मित्त पुं [°मित्र] एक जैन मुनि, जो अपने पीछले भव मे पाँचवाँ वासुदेव हुआ था। °मेलय वि [°मेलक] प्रिय का मेल—सयोग करानेवाला। न. एक तीर्थ। °आउय वि [°आयुष्क] जीवित-प्रिय। °आयग वि [°आयत, °आत्मक] आत्म-प्रिय।

पिअ देखो पीअ।

पिअ° देखो पिउ। °हर न [°गृह] पिता का घर, पीहर।

पिअआ देखो पिआ।

पिअइउ (अप) वि [प्रीणयितृ] प्रीतिकर।

पिअउल्लिय (अप) देखो पिआ।

पिअकर वि [प्रियंकर] अभीष्ट-कर्ता। पुं. एक चक्रवर्त्ती राजा। रामचन्द्र के पुत्र लव का पूर्व जन्म का नाम।

पिअगु पु [प्रियङ्गु] प्रियंगु का वृक्ष। कर्कंदनी का पेड़। कगु, मालकाँगनी का पेड। स्त्री. एक स्त्री का नाम। °लइया स्त्री [°लतिका] एक स्त्री का नाम।

पिअवय, पिअवाइ वि [प्रियंवद] मधुर-भाषी। [प्रियवादिन्]।

पिअण न [दे] दूध।

पिअण न [पान] पीना।

पिअणा स्त्री [पृतना] जिसमे २४३ हाथी, २४३ रथ, ७२९ घोडे और १२१५ प्यादें हों वह लश्कर।

पिअमा स्त्री [दे] प्रियगु वृक्ष।

पिअमाहवी स्त्री [दे] कोकिला ।
पिअय पुं [प्रियक] विजयसार का पेड़ ।
पिअर पुंन [पितृ] माता-पिता । पुं पिता ।
पिअरंज सक [भञ्ज्] भाँगना, तोड़ना ।
पिअल (अप) देखो पिअ = प्रिय ।
पिआ स्त्री [प्रिया] पत्नी ।
पिआमह पुं [पितामह] ब्रह्मा । दादा । °तणअ पुं [°तनय] जाम्बवान्, वानर-विशेष । °त्थ न [°स्त्र] ब्रह्मास्त्र ।
पिआमही स्त्री [पितामही] दादी ।
पिआर (अप) वि [प्रियतर] प्यारा ।
पिआरी (अप) स्त्री [प्रियतरा] प्रिया, पत्नी ।
पिआल पुं [प्रियाल] पियाल, चिरौंजी ।
पिआलु पुं [प्रियालु] खिरनी का गाछ ।
पिआसा देखो पिवासा ।
पिइ देखो पइ ।
पिइ पुं [पितृ] पिता । मघा-नक्षत्र का अधिष्ठायक देव । °मेह पुं [°मेध] जिसमें बाप का होम किया जाय वह यज्ञ । °वण न [°वन] श्मशान । °हर न [°गृह] पिता का घर ।
पिइज्ज पु [पितृव्य] चाचा ।
पिइय वि [पैतृक] पिता का, पितृ-सम्बन्धी ।
पिउ पुं [पितृ] पिता । पुंन. माँ बाप । °कम्म पुं [°क्रम] पितृ-कुल । °कुल न. पिता का वंश । °घर न [°गृह] पीहर । °च्छा, °च्छी स्त्री [°ष्वसृ] पिता की बहिन । °पिंड पुं [°पिण्ड] मृतक-भोजन, श्राद्ध में दिया जाता भोजन । °भगिणी स्त्री [°भगिनी] फूफी । °वइ पु [°पति] यमराज । °वण न [°वन] श्मशान । °सिआ स्त्री [°ष्वसृ] फूफी । °सेणकण्हा स्त्री [°सेनकृष्णा] राजा श्रेणिक की एक पत्नी । °स्सिया देखो °सिआ । °हर देखो °घर ।
पिउअ देखो पिइय ।
पिउच्चा स्त्री [दे. पितृष्वसृ] फूफी ।
पिउच्चा } स्त्री [दे] सखी ।
पिउच्छा }
पिउली स्त्री [दे] कपास । रूई की पूनी ।
पिंकार पुं [अपिकार] 'अपि' शब्द । अपि शब्द की व्याख्या ।
पिंखा स्त्री [प्रेङ्खा] हिंडोला ।
पिंखोल सक [प्रेङ्खोलय्] झूलना ।
पिंग देखो पंग = ग्रह ।
पिंग पुं [पिङ्ग] कपिश वर्ण । वि. पीला । पुंस्त्री कपिंजल पक्षी ।
पिंगंग पुं [दे] मर्कट ।
पिंगल पुं [पिङ्गल] नील-पीत वर्ण । वि. नील-मिश्रित पीत-वर्णवाला । पुं. ग्रह-विशेष । एक यक्ष । चक्रवर्त्ती का एक निधि, आभूषणों की पूर्ति करने-वाला एक निधान । कृष्ण पुद्गल-विशेष । प्राकृत-पिंगल का कवि । जैन उपासक । न. प्राकृत का छन्द-ग्रन्थ । °कुमार पु राजकुमार, जिसने भगवान् सुपार्श्वनाथ से दीक्षा ली थी । °क्ख वि [°क्ष] नीली-पीली आँखवाला । पु. पक्षि-विशेष ।
पिंगलायण न [पिङ्गलायन] कौत्स गोत्र की शाखा । पुंस्त्री. उस में उत्पन्न ।
पिंगलिअ वि [पैङ्गलिक] पिंगल-सम्बन्धी ।
पिंगा देखो पिंग ।
पिंगायण न [पिङ्गयन] मघा-नक्षत्र का गोत्र ।
पिंगिअ वि [गृहीत] ग्रहण किया हुआ ।
पिंगिम पुंस्त्री. [पिङ्गिमन्] पीलापन ।
पिंगीकय वि [पिङ्गीकृत] पीला किया हुआ ।
पिंगुल पुं [पिङ्गुल] पक्षि-विशेष ।
पिंचु पुंस्त्री [दे] पक्व करीर ।
पिंछ } देखो पिच्छ ।
पिंछड }
पिंछी स्त्री [पिच्छी] साधु का एक उपकरण ।
पिंछोली स्त्री [दे] मुँह के पवन से बजाया जाता तृण-मय वाद्य-विशेष ।

पिंज सक [पिञ्ज्] पीजना, रूई का धुनना ।
पिंजर पुं [पिञ्जर] पीत-रक्त वर्ण । वि. रक्त-पीत वर्णवाला ।
पिंजर सक [पिञ्जरय्] रक्त-मिश्रित पीतवर्ण-युक्त करना ।
पिंजरुड पु [दे] भारुण्ड पक्षी ।
पिंजिअ वि [पिञ्जित] पीजा हुआ ।
पिंजिअ वि [दे] विधुत ।
पिंड सक [पिण्डय्] एकत्रित करना, सश्लिष्ट करना । अक. मिलना ।
पिंड पुं [पिण्ड] कठिन द्रव्यो का संश्लेप । संघात । गुड वगैरह की बनी हुई गोल वस्तु, वर्तुलाकार पदार्थ । भिक्षा मे मिलता आहार । देह का एक देश । देह । घर का एक देश । अन्न का गोला जो पितरो के उद्देश से दिया जाता है । गन्ध-द्रव्य, सिल्लक । जपा-पुष्प । कवल । गज-कुम्भ । मदनक वृक्ष, दमनक का पेड । न. आजीविका । लोहा । श्राद्ध । वि. संहत । निबिड़ । °कप्पिअ वि [°कल्पिक] सर्वथा निर्दोष भिक्षा लेनेवाला । °गुला स्त्री. गुड-विशेष, इक्षुरस का विकार-विशेष । °घर न [°गृह] कर्दम से बना हुआ घर । °त्थ पुं [°स्थ] जिन भगवान् की अवस्था-विशेष । °त्थ पुं [°र्थ] समुदायार्थ । °दाण न [°दान] पिण्ड देने की क्रिया, श्राद्ध । °पयडि स्त्री [°प्रकृति] अवान्तर भेदवाली प्रकृति । °वड्ढण न [°वर्धन] कवल-वृद्धि, अन्न-प्राशन । °वड्ढावण न [°वर्धन] आहार बढाना । °वाय पुं [°पात] भिक्षा-लाभ । °वास पु. सुहृज्जन । °विसुद्धि, °विसोहि स्त्री [°विशुद्धि] भिक्षा की निर्दोषता ।
पिंडण न [पिण्डन] द्रव्यों का एकत्र संश्लेष । ज्ञानावरणीयादि कर्म ।
पिंडरय न [दे] दाडिम ।
पिंडलइय वि [दे] पिण्डाकार किया हुआ ।
पिंडलग न [दे] पटलक, पुष्प का भाजन ।
पिंडवाइअ वि [पिण्डपातिक, पैण्डपातिक] भक्त-लाभवाला, जिसको भिक्षा में आहार की प्राप्ति हो वह ।
पिंडार पु [पिण्डार] गोप ।
पिंडालु पु [पिण्डालु] कन्द-विशेष ।
पिंडि° देखो पिंडी ।
पिंडिम वि [पिण्डिम] पिण्ड से बना हुआ, बहल । पुद्गल-समूहरूप, संघाताकार ।
पिंडिय वि [पिण्डित] एकत्रित । गुणित ।
पिंडिया स्त्री [पिण्डिका] पिंडली, जानू के नीचे का अवयव । वर्तुलाकार वस्तु ।
पिंडी स्त्री [पिण्डी] लुम्बी, गुच्छा । घर का आधारभूत काष्ठ-विशेष, पीढा । वर्तुलाकार वस्तु, गोला । खर्जूर-विशेष ।
पिंडी स्त्री [दे] मञ्जरी ।
पिंडीर न [दे. पिण्डीर] अनार ।
पिंडेसणा स्त्री [पिण्डैषणा] भिक्षा ग्रहण करने की रीति ।
पिंडेसिय वि [पिण्डैषिक] भिक्षा-गवेषक ।
पिंडोलगय, पिंडोलय } वि [पिण्डावलगक] भिक्षा से निर्वाह करनेवाला, भिक्षु ।
पिंध (अप) सक [पि + धा] ढकना ।
पिंसुली स्त्री [दे] मुँह से पवन भरकर बजाया जाता एक प्रकार का तृण-वाद्य ।
पिक पुंस्त्री. कोकिल पक्षी ।
पिक्क देखो पक्क = पक्व ।
पिक्ख सक [प्र + ईक्ष्] देखना ।
पिक्खग वि [प्रेक्षक] निरीक्षक, द्रष्टा ।
पिग देखो पिक ।
पिचु पु [पिचु] रूई । °लया स्त्री [°लता] रूई की पूनी ।
पिचुमंद पुं [पिचुमन्द] नीम का पेड़ ।
पिच्च, पिच्चा } अ [प्रेत्य] पर-लोक, आगामी जन्म । देखो पेच्च ।
पिच्चा पिअ = पा का संकृ. ।

पिच्चिय वि [दे. पिच्चित] कूटी हुई छाल।
पिच्छ सक [दृश्, प्र + ईक्ष्] देखना।
पिच्छ न पख का हिस्सा। मयूरपिच्छ। पांख। पूंछ।
पिच्छण } न [प्रेक्षण] तमाशा।
पिच्छणय }
पिच्छल वि. स्निग्ध, स्नेहयुक्त। मसृण।
पिच्छा स्त्री [प्रेक्षा] निरीक्षण। °भूमि स्त्री. रंग-मण्डप, रगमच।
पिच्छिल वि [पिच्छिल] स्नेह-युक्त, स्निग्ध। मसृण, चिकना।
पिच्छिली स्त्री [दे] लज्जा, शरम।
पिच्छी स्त्री [दे] चूडा, चोटी।
पिच्छी स्त्री [पिच्छिका] पीछी।
पिच्छी स्त्री [पृथ्वी] धरती। बडी इलायची। पुनर्नवा। कृष्ण जीरक। हिंगुपत्री।
पिच्छोला स्त्री [दे] वीन बजाने की कम्बिका।
पिज्ज सक [पा] पीना।
पिज्ज पुंन [प्रेमन्] प्रेम।
पिज्जा स्त्री [पेया] यवागू।
पिट्ट सक [पीडय्] पीडा करना।
पिट्ट अक [भ्रंश्] नीचे गिरना।
पिट्ट सक [पिट्टय्] पीटना, ताड़न करना।
पिट्ट न [दे] पेट।
पिट्टावणया स्त्री [पिट्टना] ताडन कराना।
पिट्ठ न [पिष्ट] तण्डुल का आटा, चूर्ण।
पिट्ठ न [पृष्ठ] पीठ, शरीर के पीछे का हिस्सा। °करंडग न [°करण्डक] पृष्ठ-वंश, पीठ की बडी हड्डी। °चर वि अनुयायी।
पिट्ठ वि [स्पृष्ट] छुआ हुआ। न. स्पर्श।
पिट्ठ वि [पृष्ट] पूछा हुआ। न. प्रश्न।
पिट्ठत न [दे. पृष्ठान्त] गुदा।
पिट्ठखउरा स्त्री [दे] कलुष मदिरा।
पिट्ठखउरिआ स्त्री [दे] मदिरा।
पिट्ठायय पुंन [पिष्टातक] केसर आदि द्रव्य।
पिट्ठि स्त्री [पृष्ठ] पीठ, शरीर के पीछे का भाग। °ग वि. पीछे चलनेवाला। °चम्पा स्त्री. चम्पा नगरी के पास की एक नगरी। °मंस न [°मांस] परोक्ष में अन्य के दोष का कीर्तन। °मंसिय वि [°मांसिक] पीछे निन्दा करनेवाला। °माइया स्त्री [°मातृका] एक अनुत्तर-गामिनी स्त्री।
पिट्ठी स्त्री [पैष्टी] आटा की बनी हुई मदिरा।
पिड पु [पिट] वंश-पत्र आदि का बना हुआ पात्र-विशेष। कब्जा, अधीनता।
पिडग देखो पिडय = पिटक।
पिडच्छा स्त्री [दे] सखी।
पिडय न [पिटक] वंशमय पात्र-विशेष। दो चन्द्र और दो सूर्यों का समूह।
पिडय वि [दे] आविग्न।
पिडव सक [अर्ज्] पैदा-उपार्जन करना।
पिडिआ स्त्री [पिटिका] वंश-मय भाजन। छोटी मंजूषा, पेटी, पिटारी।
पिडु सक [पीडय्] पीड़ना।
पिडु अक [भ्रश्] नीचे गिरना।
पिडुइअ वि [दे] प्रशान्त।
पिढं अ [पृथक्] अलग।
पिढर पुंन [पिठर] स्थाली। गृह-विशेष। मुस्ता। मन्थान-दण्ड, मथनिया।
पिणद्ध सक [पि + नह्, पिनि + धा] ढकना। पहिनना। पहिराना। बाँधना।
पिणद्ध वि [पिनद्ध] पहना हुआ। बद्ध, यन्त्रित। पहनाया हुआ।
पिणाइ पु [पिनाकिन्] महादेव।
पिणाई स्त्री [दे] आज्ञा, आदेश।
पिणाग पुन [पिनाक] शिव-धनुष। महादेव का शूलास्त्र।
पिणाय देखो पिणाग।
पिणाय पु [दे] बलात्कार।
पिणिद्ध वि [पिनद्ध, पिनिहित] देखो पिणद्ध = पिनद्ध।

पिणिधा सक [पिनि + धा] देखो पिणद्ध = पि + नह्।

पिण्णिया स्त्री [दे. पिण्णिका] गन्ध-द्रव्य-विशेष, ध्यामक, गन्ध-तृण।

पिण्ही स्त्री [दे] क्षामा, कृश स्त्री।

पित्त पुंन. शरीर-स्थित तिक्त धातु-विशेष। °ज्जर पुं [°ज्वर] पित्त से होता बुखार। °मुच्छा स्त्री [°मूर्च्छा] पित्त की प्रबलता से होनेवाली बेहोशी।

पित्तल न. धातु-विशेष, पीतल।

पित्तिज्ज } पुं [पितृव्य] चाचा, पिता का
पित्तिय } भाई।

पित्तिय वि [पैत्तिक] पित्त-सम्बन्धी।

पिधं अ [पृथक्] जुदा।

पिधाण देखो पिहाण।

पिन्नाग } पुं [पिण्याक] तिल आदि का
पिन्नाय } तेल निकालने पर बची हुई खली।

पिपीलिअ पुं [पिपीलक] चीऊँटा।

पिप्पड सक [दे] जो मन में आवे सो बकना।

पिप्पडा स्त्री [दे] ऊर्णा-पिपीलिका।

पिप्पडिअ वि [दे] न. बड़बड़ाना, निरर्थक उल्लाप, बकवाद।

पिप्पय पुं [दे] मशक। पिशाच, भूत। वि. उन्मत्त।

पिप्पर पुं [दे] हंस। वृषभ।

पिप्परी स्त्री [पिप्पली] पीपर का गाछ।

पिप्पल पुन [पिप्पल] पीपल वृक्ष, अश्वत्थ वृक्ष। छुरा।

पिप्पलग वि [पैप्पलक] पीपल के पान का बना हुआ।

पिप्पलि } स्त्री [पिप्पलि, °ली] ओषधि-
पिप्पली } विशेष, पीपर।

पिप्पिडिअ देखो पिप्पडिअ।

पिप्पिया स्त्री [दे] दाँत का मैल।

पिब देखो पिअ = पा।

पिव्व न [दे] पानी।

पिम्म पुं [प्रेमन्] प्रीति।

पियाल पुं [प्रियाल] खिरनी का पेड। न. फल-विशेष, खिरनी, खिन्नी।

पियास (अप) स्त्री [पिपासा] प्यास।

पिरिडी स्त्री [दे] शकुनिका, चिडिया।

पिरिपिरिया देखो परिपिरिया।

पिरिली स्त्री. गुच्छ-विशेष, वनस्पति-विशेष। वाद्य-विशेष।

पिल देखो पील।

पिलंखु } पुं [प्लक्ष] पिलखन का पेड़।
पिलक्खु } एक तरह का पीपल का वृक्ष।

पिलण न [दे] पिच्छिल देश, चिकनी जगह।

पिला देखो पीला।

पिलाग न [पिटक] फोड़ा, फुनसी।

पिलिंखु देखो पिलंखु।

पिलिहा स्त्री [प्लीहा] अंग-विशेष।

पिलुअ न [दे] छोक।

पिलुक } देखो पिलंखु।
पिलुक्ख }

पिलुखु देखो पिलंखु।

पिलुट्ठ वि [प्लुष्ट] दग्ध।

पिलोस पुं [प्लोष] दाह, दहन।

पिल्ल देखो पेल्ल = क्षिप्।

पिल्ल सक [प्र + ईरय्] प्रेरणा करना।

पिल्लग न [दे] पक्षी का बच्चा।

पिल्लि स्त्री [दे] यान-विशेष।

पिल्लिअ वि [क्षिप्त] फेंका हुआ।

पिल्लिरी स्त्री [दे] गण्डूडत् तृण। चीरी, कीट-विशेष। घर्म, पसीना।

पिल्लुग (दे) देखो पिलुअ।

पिल्ह न [दे] छोटे पक्षी के तुल्य।

पिव देखो इव।

पिव सक [पा] पीना।

पिवासय वि [पिपासक] पीने का इच्छुक।

पिवासा स्त्री [पिपासा] प्यास।

पिवासिय वि [पिपासित] तृषित ।
पिवीलिआ देखो पिपीलिआ ।
पिव्व देखो पिव्व ।
पिस सक [पिष्] पीसना ।
पिसंग पुं [पिशङ्ग] पिङ्गल वर्ण, मठियारा रँग । वि. पिंगल वर्णवाला ।
पिसंडि [दे] देखो पसडि ।
पिसल्ल पुं [पिशाच] पिशाच, व्यन्तर-योनिक देवों की एक जाति ।
पिसाजि वि [पिशाचिन्] भूताविष्ट ।
पिसाय देखो पिसल्ल ।
पिसिअ न [पिशित] मास ।
पिसुअ पुंस्त्री [पिशुक] क्षुद्र कीट-विशेष ।
पिसुण सक [कथय्] कहना ।
पिसुण पुं [पिशुन] खल, दुर्जन, चुगुलखोर ।
पिसुमय (पै) पु [विस्मय] आश्चर्य ।
पिह सक [स्पृह्] इच्छा करना, चाहना ।
पिह वि [पृथक्] भिन्न ।
पिहं अ [पृथक्] अलग ।
पिहंड पुं [दे] वाद्य-विशेष । वि. विवर्ण ।
पिहड देखो पिढर ।
पिहण न [पिधान] ढक्कन । आच्छादन ।
पिहय देखो पिह = पृथक् ।
पिहा सक [पि + धा] ढकना, आच्छादन करना । बन्द करना ।
पिहाण देखो पिहण ।
पिहाणिआ स्त्री [पिधानिका] ढकनी ।
पिहिअ वि [पिहित] ढका हुआ । बन्द किया हुआ । °आसव वि [°आस्रव] जिसने आस्रव को रोका हो । पुं. एक जैन मुनि का नाम ।
पिहिण देखो पिहण ।
पिहिमि° (अप) स्त्री [पृथिवी] भूमि, धरती । °पाल पुं राजा ।
पिहीकय वि [पृथक्कृत] अलग किया हुआ ।
पिहु वि [पृथु] विस्तीर्ण । पुं. एक राजा का नाम । °रोम पुं. मत्स्य ।
पिहु देखो पिह = पृथक् ।
पिहु° देखो पिहुय ।
पिहुंड न [पिहुण्ड] नगर-विशेष ।
पिहुण [दे] देखो पेहुण । °हत्थ पुं [°हस्त] मयूर-पिच्छ का पखा ।
पिहुत्त देखो पुहुत्त ।
पिहुय पुन [पृथुक] खाद्य-विशेष, चिउडा ।
पिहुल वि [पृथुल] विस्तीर्ण ।
पिहुल न [दे] मुँह से बजाया जाता तृण-वाद्य ।
पिहे देखो पिहा ।
पिहो अ [पृथक्] अलग ।
पिहोअर वि [दे] तनु, कृश, दुर्बल ।
पी सक. पान करना ।
पीअ पुं [पीत] पीला रग । वि. पीत वर्ण-वाला । जिसका पान किया गया हो वह । जिसने पान किया हो वह ।
पीअ वि [प्रीत] प्रीति-युक्त । सतुष्ट ।
पीअर (अप) नीचे देखो ।
पीअल देखो पीअ = पीत ।
पीअसी स्त्री [प्रेयसी] प्रेम-पात्र स्त्री ।
पीइ पुं [दे] अश्व ।
पीइ / पीई° स्त्री [प्रीति] अनुराग । रावण की एक पत्नी । °कर पुंन. आठवाँ ग्रैवेयक-विमान । °गम न. महाशुक्र देवेन्द्र का एक यान-विमान । °दाण न [°दान] हर्ष के कारण दिया जाता दान । °धम्मिय न [°धार्मिक] जैन मुनियों का एक कुल । °मण वि [°मनस्] प्रीति-युक्त चित्तवाला । पुं. महाशुक्र देवलोक का एक यान-विमान । °वद्धण पु [°वर्धन] कार्तिक मास का लोकोत्तर नाम ।
पीईय पुं [दे] वृक्ष-विशेष, एक गुल्म ।
पीऊस न [पीयूष] अमृत ।
पीड सक [पीडय्] हैरान करना । अभिभूत करना, व्याकुल करना । दबाना ।

पीडयर वि [पीडकर] पीड़ाकारक ।
पीडरइ स्त्री [दे] चोर की स्त्री ।
पीडा स्त्री. पीडन, हैरानी, वेदना । °कर वि. पीड़ा-कारक ।
पीढ पुंन [पीठ] आसन, पीढा । व्रती का आसन । तल । पुं. एक जैन महर्षि । °बंध पुं [°बन्ध] ग्रन्थ की अवतरणिका, भूमिका । °मद्द, °मइअ पुंस्त्री [°मर्दक] काम-पुरुषार्थ मे सहायक नायक का समीपवर्त्ती पुरुष, राजा आदि का वयस्य-विशेष । °सप्पि वि [°सर्पिन्] पंगु-विशेष ।
पीढ न [दे] ईख पेरने का यन्त्र । समूह, यूथ । पीठ ।
पीढरखंड न [पीठरखण्ड] नर्मदा तीर पर स्थित एक प्राचीन जैन तीर्थ ।
पीढाणिय न [पीठानीक] अश्व-सेना ।
पीढिआ स्त्री [पीठिका] आसन-विशेष, मञ्च । देखो पेढिया ।
पीढी स्त्री [दे. पीठिका] काष्ठ-विशेष, घर का एक आधार-काष्ठ ।
पीण सक [पीनय्] पुष्ट करना ।
पीण सक [प्रीणय्] खुश करना ।
पीण वि [दे] चतुरस्र, चतुष्कोण ।
पीण वि [पीन] पुष्ट, मासल, उपचित ।
पीणाइय वि [दे. पैनायिक] गर्व से निर्वृत्त ।
पीणाया स्त्री [दे पीनाया] अहंकार ।
पीणिअ वि [प्रीणित] तोषित । उपचित, परिवृद्ध । पुं. ज्योतिष-प्रसिद्ध योग-विशेष जो पहले सूर्य या चन्द्र का किसी ग्रह या नक्षत्र के साथ होकर बाद में दूसरे सूर्य आदि के साथ उपचय को प्राप्त ।
पीणिम पुंस्त्री [पीनता] पुष्टता, मासलता ।
पीरिपीरियां स्त्री [दे] वाद्य-विशेष ।
पील सक [पीडय्] पीलना, पेरना, दबाना । पीड़ा करना, हैरान करना ।
पीला देखो पीडा ।
पीलावय वि [पीडक] पेरनेवाला । पुं. तेली, यन्त्र से तेल निकालनेवाला ।
पीलिम वि [पीडावत्] दाववाला, दावने से बना हुआ (वस्त्र आदि की आकृति) ।
पीलु पुं. पीलु का पेड़ । हाथी । न. दूध ।
पीलुअ पुं [दे. पीलुक] शावक, बच्चा ।
पीलुट्ठ वि [दे. प्लुष्ट] देखो पिलुट्ठ ।
पीवर वि. उपचित, पुष्ट । °गब्भा स्त्री [°गर्भा] भविष्य मे प्रसव करनेवाली स्त्री ।
पीवल देखो पीअ = पीत ।
पीस सक [पिष्] पीसना ।
पीसण न [पेषण] दलना । वि. पीसनेवाला ।
पीसय वि [पेषक] पीसनेवाला ।
पीह सक [स्पृह्, प्र + ईह्] चाहना ।
पीहग पु [पीठक] नवजात शिशु को पिलाई जाती एक वस्तु ।
°पु स्त्री [पुर्] शरीर ।
पुअ न [प्लुत] तिर्यग् गति । झाँपना, झम्प-गति । °जुद्ध न [°युद्ध] अधम युद्ध का एक प्रकार ।
पुअड पु [दे] तरुण ।
पुआइ वि. [दे] युवा । उन्मत्त । पु. पिशाच ।
पुआइणी वि. [दे] पिशाच-गृहीत स्त्री, उन्मत्त स्त्री । कुलटा ।
पुआव सक [प्लावय्] ले जाना ।
पु° पुं [पुस्] पुरुष, मर्द ।
पुख पु [पुङ्ख] बाण का अग्र भाग । न. देव-विमान-विशेष ।
पुखणग न [दे प्रोङ्खणक] चुमाना, विवाह की एक रीति ।
पुगल पु [दे] श्रेष्ठ ।
पुगव वि [पुङ्गव] उत्तम ।
पुंछ सक [प्र + उञ्छ्] पोछना ।
पुछ पुन [पुच्छ] पूँछ ।
पुछण न [प्रोञ्छन] मार्जन । रजोहरण, जैन मुनि का एक उपकरण ।

पुछणी स्त्री. [प्रोञ्छनी] पोछने का एक छोटा तृणमय उपकरण ।

पुज सक [पुञ्ज्, पुञ्जय्] इकट्ठा करना । फैलाना, विस्तार करना ।

पुज पुन [पुञ्ज] ढेर, राशि ।

पुजय पुंन [दे] कतवार ।

पुंजाय वि [दे] पिण्डाकार किया हुआ ।

पुंड पु [पुण्ड्र] विन्ध्याचल के समीप का भू-भाग । इक्षु-विशेष । वि पुण्ड्र-देशीय । धवल । पुंन. तिलक । देव-विमान-विशेष । °वद्धण न [°वर्धन] नगर-विशेष । देखो पोंड ।

पुड्डइअ वि [दे] पिण्डाकार किया हुआ ।

पुंडरिक देखो पुंडरीअ ।

पुडरिगिणी स्त्री [पुण्डरीकिणी] पुष्कलावती विजय की एक नगरी ।

पुडरिय देखो पुडरीअ = पुण्डरीक, पौण्डरीक ।

पुडरीअ पुं [पुण्डरीक] ग्यारह रुद्र पुरुषो मे सातवाँ रुद्र । एक राजा, महापद्म राजा का एक पुत्र । व्याघ्र, शार्दूल । पुन. तप-विशेष । श्वेत पद्म । कमल । देव-विमान । वि सफेद । °गुम्म न [°गुल्म] देव-विमान । °दह, °द्दह पुं [°द्रह] शिखरी पर्वत पर एक महाह्रद ।

पुंडरीअ वि [पौण्डरीक] श्वेत-पद्म-सम्बन्धी । प्रधान । कान्त, श्रेष्ठ । न. सूत्रकृताग सूत्र के द्वितीय श्रुतस्कन्ध का पहला अध्ययन । देखो पोंडरीग ।

पुडरीया स्त्री [पुण्डरीका] देखो पोंडरी ।

पुडे अ [दे] जाओ ।

पुढ देखो पुड ।

पुढ पुं [दे] गर्त, गड्ढा, गढा ।

पुनाग पु [पुन्नाग] वृक्ष-विशेष, पुष्प-प्रधान एक वृक्ष-जाति, पुलाक, सुलतान चम्पक, पाटल का गाछ । श्रेष्ठ पुरुष । देखो पुन्नाम ।

पुंपुअ पु [दे] संगम ।

पुभ पुंन [दे] नोरस, दाड़िम का छिलका ।

पुवउ पुंन [पुवचस्] पुंलिग शब्द ।

पुंवेय पुं [पुंवेद] पुरुष को स्त्री-स्पर्श का अभिलाप । उसका कारण-भूत कर्म ।

पुस सक [पुस्, मृज्] मार्जन करना, पोछना ।

पुस° देखो पु° । °कोइल, °कोइलग पु [°कोकिल] मरदाना कोयल, पिक ।

पुंसद्द पुं [पुंशब्द] 'पुरुष' ऐसा नाम ।

पुसली स्त्री [पुंश्चली] कुलटा, व्यभिचारिणी ।

पुसिअ वि [पुंसित] पोछा हुआ ।

पुक्क } सक [पूत् + कृ] पुकारना, डाँकना,
पुक्कर } आह्वान करना ।

पुक्कल देखो पुक्खल ।

पुक्का स्त्री. देखो पुक्कार = पूत्कार ।

पुक्कार देखो पुक्कर ।

पुक्खर देखो पोक्खर = पुष्कर । °कण्णिया स्त्री [°कर्णिका] पद्म का बीज-कोश, कमल का मध्य भाग । °क्ख पुं [°क्ष] विष्णु, श्रीकृष्ण । काश्मीर का एक राजा । °गय न [°गत] वाद्य-विशेष का ज्ञान, कला-विशेष । °द्ध न [°र्ध] पुष्करवर नामक द्वीप का आधा हिस्सा । °वर पु. द्वीप-विशेष । °संवट्टग देखो पुक्खल-संवट्टय । °वत्त देखो पुक्खलावट्टय ।

पुक्खरिणी देखो पोक्खरिणी ।

पुक्खरोअ } पु [पुष्करोद] समुद्र-विशेष ।
पुक्खरोद }

